बैशाख कृष्ण पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 3 मई 2024
वर्ष-2, अंक-265, पृष्ठ-18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



तेजी से होता था प्रारंभिक आकाशगंगाओं का विकास 18
नंद घर मुहिम से जुड़े मनोज वाजपेयी 17

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
MK TRADE MARK बन्धानी हींग
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
5/- प्रतिदिन
फोनः 05278- 352045

## केंद्र सरकार ने कहा, हमारे नियंत्रण में नहीं सीबीआई

नई दिल्ली, एजेंसी

- प. बंगाल सरकार के एक वाद पर सुप्रीम कोर्ट में दिया जवाब

केंद्र सरकार ने गुरुवार को उच्चतम न्यायालय में कहा कि केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) उसके 'नियंत्रण' में नहीं है। केंद्र ने पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से दायर वाद पर अपनी आपत्तियों में यह बात कही।

दरअसल बंगाल सरकार ने अपने वाद में कहा है कि सीबीआई राज्य की पूर्वानुमति के बिना कई मामलों में अपनी जांच आगे बढ़ा रही है। पश्चिम बंगाल सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत केंद्र के खिलाफ शीर्ष अदालत में एक मूल मुकदमा दायर किया है जिसमें आरोप लगाया गया है कि सीबीआई प्राथमिकी दर्ज कर रही है और अपनी जांच आगे बढ़ा रही है जबकि राज्य ने अपने अधिकार क्षेत्र में संघीय एजेंसी को मामलों की जांच के लिए दी गई आम सहमति वापस ले ली है। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि राज्य ने जो वाद दायर किया है और उसमें जिन मामलों का जिक्र है वे केन्द्र ने दर्ज नहीं किए हैं बल्कि सीबीआई ने दर्ज किए हैं।

## 'शहजादे' को प्रधानमंत्री बनाने के लिए उतावला है पड़ोसी मुल्क

आणंद (गुजरात), एजेंसी

### गुजरात में गरजे मोदी, कहा-कांग्रेस पाकिस्तान की मुरीद



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कांग्रेस को 'पाकिस्तान का मुरीद' करार देते हुए आरोप लगाया कि भारत की सबसे पुरानी पार्टी आज जब 'मर' रही है तो उसके लिए पड़ोसी मुल्क के नेता दुआ कर रहे हैं और 'शहजादे' को प्रधानमंत्री बनाने के लिए उतावले हैं क्योंकि देश के दुश्मन यहां एक कमजोर सरकार चाहते हैं। मध्य गुजरात के आणंद शहर में आणंद और खेड़ा लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने यह आरोप भी लगाया कि कांग्रेस देश के संविधान में बदलाव कर मुस्लिमों को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदायों का आरक्षण देना चाहती है।

लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस को पाकिस्तान के साथ जोड़ने का मोदी का बयान ऐसे समय में आया है जब एक दिन पहले पाकिस्तान में इमरान खान की कैबिनेट में मंत्री रहे चौधरी फवाद हुसैन ने कथित तौर पर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर राहुल गांधी का एक वीडियो साझा किया था और उनकी तारीफ की थी। मोदी ने कटाक्ष किया कि संयोग देखिए, आज भारत में कांग्रेस कमजोर हो रही है। मजा ये है कि यहां कांग्रेस मर रही है और वहां पाकिस्तान रो रहा है। कांग्रेस के लिए अब पाकिस्तानी नेता दुआ कर रहे हैं। शहजादे (राहुल गांधी की ओर इशारा करते हुए) को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला है। उन्होंने कहा कि यह आश्चर्य की बात नहीं है क्योंकि हम पहले से ही जानते हैं कि कांग्रेस पाकिस्तान की 'मुरीद' है। पाकिस्तान और कांग्रेस की साझेदारी का पर्दाफाश हो गया है।

### निजीकरण लागू कर आरक्षण छीन रही सरकार : राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केन्द्र की मोदी सरकार पर अंधाधुंध तरीके से निजीकरण लागू करके दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों से गुपचुप तरीके से आरक्षण छीनने का गुरुवार को आरोप लगाया और कहा कि उनकी पार्टी सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को मजबूत करने और रोजगार के दरवाजे खोलने की गारंटी देती है। कांग्रेस नेता ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आरक्षण समाप्त करने का नरेन्द्र मोदी के अभियान का मंत्र है- 'न रहेगा बांस न बजेगी बांसुरी' मतलब न तो सरकारी नौकरियां रहेंगी और न ही आरक्षण देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार निजीकरण से सरकारी नौकरियों को खत्म कर चुपके-चुपके दलितों, आदिवासियों और पिछड़ा वर्ग से आरक्षण छीन रही है। उन्होंने कहा कि 2013 में सार्वजनिक क्षेत्रों में 14 लाख स्थायी पद थे जो 2023 तक आते आते सिर्फ 8.4 लाख ही बचे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि बीएसएनएल, सेल, भेल जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के शीर्ष उपक्रमों को बरबाद करके सार्वजनिक क्षेत्र से कम से कम छह लाख स्थाई नौकरियां छीन ली गईं।

## एक नजर

### सिसोदिया ने हाईकोर्ट में लगाई जमानत की गुहार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में जमानत के लिए गुरुवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। जिस पर तीन मई को सुनवाई होगी। 'आप' नेता ने दोनों मामलों में जमानत मांगी है, एक ईडी द्वारा दर्ज है और दूसरे की जांच सीबीआई कर रही है।

### टार्डिग्रेड की खोज चंद्रयान मिशन के नाम पर रखा

**कोच्चि।** केरल के कोचीन विज्ञान और प्रौद्योगिकी विवि. के अनुसंधानकर्ताओं ने तमिलनाडु के अंतर्ज्वारीय समुद्र तट तलछट में खोजी गई समुद्री टार्डिग्रेड की नई प्रजाति का पता लगाया और भारत के पहले चंद्र मिशन, चंद्रयान के सम्मान में इसे 'बैटिलिप्स चंद्रायणी' नाम दिया। समुद्री प्रौद्योगिकी विभाग के वैज्ञानिकों एस बिजॉय नंदन तथा विष्णु दत्तन ने तमिलनाडु में मंडपम में यह महत्वपूर्ण खोज की।

### दिल्ली-दुबई के बीच ए350 का परिचालन

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने बुधवार को दिल्ली-दुबई उड़ान मार्ग पहली बार ए350 विमान का परिचालन किया। अंतर्राष्ट्रीय मार्ग पर ए350 विमान के साथ एयरलाइन की यह पहली उड़ान है।

## अब यूपी में बन रहीं मिसाइल और तोप... पाकिस्तान में बरसेंगे गोले

### गृहमंत्री अमित शाह ने चुनावी जनसभा में कांग्रेस और सपा पर साधा जमकर निशाना

### बोले-वोट बैंक खिसकने के डर से रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में नहीं गए

- राहुल की भारत जोड़ो यात्रा का कांग्रेस ढूंढो यात्रा से होगा समापन

कार्यालय संवाददाता, बरेली



**अमृत विचार :** गृहमंत्री अमित शाह ने यह कहते हुए समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा कि उसके शासन में यूपी में देसी कट्टे बनाने के कारखाने थे, अब मिसाइल और तोप बन रही हैं जो पाकिस्तान पर गोले बरसाने का काम करेंगी। उन्होंने कांग्रेस पर अयोध्या में राम मंदिर के मामले को 70 साल तक लटकाने का आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी सरकार में राम मंदिर बनने के बाद प्राण प्रतिष्ठा भी हुई लेकिन कांग्रेस और सपा के नेता निमंत्रण के बाद भी वोट बैंक खिसकने के डर से वहां नहीं गए।

गृहमंत्री गुरुवार को बरेली के हार्टमन रामलीला मैदान पर भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के सामने घमंडिया इंडी गठबंधन चुनाव लड़ रहा है। शहजादे राहुल बाबा ने चुनाव की शुरुआत भारत जोड़ो यात्रा से की थी, लेकिन आज बरेली में कहकर जा रहा हूं कि चार जून के बाद कांग्रेस ढूंढो यात्रा से इसका समापन होगा। उत्तर प्रदेश की जनता एक बार फिर गुंडाराज और परिवारवाद को नकारकर भाजपा के विकासवाद को चुनने जा रही है। दो चरणों के चुनाव में कांग्रेस दूरबीन लेकर ढूंढने से भी नजर में नहीं आ रही है। प्रधानमंत्री मोदी सेंचुरी मारकर 400 की दौड़ में बहुत आगे निकल चुके हैं।

### देश में धमाके करते थे आलिया, मालिया, जमालिया

गृहमंत्री ने कहा कि सोनिया मनमोहन की सरकार में आलिया, मालिया, जमालिया आए दिन देश में घुसकर बम धमाके करते थे लेकिन कोई बोलने वाला नहीं था। 2014 के बाद पाकिस्तान ने फिर वही गलती कर दी। उरी और पुलवामा में घुस गए मगर भूल गए कि अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं न कि मनमोहन सिंह। सर्जिकल और एयर स्ट्राइक कर घर में घुसकर आतंकवादियों का सफाया किया। शाह ने कहा कि उनकी सरकार ने 130 करोड़ लोगों को कोरोना के दोनों टीके लगाकर देश को सुरक्षित किया है।

### भाजपा की सरकार बनने पर दंगामुक्त हुआ यूपी

अमित शाह ने यूपी की कानून व्यवस्था का भी जिक्र किया। कहा, 2017 में भाजपा की सरकार बनने के बाद योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने तो उन्होंने यूपी को दंगा मुक्त किया। पश्चिमी यूपी से सपा के राज में पलायन होता था लेकिन योगीराज में गुंडों का पलायन हो रहा है।

अमित शाह ने कहा कि यह चुनाव नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री, देश के अर्थतंत्र को संसार में तीसरे नंबर का अर्थतंत्र और तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का चुनाव है। आतंकवाद और नक्सलवाद को समाप्त करने का चुनाव है। सपा-कांग्रेस को तुष्टीकरण की राजनीति करने वाली पार्टी बताते हुए कहा कि कांग्रेस के लोग धारा 370 को 70 साल से संभाले थे। प्रधानमंत्री ने दूसरे कार्यकाल में इसे समाप्त कर इस देश को आतंकवाद से मुक्त किया है। इस दौरान मंच पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद, मंत्री कपिल देव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## बृजभूषण नहीं, बेटा लड़ेगा कैसरगंज सीट से चुनाव

### भाजपा ने कैसरगंज से करण भूषण सिंह पर जताया भरोसा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रायबरेली से मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को बनाया प्रत्याशी



करण भूषण सिंह



दिनेश प्रताप सिंह

**अमृत विचार :** नामांकन की आखिरी तारीख से एक दिन पहले भाजपा ने गुरुवार को रायबरेली और कैसरगंज लोकसभा सीट से भी अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। भाजपा ने कैसरगंज लोकसभा सीट से सांसद बृजभूषण शरण सिंह को टिकट न देकर उनके छोटे पुत्र करण भूषण सिंह को उम्मीदवार घोषित किया है। वहीं, रायबरेली से राज्य सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को टिकट दिया गया है। करण भूषण सिंह जहां पहली बार लोकसभा चुनाव में किस्मत आजमाएंगे वहीं, दिनेश प्रताप सिंह पिछली बार भी रायबरेली से सोनिया गांधी के खिलाफ भाजपा से चुनाव लड़ चुके हैं। दोनों सीटों पर शुक्रवार को नामांकन का अंतिम दिन है।

बृजभूषण के बेटे करण भूषण सिंह उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष हैं। इससे पहले वह भारतीय कुश्ती महासंघ के उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। जबकि बृजभूषण के बड़े बेटे प्रतीक भूषण सिंह भाजपा से गोंडा सदर विधान सभा से विधायक हैं। दरअसल, कैसरगंज सीट पर बृजभूषण की मजबूत पकड़ है। ऐसे में पहले से ही कयास लगाए जा रहे थे कि भाजपा उनके किसी परिजन को टिकट दे सकती है। बृजभूषण खुद भी चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन महिला पहलवानों वाले प्रकरण से उनकी उम्मीदवारी खतरे में पड़ गई।

### रायबरेली से प्रियंका व अमेठी से राहुल का चुनाव लड़ना लगभग तय

**अमेठी में राहुल गांधी का रोड शो आज**

**लखनऊ।** कांग्रेस ने अमेठी व रायबरेली सीटों से आधिकारिक तौर पर प्रत्याशियों की घोषणा भले ही न की हो पर पार्टी की ओर से बनाए गए माहौल से साफ संकेत मिल रहे हैं कि अमेठी से राहुल व रायबरेली सीट से प्रियंका गांधी चुनाव लड़ेंगी। इस बीच, प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि तीन मई को अमेठी में पार्टी नेता राहुल गांधी का रोड शो होगा। इसके लिए प्रशासन से अनुमति मिल गई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार दोनों सीटों पर प्रत्याशियों की आधिकारिक तौर पर देर रात तक घोषणा होने की संभावना है। गुरुवार को दोनों सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा व नामांकन पत्र लिए जाने को लेकर गहमागहमी रही। चर्चा रही कि पार्टी की ओर से दोनों नेताओं के लिए नामांकन पत्र ले लिए गए हैं पर इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी।

## बर्ड फ्लू को लेकर प्रदेश में अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रांची के राजकीय कुक्कट फार्म में वायरस को लेकर सतर्कता
- जिलों में रैपिड रिस्पांस टीम सक्रिय लिया जाएगा पक्षियों का सैंपल

**अमृत विचार :** झारखंड के रांची स्थित राजकीय कुक्कट फार्म में बर्ड फ्लू का मामला सामने आने के बाद पशुपालन विभाग ने प्रदेश में अलर्ट जारी किया है। सभी जिलों में सर्विलांस के लिए रैपिड रिस्पांस टीम सक्रिय कर पक्षियों के सैंपल लेने के निर्देश दिए गए हैं।

निदेशक रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र पशुपालन विभाग डॉ. पीएन सिंह ने बताया कि बर्ड फ्लू को लेकर सभी मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारियों को सावधानी और रोकथाम के निर्देश दिए गए हैं। जिलों में रैपिड रिस्पांस टीम को सक्रिय किया है। जो पोल्ट्री फार्म, प्रवासी पक्षी, दुकान, बाजार, बैकयार्ड पोल्ट्री फार्म, प्रवासी पक्षियों के मार्ग, वन जीव व पक्षी अभ्यारण्य, नेशनल पार्क, जलाशय बार्डर से लगे क्षेत्रों में सर्विलांस करेंगी। पोल्ट्री फार्म से नियमित पांच-पांच पक्षियों के सैंपल लेंगे। मृत या बीमार पक्षी मिलने पर भी सैंपल लेंगे और परीक्षण के लिए राष्ट्र उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान भोपाल भेजेंगे।

संयुक्त निदेशक, पोल्ट्री अजय कुमार कनौजिया ने बताया कि जिलों में पोल्ट्री फार्म की संख्या, स्थान, पक्षियों की संख्या, आपूर्ति का स्थान, मुख्यालय से दूरी आदि का विवरण तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

## प्रज्ज्वल के खिलाफ लुकआउट नोटिस

कलबुर्गी (कर्नाटक), एजेंसी

### सेक्स स्कैंडल मामला



- 24 घंटे में पेश न होने पर एसआईटी करेगी गिरफ्तार

कर्नाटक के गृहमंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने गुरुवार को कहा कि महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे हासन से जनता दल (एस) सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना को गिरफ्तार करने के लिए लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया है। प्रज्ज्वल इस समय विदेश में हैं। इस वजह से विशेष जांच दल (एसआईटी) के सामने पेश होने के लिए सात दिन और मांगे जाने पर उन्होंने कहा कि 24 घंटे से अधिक समय देने का प्रावधान नहीं है। एसआईटी मामले की जांच कर रही है। मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि यह लुकआउट नोटिस यह पता चलने के तुरंत बाद जारी किया गया कि प्रज्ज्वल रेवन्ना विदेश चले गए हैं। सभी बंदरगाहों और हवाई अड्डों को इस बारे में बता दिया गया है। प्रज्ज्वल रेवन्ना पूर्व प्रधानमंत्री और जद (एस) संरक्षक एचडी देवेगौड़ा के पोते और विधायक व पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना के बेटे हैं। इसके पहले हाल के दिनों में हासन में कथित तौर पर सांसद से जुड़े कुछ वीडियो क्लिप प्रसारित होने लगे थे। वे हासन लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के उम्मीदवार हैं। इस सीट पर 26 अप्रैल को मतदान हुआ था। गृहमंत्री परमेश्वर ने कहा कि आरोपी को समय दिए जाने के बारे में एसआईटी के सदस्य कानूनी राय ले रहे हैं। इससे पहले एक महिला ने प्रज्ज्वल और उनके पिता के खिलाफ यौन उत्पीड़न को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता के बयान दर्ज कर लिए गए हैं।

### कोई मंजूरी न तो मांगी गई, न दी गई

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि निलंबित जद (एस) सांसद प्रज्वल रेवन्ना की जर्मनी यात्रा के संबंध में न तो उससे कोई राजनीतिक मंजूरी मांगी गई और न ही (कोई मंजूरी) जारी की गई। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यह भी कहा कि राजनयिक पासपोर्ट धारकों को जर्मनी की यात्रा के लिए किसी वीजा की आवश्यकता नहीं है।

## 2जी स्पेक्ट्रम फैसले में संशोधन की केंद्र की याचिका अस्वीकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री का फैसला



सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री ने 2जी स्पेक्ट्रम मामले में न्यायालय के 2012 के फैसले में संशोधन के अनुरोध वाली केंद्र की याचिका को विचारार्थ स्वीकार करने से संभवतः इनकार कर दिया है।

कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि सरकार देश के प्राकृतिक संसाधनों के हस्तांतरण में नीलामी का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य है। सूत्रों ने बताया कि शीर्ष अदालत की रजिस्ट्री ने सरकार की याचिका को गलत व्याख्या वाली और स्पष्टीकरण के अनुरोध की आड़ में फैसले पर पुनर्विचार का प्रयास करार दिया। रजिस्ट्रार ने सुप्रीम कोर्ट नियमावली 2013 के प्रावधानों के अनुरूप इसे स्वीकार करने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के नियम के अनुसार, रजिस्ट्रार इस आधार पर याचिका लेने से इनकार कर सकता है कि इसमें कोई उचित कारण नहीं है, लेकिन याचिकाकर्ता इस तरह के आदेश के 15 दिनों के भीतर प्रस्ताव के माध्यम से अपील कर सकता है। शीर्ष अदालत ने दो फरवरी 2012 के अपने फैसले में जनवरी 2008 में दूरसंचार मंत्री के रूप में ए. राजा के कार्यकाल के दौरान विभिन्न कंपनियों को दिए गए 2जी स्पेक्ट्रम लाइसेंस रद कर दिए थे। केंद्र की ओर से अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने 22 अप्रैल को प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी. पारदीवाला की पीठ के समक्ष अर्जी का उल्लेख किया था।

## जिंदा है गोल्डी बराड़, अमेरिकी पुलिस ने मौत से किया इनकार

वाशिंगटन, एजेंसी



- फ्रेस्नो गोलीबारी कांड में मारा गया व्यक्ति कोई और था

अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य की पुलिस ने इन खबरों को खारिज किया है कि फ्रेस्नो शहर में हुई गोलीबारी में मारा गया व्यक्ति कनाडा निवासी आतंकवादी सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ था।

बराड़ को पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या की घटना का मास्टरमाइंड बताया जाता है। फ्रेस्नो बी अखबार की खबर के अनुसार, फेयरमोंट-होल्ट एवेन्यू की एक गली में गैंगवार की घटना में मारे गए व्यक्ति की पहचान 37 वर्षीय जेवियर ग्लैडनी के रूप में हुई है। पुलिस ने यह भी कहा कि यह घटना भारत में हुई मूसेवाला की हत्या से जुड़े मामले से संबंधित नहीं है। इसने कहा कि भारतीय मीडिया में बुधवार को अटकलें लगाई गईं कि घटना में मारा गया व्यक्ति मूसेवाला की हत्या का मास्टरमाइंड बराड़ था। अखबार के अनुसार, फ्रेस्नो पुलिस ने कहा कि विभाग को अंतर्राष्ट्रीय मीडिया से कई कॉल आ रही हैं और अधिकारी भारत तथा अमेरिका में हुईं घटनाओं के बीच संबंध की बात को खारिज करने पर कार्य कर रहे हैं।

## दिल्ली महिला आयोग के 223 कर्मी बर्खास्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) के 223 संविदा कर्मचारियों को बर्खास्त करने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी जिसके बाद इस सिलसिले में एक आदेश जारी किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास (डब्ल्यूसीडी) विभाग ने डीसीडब्ल्यू को इन संविदा कर्मचारियों को बर्खास्त करने का निर्देश दिया है। उसका कहना है कि उन्हें उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना काम पर रखा गया था। वहीं दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष और आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने इस आदेश की आलोचना की है।

## मुख्यमंत्री बोले-गठबंधन को जाने वाला वोट होगा महापाप

### एटा में जनता का किया आह्वान- सपा-कांग्रेस से रहें सावधान, भाजपा उम्मीदवार राजवीर सिंह के समर्थन में की जनसभा

संवाददाता, एटा



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और सपा गठबंधन पर जमकर हमला बोला। कहा कि कांग्रेस-सपा गठबंधन से सावधान रहें। इनको जाने वाला वोट पाप की वजह होगा। कांग्रेस देश का इस्लामीकरण, तालिबानीकरण करके विभाजित करने का प्रयास कर रही है। जाति-समुदाय से हटकर मोदी जी के पक्ष में मतदान करें।

एटा के सैनिक पड़ाव में गुरुवार को भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह राजू भैया के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबूजी कल्याण सिंह का सपना साकार हुआ है। अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर का निर्माण हुआ है। एक ओर मंदिर बना तो दूसरी ओर माफिया का राम-नाम सत्य हो गया। अब आपके सामने भगवान राम का विरोध करने वाले और राम भक्तों की टोली दोनों हैं। निर्णय आपको करना है। उन्होंने कहा कि पहले देश सुरक्षित नहीं था। पूरे देश में आतंकवादी हमले होते थे। अब कहीं जोर से पटाखा फूट जाए तो पाकिस्तान सफाई देता है कि उसका इसमें हाथ नहीं है। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और सपा गठबंधन से सावधान रहने की अपील की। कहा कांग्रेस पिछड़ी जाति, अनुसूचित जाति के आरक्षण में से मुसलमानों को हिस्सा दे देगी। ये गुमराह कर वोट मांग रहे हैं। उन्होंने गोमाता- गोमांस का जिक्र कर माहौल को संजीदा करने का भी प्रयास किया। कहा कांग्रेस-सपा गोमांस खाने वालों के साथ है। ऐसे में गठबंधन को जाने वाला वोट पाप का कारण बनेगा। वोट देने में सावधानी बरतें। इस चुनाव में हमें व्यक्ति नहीं देखना, जाति नहीं देखनी, सिर्फ मोदी जी को देखना है। उन्होंने जनसभा में मौजूद जनता को भाजपा प्रत्याशी को जिताने का संकल्प दिलाया।

### कल्याण सिंह के प्रति जगाई संवेदना

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के प्रति जनसभा में मौजूद लोगों की संवेदना को उभारने का प्रयास किया। कहा कि कल्याण सिंह मुख्यमंत्री रहे, गर्वनर भी रहे, कई बार विधायक और सांसद रहे। उनकी मृत्यु हुई तो समाजवादी पार्टी ने संवदेना के दो शब्द व्यक्त नहीं किए। मुख्यमंत्री ने जनता से सवाल करते हुए कहा कि बाबूजी कल्याण सिंह को अपमानित करने वाली, राम को नकारने वाली और जनता के साथ खिलवाड़ करने वाली सपा और कांग्रेस आपका वोट पाने की अधिकारी है क्या? जनता ने जवाब दिया नहीं।

हमारे फर्स्ट वोटर

### पहली बार मतदान को लेकर हूं रोमांचित



पहली बार मतदान करके लोकतांत्रिक सरकार में भाग लेने का मौका मिला है। इसको लेकर मैं बहुत खुश हूं। मैं पहली बार 20 मई को अपने बूथ पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करूंगी। पहला वोट डालने का वह पल हमेशा याद रहेगा जब ईवीएम का बटन दबाऊंगी। अपने साथ सभी लोगों को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित कर रहीं हूं। -जुबेदा बानों, छात्रा, बेलगरा।

### सभी से अपील, अपना वोट जरूर डालें



मतदाता सूची में नाम शामिल होने से बहुत खुश हूं। पहली बार मतदान करने का अवसर मिला है। लोगों से अपील भी कर रहा हूं जिसका भी वोटर कार्ड बना हो मतदान जरूर करें। क्योंकि एक-एक वोट बहुत कीमती है। मैं 20 मई को सबसे पहले वोट डालने जाऊंगा। अपनी पसंद के प्रत्याशी को वोट दूंगा। - अभिषेक वर्मा, छात्र, बेलगरा।

# सर्वे में मिले अवैध निर्माण व प्लाटिंग

## सेना के लिए अधिसूचित भूमि का मामला, राजस्व और सेना की टीम कर रही सर्वे

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचारः** सेना के लिए अधिसूचित क्षेत्र में अवैध निर्माण का सर्वे शुरू होने के बाद हलचल मच गई। सर्वे राजस्व और सेना (भूमि रखरखाव से जुड़ी) संयुक्त टीम कर रही है। सर्वे में बड़ी संख्या में अवैध निर्माण और प्लाटिंग मिलने की खबर है। अधिसूचित क्षेत्र में नए निर्माण को बाधित किए जाने बात सामने आई है।

सूत्रों के मुताबिक सेना के लिए अधिसूचित भूमि पर नए-पुराने अवैध निर्माण, की जा रही प्लाटिंग, खाली भूमि और फसल बोए गए क्षेत्रफल का सर्वे और चिंह्नांकन शुरू किया गया। इसके लिए लखनऊ के सेना के अफसरों (भूमि रखरखाव से जुड़ी) टीम यहां पहुंची है। इसमें सीईओ (मुख्य भूमि अधिकारी) स्तर के अफसर भी हैं। टीम ने पहले सोहावल तहसील के एसडीएम, तहसीलदार, कानूनगो और लेखपालों की टीम के साथ अधिसूचित क्षेत्र के गांव-गांव जाकर सर्वे किया। इसके बाद सदर तहसील क्षेत्र के राजस्व विभाग की टीम के साथ सर्वे व चिंह्नांकन शुरू किया गया। अब तक सोहावल तहसील क्षेत्र के मांझा कला, मुतजानगर, बनबीरपुर हाजीपुर सिंहपुर, घाटमपुर, कोटसराय, फतेहपुर सरैया उपरहार, फतेहपुर सरैया आदि में सर्वे व चिंह्नांकन की बात बताई गई है।

सूत्रों का कहना है कि सर्वे और चिंह्नांकन में बड़ी संख्या में नए व पुराने अवैध निर्माण, प्लाटिंग की गई जमीनें सामने आई हैं। खाली जमीनों, फसल बोई गई जमीनों को भी चिंह्तिं किया गया। इसकी पूरी रिपोर्ट तैयारी की जा रही है। हलांकि इसे गोपनीय रखा जा रहा है। इसी तरह सदर तहसील क्षेत्र के अधिसूचित क्षेत्र के गांवों में भी सर्वे और चिंह्नांकन किया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि कुछ लोगों ने एडीए से नक्शा पास होने के बाद निर्माण की बात भी कही है। सर्वे के साथ ही अधिसूचित क्षेत्र की जमीनों पर नए निर्माण बाधित हो गए है। अघोषित रूप से रोक बताई गई है।

### 14 राजस्व गांवों में फैली है 13391 एकड़ जमीन

सेना के लिए युद्धाभ्यास और फायरिंग के लिए सदर और सोहावल तहसील क्षेत्र के 14 राजस्व गांवों की 13391 एकड़ भूमि अधिसूचित की गई है। इनमें मांझा जमथरा, गौरा पट्टी, मांझा तारापुर रजौली, छावनी गोरा बैरक, मांझा कला, चक गौरा पट्टी, तोगपुर, मुमताजनगर, बनबीरपुर, हाजीपुर सिंहपुर, घाटमपुर, कोटसराय, फतेहपुर सरैया उपरहार, फतेहपुर सरैया शामिल है। यह जमीनें कास्तकारों के नाम है, लेकिन इन पर निर्माण नहीं किया जा सकता। कई वर्षों से इन जमीनों पर भू-माफियाओं द्वारा अवैध प्लाटिंग और निर्माण का खेल चल रहा है। यह अयोध्या विकास प्राधिकरण का क्षेत्र है। मामला उच्च न्यायालय में पहुंचने के बाद एडीए ने पिछले दिसंबर में इस क्षेत्र में नक्शा पास करने पर रोक लगाई।

### उच्च न्यायालय के संज्ञान के बाद शुरू हुई कार्रवाई

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने सेना के लिए अधिसूचित भूमि के मामले को स्वतः संज्ञान लिया। इसके बाद इस पर कार्रवाई शुरू हुई। न्यायमूर्ति राजन राय और न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की पीठ ने प्रवीण कुमार दूबे की याचिका पर सुनवाई के दौरान आदेश दिया था कि याची की ओर से दर्ज याचिका पर सुनवाई के बजाए स्वतः संज्ञान से याचिका दर्ज कर इस प्रकरण पर सुनवाई की जाएगी। कोर्ट ने मामले में रजिस्ट्री को प्रोटेक्शन आफ डिफेंस लैंड एट अयोध्या शीर्षक से स्वतः संज्ञान याचिका दर्ज करने का आदेश दिया था। केंद्र व प्रदेश सरकार को तीन हफ्ते में प्रति शपथ पत्र दाखिल करने को कहा है। इसके बाद सर्वे और चिंह्नांकन की कार्रवाई शुरू की गई है।

"सेना के लिए अधिसूचित भूमि का सर्वे और चिंह्नांकन किया जा रहा है। सर्वे व चिंह्नांकन सेना और राजस्व विभाग की टीम कर रही है। इसकी संयुक्त रिपोर्ट जानी है। -अशोक कुमार सैनी, उप जिलाधिकारी, सोहावल।"

## जागरूकता अभियान, 20 को करें मतदान




मतदाता जागरूकता रैली निकालते श्री राम वल्लभा इंटर कालेज के शिक्षक व बच्चे।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए गुरुवार को मतदाताओं को जागरूकता किया गया। विद्यालयों में अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन कर 20 मई को मतदान करने की अपील की गई। सहबदीन राम सीताराम बालिका इंटर कॉलेज अमानीगंज में छात्र-छात्राओं को अपने घर व आसपास के मतदाताओं को 20 मई को होने वाले मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए प्रेरित किया गया। असमर्थ, दिव्यांग, बुजुर्ग आदि व्यक्तियों को मतदेय स्थल तक पहुंचाने को लेकर भी कहा गया। श्रीराम वल्लभ भगवंत विद्यापीठ ड्योढ़ी अयोध्या के छात्र-छात्राओं ने प्रधानाचार्य डॉ. रामकृष्ण पांडेय के नेतृत्व में रैली निकाली। ड्योढ़ी बाजार के साथ स्थानीय ग्राम पंचायतों में घर-घर सम्पर्क कर लोगों को जागरूक किया गया। मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी स्वीप ऋषिराज ने बताया कि चुनाव में अधिक से अधिक मतदान प्रतिशत के लिए विभिन्न विद्यालयों और स्वयंसेवी संगठनों से पोस्टर मेकिंग, रैली, पेंटिंग, रंगोली, वाल पेंटिंग, घर-घर सम्पर्क अभियान, स्लोगन शपथ समारोह आदि से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। मतदेय स्थलों पर सेल्फी प्वाइंट का भी व्यवस्था कराई जाएगी। डीएम नितीश कुमार व सीडीओ ने 20 मई को शांतिपूर्ण व अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की है।

# भाकपा, बसपा सहित कई निर्दल प्रत्याशियों ने किया नामांकन

अयोध्या कार्यालय



जिला निर्वाचन अधिकारी को नामांकन पत्र सौंपते कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी अरविंद सेन यादव।

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में गुरुवार को भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी, बहुजन समाज पार्टी सहित कई निर्दल प्रत्याशियों ने रिटर्निंग अफसर के सामने अपने नामांकन पत्र दाखिल किया। बसपा सहित दो प्रत्याशियों ने दोबारा नामांकन किया। इस दौरान नामांकन स्थल पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम रहे।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी अरविंद सेन यादव ने गुरुवार को पार्टी के जिला सचिव अशोक कुमार तिवारी व वरिष्ठ नेता सूर्य कांत पाण्डेय के साथ पहुंचकर एक सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष रामतीरथ पाठक, पूर्व प्रमुख राम लल्लन कोरी, माकपा के जिला सचिव अशोक यादव सहित अन्य लोग थे। बसपा प्रत्याशी सच्चिदानंद ने भी दोबारा नामांकन किया। इसके साथ अखिल भारतीय कल्याण दल से जगत सिंह ने एक सेट में, भारतीय जन-जन पार्टी के राजीत राम ने एक सेट में, निर्दलीय लाल मणि ने एक सेट में, लोकतांत्रिक लोकराज्यम पार्टी के अश्वनी कुमार पांडेय ने दो सेट में, निर्दलीय अरुण कुमार ने एक सेट में, राष्ट्रीय जनशक्ति पार्टी अनिल कुमार उर्फ अनिल कुमार रावत ने एक सेट में, मौलिक अधिकार पार्टी से कंचन ने दोबारा एक सेट में, निर्दल पवन कुमार तिवारी ने एक सेट में और बहुजन मुक्ति पार्टी से फरीद सलमानी ने एक सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि गुरुवार को चार प्रत्याशियों/प्रतिनिधियों ने एक-एक सेट नामांकन फॉर्म लिया। अब तक विभिन्न प्रत्याशियों से कुल 50 सेट नामांकन पत्र लिए गए। नामांकन के दौरान सहायक रिटर्निंग ऑफिसर/उप जिलाधिकारी सदर राजकुमार पांडेय सहित अन्य अफसर थे।

लोकसभा चुनाव

- बसपा सहित दो प्रत्याशियों ने दोबारा किया नामांकन

### निर्धारित समय के बाद भी कक्ष में रही भीड़

नामांकन करने वालों की संख्या गुरुवार को अधिक होने के कारण निर्धारित समय के बाद भी नामांकन कक्ष में प्रत्याशियों की भीड़ रही। बताया गया है कि निर्धारित समय में नामांकन कक्ष में पहुंचे प्रत्याशियों के नामांकन की कार्रवाई पूरी की गई।

### केंद्र सरकार ने सभी वर्गों को किया निराश : सेन

नामांकन करने जाते समय भाकपा प्रत्याशी अरविंद सेन ने कहा कि मौजूदा सरकार गरीबों, किसानों, मजदूरों, छात्रों, नौजवानों समेत सभी वर्गों को निराश किया। जिला सचिव अशोक कुमार तिवारी ने कहा कि फैजाबाद संसदीय क्षेत्र से भाकपा के जीतने से विश्व पटल पर दक्षिण पंथी ताकतों को सीख मिलेगी। अयोध्या विधानसभा क्षेत्र पार्टी प्रत्याशी रहे सूर्य कांत पाण्डेय ने आरोप लगाया कि सत्ताधारी पार्टी आचार-संहिता का उलंघन करके चुनाव को प्रभावित कर रही हैं।

## चुनाव बाद चलेगा डग्गामार वाहनों के खिलाफ अभियान

**अयोध्या, अमृत विचार।** हादसों पर लगाम और सरकारी राजस्व में बढ़ोत्तरी के लिए शासन की ओर से फिर से डग्गामार सवारी वाहनों के खिलाफ अभियान का निर्देश जारी हुआ है। पुलिस, आरटीओ और रोडवेज विभाग की संयुक्त टीम बना प्रति माह दो बार अभियान चलाने का निर्देश हुआ है, हलांकि लोकसभा चुनाव और जनपद में विशिष्टजनों के दौरों को लेकर यह अभियान अभी चल पाने के आसार नहीं बन पा रहे हैं। जनपद में अभियान लोकसभा के मतदान के बाद ही चल पाएगा। अयोध्या डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक आदित्य प्रकाश का कहना है कि डग्गामार वाहन राजस्व और यात्रियों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं। समय-समय पर इसके खिलाफ अभियान चलता रहा है। संयुक्त टीम से अभियान का निर्देश आया है। अभी सभी विभाग चुनाव आदि की ड्यूटी में लगे हैं। अग्रिम निर्देश का इंतजार है। यातायात निरीक्षक शहर विवेक मौर्य ने बताया कि अभी उनके पास आरटीओ अथवा प्रशासन का कोई पत्र अथवा निर्देश नहीं आया है। अधिकारियों के निर्देश के मुताबिक कार्यवाही कराई जाएगी।

# पीएम के रोड शो को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी

अयोध्या कायर्लय



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

- अयोध्या में पीएम के रोड शो को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी
- सुग्रीव किला से लता चौक तक ब्लॉकों में बांटा रोड शो मार्ग, होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

**अमृत विचारः** अयोध्या में पीएम मोदी के रोड शो को ऐतिहासिक बनाए जाने की तैयारी है। वह पांच मई को रामनगरी में रामजन्मभूमि प्रवेश द्वार के पास स्थित सुग्रीव किला से लता चौक तक चार बजे दो किलोमीटर शाम रोड शो करेंगे। भाजपा नेताओं ने बैठक करके तैयारी तेज कर दी है।

लोकसभा केन्द्रीय चुनाव कार्यालय में गुरुवार को इसको लेकर व्यवस्था प्रमुखों की बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। लगभग दो किमी. के रोड शो मार्ग को 40 ब्लॉक में बांटा गया है। 50 मीटर की दूरी पर एक ब्लॉक बनाया जाएगा। हर ब्लॉक का एक प्रमुख होगा। जो उस ब्लॉकक की व्यवस्था को देखेगा। महिला, किसान, व्यापारी सहित समाज के विभिन्न वर्गों के अनुसार ब्लॉक बनाए जाएंगे। हर ब्लॉक में सांस्कृतिक कार्यक्रम लाइटिंग, साउंड सिस्टम की व्यवस्था होगी। पूरे रोड-शो के मार्ग को फूलों से सजाया जाएगा। इस दौरान पूरे मार्ग पर पुष्प वर्षा करके दोनों पटरियों पर खडे. लोग पीएम का अभिवादन करेंगे। तीन स्थानों पर चिकित्सा कैम्प भी लगेंगे। पीएम के आगमन से पहले तीन मई से यहां स्वच्छता अभियान शुरू किया जाएगा।

बैठक में सांसद व प्रत्याशी लल्लू सिंह ने कहा कि अयोध्या में पीएम के रोड-शो पर पूरे विश्व की निगाहें हैं। इसलिए पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी का पूर्णरूप से पालन करें। क्षेत्रीय महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कहा रोड शो में हर बूथ से लोगों की सहभागिता हो। सभी पदाधिकारी इसका प्रयास करें। बैठक में लोक सभा संयोजक बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, प्रभारी श्रीकृष्ण शास्त्री, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, ओम प्रकाश सिंह, अवधेश पाण्डेय बादल, अभिषेक मिश्र सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पीएम के रोड शो को लेकर एसपीजी ने डाला डेरा

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पांच अप्रैल के प्रस्तावित दौरे को लेकर पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर कवायद तेज कर दी है। एसपीजी के जनपद आगमन के बाद अधिकारियों ने बैठक की और रोड शो के मार्ग का स्थलीय जायजा लिया। पीएम के अयोध्या दौरे और रोड शो को सकुशल संपन्न कराने के लिए पीएम सुरक्षा की पुरानी फाइल निकाल ली गई है। पूर्व में पीएम के दौरे के दौरान ड्यूटी में लगाए गए दस्तों, पुलिस बल, मजिस्ट्रेट, पैरामिलिट्री फ़ोर्स समेत पिकेट, रूट डायवर्जन आदि की समीक्षा की जा रही है। विशेष ड्यूटी के लिए डिमांड भेजवाई गई है व व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद करने की कवायद तेज हो गई है। गुरुवार को सुरक्षा और व्यवस्था के खाके आदि की निगरानी के लिए एसपीजी के अधिकारी जनपद पहुंच गए। रिहर्सल व कार्ययोजना पर विचार-विमर्श के लिए अयोध्या एयरपोर्ट पर एसपीजी ने पुलिस-प्रशासन व अन्य अधिकारियों और पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के बाद आईजी प्रवीन कुमार और सांसद लल्लू सिंह ने प्रस्तावित रोड शो के मार्ग लता चौक नयाघाट से रामजन्मभूमि प्रवेश द्वार तक का स्थलीय जायजा लिया।



बसपा के प्रत्याशी सच्चिदानंद ने गुरुवार को जुलूस निकाल किया नामांकन।

## बसपा प्रत्याशी ने जुलूस निकाल किया दोबारा नामांकन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** बसपा प्रत्याशी सच्चिदानंद ने गुरुवार को जुलूस निकाल ताकत दिखाई। नारेबाजी के बीच कई वाहनों के काफिले के साथ कचहरी पहुंचकर दोबारा नामांकन किया। बसपा प्रत्याशी का नामांकन जुलूस पार्टी कार्यालय मकबरा से निकला। चार पहिया और दो पहिया वाहनों के साथ जीआईसी, सिविल लाइंस, पुष्पराज चौराहा, तहसील तिराहे से होते हुए नामांकन जुलूस कचहरी के पास पहुंचा। यहां से प्रत्याशी और समर्थक पैदल नामाकंन करने कलेक्ट्रेट स्थित डीएम न्यायालय कक्ष में पहुंचे। प्रत्याशी ने यहां दो सेटों में नामांकन दाखिल किया। उनके साथ बसपा नेता सुनील पाठक, मंडल को-आर्डिनेटर राम गोपाल, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष सुरेश कोरी, जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार पासी, पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्र आनंद सहित अन्य समर्थक मौजूद थे।

# ककरही बाजार क्षेत्र में गूंजा न्याय नहीं तो वोट नहीं का नारा

अयोध्या,कार्यालय

- फिर से परिक्रमा मार्ग में बदलाव से आक्रोशित हुए लोग

**अमृत विचार।** प्रस्तावित 14 कोसी परिक्रमा मार्ग के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण में फिर से मार्ग में बदलाव ने प्रभावितों को आक्रोशित कर दिया है। स्थानीय लोगों ने गुरुवार को न्याय नहीं तो वोट नहीं के बैनर के साथ ककरही बाजार चौराहे पर प्रदर्शन किया है और मांग न पूरी होने पर अगले चरण के आंदोलन की चेतावनी दी है।

प्रदर्शन में शामिल लोगों का कहना है कि प्रशासन ने पहले तय किया था कि प्रस्तावित 14 कोसी परिक्रमा मार्ग के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण कार्य आबादी से अलग कराया जाएगा। इसके लिए जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी प्रशासन के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग की ओर से आबादी से 50 मीटर दूर लोगों की कृषि की जमीन अधिग्रहित की गई थी और प्रभावितों को मुआवजा दिया गया है। मुआवजा मिलने के बाद रकम को लोगों ने अपनी जरूरतों पर खर्च कर दिया। अब 14 कोसी परिक्रमा मार्ग को आबादी के बीच से ले जाने का निर्णय लिया गया है और लोगों को अपना मकान-दुकान तोड़ने के लिए कहा जा रहा है तथा दबाव बनाया जा रहा है। इससे रेतिया आकाशवाणी स्टेशन, अंबेडकरनगर वार्ड व ककरही बाजार वार्ड क्षेत्रवासी परेशान हैं और न्याय न मिलने पर लोकसभा चुनाव में मतदान न करने का निर्णय लिया है। प्रदर्शन में जगदीश यादव, आशीष श्रीवास्तव, राजेश कुमार, सुनीता यादव, आकाश यादव, ओम प्रकाश गुप्ता समेत अन्य शामिल रहे।

## रामकथा संग्रहालय में दिखेगा राम मंदिर के 70 वर्षों के संघर्षों का इतिहास

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट सरयू तट स्थित अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय को भव्यता देने की तैयारी शुरू कर दिया है। राम मंदिर के 70 वर्षों तक चले संघर्ष की गाथाओं का लीगल डॉक्यूमेंट्स और खुदाई में प्राप्त अवशेषों को भी इस संग्रहालय में रखा जाएगा। इसको लेकर ट्रस्ट ने दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू म्यूजियम के एक्सपर्ट को उतार दिया है। अंतर्राष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय का 2008 में 2.8 एकड़ के भूमि पर निर्माण कराया गया था। जिसमें भगवान श्रीराम से जुड़ीं 1020 प्राचीन और दुर्लभ वस्तुओं को संग्रहित किया गया है। चार डिजिटल गैलरी, दो गुमनामी बाबा के सामानों की गैलरी, दो राम मंदिर के प्राप्त अवशेष, एक श्री राम से जुड़ी स्मृति, ताम्रपत्र पर लिखी पांडुलिपियां देश विदेश की रामलीलाओं के वस्त्र, आभूषण और शस्त्र में कुल 820 सामान संरक्षित हैं। जिसको पहले ही श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौंप दिया गया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि संग्रहालय को ट्रस्ट को सौंपे जाने के बाद संग्रहालय की भव्यता को बढ़ाने के लिए एक्सपर्ट अपना कार्य कर रहे हैं। इसकी एक निश्चित डिजाइन तैयार की जाएगी, जिसके तहत राम मंदिर में प्राप्त अवशेषों को भी वहां सुरक्षित रखा जाएगा।

## सार-संक्षेप

### कैसरगंज से प्रत्याशी घोषित होने के बाद करण पहुंचे अयोध्या



महंत ज्ञान दास से आशीर्वाद प्राप्त करते कैसरगंज के भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से कैसरगंज सीट पर टिकट को लेकर चल रही रस्साकशी गुरुवार को समाप्त हो गई। भाजपा द्वारा कैसरगंज लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित होने के बाद करण भूषण अपने पिता बृज भूषण शरण सिंह की तरह ही सीधे हनुमानगढ़ी पहुंचे और माथा टेका। उन्होंने बजरंगबली का आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने हनुमानगढ़ी के महंत ज्ञान दास से भी आशीष लिया। इससे पहले साधु संतों ने कैसरगंज से भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह का स्वागत किया। करण भूषण सिंह ने कहा कि बजरंगबली का आशीर्वाद लेने आया था, सुबह पिता का आशीर्वाद लिया है।

### चुनाव के लिए भेजी गईं 36 रोडवेज बसें

**अयोध्या। अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में सुरक्षा बलों और मतदान कार्मिकों को लाने ले जाने के लिए पांच और बसें भेजी गईं है। एआरएम रोडवेज आदित्य प्रकाश ने बताया कि इससे पहले 31 बसें यहां से विभिन्न जिलों को भेजी गई थी। अब बाहर भेजी जाने वाली बसों की संख्या 36 हो गई है।

### नामांकन जुलूस में भाजपा नेता विनय कटियार की तबीयत बिगड़ी

**अयोध्या, अमृत विचार :** भाजपा के फायर ब्रांड नेता और पूर्व राज्यसभा सदस्य विनय कटियार बुधवार को बीजेपी प्रत्याशी लल्लू सिंह के नामांकन जुलूस में रथ पर खड़े थे। सुबह 10 बजे निकला यह जुलूस टेढ़ी बाजार के पास पहुंचा ही था कि तेज धूप के कारण अचानक विनय कटियार की तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन मौजूद कार्यकर्ताओं ने प्राथमिक उपचार कराया। हालांकि वह अब स्वस्थ्य हैं। सहयोगी चंद्र प्रकाश मिश्रा ने बताया कि तेज धूप के कारण उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। वो गुरुवार सुबह पार्टी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए लखनऊ चले गए।

### एखलाक फिर बने मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष



एखलाक राजा

**भेलसर अयोध्या। अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की संस्तुति व मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा की सहमति से अयोध्या जिलाध्यक्ष शुएब खान ने एखलाक राजा को मुलायम यूथ ब्रिगेड रुदौली का फिर नगर अध्यक्ष नियुक्त किया है। एखलाक राजा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मुलायम यूथ ब्रिगेड की टीम रुदौली नगर के सभी बूथों पर सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद को जिताने का काम करेगी। एखलाक राजा ने बताया कि नगर के विभिन्न वार्डों से 19 पदाधिकारियों व सदस्यों की सूची जारी कर दी है। अन्य पदाधिकारियों की नियुक्ति करके जल्द कमेटी गठित कर दी जाएगी।

### अवध विवि के खिलाड़ियों को मिले तीन ब्रॉन्ज मेडल



पदक विजेता खिलाड़ी

**अयोध्या कार्यालय।** अवध विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों का ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्वान की डो पुरूष प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन जारी रहा। राजस्थान के श्री जेजे टी युनिवर्सिटी झुंझुनू में आयोजित प्रतियोगिता में पुरूष खिलाडियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए तीन ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किए। इस प्रतियोगिता में क्वान की डो के व्यक्तिगत इवेंट अंडर 57 किलोग्राम भारवर्ग में अभिमन्यु कुमार ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। अंडर 69 किलोग्राम भारवर्ग में नित्यानंद पासवान ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। अंडर 83 किलोग्राम भारवर्ग में सिद्धार्थ निषाद ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने बधाई दी। क्रीडा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. हिमांशु सिंह, क्रीड़ा सचिव प्रो. आशीष प्रताप सिंह, वित्त अधिकारी पूर्णेंदु शुक्ला, कुलसचिव डॉ. अंजनी कुमार मिश्र, कुलानुशासक प्रो. एस. एस. मिश्रा ने बधाई दी है।

लोकसभा चुनाव — ऐसी सरकार हो जो सभी के लिए करे काम, बोले लोग-

# देश के विकास व सुरक्षा के लिए हो गंभीर

तारुन, अयोध्या



तारुन में अमृत विचार की चुनाव चर्चा में शामिल लोग। अमृत विचार

अमृत विचार चुनावी चर्चा

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता चाय की चुस्की लेते हुए तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। किस तरह की सरकार बने। सांसद कैसा हो, लोग इसको लेकर अपने अपने तर्क दे रहे हैं। साथ ही सभी से मताधिकार का प्रयोग करने का आह्वान कर रहे हैं।

अमृत विचार की चुनावी चर्चा में गुरुवार को तारुन कस्बा में हैदरगंज तिराहे पर एक चाय की दुकान पर लोग चर्चा करते नजर आए। अधिकतर लोगों का दावा था वोट उसी को दिया जाए जो स्वास्थ्य सुविधा बेहतर, शिक्षा में लूट पर अंकुश, बेरोजगारी को दूर कर सके। राजबहादुर वर्मा बोले भाईसाहब राजनीति से राजनीति समाप्त होनी चाहिए। देश सर्वोच्च है जो भी सरकार हो देश के विकास व सुरक्षा के लिए गंभीर हो। मायाराम यादव ने कहा कि ऐसी सरकार हो जो सभी के लिए काम करे। कोई भेदभाव न हो।

बबलू सिंह बोले भईया वर्तमान में मंहगाई और बेरोजगारी बहुत है। ऐसे में कोई भी सरकार बने प्राथमिकता इसे दूर करने की होनी चाहिए। मेहदी हसन ने कहा कि विकास योजनाओं में पारदर्शिता होनी चाहिये। शारदा प्रसाद वर्मा, गंगाराम यादव, जितेंद्र सिंह, रामभवन, प्रदीप निषाद का कहना है कि सबसे बड़ी समस्या छुट्टा जानवरों को लेकर है। थोड़ा बहुत किसानी खेती से जो पैदा होता है उसे भी चर ले रहे हैं। ऐसी सरकार से हम किसानी खेती करने वाले लोग हैं कोई फायदा नहीं है। वहीं बगल में बैठे महंथ मौर्य, दिनेश पांडे, सूर्यभान सिंह का कहना है सरकार बहुत अच्छा काम कर रही है। किसानों के हित की बात कर रही है। प्रदेश में अपराधियों पर लगाम लगा दी है। सभी मतदाताओं ने कहा खूब मतदान किया जाए कोई मतदान करने से चूके नहीं। लोकतांत्रिक सरकार बने। राष्ट्र सहित सभी का विकास हो। सभी ने मतदान करने की शपथ भी ली।

- मताधिकार का प्रयोग करने का आह्वान, मतदान की ली शपथ

# वादे से मुकरा, साक्ष्य मिटाने के लिए दुकान में फिर की चोरी

अयोध्या, कार्यालय

- पुलिस ने किया गिरफ्तार, 17 हजार रुपये बरामद

**अमृत विचार।** गोसाईगंज थाना पुलिस ने गुरुवार को थाना क्षेत्र के कस्बा दिलासीगंज निवासी धनंजय पाण्डेय को गिरफ्तार किया है। ऐसा पुलिस से शिकायत पर रकम वापस करने का वादा करने के बावजूद रकम वापस न करने और साक्ष्य मिटाने के लिए दुकान में फिर से चोरी करने के चलते किया है। पुलिस ने पकड़े गए नामजद आरोपी का चालान किया है।

थाना क्षेत्र के ग्राम लालपुर निवासी धर्मेन्द्र कुमार सिंह की दिलासीगंज कस्बे में एक गिफ्ट कार्नर की दुकान है। दुकान से पांच अप्रैल को 20 हजार रूपये चोरी हो गए थे। प्रतिष्ठान संचालक धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने धनंजय से मामले की शिकायत की और फुटेज दिखाई तो वह रकम वापस करने को तैयार हो गया। क्षेत्रीय लोगों के सुझाव पर पीड़ित ने 19 अप्रैल को तहरीर पुलिस को दे दी। पुलिस ने दबाव बनाया तो स्थानीय लोगों की मौजूदगी में तय हुआ कि 25 अप्रैल तक रकम वापस कर दी जाएगी। पीड़ित प्रतिष्ठान संचालक का कहना है कि आरोपी ने चोरी की हुई रकम तो वापस नहीं की बल्कि साक्ष्य मिटाने के लिए 26 अप्रैल की रात रात लगभग एक बजे दुकान का ताला काटकर और लॉकर तोड़कर दो लाख 20 हजार रुपये व डीवीआर चोरी कर लिया। इसके बाद तहरीर पर पुलिस ने 27 अप्रैल को धनंजय के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की थी। थाने के प्रभारी निरीक्षक परशुराम ओझा ने गुरुवार को बताया कि दर्ज मामले की विवेचना में जुटी महबूबगंज चौकी प्रभारी यशवन्त द्विवेदी की पुलिस टीम ने दिलासीगंज मेला घाट से नामजद आरोपी धनंजय को गिरफ्तार किया हैव 17 हजार रुपये बरामद किया।

सन् राईज ट्रक एवं बस
में कुशल कर्मचारियों की आवश्यकता है
महा प्रबंधक विक्रय – लखनऊ/अयोध्या
प्रबंधक विक्रय – लखनऊ/अयोध्या – वाणिज्यक वाहन विक्रय– भारी वाहन क्षमता
प्रबंधक विक्रय – लखनऊ/अयोध्या – वाणिज्यक वाहन विक्रय– मध्यम वाहन क्षमता
बिक्री कार्यपालक – लखनऊ क्षेत्र – लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, सुल्तानपुर व हरदोई
बिक्री कार्यपालक – अयोध्या क्षेत्र– आजमगढ, गोंडा, बहराईच व अयोध्या
ट्रैक्टर, कंस्ट्रक्शन मशीनरी, कमर्शियल व्हीकल, व्हीकल इन्शुरन्स और कमर्शियल व्हीकल फाइनेंस क्षेत्र के लोगो को वरीयता दी जायेगी!
Corporate office- D 69 Vibhuti Khand, Gomti Nagar Lucknow-226010

Mahindra Rise.
TAKE THE HIGHROAD TO SUCCESS WITH MAHINDRA



SUN RISE TRUCK & BUS
(A UNIT OF SUN INFRAENGINEERING PVT.LTD.)
Authorised Dealer: Mahindra & Mahindra Ltd. Truck & Bus Division

SUN RISE TRUCK & BUS
Requires Experience Sales Staff
General Manager Sales - Lucknow / Ayodhya
Sales Manager - Lucknow / Ayodhya Commercial Vehicle HCV
Sales Manager - Lucknow / Ayodhya Commercial Vehicle LCV
DSE - Lucknow Territory-Lucknow, Barabanki, Raibareli, Sultanpur & Hardoi
DSE - Ayodhya Territory - Ayodhya, Azamgarh, Gonda, Bahraich
Preference will be given people from tractor/CV/CE/ commercial vehicle insurance and finance industry.
Share your CV/Resume at accounts.manager@suninfra.org Mob: 9335946003

## एक नजर

### मेडिकल कॉलेज में बंद पड़ी सीटी स्कैन मशीन भी बनी

**अयोध्या, अमृत विचार :** दर्शन नगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में 20 दिनों से खराब चल रही सीटी स्कैन मशीन भी गुरुवार से चल गई। प्रिंसिपल डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि नई सीटी स्कैन मशीन का संचालन कराने की भी कवायद चल रही है।



### साढ़े नौ से साढ़े दस तक मिलें चुनाव प्रेक्षक से

**अयोध्या।** लोकसभा चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग से नियुक्त किए गए सामान्य प्रेक्षक आईएएस अफसर पी आकाश गुरुवार को जिले में पहुंच गए।वह सर्किट हाउस के कक्ष संख्या सात में ठहरे है, जहां कोई भी प्रत्याशी या सामान्य व्यक्ति सुबह साढ़े नौ से साढ़े 10 बजे तक मिल सकता है। उनका दूरभाष नंबर 9935576060 पर सम्पर्क कर सकता है। यह जानकारी अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने दी।



पी. आकाश, आईएएस

# पूरा और मया में चार कॉलेज मिले अवैध

## डीआईओएस ने दिए थे जांच के निर्देश, कोचिंग की मान्यता पर चल रहा था कॉलेज

## जांच अधिकारी ने सौंपी रिपोर्ट

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** पूरा और मया ब्लॉक में जांच के दौरान चार कॉलेज फर्जी मिले। एक कॉलेज तो ऐसा पाया गया जो कोचिंग की मान्यता पर स्कूल चला रहा था। जबकि वह भी समाप्त हो चुकी है। इतना ही नहीं इन चारों कॉलेजों में अध्ययनरत छात्रों को दूसरे मान्यता प्राप्त कॉलेजों में पंजीकृत कर ठगा जा रहा था। इसके अलावा कई और अनियमितताएं मिली हैं।

डीआईओएस डॉ. राजेश कुमार आर्या को एक शिकायत मिली थी। जिस पर उन्होंने राजकीय हाईस्कूल भदौली के प्रधानाध्यापक डॉ. बसंत कुमार को जांच के निर्देश दिए थे। जांच अधिकारी ने गुरुवार को जांच कर डीआईओएस को पूरी जांच रिपोर्ट सौंपी है। जांच रिपोर्ट में खुलासा हुआ है लंबे समय से इन कॉलेजों को अवैध रूप से बिना बोर्ड की मान्यता के चलाया जा रहा था। जांच रिपोर्ट के अनुसार जयहिंद इंटर कॉलेज सिंहोरिया मया कक्षा छह से 12 तक संचालित किया जाता मिला। यहां प्रधानाचार्य संतोष कुमार उपाध्याय ने कोचिंग की मान्यता की बात स्वीकार की। शिक्षा विभाग से मान्यता नहीं मिली। कुछ छात्रों को दूसरे कॉलेज में पंजीकृत दिखाया गया था। वहीं बाबा दूधनाथ माध्यमिक विद्यालय नेवकबीरपुर भी अवैधानिक रुप से संचालित मिला। यहां भी तमाम अनियमितताएं मिलीं। इसके अलावा सीआरटी पब्लिक स्कूल पूराबाजार और ग्रामोदय किसान कॉलेज पिलखावा, पूराबाजार में भी भवन जर्जर और तमाम गड़बड़ी मिली। यहां भी कुछ छात्रों का प्रवेश अन्य कॉलेज में मिला। जांच अधिकारी डॉ. बसंत कुमार ने बताया कि उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को रिपोर्ट सौंप दी है। उन्होंने बताया कि एक शिकायत पर इन स्कूलों की जांच की गई तो कोई भी मान्यता प्राप्त नहीं मिला। तमाम गड़बड़ी पाई गई है। उन्होंने बताया जाता है कि शुक्रवार तक संबधित कॉलेजों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई संभावित है। सभी कॉलेजों को मिला कर कुल छात्र संख्या 250 के करीब बताई गई है।




जय हिंद इंटर कॉलेज की जांच करते जांच अधिकारी।

## सीडीओ के पत्र से 444 कॉलेजों को लगा 440 वोल्ट का करंट!

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज का पत्र जिले के सभी 444 माध्यमिक विद्यालयों के लिए संकट बन गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी कॉलेजों से उनके यहां विभिन्न मदों में जमा धनराशि समेत कई बिंदुओं पर ब्योरा तलब किया है। इसे लेकर जहां वित्त विहीन और सहायता प्राप्त कॉलेजों के प्रबंधन और प्रधानाचार्य को 440 वोल्ट का करंट लगा है। वहीं राजकीय कॉलेजों के प्रधानाचार्यों का पसीना छूट रहा हैं। इसे लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार आर्या द्वारा सभी को पत्र भेज कर ब्योरा उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। इसके लिए गुरुवार तक का समय दिया गया था, लेकिन अभी तक एक भी कॉलेज से संबधित सूचनाएं नहीं दीं गईं हैं। सीडीओ ने जिला विद्यालय निरीक्षक से सभी कॉलेजों से मद और मद में जमा धनराशि का विवरण, बैंक स्टेटमेंट, पासबुक की छाया प्रति, कृषि फार्म के लिए भूमि है या नहीं, दुकान भवन के किराए का विवरण धनराशि समेत तलब किया है। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के सूत्रों के अनुसार यह ब्योरा कतिपय कॉलेजों द्वारा विभिन्न मदों में धनराशि में अनियमितता, दुरुपयोग की गोपनीय शिकायतें शासन स्तर पर हुई हैं। बताया जाता है कि जिले में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 200 से अधिक कॉलेज ऐसे हैं जहां छात्रों से विभिन्न मदों में वसूली गई धनराशि का कोई लेखा-जोखा नहीं रखा गया है। इसके अलावा प्रबंधतंत्र और प्रधानाचार्यों के बीच विवाद वाले माध्यमिक विद्यालय भी सीडीओ के रडॉर पर आ गए हैं। बताया जाता है कि ब्योरा मिलने के बाद दागी पाए जाने पर बड़ी कार्रवाई की जा सकती है।

▸▸ **सभी राजकीय, सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों से कई बिंदुओं पर ब्योरा तलब**



जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा कालेजों को जारी पत्र।

### जिले में कुल 444 माध्यमिक विद्यालय, 28 राजकीय

जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के अनुसार जिले में कुल 444 माध्यमिक विद्यालय संचालित हैं। जिनमें 28 राजकीय हैं। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के 14 राजकीय माध्यमिक विद्यालय हैं। वहीं हाईस्कूल के सहायता प्राप्त 33 और इंटरमीडिएट के 17 कॉलेज हैं। हाईस्कूल के वित्त विहीन कॉलेजों की संख्या 28 और इंटरमीडिएट के 338 हैं। इस तरह कुल 444 माध्यमिक विद्यालय जिले में चल रहे हैं।



कनक भवन से दर्शनकर बाहर निकलते मध्य प्रदेश के राज्यपाल।

### एमपी के राज्यपाल ने किये रामलला के दर्शन

**अयोध्या, अमृत विचार :** मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल गुरुवार को लखनऊ से सड़क मार्ग से अयोध्या पहुंचे। सर्किट हाउस में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद सीधे अयोध्या धाम पहुंच हनुमानगढ़ी और कनक भवन में दर्शन पूजन किया। सरयू जल का आचमन किया। राम मंदिर में रामलला के दर्शन कर अभिभूत हुए।

### जन्मभूमि डाक टिकट की बिक्री के लिए लगाया स्टाल

**अयोध्या, अमृत विचार :** श्रीराम जन्म भूमि स्मारक डाक टिकट की बिक्री के लिए प्रवर अधीक्षक डाकघर एच के यादव के निर्देशन में गुरुवार को अयोध्या धाम में स्टाल लगाया गया है। प्रवर अधीक्षक डाकघर ने बताया कि अयोध्या में हनुमान गढ़ी, लता मंगेशकर चौक, अयोध्या कैन्ट रेलवे स्टेशन, अयोध्या रोडवेज तथा अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर स्टाल लगाया गया है। डाक विभाग से संपर्क कर इसे होम डिलीवरी से मंगाया जा सकता है।



जन्मभूमि डाक टिकट बिक्री स्टाल की शुरुआत करते एसएसपी डाक एचके यादव।

# हाईवे किनारे झाड़ियों में जलता मिला शव

सोहावल, अयोध्या

▸▸ **साक्ष्य छिपाने के लिए जलाने की आशंका, नहीं हो पाई शिनाख्त**

▸▸ **रौनाही थाना क्षेत्र के पशु बाजार के पास का मामला**

**अमृत विचार।** लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे रौनाही थाना क्षेत्र में जुबेरगंज पशु बाजार के पास गुरुवार को दिनदहाड़े एक युवक का शव झड़ियों में जलता हुआ मिला। इससे क्षेत्र में हलचल है। खबर लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। क्षेत्रीय लोग साक्ष्य छिपाने के लिए साजिश के तहत शव को जलाने की आशंका जता रहे हैं। पुलिस ने मौत की वजह की जानकारी के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जाँच शुरू कर दी है।

हाईवे किनारे से गुरुवार दोपहर बाद गुजर रहे स्थानीय राहगीरों ने जुबेरगंज पशु बाजार से मुख्य सड़क से चंद कदम दूर स्थित झाड़-झंखाड़ में एक युवक का शव जलते देखा। मामले की जानकारी थाना पुलिस को दी। चौकी प्रभारी अनुराग पाठक के साथ इलाकाई पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। झाड़-झंखाड़ में लगी आग पर काबू पा कर शव को किनारे रखवाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि शव सड़क किनारे गड्ढे में पड़ा था और घासफूस व झाडी में आग लगी हुई थी। शव के जलने से निकली बदबू पर नजदीक से जाकर देखने पर मामले की जानकारी हुई। आग कैसे लगी और शव मौके पर कैसे पहुंचा, इस बाबत कोई कुछ साफ-साफ बता नहीं पाया। इतना ही स्पष्ट हो पाया कि झाड़-झंखाड़ में आग हाईवे किनारे खड़े दो ट्रकों के मौके से जाने के बाद दिखी। दबी जुबान चर्चा रही कि ट्रकों पर मौजूद लोगों ने कोई सामान झाड़ियों की ओर फेंका था और फिर आग लगाने के बाद मौके से अपना वाहन लेकर चले गए। आशंका है कि झाडी में युवक का शव ही फेंका गया था। जिसकी कहीं और हत्या की गई तथा साक्ष्य छिपाने के लिए यहां शव को हल्के गहरे गड्ढे में फेंक खरपतवार में आग लगा दी।

रौनाही थाने के प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह का कहना है कि दिन दहाड़े हत्या कर शव फेंकने और जलाने का दुस्साहस कर पाना आसान नही है। उन्होंने आशंका जताई है कि युवक हाईवे पर किसी वाहन के टक्कर से उछल कर झाड़ियों में जा गिरा और आसपास के दुकानदारों की ओर से खाली स्थान पर फेंकी गई राख की चिंगारी से खर-पतवार में लगी आग की चपेट में आकर जल गया। मौके से ऐसा कुछ नहीं मिला है जिससे मृतक की पहचान हो सके, शिनाख्त का प्रयास कराया जा रहा है।



हाईवे किनारे घटनास्थल के पास जलता खर-पतवार।

## कचहरी में कोर्ट मैरिज करने पहुंचे प्रेमी को वकीलों ने धुना

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** गोरखपुर से जिले में कोर्ट मैरिज करवाने आए प्रेमी की अधिवक्ताओं ने धुनाई कर दी। इसके बाद उसे पुलिस को सौंप दिया। मामला गुरुवार दोपहर लगभग एक बजे का है। गोरखपुर जिले के बड़हलगंज निवासी सज्जाद हसनैन अपनी प्रेमिका के साथ कचहरी में कोर्ट मैरिज के लिए आया था। अधिवक्ता ने उनका कोर्ट मैरिज का कागजात तैयार किया। इसके बाद नोटरी करवाने के लिए नोटरी अधिवक्ता के पास पहुंचे। अधिवक्ताओं को इसकी भनक लगी की एक संप्रदाय विशेष का प्रेमी दूसरे संप्रदाय की एक किशोरी के साथ कचहरी में कोर्ट मैरिज करने आया है। इस पर अधिवक्ताओं ने उसकी पिटाई कर दी। इसके बाद सिविल कोर्ट चौकी को सौंप दिया। इस संबंध में प्रभारी कोतवाली नगर अश्वनी कुमार पांडे ने बताया कि दोनों बालिग हैं। दोनों के माता-पिता को कोतवाली बुलाया गया है। उनके पहुंचने के बाद जो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

▸▸ **संप्रदाय विशेष का मामला सामने आने के बाद दोनों को पुलिस को सौंपा**

## जिला अस्पताल : एक घंटे नहीं, अब पांच मिनट में मिलेगी एक्स-रे रिपोर्ट

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में महीनों से धूल फांक रही डिजिटल एक्स-रे मशीन का संचालन आखिरकार गुरुवार को शुरू करा दिया गया। इसके संचालन से रिपोर्ट मिलने में लगने वाले समय से ही नहीं बल्कि धूप में खड़े होकर फिल्म सुखाने से भी राहत मिल जाएगी। हालांकि इसके संचालन के लिए टेक्निशियनों को ट्रेनिंग दी जानी है, लेकिन औपचारिक शुरुआत शुक्रवार से होगी।

अस्पताल में एक्स-रे कराने के लिए रोजाना लंबी-लंबी लाइनें लगी रही थीं। एक्स-रे की मैनुअल मशीनें गर्म हो जाने के बाद बंद हो जाती थीं। आए दिन स्टाफ को मरीजों के कोपभाजन का शिकार होना पड़ता था। यही नहीं मैन्युअल मशीनों से निकलने वाली रिपोर्ट के बाद मरीजों को डॉक्टर तक ले जाने में काफी समय लगता था। क्योंकि रिपोर्ट को धूप में सुखाना भी पड़ जाता था। कई बार उसमें कुछ साफ भी नहीं दिखाई पड़ता था, लेकिन 17 नंबर कक्ष में लगी डिजिटल रेडियोलॉजिकल मशीन से अब पांच मिनट के अंदर ही रिपोर्ट मिल जायेगी। प्रभारी सीएमएस डॉ. उत्तर कुमार ने बताया कि नई मशीन से शुक्रवार से जांच शुरू हो जाएगी।



एक्सरे मशीन का संचालन शुरू कराते चिकित्सक।

### आरडीसी वाली भी बनी, अब चार मशीनें

महिला अस्पताल स्थित आरडीसी में लगी 300 एमए की एक्स-रे मशीन भी गुरुवार को बन गई। बीते एक सप्ताह से मशीन बिगड़ने के कारण 17 नंबर कक्ष में जांच कराने वालों से लोड बढ़ गया था। डिजिटल एक्स-रे मशीन के साथ ही अब जिला अस्पताल में चार मशीनें हो गई हैं। किसी भी इमरजेंसी मामलों में मरीजों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# शहर का पहला केस, 11 घंटे में बना ट्रांसफार्मर का उड़ा फेस

अयोध्या कार्यालय

▸▸ **पूरी रात गर्मी से परेशान हुई 11 हजार आबादी, सुबह मिली बिजली**

**अमृत विचार :** पॉवर कॉर्पोरेशन के आला अधिकारियों की नाक के नीचे और आबाध आपूर्ति के तमाम दावों के बीच ट्रांसफार्मर के उड़े फेस को बनाने में 11 घंटे से ज्यादा समय लगने का बड़ा मामला सामने आया है। कैंट अंजनीपुरम विद्युत उपकेंद्र के अधीन शक्ति विहार कॉलोनी की करीब 11 हजार आबादी रात भर गर्मी में परेशान रही। बुधवार रात 10 बजे उड़ा फेस गुरुवार सुबह आठ बजे दुरुस्त किया जा सका।

अभी तक ट्रांसफार्मर बदलने और क्षतिग्रस्त लाइन दुरुस्त करने में लापरवाही और समय लगने का मामला सामने आता था। अब एक ट्रांसफार्मर के उड़े फेस को लेकर हद दर्जे की उदासीनता सामने आई है। बताया जाता है कि बुधवार रात पौने 10 बजे के करीब देवकाली रोड पर शक्ति विहार कॉलोनी को आपूर्ति देने वाले ट्रांसफार्मर का एक फेस उड़ गया। रात 11 बजे तक लोग इंतजार करते रहे आपूर्ति नहीं आई। जब उप केन्द्र से संपर्क साधा गया तो बताया गया कि चौराहे पर लगे ट्रांसफार्मर का फेस उड़ गया है, अभी ठीक करा दिया जायेगा। रात एक बजे तक भी फाल्ट नहीं दुरुस्त हुआ तो परेशान लोगों ने फिर संपर्क साधा लेकिन फिर भी कोई कर्मचारी फेस दुरूस्त करने नहीं पहुंचा। भीषण गर्मी में सारी रात लोगों ने कॉलोनी में टहल और छत पर बिताई। लोगों के घरों के इनवर्टर ने भी जवाब दे दिया। जिनके यहां जनरेटर थे उन्होंने भी तेल फूंक किसी तरह गुजारा किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि बड़ी मशक्कत के बाद गुरुवार आठ बजे सप्लाई चालू हुई। सबसे बड़ी बात यह है कि ट्रांसफार्मर के उड़े एक फेस को दुरुस्त करने में रात से सुबह हो गई जबकि यह मात्र 10 मिनट में शट डाऊन लेकर बदल दिया जाता है। कैंट अंजनीपुरम विघुत उपकेंद्र से गुरुवार दोपहर जब पूछा गया तो बताया गया कि सुबह लाइन चालू कर दी गई है। रात भर क्यों नहीं काम हो सका के सवाल पर बताया गया कि स्टाफ कम था इसलिए देर हुई।



शक्ति विहार कॉलोनी।

## सार-संक्षेप

### पशुशाला में लगी आग, पांच मवेशी झुलसे

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के कर्मा गांव निवासी आज्ञाराम वर्मा की पशुशाला में गुरुवार दोपहर पशुशाला में लगी अचानक आग से पांच पशु झुलस गए। आग बुझाने के लिए ग्रामीण दौड़े जब तक पशुओं को बाहर निकाला और आग पर काबू पाया। तब तक पांच भैंसें झुलस गईं। जिनमें से तीन की हालत गंभीर है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका। सूचना पर पहुंचे पशुधन विकास अधिकारी पूराबाजार रवींद्र प्रताप यादव, पशुधन प्रसार अधिकारी अवधेश कुमार, पैरावेटनरी जय हिंद यादव ने पशुओं का इलाज किया। पशुधन विकास अधिकारी पूराबाजार डॉ. रविंद्र प्रताप यादव ने बताया कि तीन भैंस 70 प्रतिशत झुलस चुकीं हैं। सूचना मिलने पर कबड्डी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह, भाजपा नेता करुणाकर पांडेय, समाजवादी पार्टी के पूर्व विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष अशोक वर्मा ने पीड़ित के घर पहुंच मदद का आश्वासन दिया।

### डिटरजेंट फैक्ट्री के कबाड़ में लगी आग

**अयोध्या, अमृत विचार।** कैंट थाना क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र गद्दोपुर स्थित गोसाईगंज थाना क्षेत्र निवासी संजय जायसवाल की डिटरजेंट फैक्ट्री के कबाड़ में गुरुवार को आग लग गई। मौके पर पहुंचे दो फायर दस्तों ने आग पर काबू पा लिया, जिसके चलते आग फैलने नहीं पाई और ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है। फैक्ट्री के पार्टनर विजय कुमार गुप्ता का कहना है कि दो लाख से ज्यादा के नुकसान हुआ है। फैक्ट्री में तिरंगा ब्रांड से डिटर्जेंट और साबुन तथा कैलाश नाम से डिटरजेंट पाउडर का निर्माण होता है। अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि दो फायर टेंडर को मौके पर भेज आग पर काबू पाया गया है। ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है, क्षति का आंकलन कराया जा रहा है।

### विपणन निरीक्षक चंद्रकेश हुए सम्मानित



विपणन निरीक्षक को सम्मानित करते मंडलायुक्त गौरव दयाल।

**अयोध्या, अमृत विचार :** गेहूं खरीद के लिए सर्वाधिक प्रयास व मेहनत करने वाले अयोध्या संभाग स्थित अमेठी के विपणन निरीक्षक चंद्रकेश यादव को मंडलायुक्त गौरव दयाल ने गुरुवार सम्मानित किया गया। संभागीय खाद्य नियंत्रक अशोक कुमार पाल ने बताया कि किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य अथवा इससे अधिक मूल्य प्राप्त हो रहा है। मंडल में गेहूं खरीद योजना सफलतापूर्वक संचालित हो रही है। मंडल में 18,800 एमटी गेहूं की खरीद हो चुकी है। मंडल में विभिन्न क्रय एजेंसियों के 420 क्रय केंद्र स्थापित कराए गए हैं। 95% भुगतान कर दिया गया है। आरएमओ सतेंद्र नाथ पांडेय सहित अन्य उपस्थित रहे।

### नगर आयुक्त ने किया पार्कों का निरीक्षण



पार्क के निरीक्षण के दौरान नगर व अपर नगर आयुक्त। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार :** नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने गुरुवार को साकेतपुरी कॉलोनी स्थित पार्कों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जन स्वास्थ्य के दृष्टिगत पार्कों के सुंदरीकरण एवं जीर्णोद्धार के निर्देश दिए। नगर निगम द्वारा निगम सीमा अंतर्गत 33 पार्कों के जीर्णोद्धार का कार्य कराया गया है, जिसमें बच्चों के झूले, पाथवे, बाउंड्री वॉल संबंधी कार्रवाई करते हुए जीर्णोद्धार कराया गया है। अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार, मुख्य अभियंता राजवीर सिंह, गुरु प्रसाद पाण्डेय, सहायक नगर आयुक्त आदि निगम के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, भर्ती

**अयोध्या, अमृत विचार :** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के बभनगंवा गांव निवासी विनोद कुमार ( 24 ) पुत्र श्रीराम को गुरुवार की शाम जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि युवक को शाम 6 .45 उसका पड़ोसी रवींद्र लेकर आया था। युवक ने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया है। भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

**मौसम की मार** | पशुओं में मेटाबालिक रेट बढ़ा, एनर्जी लास से घटी दूध देने की क्षमता

# 40 डिग्री तापमान से गहराया दुग्ध उत्पादन पर संकट

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** बढ़ती गर्मी और चढ़ते पारे का असर दूध के कारोबार पर अपना रंग दिखाने लगा है। पशुओं को गर्मी से बचाने के सारे उपाय बेमानी साबित हो रहे है। दुग्ध उत्पादन में 20 से 25 फीसदी की गिरावट आ चुकी है। इसे लेकर अब डेयरी उद्योग में खलबली मची है। गांव हो या शहर दूध के दामों में उछाल के कारण उपभोक्ताओं की जेब पर भारी दबाव देखा जा रहा है। हालत से उबरने के लिए डेयरी के व्यवसायी अपने पशुओं को कम करने पर मजबूर हो रहे है।

एक सप्ताह से तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस के पार होने से पशु पालकों की बेचैनी बढ़ गई है। पशुओं के लिए हरा चारा, ठंड भरा आश्रय स्थल और गर्मी से होने वाली बीमारी से बचाव कर पाना कठिन हो रहा है। मंगलसी निवासी डेयरी चलाने वाले करीब 12 दुधारू पशुओं के पालक ननकन यादव और देवा कहते है छायादार पंखा युक्त पशुशाला है। हरे चारे की भी व्यवस्था है, लेकिन पशु चारा कम खा रहे हैं। दूध उत्पादन में काफी गिरावट आ गई है। मंगलसी के डेयरी के कारोबारी राजेंद्र वर्मा ने कहा इंसान की तरह पशुओं को गर्मी बहुत परेशान करती है। कूलर पंखा, चारा सब कुछ लगाने के बाद भी दुधारू पशु उत्पादन कम कर देते है। मांग और आपूर्ति में तालमेल बिगड़ जाने से दूध और इसके उत्पाद दोनो में कमी आ जाती है व्यवसाय घाटे का सौदा बन बैठता है।



सोहावल क्षेत्र में संचालित एक डेयरी में बंधी गाय।

> गर्मी में पशुओं को छायादार ठंड भरे स्थलों या घने पेड़ों की छाया में रखने की आवश्यकता है। स्वच्छ पीने का पानी और हरे चारे की व्यवस्था नही होगी तो पशु बीमार होंगे। सोहावल में सरकारी डेयरी नही है निजी डेयरी चलाने वाले कुछ लोग है। अभी तक हीट बेव से कोई पशु बीमार नही मिला है। सतर्कता बरती जा रही है। **–डॉ. मनोज कुमार वर्मा, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सोहावल**

### गर्मियों में पशु होते हैं हीट स्ट्रोक के शिकार

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. जगदीश सिंह का कहना है कि गर्मियों में पशु भी हीट स्ट्रोक के शिकार होते हैं। गर्मियों में मेटाबॉलिक रेट बढ़ जाता है। तापमान बढ़ने से एनर्जी लॉस शुरू हो जाता है। दुधारू पशुओं में पौष्टिक आहार और पानी के साथ नमक मिलाकर भूसा देकर उत्पादन सामान बनाए रखा जा सकता है। इस समय दिन का अधिकतम 40 डिग्री सेल्सियस का आंकड़ा पार कर रहा है। गर्मी में दुधारू पशुओं को तेज धूप से बचाना चाहिए। उनके लिए 30 से 35 डिग्री सेल्सियस तापमान ही उपयुक्त होता है। दूध का उत्पादन जानवर की ऊर्जा बचाने पर निर्भर करता है। जितनी ऊर्जा बचाएंगे, उतनी ही उत्पादन क्षमता बढ़ेगी।

## सभी बच्चों की सुपुर्दगी का आदेश

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला बाल कल्याण समिति की ओर से गुरुवार को कागजात और दावे के परीक्षण के बाद शेष 13 बच्चों को उनके अभिभावकों के सुपुर्द किए जाने का आदेश किया गया है। अब तक 95 बच्चों में से 72 बच्चे अपने अभिभावकों को मिल गए हैं। शुक्रवार की सुबह दिल्ली के एक एनजीओ की शिकायत पर देवकाली स्थित एक होटल के सामने हाईवे से बिहार से सहारनपुर जा रही बस से 95 बच्चों को पकड़ा था, जिन्हें राजकीय बाल गृह लखनऊ भेजवाया गया था। स्थानीय अधिवक्ता खालिद का कहना है कि सभी बच्चों के सुपुर्दगी का आदेश हासिल हो गया है। जिला सीडब्लूसी अध्यक्ष सर्वेश अवस्थी ने बताया कि गुरुवार को शेष 12 बच्चों को उनके अभिभावको को सुपुर्द किए जाने का आदेश जारी किया गया है। अब तक राजकीय बाल गृह लखनऊ ने 72 बच्चों को सुपुर्द किया है।

# निर्दलीय समेत तीन प्रत्याशियों ने किया नामांकन, तीन ने खरीदे पर्चे

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** निर्दलीय प्रत्याशी समेत तीन प्रत्याशियों ने गुरुवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने वालों में निर्दलीय प्रत्याशी भानु प्रताप, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से विवेक कुमार और मूल निवासी समाज पार्टी के उम्मीदवार नीलम सिंह शामिल रहे।

गुरुवार को 11 से 3 बजे के बीच कुल तीन नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। कोई भी उम्मीदवार न्यायालय जिला अधिकारी जिला मजिस्ट्रेट पर 6 मई तक 11 बजे से 3 बजे के मध्य किसी भी दिन सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर नामांकन कर सकता है। 29 अप्रैल से शुरू हो रहे नामांकन की प्रक्रिया छह मई तक चलेगी। इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच सात मई को संपन्न होगी। नौ मई को नाम वापसी की तिथि निर्धारित की गई है। 24 मई को राजकीय हवाई पट्टी अकबरपुर से पोलिंग पार्टी की रवानगी की जाएगी। 25 मई को मतदान और चार जून को राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अकबरपुर में मतगणना का कार्य संपन्न किया जाएगा। नामांकन को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में बैरीकेडिंग और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।


नामांकन पत्र दाखिल करते उम्मीदवार। अमृत विचार

## भाजपा उम्मीदवार रितेश पांडे आज करेंगे नामांकन

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** 55 अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार रितेश पांडे शुक्रवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी रितेश पांडे के नामांकन रैली में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री संजय निषाद, लोकसभा कलस्टर सह प्रभारी कैबिनेट मंत्री दया शंकर सिंह, भाजपा जिला प्रभारी पदम सेन चौधरी, लोक सभा प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू, भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी, लोकसभा संयोजक अवधेश द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा सहित भाजपा, निषाद पार्टी, अपना दल, राष्ट्रीय लोक दल के जिलाध्यक्ष मुख्य रूप से शामिल होंगे।

शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी का नामांकन जुलूस संघतिया, शहजादपुर के पल्लवी राइस मिल से मोटरसाइकिलों और चार पहिया वाहनों के साथ निकलकर शहजादपुर अंदर से होते हुए तहसील तिराहा होते हुए सीडीओ आवास के सामने मैदान में होने वाले विशाल नामांकन रैली में शामिल होगा। नामांकन सभा का समय सुबह 10:30 बजे होगा।


रितेश पांडे, भाजपा उम्मीदवार।

## एक नजर

### पांच दिन पहले चोरी बाइक का सुराग नहीं

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** पांच दिन पूर्व भाजपा की बैठक से चोरी हुई भाजपा पदाधिकारी की बाइक का पुलिस अब तक पता नहीं लगा सकी है। बीते 27 अप्रैल को तक्षशिला एकेडमी अकबरपुर में प्रभारी प्रवासी और संघ संयोजक की बैठक में मालीपुर थानाक्षेत्र के कान्दीपुर गांव निवासी सुधाकर मिश्रा शामिल होने गए थे। बैठक के बाद उनकी बाइक नदारद मिली। तहरीर देने पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया।

### व्यय प्रेक्षक का डीएम और एसपी ने किया स्वागत

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट पहुंचे व्यय प्रेक्षक बृजकिशोर का जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बुके देकर स्वागत किया। व्यय प्रेक्षक ने लोकसभा चुनाव से संबंधित वित्तीय ब्यौरे के बारे में जानकारी लेने के साथ ही बैठक कर अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों से मुलाकात कर चुनाव संबंधित फीड बैक लिया। इस मौके पर एएसपी पश्चिमी विशाल पांडेय समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।

### आशा बहुओं को किया गया प्रशिक्षित

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** अकबरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आशा बहुओं को गर्भवतियों की बेहतर देखभाल के लिए प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षक डॉ. नूर अहमद ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा में आशा बहू का दायित्व बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर शिशुओं का टीकाकरण कराने के साथ ही गर्भवती को बेहतर खानपान के लिए प्रेरित करें। नियमित अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करते रहें।

# ईओ ने नियम विरुद्ध चहेते ठेकेदार को दिया टेंडर

## जिलाधिकारी ने लिया संज्ञान और पत्रावली के साथ सेवानिवृत्त अधिशासी अधिकारी को किया तलब

मनमानी

» अधिशासी अधिकारी और संबंधित कर्मियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** जलालपुर नगर पालिका अपने कारनामों के चलते एक बार फिर सुर्खियों में है। जहां आचार संहिता की धज्जियां उड़ाते हुए अपने चहेते ठेकेदार को करोड़ों रुपये का टेंडर देने का मामला सामने आया है। सेवानिवृत्त अधिशासी अधिकारी के विरुद्ध जिलाधिकारी द्वारा कार्रवाई का निर्देश देने के बाद जहां कार्यालय में अफरा-तफरी का माहौल है, वहीं सेवानिवृत्त अधिशासी अधिकारी कार्यालय के ऊपर बने आवास में ईओ बचाव की जुगत में लगे रहे। गुरुवार सुबह तहसीलदार जब जानकारी करने आए तो सेवानिवृत्त अधिशासी अधिकारी भाग निकले, जो चर्चा का विषय बन गया है। जिलाधिकारी के आदेश पर प्रभारी लिपिक निविदा से संबंधित सभी दस्तावेज लेकर मुख्यालय गए। अब देखना यह होगा कि जिलाधिकारी द्वारा इस पर क्या कार्रवाई की जाती है।

चार माह पूर्व जलालपुर नगर को जगमग करने के लिए बिजली खंभों, फ्लैश लाइट आदि की निविदा की गई थी। निविदा में कमी की वजह से जिलाधिकारी ने इसे निरस्त कर दिया था। इसके एक पखवाड़े बाद किए गए टेंडर में ओटीपी लेट मिलने की वजह से इससे संबंधित एक कर्मचारी को निलंबित भी कर दिया गया था। उसी दिन ओटीपी मिलने के बाद अपने चहेते ठेकेदार को टेंडर दे भी दिया गया, लेकिन शिकायत के बाद जिलाधिकारी ने उसे भी निरस्त कर दिया था। 30 मार्च को सेवानिवृत्त और विदाई होने के पश्चात अधिशासी अधिकारी यदुनाथ ने देर रात एक करोड़ 99 लाख रुपये का टेंडर अपने चहेते ठेकेदार के नाम कर दिया। आचार संहिता लगने के बाद किए गए इस टेंडर का जिलाधिकारी ने संज्ञान लिया और पत्रावली के साथ सेवानिवृत्त अधिशासी अधिकारी को तलब कर लिया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी और इससे संबंधित सभी कर्मी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने का नोडल अधिकारी को निर्देश दिया है। गुरुवार को टेंडर से संबंधित सभी फाइल वरिष्ठ लिपिक राम प्रकाश जिला मुख्यालय लेकर पहुंचे।

अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी का मामला प्रकाश में आया है। मामले की जांच उपजिलाधिकारी कर रहे हैं।


नगर पालिका परिषद जलालपुर। अमृत विचार

# भाजपा में शामिल नेताओं का किया जोरदार स्वागत



**संतकबीरनगर, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के बाद पूर्व विधायक जय चौबे, जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव और नगर पालिका अध्यक्ष जगत जायसवाल के स्वागत का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में बृहस्पतिवार को पूर्व विधायक जय चौबे, जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव और नगर पालिका अध्यक्ष जगत जायसवाल समेत भाजपा में शामिल सभी नेताओं का भाजपा कार्यालय पर भव्य स्वागत किया गया। नेताओं को पार्टी का अंगवस्त्र प्रदान कर और माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद श्रीवास्तव ने कहा कि पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे राजनीति के चाणक्य हैं। इनके नेतृत्व में ही पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी इं. प्रवीण निषाद को ऐतिहासिक विजय मिली थी। इस बार के चुनाव में भी जय चौबे ने अपने सभी साथियों के साथ भाजपा में शामिल होकर जिले में पार्टी को बेहद मजबूत बना दिया है।

# शिशु की मौत के मामले में चार सदस्यीय टीम गठित

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** इलाज के लिए भर्ती शिशु की मौत के मामले में जिला अस्पताल प्रशासन ने जांच के लिए चार सदस्यीय टीम गठित कर दी है। टीम को तीन दिन के भीतर रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार ने कहा कि रिपोर्ट जल्द सौंपी जाए।

अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के लोरपुर ताजन गांव निवासी पंकज उपाध्याय ने अपने तीन माह के पौत्र अथर्व की तबीयत खराब होने पर मंगलवार सुबह जिला अस्पताल की इमरजेंसी में उन्हें भर्ती कराया था। वहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने नवजात को मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। इसी बीच उसकी मौत हो गई। परिजनों का कहना था कि शिशु को बीगो लगाने और इलाज में लापरवाही बरती गई। कोतवाली पुलिस ने पहुंचकर मामला शांत कराया था। बाद में सीएमओ डॉ. राजकुमार ने जिला अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिया कि मामले की जांच कराकर रिपोर्ट सौंपी जाए। इसे देखते हुए सीएमएस डॉ. ओमप्रकाश ने चार सदस्यीय जांच टीम गठित कर दी है। जिसमें नेत्र सर्जन डॉ. आरपी जायसवाल, ऑर्थो सर्जन डॉ. आनंद गुप्त, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सीएस यादव व वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. डीपी वर्मा शामिल हैं।

# मेडल और स्मृति चिन्ह देकर मेधावियों का सम्मान

आलापुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा घोषित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं को ब्लूमिंग चिल्ड्रेन एकेडमी देवरिया पंडित विद्यालय में मेडल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

ब्लूमिंग चिल्ड्रेन एकेडमी देवरिया पंडित कॉलेज के परिसर में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. श्रीकान्त मिश्र ने की। वहीं कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रबंधक रमेशचन्द्र गुप्ता ने किया। विद्यालय के संरक्षक लालमणि गोंड की उपस्थित में प्रधानाचार्या सीमा गुप्ता, डॉ. श्रीकान्त मिश्र और प्रबंधक रमेशचन्द्र गुप्ता के साथ विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल और पुरस्कार भेंटकर सम्मानित किया। इंटरमीडिएट परीक्षा में सफलता हासिल कर जनपद में आठवां स्थान हासिल करने वाले छात्र अमन गुप्ता, रिया गुप्ता, नेहा मद्धेशिया, निधि यादव, सरस्वती सोनी, निशा सोनी, पवन कुमार, साक्षी सिंह, प्रेमलता कुमारी, अंतिमा निषाद को मेडल और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं हाईस्कूल परीक्षा में सफलता हासिल कर क्षेत्र में नाम रोशन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिसमें रानी गुप्ता, सूर्यप्रकाश गुप्ता, अमन यादव, प्रज्ञा प्रजापति, शैलजा कुमारी, आदर्श सिंह, अनुराग प्रजापति, अंतिमा यादव, सलोनी मद्धेशिया, अर्पित यादव को भी सम्मानित किया गया।

वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. श्रीकान्त मिश्र ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रबन्धक रमेशचंद्र गुप्ता ने कहा कि जीवन में हर चुनौती का सामना करना चाहिए। वहीं विद्यालय के छात्र विनायक गुप्ता के नवोदय विद्यालय में चयनित होने पर मेडल और पुरस्कार दिया। इस मौके पर शिक्षक विभय राज उपाध्याय, दिलशाद, संध्या, सीमा सहित सभी शिक्षक-शिक्षकाएं और अभिभावक मौजूद रहे।



मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ मौजूद विद्यालय के संरक्षक लालमणि गोंड व साथ में अन्य।

## सार-संक्षेप

### प्रतिभा सम्मान से नवाजे गए मेधावी

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जलालपुर तहसील क्षेत्र अंतर्गत ढांका मेदनीपुर गांव में स्थित मां कमला बालिका इंटर कॉलेज की छात्र-छात्राओं को बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक पाने पर प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों के अभिभावक भी मौजूद रहे। सम्मानित छात्र-छात्राओं में सीमा गौड़ 88 प्रतिशत, गरिमा 86 .8 प्रतिशत, अंकिता 84 प्रतिशत, नैंसी 82 .6 प्रतिशत, शान्ती 81 .4 प्रतिशत, ज्योति प्रजापति 80 .8 प्रतिशत, खुशी यादव 80 .6 प्रतिशत और आशुतोष 81 .2 प्रतिशत शामिल हैं। सभी उत्तीर्ण छात्रों को ट्राफी वितरित की गई। समारोह में प्राचार्य सरोज सिंह, कार्यकारी प्राचार्य अनुपम निषाद सहित शिक्षक शामिल रहे। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक भी मौजूद रहे।

### किसानों की समस्या को लेकर हुई चर्चा

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** अकबरपुर नगर में भारतीय कृषक उत्थान समिति पदाधिकारियों की बैठक में किसानों की समस्या को लेकर चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष अश्वनी कुमार ने कहा कि जब तक किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिलेगा, तब तक किसानों की समस्या समाप्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जनपद में मुख्य फसल के रूप में गेहूं, धान और गन्ने की पैदावार की जाती है। जिस प्रकार से डीजल व खाद के दामों में वृद्धि हो रही है, उसकी तुलना में धान, गेहूं व गन्ने के दाम में नाममात्र की बढ़ोत्तरी हुई है। सरकार को डीजल आदि के दामों में कमी लाने की पहल करनी चाहिए।

### 15 लाख की स्मैक के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**अंबेडकरनगर . अमृत विचार :** थाना बसखारी पुलिस टीम ने गुरुवार को एक अन्तर्जनपदीय अभियुक्त मो. आकिब उर्फ बिस्मिल्लाह निवासी मकसुदीनपुर थाना फूलपुर जनपद आजमगढ़ हाल पता सलाऊद्दीन गेस्ट हाऊस दरगाह रसूलपुर किछौछा थाना बसखारी को चन्द्रभान चौराहा के पास से स्मैक बेचते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से 14 .55 ग्राम अवैध स्मैक बरामद किया है। जिसकी कीमत लगभग 15 लाख रुपए बताई जा रही है। अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक सन्त कुमार सिंह, उप निरीक्षक त्रिवेणी सिंह, हेड कांस्टेबल दीपचन्द यादव, कांस्टेबल मुकेश यादव, कांस्टेबल रणधीर सिंह शामिल रहे।

### आटा-चक्की की दुकान में लगी आग, सामान जलकर राख

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** अज्ञात कारणों से आटा चक्की की दुकान में लगी आग से हजारों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। घटना जैतपुर थाना के नेवादा बाजार पर स्थित आटा चक्की की दुकान पर गुरुवार की शाम घटित हुई। यूनियन बैंक के बगल में राधेश्याम मौर्य आटा चक्की की दुकान चलाते हैं। ऊपर छप्पर पर जहां टिन शेड लगाया था और किनारे झाड़ियां थीं। जिसमें गुरुवार को अज्ञात कारणों से भयंकर आग लग गई। जब तक बाजार वासी आग पर काबू पाते आटा चक्की पर पिसने के लिए ग्राहकों का रखा लगभग चार कुंतल गेंहू, एक कुंतल सरसो जल गई। डीजल इंजन के साथ आटा चक्की और स्पेलर भी चपेट में आ गया। पूरी छप्पर युक्त दुकान जलकर राख हो गई। सूचना पर लेखपाल ने पहुंचकर क्षति का आंकलन किया है।

### दंपति ने विदेश भेजने के नाम पर चाचा और भतीजे से 90 हजार रुपये हड़पे, मुकदमा दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** मालीपुर थानाक्षेत्र के मंसूरपुर ग्राम पंचायत के मजरे करीमपुर गांव निवासी पिंटू यादव ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि इसी थाना क्षेत्र के थट्टा गांव निवासी राम बहादुर और उनकी पत्नी शांति देवी कुवैत में नौकरी दिलाने के नाम पर कुल 90 हजार रुपए पिंटू और मंसाराम से ले लिया। इतना ही नहीं उन्होंने कुवैत का फर्जी वीजा भी दिया। जब कुवैत के वीजा पर वह नहीं भेज सके तो उन्होंने सऊदी अरब भेजने का झांसा दिया। अब रुपया मांगने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। मालीपुर पुलिस ने सीओ देवेंद्र कुमार के निर्देश पर राम बहादुर व उसकी पत्नी शांति देवी के विरुद्ध धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### एसपी ने समस्याओं के निस्तारण के दिए निर्देश

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** गुरुवार को पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ द्वारा जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए शत-प्रतिशत निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबन्धित थानाध्यक्ष, प्रभारी निरीक्षक को तत्काल फोन और वायरलेस के माध्यम से वार्ता कर निर्देशित किया। साथ ही समस्त जमीनी विवाद को चिह्नित कर पुलिस टीम को राजस्व टीम के साथ समन्वय बनाकर टीम गठित कर समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के लिए निर्देशित किया है।

### शातिर चोर गिरफ्तार, कार बरामद

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** थाना अलीगंज पुलिस टीम ने गुरुवार को विभिन्न मुकदमों में वांछित अभियुक्त सहदेव वर्मा निवासी रायपुर थाना अलीगंज को मुखबिर की सूचना के आधार पर एनटीपीसी के गेट नं. एक के पास से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर एक ऑल्टो कार फत्तेपुर चौराहे से बरामद की गई है। अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# दारोगा समेत तीन पुलिसकर्मी निलंबित

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने लापरवाही बरतने के आरोप में आलापुर थाने के एक दारोगा और दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। पुलिस कर्मियों पर आरोप है कि बीते दिनों किशोरी के अपहरण का एक आरोपी थाने लाया गया था। हालांकि वह वहां से चला गया। बाद में पुलिस ने उसे खोज निकाला और जेल भेज दिया। आरोपी के लापता हो जाने की जांच पुलिस अधीक्षक ने सीओ आलापुर को सौंप रखी थी। आरोपी के थाने से गायब हो जाने को लापरवाही मानते हुए पुलिस अधीक्षक ने थाने के दारोगा आनंद प्रकाश श्रीवास्तव, दीवान गजेंद्र सिंह यादव व महिला आरक्षी कामिनी वर्मा को निलंबित कर दिया है।

# रंगदारी मांगने के मामले की आरोपी महिला गिरफ्तार

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** थाना हंसवर पुलिस टीम ने माफिया खान जफर निवासी ग्राम हरसम्हार थाना हंसवर के सदस्यों द्वारा आम जनमानस को डरा धमकाकर रंगदारी मांगने से संबंधित पंजीकृत विभिन्न मुकदमों में वांछित अभियुक्त नाजमीन अख्तर उर्फ नज्जो पत्नी मोहम्मद उमर निवासी ग्राम मकोईया थाना बसखारी को मुखबिर की सूचना पर ग्राम मकोईया थाना बसखारी से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल रवाना कर दिया है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ सुनील कुमार पांडेय, कांस्टेबल अरविन्द शर्मा आदि शामिल रहे।

### वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** थाना कोतवाली अकबरपुर पुलिस टीम ने विभिन्न मुकदमों में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत थाना कोतवाली अकबरपुर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत विभिन्न मुकदमे में वांछित अभियुक्त सतीश पांडेय निवासी पीठापुर सरैया थाना कोतवाली अकबरपुर को मुखबिर की सूचना के आधार पर दोस्तपुर हाईवे से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

# आग से निपटने के लिए सजग रहने की जरूरत : सचिन

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** आग से निपटने के लिए सभी को सजग रहने की जरूरत है। आग लगने पर सबसे पहले अंदर मौजूद परिजनों को बाहर निकालें। यदि बिजली से आग लगी है तो विभाग को फोन कर आपूर्ति बंद करने को कहें। इसके बाद फायरब्रिगेड कर्मियों को सूचित करें। यह सलाह अकबरपुर फायर स्टेशन परिसर में लोगों को जागरूक करते हुए प्रभारी सचिन शर्मा ने दिया। उन्होंने बताया कि मौजूदा समय में आग की घटनाएं हो रही हैं। ऐसे में लोगों को ध्यान रखना चाहिए कि बीड़ी या सिगरेट पीने के बाद उसे खेत व कच्चे घर के सामने न फेंकें।

# नदारद डॉक्टरों व कर्मियों का वेतन काटने का निर्देश

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टांडा में सवा एक घंटे बाद तक तीन चिकित्सक और तीन कर्मचारी नदारद मिले। अपर सीएमओ ने सभी का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया है। वहीं एक हेल्थ सेंटर पर गैरहाजिर मिलीं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और एएनएम का भी वेतन काटने के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए अपर सीएमओ डॉ. रामानंद सिद्धार्थ निरीक्षण पर निकले। सद्दरपुर हेल्थ वेलनेस सेंटर पर ताला लटक रहा था। सीएचओ प्रतिभा और एएनएम सीमा वर्मा भी नदारद थीं। दोनों का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश देते हुए स्पष्टीकरण नोटिस जारी किया गया है। इसके बाद अपर सीएमओ सीएचसी टांडा पहुंचे। जहां अस्पताल खुलने के बाद भी बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप चौधरी व डॉ. आरके यादव, सर्जन डॉ. बसी अब्बास रिजवी, चीफ फार्मासिस्ट रमेश चंद्र और हेल्थ सुपरवाइजर जय प्रकाश नदारद थे। इस लापरवाही पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई और सभी का एक दिन का वेतन रोकने का निर्देश देते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। वहीं अपर सीएमओ के पहुंचने पर आए संविदाकर्मी राजेश जायसवाल और यासमीन निहाल को कड़ी फटकार लगाई।

अनदेखी


अधिकारियों की अनदेखी के चलते भीषण गर्मी में भी लोगों के लिए नहीं है समुचित ठंडे पानी की व्यवस्था, पालिका की व्यवस्था पर उठ रहीं उंगली

# तीन साल से खराब पड़े वाटर कूलर की सुध नहीं ले रहे जिम्मेदार

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** जलालपुर नगर में नगरवासियों और राहगीरों के लिए स्वच्छ व शीतल पेयजल के लिए लगाए गए वाटर कूलर वर्षों से बदहाली से जूझ रहे हैं। बता दें कि वर्तमान समय में तपिश भरी गर्मी में खराब पड़े वाटर कूलर के आसपास रहने वाले लोग नगर पालिका की व्यवस्था पर उंगली उठा रहे हैं।

जलालपुर नगर पालिका द्वारा लगाए गए पुराने और बीते कई वर्षों से खराब पड़े वाटर कूलर की मरम्मत नहीं कराए जाने के कारण नगर क्षेत्र और दूरदराज से आए लोग स्वच्छ और शीतल जल के लिए इधर-उधर भटकते रहते हैं और ठंडा पानी पीने के लिए जेब ढीली करने के लिए मजबूर होते हैं। जलालपुर नगर पालिका क्षेत्र के मछली मंडी के बगल पश्चिम तरफ, सहरौवा पश्चिम तरफ, पूर्वी में कुएं के पास, यादव चौराहे के दुर्गा मंदिर, डाकघर के पास लगे वाटर कूलर लगभग तीन साल से खराब पड़े हुए हैं। इसके अलावा जमालपुर चौराहे, सराय चौक सहित अन्य जगहों पर लगे वाटर कूलर के पास फैली गंदगी से लोग ठंडा पानी पीने से कतरा रहे हैं।


जलालपुर नगर में बदहाल वाटर कूलर।


जलालपुर नगर में वाटर कूलर के आसपास लगा गंदगी का अंबार।

## शिकायत के बाद भी नहीं ठीक हुए वाटर कूलर


मोहम्मद शमीम


नफीस अहमद


मोहम्मद अजफर


प्रदीप गुप्ता

नगर के पश्चिम तरपु पूर्वी निवासी नफीस अहमद ने बताया कि यहां पर लगा वाटर कूलर लगभग तीन साल से फिर खराब पड़ा हुआ है। मछली मंडी के पास पश्चिम तरफ सहारोवा निवासी मोहम्मद अजफर ने बताया कि यहां पर लगा वाटर कूलर लगभग ढाई साल से खराब है। यादव चौराहा दुर्गा मंदिर के पास लगा फ्रीजर लगभग तीन साल से खराब पड़ा हुआ है। स्थानीय दुकानदार प्रदीप गुप्ता ने बताया कि कई बार नगर पालिका और सभासद को इसकी जानकारी दी गई है। नगर क्षेत्र के बीचोंबीच स्थित सराय चौक के स्थानीय दुकानदार मोहम्मद शमीम ने बताया कि यहां पर लगे वाटर कूलर में पानी तो आता है, लेकिन ठंडा न होने के कारण गर्मी से राहत नहीं मिल पाती है।

## एक नजर

### लेखपाल को जान से मारने की दी धमकी, तहरीर

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** वजीरगंज थाना के दुर्जनपुर पचूमी क्षेत्र के लेखपाल संदीप यादव ने सराय खत्री निवासी रामगोपाल पर वसीयत करने को लेकर मोबाइल फोन पर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। दुर्जनपुर घाट में कार्यरत लेखपाल के पास सरायखत्री का भी चार्ज है। सराय खत्री निवासी मृतक श्रीराम पुत्र कालीदीन के स्थान वरासत को लेकर मोबाइल फोन पर आरोपी ने लेखपाल को गाली देते हुए धमकी दी गयी। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही।

### खंड विकास अधिकारी ने की बैठक, दिए निर्देश

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** वजीरगंज ब्लॉक परिसर के सभागार में संयुक्त खंड विकास अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह ने सफाई कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी संस्थान या विभाग के कुशल और अकुशल मजदूरों के अथक प्रयास से ही विकास संभव होता है। मजदूरों के अथक प्रयास से विभाग विकास के पथ पर अग्रसर होता है। विभाग के सभी कर्मचारी वैज्ञानिक कुशल एवं अकुशल श्रमिक सभी मजदूर की ही श्रेणी में आते हैं। एडीओ डब्लू, गीता लिपिक, दिनेश श्रीवास्तव, अरविंद गुप्ता, विनोद शुक्ला सहित ब्लॉककर्मी मौजूद रहे।

### नाली विवाद व रंजिश को लेकर की मारपीट

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** वजीरगंज थाना के अनभुला निवासी सुरेश गौतम ने थाने पर तहरीर देकर बताया है कि नाली विवाद व पुराने मुकदमे की रंजिश को ले कर गांव के ही जय करन गौतम, रामभूल गौतम, चन्द्र प्रकाश गौतम, राजन, मोनू गौतम व आशीष गौतम ने अभद्रता करते हुए वादी के घर के ऊपर ईंट चलाए। जिससे सीमेंट शेड की छत पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। विपक्षियों की चलाई ईंटों से वादी व उसकी बहन बसन्ती को भी चोटें आईं। विपक्षी गणों ने जान से मारने की धमकी भी दी। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

### मारपीट में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज, अमृत विचार :** बैजलपुर पूरे गजई निवासी ललित ने दी गई तहरीर में बताया कि बीते बुधवार को देर रात विपक्षी भरथू, संतोष, अनंतराम, महेश निवासी उपरोक्त जमीनी विवाद को गाली देने लगे और लाठी डंडों से मारने पीटने लगे जिससे मुझे गंभीर चोटें आई। शोर मचाने पर बीच-बचाव करने आए सुमित को मारने पीटने लगे और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। थाना प्रभारी मनोज कुमार राय ने बताया कि पीड़ित के तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

# एक साल में राशन की 49 दुकानों पर छापेमारी

## खाद्यान्न वितरण में गड़बड़ी को लेकर कोटेदारों पर हो रही कार्रवाई, 5.18 लाख रुपये वसूला जुर्माना

गोंडा कार्यालय



**अमृत विचार:** सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत करने के लिए पूर्ति विभाग ने विगत एक वर्ष में कई कार्रवाई की है। खाद्यान्न वितरण में लापरवाही न की जाए इसको लेकर कई कोटे की दुकान पर छापेमारी भी हुई है। पूरे वर्ष भर में पूर्ति विभाग में 49 दुकानों पर छापेमारी करते हुए 5.18 लाख का अर्थ दंड लगाया है। इसके साथ ही इसके साथ ही 28 दुकानों को निरस्त भी किया गया है।

शासन सार्वजनिक वितरण प्रणाली को चुस्त दुरुस्त करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। सरकार कालाबाजारी को रोकने के लिए तकनीक का भी प्रयोग कर रही है। पूर्ति विभाग में नए इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन कोटेदार को दी है। पूर्ति विभाग में तैनात क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी व पूर्ति निरीक्षक लगातार भ्रमणशील रहते हुए कोटेदार व पेट्रोलियम प्रतिष्ठानों पर छापेमारी करते हुए कार्रवाई कर रहे हैं। विभाग की लगातार कार्रवाई से कोटेदार सकते में है। पूर्ति विभाग के अधिकारियों की छापेमारी में गड़बड़ी मिलने पर कोटेदारों को नोटिस दी गई। सही जवाब न देने पर उन पर अर्थदंड की कार्रवाई की गई है।

जनपद के विभिन्न कोटेदारों पर गड़बड़ी मिलने पर 5 लाख से अधिक का जुर्माना लगाया गया है। उनको सरकारी कोश में विभाग ने जमा कराया है। कई कोटेदारों द्वारा दिए गए जवाब से विभाग संतुष्ट नहीं हुआ तो उनके दुकानों को निरस्त किया गया है। विभाग लगातार भले ही कार्रवाई कर रहा हो लेकिन कई ऐसे दबंग कोटेदार हैं जो राशन कार्ड धारकों को पूरा खाद्यान्न नहीं देना चाहते हैं ।शायद ही कोई ऐसा महीना हो जिस महीने में जिले का राशन कार्ड धारक को कम राशन शिकायत ना मिली हो। शिकायत मिलने के बाद पूर्ति विभाग के अफसर गांव जाकर जांच पड़ताल करते हैं, कार्रवाई भी करते हैं। लेकिन कम खाद्यान्न देने की शिकायतों पर रोक नहीं लग पा रही है। पूर्ति विभाग का दावा है कि शत प्रतिशत खाद्यान्न राशन कार्ड धारक को मिले इसके लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। कालाबाजारी या कम खाद्यान्न देने वाले कोटेदारों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है । जांच में गड़बड़ी मिलने पर अर्थदंड ,निलंबन के साथ-साथ कोटे की दुकानों को निरस्त भी किया जा रहा है । पूर्ति विभाग की मानें तो शिकायत मिलने पर कोटेदार की जांच होती है कार्रवाई भी की जाती है। इसके अलावा प्रत्येक माह सभी पूर्ति निरीक्षकों को अपने-अपने क्षेत्र के पांच दुकानों का निरीक्षण कर रिपोर्ट देनी होती है। जांच में गड़बड़ी मिलती है तो कार्रवाई भी की जाती है। जिला आपूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि विगत एक वर्ष में कई कोटेदारों पर कार्रवाई हुई है। 49 स्थान पर छापेमारी करते हुए गड़बड़ी मिलने पर 28 कोटे की दुकान को निरस्त किया गया है तथा 23 दुकानों को निलंबन की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि कोटेदार यदि खाद्यान्न वितरण में गड़बड़ी करते हैं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शिकायत मिलने पर निलंबन से लेकर निरस्तीकरण की कार्रवाई होती है।

# सिपाही के घर चोरी के मामले में पुलिस के हाथ अभी खाली

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** सीएम की सुरक्षा में तैनात सिपाही के घर हुई लाखों की चोरी के मामले में पांच दिन बीतने के बाद भी पुलिस को कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है। पुलिस दावा जरूर कर रही है कि जल्द खुलासा कर दिया जाएगा। लेकिन 5 दिन बीतने के बाद भी पुलिस के हाथ पूरी तरीके खाली हैं। बीते शनिवार की रात चोरों ने कोतवाली नगर अंतर्गत नाथनगर बड़गांव के रहने वाले पुलिसकर्मी यशवंत सिंह जो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सुरक्षा में तैनात है। रिश्तेदारी में शादी थी। पूरे परिवार के साथ वह बाराबंकी गए हुए थे। एक व्यक्ति उनके बगल का घर में सो रहा था। जिसको बता कर गए थे। उसने सूचना दी कि घर का ताला टूटा हुआ है और चोरी हो गई है। यशवंत के मुताबिक 15 -16 लाख रुपये गहना व दो लाख नगद की चोरी हुई है। चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखा तीन जोड़ी सोने का कंगन, चार जंजीर, पांच झुमका, छ पायल, चार जोड़ी बाला, तीन जोड़ी बाली, दो हार सोने का, तीन जोड़ी करधन चांदी की, इसके अलावा आधा दर्जन सोने की अंगूठी उठा ले गए। फिर उसने बताया की अज्ञात चोर 2 लाख नगद भी ले गए हैं। चोरी का खुलासा न होने से पुलिस के गशत पर भी उंगली उठ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस मामले का खुलासा नहीं कर पा रही है।

# चुनाव की भेट चढ़ा क्रय केंद्र बिचौलियों के हाथ बेच रहे गेहूं

## चुनावी ड्यूटी में व्यस्तता के चलते नहीं हो पा रहा केंद्रों का निरीक्षण

संवाददाता, बेलसर

**अमृत विचार:** गेहूं क्रय केंद्र चुनाव की भेट चढ़ गए हैं। अधिकारियों की चुनाव ड्यूटी में व्यस्तता के चलते केंद्रों का निरीक्षण नहीं हो पा रहा है। केंद्र बंद होने से बिचौलियों के हाथ मनमाने रेट पर गेहूं बिक रहा है।

भाजपा की डबल इंजन की सरकार का वादा था कि किसानों की आय दोगुनी की जायेगी। किसानों के बीच से बिचौलियों को खत्म करके सीधे सरकारी केंद्रों पर उचित रेट पर अनाज की बिक्री होगी। लेकिन चुनाव में व्यस्त होने के कारण केंद्रों का उचित निरीक्षण व पर्यवेक्षण न होने से सरकार की नीतियों को बट्टा लगा रहा है। उनके मातहत कर्मचारी भी केंद्र बंद कर राजनीतिक विश्लेषण में जुटे हैं। बुधवार को अमृत विचार प्रतिनिधि के पड़ताल में दोपहर तीन बजे बेलसर का खाद्य निगम द्वारा संचालित राजकीय गेहूं क्रय केंद्र बंद था। केंद्र पर सन्नाटा पसरा था। आस पास कोई किसान या किसानों की कोई गाढ़ी कमाई भी



बेलसर स्थित गेहूं क्रय केंद्र। अमृत विचार

नहीं दिखाई पड़ रही थी।

इस्माइलपुर के किसान कुंवर बहादुर ने बताया कि लेवी कहां लगी है, इसका हमें पता ही नहीं था। हमने गांव के एक व्यापारी को अपना अनाज बेच दिया। सोनौली मोहम्मदपुर के किसान शिव कुमार पांडेय ने बताया कि केंद्र कहां है हमें इसकी जानकारी नहीं है। गेहूं तैयार हुआ एक व्यापारी को बुला कर बेंच कर नगद भुगतान ले लिया। उदवत नगर के किसान अंजनी कुमार शुक्ल ने बताया कि सरकारी खरीद केंद्र केवल कागज में खुला रहता है। मौके पर जाने पर कोई कर्मचारी नहीं मिलता है। व्यापारी घर से आकर खरीद लेते हैं। एसडीएम तरबगंज विशाल ने बताया कि विकासखंड बेलसर में कितने केंद्र हैं आपको सूची जल्द उपलब्ध हो जायेगी। खंड विकास अधिकारी बेलसर विजयकांत मिश्र ने बताया कि बेलसर में कहां कहां केंद्र है इसकी हमें जानकारी नहीं है। वे एक मीटिंग में हैं। एडीओ पंचायत से जानकारी ले लीजिए।

**गेंहू क्रय की अवधि**
01 मार्च से 15 जून 2024
खरीद का रेट 2275
गेंहू की खरीद के लिए पंजीकरण होना अनिवार्य।

# आग लगने से फसल व पेड़ जले

**इटियाथोक, अमृत विचार:** इटियाथोक विकासखंड के नए गांव पारासराय में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगने से गेहूं की फसल के साथ-साथ बगीचे में लगे आम सागौन सहित कई अन्य पेड़ जल गए। ग्रामीण जब तक जान पाए तब तक आग ने अपना रौद्र रूप धारण कर लिया। आनन फानन में अग्निशमन विभाग को फोन किया गया। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। आग लगने से जगदंबा प्रसाद पुत्र राममिलन, राम करन पुत्र छेदी सागर पुत्र धरकन के बगीचे में लगे आम शीशम सागौन व बांस जल गये। वहीं बगल में रामहेत की 10 बिस्वा गेहूं की फसल भी जलकर राख हो गई।

# गैस एजेंसी संचालक चुनाव को लेकर 25 सिलेंडर रखेंगे रिजर्व

## पेट्रोलियम कंपनियों व गैस एजेंसी संचालकों को भेजा गया पत्र

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** लोस चुनाव को संपन्न कराने के लिए जवान आ गए हैं। इनके रहने के लिए जिले के विभिन्न क्षेत्रों के 71 विद्यालयों को चुना गया है। भोजन व नाश्ता बनाने में गैस सिलेंडर का उपयोग होता है। ऐसे में सिलेंडरों की उपलब्धता बनी रहे, इसे लेकर डीएसओ ने गैस एजेंसी के सेल्स अफसरों व संचालकों को नोटिस भेजी है, जिसमें हर हाल में चुनाव तक 25 सिलेंडर को रिजर्व रखने को कहा गया है। 20 मई को जनपद में मतदान होगा। प्रशासन की ओर से डीएसओ को पत्र जारी करके कहा गया कि संबंधित क्षेत्र के विद्यालय से नजदीक एजेंसियों को निर्देशित कर दिया जाए कि हर हाल में गैस सिलेंडर की उपलब्धता बनाए बनाए रखेंगे। डीएसओ ने सभी पेट्रोलियम कंपनी के सेल्स अफसरों व गैस एजेंसी संचालकों को इस आशय का पत्र भेजा है। जिस स्कूल में जवान रह रहे हैं वहां नियमित रूप से गैस सिलेंडर पहुंचाया जाए। सभी गैस एजेंसी प्रबंधकों को चेतावनी दी गई है यदि गड़बड़ी की गई तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि प्रशासन की ओर से घरेलू गैस के उपलब्धता को लेकर पत्र मिला है ।जिसके क्रम सभी गैस एजेंसी व सेल्स अफसर को पत्र भेज का निर्देशित किया गया है कि कम से कम अपने प्रतिष्ठान पर 25 गैस सिलेंडर रिजर्व रखेंगे। इसके अलावा जिन-जिन विद्यालयों में फोर्स के जवान रह रहे हैं। वहां गैस सिलेंडर पहुंचना भी सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि सभी गैस एजेंसी संचालकों को 71 विद्यालय की सूची भेजी जा रही है।

## मशरूम उत्पादन एवं उपयोगिता विषय पर दिया गया प्रशिक्षण

**मनकापुर, अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि कुमारगंज अयोध्या के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर द्वारा मशरूम उत्पादन एवं उपयोगिता विषय पर एक दिवसीय कैंपस प्रशिक्षण आयोजित हुआ। ग्राम भरहू में केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डा. मिथलेश कुमार पांडेय के निर्देशन में प्रशिक्षण हुआ। डा. रामलखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान ने मशरूम उत्पादन तकनीक की जानकारी दी। डा. मनोज कुमार सिंह ने मशरूम की उपयोगिता बताई। डा. ज्ञानदीप गुप्ता ने मशरूम के विपणन की जानकारी दी। प्रद्युम्न प्रकाश श्रीवास्तव, जितेन्द्र कुमार शर्मा, अहमद अली, संगीता शर्मा, सरिता शर्मा, रूकसाना आदि ने प्रतिभाग कर मशरूम उत्पादन तकनीक की विधिवत जानकारी प्राप्त की।

# मतदानकर्मी साथ ले जाएंगे स्वास्थ्य किट

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** मतदान कर्मी की सेहत का ध्यान भी चुनाव में रखा जा रहा है। जब मतदान कर्मी ड्यूटी पर जाएंगे तो उनको दवाइयों से भरी एक किट दी जाएगी, जिसमें 19 से अधिक दवाइयां व सामान होंगे। तबीयत बिगड़ने पर मौके पर ही इससे उपचार मिल जाएगा। मतदान ड्यूटी के समय कार्मिकों को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कत न हो, इसके लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग जिले के प्रत्येक पोलिंग बूथ पर मेडिकल किट उपलब्ध कराएगा।

पीठासीन अधिकारी को 19 प्रकार की दवा व सामग्री दी जाएगी। मेडिकल किट में दवा खाने की डोज व किस बीमारी में कौन सी दवा खानी है, इसका अलग से



तैयार की जा रही मेडिकल किट। अमृत विचार

एक पर्चा रखा जायेगा। सीएमओ कार्यालय में मतदान कार्मिकों के लिए मेडिकल किट की पैकिंग कराई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार करीब छह हजार मेडिकल किट तैयार कराई जा रही है। किट में बुखार, जुकाम, खांसी, उल्टी दस्त की दवाओं के साथ चोट लगने के लिए बैंडेज व काटन को भी रखा गया है। डायरिया होने की दशा में पानी की कमी को पूरा करने के लिए ओआरएस घोल के पाउडर को भी रखा गया है। प्रत्येक किट में चिकित्सक की ओर से बना एक-एक पर्चा भी शामिल किया गया है, जिसमें दवा के नाम के साथ उसे किस तकलीफ में खानी है इसका जिक्र किया गया है। किट में जो दवाई रखी गई है उसमें पैरासिटामाल, ओमेप्राजोल, ओआरएस पाउडर, डाईसाइक्लोमीन, मैट्रोनिडाज़ोल, डोमपेरिडोन, डायक्लोफेनेक जेल, गाज पैड, हैंसप्लास्ट, पोवीडोन आयोडीन ऑइंटमेंट, सेबीलान, सैनिटाइजर, मास्क, कैंची, ग्लब्स, चिमटी, काटन, रोल बैंडेज व एडीसिव टेप आदि है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रश्मि वर्मा ने बताया कि लोकसभा चुनाव में मतदान ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों के लिए मेडिकल किट की व्यवस्था की गई है। मतदान के समय तक सभी अस्पताल खुले रहेंगे। अस्पतालों में उपचार की व्यवस्था रहेगी। एंबुलेंस 108 व 102 भी सक्रिय रहेगी।

# ग्राम पंचायतों में लगाई जाएगी सांध्यकालीन चौपाल

## मतदाता जागरूकता को लेकर जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी समेत सभी एसडीएम और तहसीलदार करेंगे चौपाल

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** ग्रामीण अंचलों में वृद्धजनों की भागीदारी के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जाएगा। इसके लिए व्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन भागीदारी कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत 'वृद्धम् शरणम् गच्छामि' के मंत्र के साथ ग्राम पंचायतों में सांध्यकालीन चौपाल लगाई जाएगी। डीएम, सीडीओ, समस्त एसडीएम, तहसीलदार आदि अपने-अपने स्तर पर ग्राम पंचायतों में इनका आयोजन करेंगे। इनके माध्यम से वरिष्ठजनों तथा उनके परिवार के समस्त मतदाताओं की मतदान में भागीदारी के लिए आग्रह किया जाएगा।

**दस-दस ग्राम पंचायतों में भ्रमण करेंगे**

डीएम ने बताया कार्यक्रम छह मई, नौ मई और 13 मई को आयोजित होगा। नोडल अधिकारी निर्धारित तिथि पर मौजूद रहेंगे। सभी एसडीएम अपने तहसील क्षेत्र में नियत तिथियों पर दस-दस ग्राम पंचायतों में भ्रमण करेंगे। तहसीलदार, नायब तहसीलदार व राजस्व निरीक्षक ग्राम सभाओं का भ्रमण कर कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। सभी बीडीओ भी अपने विखं की ग्रापं में कार्यक्रम आयोजित करेंगे। जिलाधिकारी ने साफ किया है कि कार्यक्रम कराने के उपरान्त फोटो सहित रिपोर्ट भी उपलब्ध करानी होगी।

# घर-घर बधाई और नेग के साथ बांटा जा रहा मतदान का आमंत्रण

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** जनपद में लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की मुहिम में अब ट्रांसजेंडर समुदाय भी पूरी जोर शोर से जुट गया है। एक मई से जनपद में ट्रांसजेंडर समुदाय के सहयोग से विशेष मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। अब, घर-घर बधाई और नेग बांटने के साथ ही इस समुदाय के सदस्य लोगों को 20 मई को मतदान अवश्य करने का संदेश भी दे रहे हैं। मतदाताओं को मतदान अवश्य करने की शपथ भी दिलाई जा रही है।



मतदान के लिए प्रेरित करते ट्रांसजेंडर।

जनपद में लोकसभा चुनाव पांचवें चरण यानी 20 मई को होना है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा की पहल पर ट्रांसजेंटर समुदाय को व्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन भागीदारी कार्यक्रम (स्वीप) से जोड़ा गया है। बीते 30 अप्रैल को जिलाधिकारी कार्यालय के सभागार में ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्यों की स्वीप प्रभारी मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश के साथ एक बैठक हुई। बैठक में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में ट्रांसजेंडर समुदाय की भूमिका पर मंथन किया गया। बैठक के बाद ही ट्रांसजेंडर समुदाय एक मई से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के साथ जोर-शोर से जुड़ गया है। प्रशासन की ओर से मतदाता जागरूकता प्रचार सामग्री के साथ ही 20 मई को मतदान करने के संदेश वाले नेग के सिक्के भी उपलब्ध कराए गए हैं। जिन्हें ट्रांसजेंडर समुदाय द्वारा घर-घर पहुंचाया जा रहा है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि 2019 के लोकसभा चुनाव में, इस चुनाव क्षेत्र में 52.2 प्रतिशत मतदान रहा था, जो कि राज्य औसत 59.21 प्रतिशत से कम था। इसी क्रम में आगामी 2024 आम चुनावों में भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रयास जारी हैं। गोंडा में 25.30 लाख पंजीकृत मतदाता हैं, जिनमें 13.50 लाख पुरुष, 11.82 लाख महिलाएं और 94 ट्रांसजेंडर हैं।

## मतदाताओं की राय

# ऐसा हो आपका सांसद जो समझे पीड़ा, कराए विकास

***करनैलगंज, अमृत विचार :** सांसद ऐसा हो जो दूसरों की पीड़ा को अपना समझे, विकास की परख रखे, जरूरत पड़ने पर सबकी मदद करे और विकास के लिए भरसक प्रयास करे। आम लोगों के साथ मिलकर विकास की योजनाएं बनाए और सभी के सुख दुख में शामिल हो। यह कहना है कैसरगंज के मतदाताओं का।*

### सकरौरा घाट को मिले पर्यटन स्थल का दर्जा

करनैलगंज का ऐतिहासिक व पौराणिक सकरौरा घाट अनदेखी के चलते वीरान हो चला है। नगर क्षेत्र में आने के बाद भी अभी तक इसके विकास के लिए कोई जरूरी कदम नहीं उठाए गए हैं। अगर सकरौरा घाट को पर्यटन स्थल का दर्जा देकर इसका सुंदरीकरण हो जाए तो ऐतिहासिक धरोहर सुरक्षित होगी।



मोहित सेठ

### फ्लाईओवर बनाने की मांग की जाए पूरी

करनैलगंज-हुजूरपुर मार्ग पर फ्लाईओवर ब्रिज बनाने की मांग वर्षो पुरानी है। यहां फ्लाई ओवर न होने के चलते आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। जाम में फंस कर जरूरी सेवाओं से जुड़े वाहनों जैसे एंम्बूलेंस, फायर टेंडर आदि वाहनों को अपने गन्तव्य तक जाने में घंटो का समय लग जाता है।



लक्ष्मीशंकर तिवारी

### चलाई जाए पैसेंजर ट्रेन

करनैलगंज रेलवे स्टेशन होकर गोण्डा लखनऊ तक पैसेंजर गाड़ी चलाने की मांग काफी पुरानी हो चली है। सरकार ने रेलवे स्टेशन तो बना दिया लेकिन अभी तक इस रूट पर पैसेन्जर ट्रेन की सेवा को बहाल नहीं किया है। जिससे रोज गोण्डा व लखनऊ जाने वाले डेली पैसेंजरों को काफी दिक्कत आती है। अगर पैसेंजर सेवा बहाल हो जाए तो काफी सहूलियत होगी।



सर्वेश पांडेय

### बनाया जाए बस स्टॉप

करनैलगंज तहसील क्षेत्र होने के बाद भी यहां बस स्टॉप व टैक्सी स्टैण्ड नहीं बना है। जिससे गोण्डा लखनऊ व अयोध्या तक जाने वाले यात्रियों को सड़क पर खड़े होकर ही वाहनों का इंतजार करना पड़ता है। अगर यहां बस स्टाप बना दिया जाए तो यात्रियों को काफी सहूलियत मिल जाए। बस स्टाप पर कोई शौचालय भी नहीं है। जिससे महिला यात्रियों को भारी दिक्कत उठानी पड़ती है।



महेश पांडेय सचिन

**लोकसभा चुनाव** | राजनीति के पुराने खिलाड़ी हैं भगतराम, बहराइच सीट से लड़ चुके हैं लोकसभा चुनाव

# सपा ने कैसरगंज से भगतराम मिश्र को उतारा

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** भाजपा प्रत्याशी की घोषणा के साथ ही समाजवादी पार्टी ने भी कैसरगंज से अपने उम्मीदवार का ऐलान कर दिया। सपा ने ब्राह्मण कार्ड खेलते हुए भगतराम मिश्र को अपना प्रत्याशी बनाया है। भगतराम मिश्र राजनीति के पुराने खिलाड़ी हैं और वह वर्ष 2004 में बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर बहराइच सीट से लोकसभा का चुनाव लड़ चुके हैं।



बहराइच जिले के पयागपुर ब्लाक के सतरही कलमा गांव के रहने वाले 73 वर्षीय भगतराम मिश्र पेशे से अधिवक्ता रहे हैं और वह श्रावस्ती जिले के सांसद रहे दद्दन मिश्र के चचेरे भाई हैं। भगतराम मिश्र वर्ष 2000 के पहले भाजपा में थे लेकिन तत्कालीन मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह से मतभेद के चलते उन्होंने भाजपा छोड़कर बसपा का दामन थाम लिया था। बसपा ने उन्हें वर्ष 2004 में बहराइच सीट से लोकसभा का चुनाव लड़ाया था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इस हार के बाद वह फिर से भाजपा में चले गए थे। वर्ष 2007 में भाजपा ने उन्हें श्रावस्ती विधानसभा सीट से टिकट दिया और वह अपने चचेरे भाई दद्दन मिश्र के सामने चुनाव लड़े, लेकिन यहां भी उन्हें हार मिली। इसके बाद वह वह कांग्रेस में चले गए थे। वर्ष 2017 में कांग्रेस भी भगतराम मिश्र को पयागपुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा चुकी है। भगतराम मिश्र राजनीति के पुराने खिलाड़ी माने जाते हैं। चुनाव में भले ही उन्हें जीत नहीं मिली हो लेकिन हवा का रुख वह बखूबी पहचानते हैं। इसी साल फरवरी में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भगतराम मिश्र के घर गए थे और उनसे मुलाकात की थी। हालांकि तब सपा कार्यकर्ताओं को यह अंदाजा नहीं था कि पार्टी उन्हें लोकसभा चुनाव लड़ायेगी। बृहस्पतिवार को जब कैसरगंज से उनके नाम का ऐलान हुआ तो सपाई भौंचक रह गए। क्योंकि इसके पहले भगतराम मिश्र का नाम कहीं भी चर्चा में नहीं था। कैसरगंज से सपा के पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे और भाजपा छोड़कर सपा में शामिल हुए विनोद शुक्ला भी टिकट मांग रहे थे। पार्टी के नेता भी यह अंदाजा लगा रहे थे कि अगर ब्राम्हण चेहरा देने की बात हुई तो इन्हीं में से किसी एक को टिकट मिलेगा लेकिन सपा अध्यक्ष ने भगतराम मिश्र को चुनाव मैदान में उतारकर इन दोनों नेताओं के अरमानों पर पानी फेर दिया।

# चुनाव में 1800 छोटे बड़े वाहनों की जरूरत

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन ने बताया कि चुनाव में करीब 600 बड़े व 1200 छोटे वाहनों की जरूरत है। छोटे वाहनों को 16 तथा बड़े वाहनों को 17 मई को पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में पहुंचना है। इसके अतिरिक्त परिवहन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भी प्रत्येक विद्यालय में जाकर वहां के वाहनों को अधिग्रहण आदेश प्राप्त करा रहे हैं। लेकिन तामीला कराने के दौरान देखा जा रहा है कि कुछ वाहन स्वामी अधिग्रहण आदेशों को लेने से इनकार कर रहे हैं। यह लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 का उल्लंघन है। ऐसे वाहन स्वामियों / विद्यालयों के प्रबंधकों की पहचान कर ली गयी है और इनके खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है। डीएम ने स्पष्ट किया है कि चुनाव में जिन विद्यालयों व व्यक्तियों का वाहन निर्धारित तिथि को उपलब्ध नहीं कराया जायेगा, उनके विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। समस्त विद्यालय और व्यक्ति अपने वाहनों को निर्धारित समय व स्थान पर चुनाव कार्य के लिए वाहन उपलब्ध कराएं।

## एक नजर

### गोंडा-बहराइच मार्ग पर 110 वाहनों की जांच की

**रुपईडीह, अमृत विचार :** कटरा बाजार विधानसभा क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए विधानसभा के एसएसटी टीम के प्रभारी ने कौड़िया के थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा के साथ गोंडा बहराइच मार्ग पर 110 वाहनों की चेकिंग की। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस चेकिंग के दौरान सभी वाहनों में अवैध असलहों, नगदी व संदिग्ध व्यक्तियों के बारे में पूछताछ की गई।

### बच्चों के विवाद में हुई मारपीट, मुकदमा दर्ज

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** वजीरगंज थानाक्षेत्र के पेंड़राही निवासिनी शांति देवी पत्नी घुल्लू सोनकर ने थाने पर तहरीर दी है कि गुरुवार दोपहर को छोटे बच्चों के बीच विवाद को लेकर पड़ोसी कालिया सोनकर, कल्लू सोनकर व राजपता पत्नी खेमई ने भद्दी भद्दी गाली देते हुए उसकी पिटाई करते हुए जान से मारने की धमकी दी। एसओ अभय सिंह ने बताया केस दर्ज किया गया है।

### जमीन विवाद को लेकर मारपीट में मां-बेटे घायल

**परसपुर, अमृत विचार :** जमीन विवाद को लेकर मारपीट कर मां बेटे को घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को लाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। सूचना पर चार लोगों पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भौरीगंज निवासी जाकरून निशा पत्नी महमूद ने पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि जमीन विवाद को लेकर उनके गांव निवासी अकरम, गुफरान, अकरम की पत्नी व पुत्री नाम अज्ञात बृहस्पतिवार को 6 .30 बजे अपने घर के सामने उन्हें मारा-पीटा और अभद्रता की। कुछ देर बाद गांव व के तमाम लोग मौके पर आकर बीच बचाव किया।

# करण भूषण को मिला टिकट समर्थकों में जश्न का माहौल

## केंद्रीय गृहमंत्री के लखनऊ पहुंचते ही जारी हुई उम्मीदवारों की सूची

गोंडा कार्यालय



**अमृत विचार:** कैसरगंज लोकसभा सीट पर उम्मीदवारी को लेकर महीने भर से चला आ रहा सस्पेंस बृहस्पतिवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के लखनऊ पहुंचते ही खत्म हो गया। केंद्रीय गृह मंत्री की अवध क्षेत्र के पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक के बाद पार्टी नेतृत्व ने वर्तमान सांसद बृजभूषण शरण सिंह का टिकट काट उनके बेटे को चुनाव मैदान में उतारने का फैसला किया। भाजपा ने कैसरगंज से सांसद बृजभूषण के छोटे बेटे करण भूषण सिंह को पार्टी का उम्मीदवार बनाया है। करण भूषण शुक्रवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

करण भूषण सिंह सांसद बृजभूषण शरण सिंह के छोटे बेटे हैं और वर्तमान में वह कुश्ती संघ के प्रदेश अध्यक्ष हैं। वह भारतीय कुश्ती संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। वह शूटिंग के नेशनल खिलाड़ी हैं। करण भूषण ने नंदिनी नगर कालेज स्नातक करने के बाद ऑस्ट्रेलिया से बिजनेस मैनेजमेंट की पढ़ाई की है। सांसद के कालेज मैनेजमेंट को करण भूषण संभालते हैं। 1990 में जन्मे करण भूषण पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं। कुश्ती संघ से जुड़े होने के नाते उनकी युवाओं में अच्छी पकड़ है। गुरुवार को उनकी उम्मीदवारी की घोषणा के बाद से ही उनके समर्थकों में जश्न का माहौल है। प्रत्याशी बनाए जाने पर करण भूषण ने अपने सांसद पिता का पांव छूकर आशिर्वाद लिया। शुक्रवार को नामांकन का अंतिम दिन है और करण भूषण शुक्रवार को ही अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। प्रत्याशी बनाए जाने पर करण भूषण ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वह पार्टी और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

### महीने भर से चल रहा सस्पेंस खत्म

करण भूषण को टिकट मिलने के बाद कैसरगंज सीट पर महीने भर से बना सस्पेंस भी खत्म हो गया है। अब तक लोग सांसद की दावेदारी को लेकर कयास लगा रहे थे कि टिकट उन्हे या उनके परिवार के किसी सदस्य को मिलेगा या पार्टी किसी अन्य प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारेगी। इसके पीछे कारण भी था क्योंकि महिला पहलवानों की तरफ से दर्ज कराए गए यौन उत्पीड़न के मुकदमें के बाद से ही सांसद की दावेदारी पर संकट खड़ा हो गया था। यौन उत्पीड़न के आरोपों के चलते शीर्ष नेतृत्व उन्हे टिकट दोनों के मूड में नहीं था लेकिन उनके स्थान पर किसे टिकट दिया जाए इस पर असमंजस बना हुआ था। सांसद खुद की दावेदारी पर अड़े थे जबकि शीर्ष नेतृत्व उनके स्थान पर उनके परिवार के किसी सदस्य को चुनाव लड़ाना चाहता था। तमाम कवायद के बाद सांसद बेटे के नाम पर तैयार हो गए। बुधवार की शाम को ही यह तय हो गया था कि बृजभूषण शरण सिंह के स्थान पर उनके बेटे को चुनाव लड़ाया जायेगा। बृहस्पतिवार को जब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह लखनऊ पहुंचे तो यह सस्पेंस खत्म हो गया। बृहस्पतिवार की सुबह ही करण भूषण को टिकट मिलने की सूचना सांसद तक पहुंच गयी थी। हालांकि इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई थी। संगठन की बैठक के बाद सांसद बृजभूषण शरण सिंह का टिकट काटकर उनके छोटे बेटे करण भूषण सिंह को कैसरगंज से टिकट देने का फैसला किया गया।

### कायम रहा सांसद का दबदबा

राजनीति के माहिर खिलाड़ी माने जाने वाले सांसद बृजभूषण शरण सिंह भी इस बार दबाव में थे। राजनीतिक विश्लेषक उन्हे मैदान से बाहर मान रहे थे और इस बात का दावा कर रहे थे कि इस बार कैसरगंज से भाजपा उन्हे या उनके परिवार के किसी सदस्य को टिकट नहीं देगी। टिकट वितरण में हुई देरी से इन कयासों को और बल मिल रहा था। हालांकि सांसद बृजभूषण इन सब बातों से बेपरवाह लगातार अपने चुनाव प्रचार में जुटे रहे और अपने समर्थकों को भरोसा दिलाते रहे कि टिकट ऐसे प्रत्याशी को मिलेगा जिसे सुनकर लोग चौंक जायेंगे। कई बार उनके दबदबे वाले बयान का भी उल्लेख किया जा रहा था लेकिन इन सबके बीच वह बिना विचलित हुए डटे रहे और यह साबित किया कि अभी उनका दबदबा कायम है।

## युवती से दुराचार का आरोपी गिरफ्तार

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** कचरा बाजार थानाक्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती संग दुराचार करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने बताया कि पीड़िता के पिता ने 30 अप्रैल को सूचना दी कि उसकी बेटी शौच के लिए बाहर गयी थी। इस दौरान ग्राम काली पुरवा मौजा सेल्हरी थाना कटरा बाजार का रहने वाला अंजनी कुमार वहां पहुंच गया और उससे दुराचार किया। सूचना पर पुलिस ने रेप का केस दर्ज किया था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी अंजनी कुमार को भटपुरवा चौराहे से नसीरपुर जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# लोकसभा गोंडा से दो व कैसरगंज से एक प्रत्याशी ने किया नामांकन

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** गुरुवार को लोकसभा क्षेत्र गोंडा से एक लोगों ने नामांकन फॉर्म लिया। लोस क्षेत्र कैसरगंज से दस लोगों ने नामांकन फार्म लिया हैं।

इसी क्रम में राजाराम निवासी तरबगंज ने खुद निर्दलीय लोस गोंडा से एक सेट फार्म लिया। अरुण कुमार सेन निवासी नवाबगंज ने खुद निर्दलीय लोस ने लोकसभा कैसरगंज से निर्दलीय एक सेट फार्म लिया। विनय सिंह निवासी नवाबगंज ने निर्दलीय लोस कैसरगंज से एक सेट फार्म लिया। संजीव कुमार सिंह निवासी नवाबगंज ने निर्दलीय लोकसभा कैसरगंज से एक सेट फार्म लिया। विनीत कुमार सिंह निवासी नवाबगंज ने लोकसभा कैसरगंज से एक सेट फार्म निर्दलीय लिया। रेखा भूषण निवासी नरायण नगर इंदिरा नगर लखनऊ ने लोकसभा कैसरगंज से एक सेट फार्म लिया। किसान क्रांति दल पार्टी से सुरेश मिश्रा निवासी लोकसभा कैसरगंज से एक सेट फार्म लिया। चंद्रप्रकाश सिंह निवासी सोनौली मोहम्मदपुर ने लोकसभा कैसरगंज से एक सेट फार्म लिया। करन भूषण सिंह निवासी विश्नोहरपुर नवाबगंज ने लोकसभा कैसरगंज से चार सेट फार्म लिया है। गोविंद राय निवासी विनयखंड गोमती नगर लखनऊ ने लोकसभा कैसरगंज से एक सेट फार्म लिया। चांद खान निवासी फैजाबाद रोड गोण्डा ने लोकसभा कैसरगंज से एक सेट फार्म लिया।

### इन दावेदारों ने किया नामांकन

लोकसभा क्षेत्र गोंडा से 02 तथा कैसरगंज से 01 व्यक्ति ने नामांकन किया है। जिसमें श्रेया वर्मा ने लोकसभा गोण्डा से समाजवादी पार्टी से तीसरा सेट नामांकन किया। मोहम्मद शाकिर निवासी इमामबाड़ा शहर गोण्डा ने लोकसभा गोण्डा से निर्दलीय नामांकन किया। नरेन्द्र पाण्डेय निवासी इन्द्रानगर लखनऊ ने लोकसभा कैसरगंज से बीएसपी पार्टी से दूसरा सेट नामांकन किया।



जागरूकता वाहन को रवाना करते लोग। अमृत विचार

### पहले मतदान, फिर जलपानः प्रदीप कुमार

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** मतदाता गीतों के साथ मतदाता जागरूकता वाहन को बीडीओ प्रदीप कुमार सिंह रवाना किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का महापर्व आने वाला है। इसमें सभी लोगों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। आगामी 20 मई को रिकार्ड मतदान कर जनपद वासियों को मिसाल कायम करना चाहिए। वजीरगंज प्रधान सुशील जायसवाल ने ग्राम पंचायत के मतदाताओं को जागरूक करने के लिए वाहन की व्यवस्था की है। एडीओ पंचायत रवि मिश्र ने बताया कि मतदाता जागरूकता गीतों की धुन पर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा। उन्होंने बताया कि ये अभियान क्षेत्र के सभी 75 ग्राम पंचायतों में शुरू किया गया है। शनिवार को सभी प्रधानों व बीडीसी की अगुवाई में ब्लॉक से वृहद जागरूकता रैली निकाली जाएगी। इस मौके पर सचिव रामदेव भास्कर, विनोद सिंह, रिजवान, शनि सिंह आदि मौजूद रहे।

## गोंडा-कैसरगंज लोकसभा के प्रेक्षक पहुंचे, जारी किया नंबर

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को संपन्न कराने के लिए गोंडा और कैसरगंज लोकसभा में शांतिपूर्ण मतदान कराने के उद्देश्य से प्रेक्षकों की तैनाती की गई है। कैसरगंज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र पयागपुर, कैसरगंज, कटरा बाजार, करनैलगंज, तरबगंज तथा गोंडा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र उतरौला, मेहनौन, गोंडा, मनकापुर, गौरा के सामान्य एवं पुलिस प्रेक्षक की तैनाती गोंडा में की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि सामान्य प्रेक्षक व पुलिस प्रेक्षक के प्रवास की व्यवस्था सर्किट हाउस गोंडा में की गई है। सर्किट हाउस में कंट्रोल रूम का टेलीफोन नंबर 05262 298781 है। अतः कोई भी व्यक्ति निर्वाचन के संबंध में यदि कोई जानकारी सुझाव या शिकायत देना अथवा लेना चाहते हैं तो इन नम्बरों पर सम्पर्क कर सकता है।

कैसरगंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की सामान्य प्रेक्षक आईएएस निधि निवेदिता तथा गोंडा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक आईएएस रामवीर तथा कैसरगंज और गोंडा दोनों लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के पुलिस प्रेक्षक आईपीएस अरनब घोष जिले में आ चुके हैं। सामान्य प्रेक्षक निधि निवेदिता का मोबाइल नंबर 9451377857 है।



प्रशिक्षण में शामिल स्काउट गाइड। अमृत विचार

### रेलवे स्काउट गाइड प्रशिक्षण एवं संगोष्ठी आयोजित

**नवाबगंज, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइडस द्वारा आयोजित रोवर्स रेंजर्स एवं स्काउट गाइड संगोष्ठी का पांच दिवसीय आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन शिविर प्रमुख एवं राज्य प्रशिक्षण स्काउट अनुज रंजन ने ध्वजारोहण कर किया। इस संगोष्ठी में पूर्वोत्तर रेलवे के सभी जिला संघों से 62 सदस्य भाग ले रहे हैं। रोवर रेंजर स्काउटर एवं गाइडर संगोष्ठी में नई प्रशिक्षण प्रणाली एवं नई क्रिया-कलापों इत्यादि को समझने के लिए किया गया है। संगोष्ठी का संचालन राज्य संगठन आयुक्त स्काउट रंजीत कुमार शर्मा एवं राज्य संगठन आयुक्त गाइड सबिता पाण्डेय, सुखदेव सिंह, प्रेमनाथ, शांतनु पांडे, बीरेंद्र यादव, आशा शर्मा, सुभद्रा चौरसिया एवं हिमांशु भारद्वाज के सहयोग से किया जा रहा है।

## समस्याओं के निराकरण को लेकर सौंपा ज्ञापन

**मनकापुर, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के मडल उपाध्यक्ष के नेतृत्व में शिक्षकों की समस्याओं को लेकर प्रतिनिधि मंडल ने खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देकर निराकरण की मांग की है।

उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष व ब्लाक प्राथमिक जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने खंड शिक्षा अधिकारी मनकापुर ध्रुव चंद्र जयसवाल को शिक्षकों की समस्याओं का मांग पत्र सौंपा और निराकरण की मांग की। साथ ही शिक्षकों ने बीआरसी को स्वच्छ और कार्यालय को बेहतरीन बनाने के लिए परिवार के मुखिया के रूप में पूर्ण सहयोग प्रदान करने के लिए सम्मानित भी किया। शिक्षकों ने कहा कि ब्लॉक को प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी बनाने में संगठन पूर्ण सहयोग करेगा। इस मौके पर राधे श्याम गुप्ता, राम बदल मिश्रा, रुद्र प्रताप सिंह, ब्लॉक वरिष्ठ उपाध्यक्ष लोकेश कुमार, ब्लॉक मंत्री वीरेंद्र कुमार तिवारी, ब्लॉक महिला उपाध्यक्ष रिचा मिश्रा, आराधना चौधरी, स्नेह लता उपाध्याय, ब्लॉक संयुक्त मंत्री कृष्ण कुमार वर्मा, प्रवीण कुमार, अशोक कुमार यादव, चन्द्र प्रकाश वर्मा ब्लॉक आडिटर प्रवीण कुमार, गोवर्धन सिंह, पूनम गुप्ता आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ट्रेनिंग में गैरहाजिर 41 कर्मियों पर एफआईआर के दिए आदेश

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने 18 व 22 अप्रैल को प्रशिक्षण में बिना पूर्व सूचना गैरहाजिर रहने वाले पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम पर एफआईआर दर्ज करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आदेश दिए हैं। कहा जिन कर्मचारियों द्वारा निर्वाचन ड्यूटी में लापरवाही बरती जाएगी उन पर कार्रवाई की जाएगी।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को संपन्न कराने के लिए कई विभागों में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम के रूप में लगाई गई है। प्रशिक्षण विगत 18 अप्रैल और 22 अप्रैल को दो पालियों में दिया गया। परंतु प्रशिक्षण के दौरान कई पीठासीन व प्रथम मतदान अधिकारी बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित कार्मिकों को पुनः प्रशिक्षण प्राप्त किए जाने के लिए 22 अप्रैल को द्वितीय पाली में प्रतिभाग किए जाने का निर्देश दिया गया, परंतु 41 कर्मी बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन में सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन न करने और प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहने और प्रशिक्षण से विरत रहने के विषय में स्पष्टीकरण मांगे जाने पर स्पष्टीकरण प्राप्त न होने पर 15 विभागाध्यक्षों को सम्बन्धित कार्मिकों के विरुद्ध निर्वाचन कार्य में बाधा पहुंचाने व प्रशिक्षण में जानबूझकर उपस्थित रहने के संबंध में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वह संबंधित कार्मिक के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट फिर दर्ज करा कर तीन दिवस के अंदर प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराएं।

## छात्रों-स्टाफ को यातायात नियमों की दी जानकारी

**परसपुर, अमृत विचार:** कंपोजिट विद्यालय करनपुर में वृहस्पतिवार को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत बच्चों व स्टाफ को यातायात नियमों की जानकारी दी गयी। शिक्षक अरुण कुमार शुक्ला ने बताया कि वृहस्पतिवार को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत विद्यालय के बच्चों एवं स्टाफ को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए सुरक्षित यात्रा के लिए दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने, ड्राइविंग नियमों का पालन करने, तेज रफ्तार व गलत दिशा में वाहन न चलाने आदि यातायात नियमों की शपथ दिलाई गयी। वहीं आम जन मानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रधानाचार्य उषा सिंह के नेतृत्व में बच्चों ने यातायात जागरूकता रैली निकाली। प्रावि पूरेमगन व कंपोजिट विद्यालय इकनिया माझा में भी बच्चों को शपथ दिलाई गयी। इस मौके पर अरुण शुक्ला, उषा सिंह, महेश सिंह, अनुपम शुक्ला, ज्योति वर्मा, अमृता सोनकर, दीपिका, अनिल, प्रदीप तिवारी, द्वारावती, रमेश चंद्र श्रीवास्तव आदि रहे।

# गेहूं खरीद में हर हाल में लाएं तेजी: विशेष सचिव

## अभिषेक गोयल ने जनपद में गेहूं खरीद का लिया जाएगा, जारी किए दिशा-निर्देश

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** जिले में गेहूं खरीद नहीं हो पा रही है। इसे लेकर शासन परेशान है। गेहूं खरीद की वास्तविक स्थिति का आकलन करने गुरुवार को विशेष सचिव खाद्य एवं रसद विभाग लखनऊ अभिषेक गोयल जिले में पहुंचे। उन्होंने आईटीसी कंपनी के गोदाम पर गेहूं खरीद के बारे में जानकारी ली। कंपनी के अधिकारियों व कर्मचारी से गेहूं के रेट व खरीद स्थिति की जानकारी ली। इसके बाद वह उतरौला रोड स्थित फल व सब्जी मंडी पहुंचे। जहां पर अभी जल्द ही गेहूं क्रय केंद्र शिफ्ट किया गया है। उन्होंने वहां पहुंचकर केंद्र प्रभारियों को गेहूं खरीद में तेजी लाने का निर्देश दिया। विशेष सचिव खाद्य एवं रसद विभाग ने सभी खरीद एजेंसियों के जिला प्रबंधक से खरीद में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गांव में जाकर किसानों से संपर्क कर जिसको जो भी लक्ष्य मिला है उसको पूरा करें। गेहूं खरीद में लापरवाही नहीं जाएगी जो लापरवाही करेगा उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। जिले में गेहूं खरीदने के लिए सरकार की ओर से एक मार्च से क्रय केंद्र खोले गए हैं। लेकिन गेहूं की खरीद गति नहीं पकड़ पा रही है। केंद्र प्रभारी गेहूं की आवक ना होने से केंद्रों पर खाली बैठे रहते हैं। बताया जाता है कि खुले बाजार में गेहूं का रेट अधिक होने के कारण किसान सरकारी केंद्रों पर आना पसंद नहीं कर रहे हैं। सरकार की ओर से इस बार मूल्य समर्थन योजना के तहत 2275 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीद की जा रही है। जबकि इसके उलट मंडी के व्यापारी व कंपनियां महंगे दाम पर गेहूं खरीद कर रहे हैं। जिसकी वजह से खरीद होने में समस्या आ रही है। सरकार की ओर से सभी क्रय एजेंसियों को गेहूं खरीदने के लिए गांव में भेजा जा रहा है। शासन के निर्देश के क्रम में कई क्रय केंद्र प्रभारी किसानों के घर व खेत में जाकर वहीं से गेहूं की खरीद कर रहे हैं। जिसकी वजह से थोड़ी बहुत खरीद जिले में हो गई है। खरीद ना होते देखकर शासन भी टेंशन में है। शासन की ओर से विशेष सचिव खाद्य एवं रसद विभाग लखनऊ ने जनपद में आकर खरीद की स्थिति देखी उनके द्वारा शासन को खरीद को लेकर रिपोर्ट भी सौंपी जाएगी। जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान खरीद में तेजी लाने का निर्देश मिला है। जिसके क्रम में सभी क्रय केंद्र प्रभारियों को दिशा निर्देश जारी किया जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले दिन में सरकारी केंद्रों पर गेहूं की आवक बढ़ेगी और खरीद में तेजी आएगी।

## सार-संक्षेप

### व्यापारी से लूट मामले में पुलिस के हाथ खाली

**नवाबगंज, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के कोल्हमपुर बाजार से दुकान बंदकर लौट रहे सर्राफा व्यवसायी से पर्वती गांव के पास पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार बदमाशों ने आंख में लाल मिर्च पाउडर झोंककर घटना को अंजाम देकर 40 हजार लूट कर फरार हो गए थे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बदमाशों पर केस दर्ज कर लिया था और जांच में जुट गई थी। लेकिन चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों को पकड़ने में असफल रही है।

### फंदे से लटककर विवाहिता ने दी जान, मुकदमा दर्ज

**खरगूपुर, अमृत विचार :** फोन पर बात करते करते विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की मां की तहरीर पर पुलिस ने युवक पर आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में केस दर्ज किया है। इटियाथोक थाना क्षेत्र के सरकांद गांव निवासी कमरजहां ने स्थानीय थाने में दर्ज कराए गए मुकदमे में आरोप लगाया है कि उसने अपनी बेटी तबस्सुम की शादी दस माह पूर्व खरगूपुर थाना क्षेत्र के केशईपुरवा गांव के काज मोहम्मद पुत्र मजीद के साथ की थी। 23 अप्रैल की रात तबस्सुम धानेपुर थाना क्षेत्र के अलावल देवरिया गांव के सद्दाम पुत्र जोखू से फोन पर बात कर रही थी। इसी बीच सद्दाम से फोन पर बात करते करते उसकी विवाहित बेटी अपने ससुराल केशई पुरवा में अपने कमरे में पंखे से दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आरोप है कि आरोपित सद्दाम ने फोन पर उसे आत्महत्या करने के लिए उकसाया है जिससे उसने फांसी लगा ली। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि आरोपित सद्दाम के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले मुकदमा दर्ज किया गया है।

### तमंचे के साथ पकड़ा गया हत्यारोपी

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** जिले की खोड़ारे थाने की पुलिस ने एक हत्यारोपी को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी अपने भाई की हत्या करने के मामले में जेल में निरुद्ध था और हाल ही में वह जमानत पर छूटकर बाहर आया था। जमानत पर छूटने के बाद वह तमंचा लहराते हुए अपने पिता को जान से मारने की धमकी दे रहा था। फिलहाल पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। खोड़ारे थाने के प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि सूचना मिली थी कि कस्बा खास का रहने वाला खुर्शीद खान जो अपने भाई की हत्या करने के मामले में जेल में निरुद्ध था वह जमानत पर छूटकर बाहर आ गया है और अवैध तमंचा लेकर अपने पिता जमीर अहमद को जान से मारने की धमकी दे रहा है। वह खुलेआम कस्बे में तमंचा लेकर घूमता है और लोगों को डराने की कोशिश करता है। इस सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी करते हुए आरोपी खुर्शीद को चंद्रदीप घाट के समीप से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी के पास से पुलिस ने अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया है। एसएचओ ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### चार आरा मशीन संचालकों पर विभाग ने की कार्रवाई

**करनैलगंज, अमृत विचार :** करनैलगंज क्षेत्र में संचालित अवैध आरा मशीनों के खिलाफ वन विभाग की कार्यवाही लगातार जारी है। पूर्व में बंद कराई गई अवैध आरा मशीनों को दोबारा स्थापित कर चलाने के प्रयास में वन विभाग ने चार आरा मशीनों पर कार्रवाई की है। वन दरोगा अशोक कुमार पाण्डेय ने बताया कि पूर्व में कुछ अवैध आरा मशीनों पर कार्रवाई की गई थी, उन्हें बंद कराया गया था। लेकिन अब ये लोग दोबारा मशीन स्थापित कर संचालन का प्रयास कर रहे थे। शाहपुर के सांवल, अनूप, राज किशोर व चरसड़ी में रमन की आरा मशीन बंद करा कर कार्रवाई की गई।

**दिखाई प्रतिभा** — दयानंद शिक्षा संस्थान इंटर कॉलेज मंगुरा बाजार में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह

# लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करने से मिलती है सफलता : अतुल द्विवेदी

संवाददाता, बेलसर



दयानंद शिक्षा संस्थान इंटर कॉलेज मंगुरा बाजार में सम्मानित छात्र-छात्राएं।



सौरभ शुक्ल को साइकिल देकर सम्मानित करतीं महिला आरक्षी साधना यादव।

**अमृत विचार:** दयानंद शिक्षा संस्थान इंटर कॉलेज मंगुरा बाजार में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय स्टेट बैंक मंगुरा बाजार के शाखा प्रबंधक अतुल द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि सीएचसी अधीक्षक परसपुर लवकेश शुक्ल रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथि अतुल द्विवेदी ने कहा कि लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करने से सफलता अवश्य मिलती है। शिक्षक अपने छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ते देख प्रसन्न होता है। माता पिता शिक्षकों के मार्गदर्शन में रहकर बड़ा से बड़ा लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। विशिष्ट अतिथि सीएचसी अधीक्षक डॉ लवकेश शुक्ल ने कहा कि छात्र छात्राओं को पढ़ाई के दौरान भटकाव से बचना चाहिए। महिला आरक्षी साधना यादव ने कहा कि बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनना चाहिए। आत्मनिर्भर बनने के लिए कठोर अनुशासन एवं आत्म विश्वास के साथ लक्ष्य साधना करना चाहिए। अतिथियों द्वारा मेडल, प्रमाण पत्र एवं घड़ी देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सौरभ शुक्ल, अंशी शुक्ल, आरती मिश्र को पांच पांच सौ रुपए देकर सम्मानित किया। जबकि महिला आरक्षी साधना यादव ने हाईस्कूल के टॉप टेन सूची में छठवां रैंक हासिल करने वाले छात्र सौरभ शुक्ल को सायकिल देकर सम्मानित किया। सम्मानित किए जाने वाले छात्र छात्राओं में हाई स्कूल के सौरभ शुक्ल, अंशी शुक्ल, शेखर बौद्ध, शिवम गुप्त, विकास गुप्त, आस्था उपाध्याय, उमेश कुमार तिवारी, अमित जायसवाल, अनुभव, सूरज कुमार, आनंद बौद्ध, मानसी पांडेय इंटर के आरती मिश्र, विनीत शुक्ल, खुशी मिश्र, प्रिया, जूली, आंचल मिश्रा, आकाश जायसवाल, रिंकू शुक्ल, नैंसी शुक्ल, आयुष गुप्ता शामिल रहे। प्रधानाचार्य प्रतिभा तिवारी ने सभी आए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन ब्रजेश कुमार शुक्ल ने किया। शिव शंकर नाथ मिश्र, संतोष पांडेय, राकेश पांडेय, अजय कुमार मिश्र, जगदीश सिंह, रीना सिंह, ललिता तिवारी, प्रियंका गुप्ता, रेनू पांडेय, सुनीता तिवारी, विंदू तिवारी, सुनील, विशाल पांडेय आदि रहे।

## एक नजर

### अधिवक्ताओं को जारी होगा वाहन पास व परिचयपत्र

**बलरामपुर।** जिला बार एसोसिएशन अधिवक्ताओं के वाहन के लिए पास और परिचय पत्र जारी करेगा। नवीन दीवानी परिसर में जिला बार एसोसिएशन की बैठक गुरुवार को मुकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में की गई। वकीलों के वाहन सुरक्षा के लिए दो पहिया के लिए 10 रूपए और चार पहिया के लिए 20 रुपया लेकर पास जारी किया जायेगा। परिचय पत्र के लिए 40 रूपए का शुल्क निर्धारित किया गया है। 5 साल के नए अधिवक्ताओं को नि:शुल्क पास व परिचय पत्र बार संघ जारी करेगा। संघ के महामंत्री संजय तिवारी ने बताया कि जिला जज को मांग पत्र सौंपा जायेगा। इस दौरान मुर्तजा हुसैन, धर्मदेव मिश्र, अनिल सिंह मामा, शशि प्रकाश मिश्र, आशुतोष तिवारी, केजी श्रीवास्तव व अमित कुमार पाण्डेय आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### 71 लीटर शराब के साथ दो लोग गिरफ्तार

**उतरौला।** जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व थाना रेहरा बाजार के अंतर्गत गांव रघुनाथपुर और ग्वालियर ग्रंट में क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक श्री अलंकार सिंह, आबकारी सिपाही अंकित भटनागर, सोनू कुमार, अभिमन्यु सिंह तथा थाना प्रभारी रेहरा बाजार श्री ओपी सिंह चौहान मय पुलिस स्टाफ की संयुक्त टीम ने गुरुवार प्रात: 4 बजे के आस-पास गांव में दबिश दी| दबिश के दौरान 71 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई और 100 किलोग्राम लहन मौके पर नष्ट किया गया। आबकारी अधिनियम के तहत दो अभियुक्तों को जेल भेजा गया।

### ईयर बुक क्लोज व ऑनलाइन आडिट कराएं : डीएम

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी कृतिका शर्मा की अध्यक्षता में पंचायतीराज विभाग द्वारा पंचम वित्त आयोग एवं 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत कराये गये कार्यो की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद की 397 ग्राम पंचायतों को प्राप्त धनराशि, व्यय धनराशि तथा ग्राम पंचायत विकास योजना अन्तर्गत प्रस्तावित कार्ययोजना अनुसार कराये गये कार्यो की समीक्षा की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम पंचातों को नियत समय में अपना ईयर बुक क्लोज करने एवं आडिट आनलाइन कराने हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी नन्दलाल, जिला समन्वयक राजकुमार त्रिपाठी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ग्राम सचिव घर-घर देने जाएंगे आमंत्रण पत्र



मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा के निर्देश पर सभी विकास खण्ड के ग्रामों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम (स्वीप)के तहत खुली बैठक का आयोजन किया गया। सभी लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया तथा लोगों को मतदान अवश्य करने हेतु शपथ दिलायी गयी। इस दौरान ग्राम सचिवों द्वारा घर-घर जाकर लोगों को आमंत्रण पत्र देकर 25 मई को मतदान करने हेतु प्रेरित भी किया गया। इस अवसर पर सम्बन्धित ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानगण, ग्राम सचिवगण एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# चौथे दिन एक ने भरा पर्चा, 3 ने खरीदा नामांकन पत्र

**बलरामपुर, अमृत विचार।** लोकसभा सीट श्रावस्ती तथा गैंसड़ी विधानसभा उपचुनाव के लिए चल रही नामांकन प्रक्रिया के चौथे दिन एक उम्मीदवार ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। साथ ही तीन प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदा।

जिला निर्वाचन अधिकारी/ रिटर्निंग ऑफिसर अरविंद सिंह की उपस्थिति में नामांकन के चौथे दिन किसान मजदूर संघर्ष पार्टी से हनुमान प्रसाद ने एक सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया।चौथे दिन तक 3 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। जबकि कुल 23 लोगो ने नामांकन पत्र खरीदा है।सुजीत कुमार ने बहुजन मुक्ति पार्टी के प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र खरीदा है।

**▸▸ 4 मई को सपा प्रत्याशी तथा 6 मई को भाजपा प्रत्याशी रोड शो के साथ दाखिल करेंगे नामांकन का दूसरा सेट**

अनिल कुमार तिवारी और अशरफ हुसैन ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र खरीदा है। गैंसड़ी विधानसभा उपचुनाव के चौथे दिन 2 लोगो ने नामांकन पत्र खरीदा है।कुल 12 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदा है जबकि अब तक सिर्फ 2 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। मिली जानकारी के अनुसार 4 मई को सपा लोकसभा प्रत्याशी राम शिरामणि वर्मा तथा 6 मई को भाजपा प्रत्याशी साकेत मिश्रा रोड शो के साथ नामांकन पत्र का दूसरा सेट दाखिल करेंगे ।भाजपा प्रत्याशी के नामांकन में सुबह के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के शामिल होने की संभावना है।



कलेक्ट्रेट परिसर स्थित नामांकन कक्ष में पर्चा दाखिल करते प्रत्याशी हनुमान प्रसाद। अमृत विचार

# आग से 29 घर जल कर राख, जिंदा जली दुधमुंही बच्ची, दो महिलाएं झुलसीं

## दोनों महिलाओं की हालत गंभीर, इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर

**बलरामपुर अमृत विचार।** तुलसीपुर के बेली खुर्द गांव में गुरुवार को अज्ञात कारणों से आग लग गई। लगी आग में 29 घर सहित घर में रखी संपूर्ण गृहस्थी जलकर राख हो गई। घटना में एक आठ माह की बच्ची जलकर राख हो गई है। वहीं दो महिला गंभीर रूप से झुलस गई है। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर में प्राथमिक उपचार के उपरांत जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घटना में 77 बकरियों की भी झुलसकर मौत हो गई है।

गुरुवार दोपहर बेली खुर्द गांव में अज्ञात कारणों से लालता के घर आग लग गई। तेज हवा के चलते आग ने इतना विकराल रूप ले लिया कि देखते ही देखते चंदर, स्वामीनाथ, राजेश, कृपा, ढुल्लुर, रमेश, नान बाबू, दयाराम, राजाराम, मंगल, शंकर, फूलचंद, पंचम, दयाशंकर, बाबूराम, प्रभु,लालता, गंगा, चौकीदार मन्नान, मनीराम, ननकू, लक्का देवी, सनी देवल, दीनानाथ, विट्टा देवी, शांति देवी, जीतराम सहित 29 लोगों का घर जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंचे फायर कर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से घंटों कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

अग्निकांड में मनीराम की 8 माह की पुत्री जो कि घर में सो रही थी घर में ही जलकर मर गई। घटना के समय लोग खेत में काम कर रहे थे। आग लगने की सूचना मिल बदहवास होकर आनन फानन में घर का सामान निकालने लगे जिसमें वह बच्ची को भूल गए।

घटना में अनारकली उर्फ ननकी पत्नी नानबाबू 45 वर्ष, रामपति पत्नी मन्नान 65 वर्ष जो घर सामान निकालते समय गंभीर रूप से झुलस गई। जिन्हें एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर लाया गया प्राथमिक उपचार के उपरांत जिला अस्पताल रेफर किया गया है।



बेली खुर्द गांव में लगी आग के दौरान जलते घर। अमृत विचार

**हादसा**

**▸▸ दुर्घटना में 77 बकरियों की भी जलकर मौत**

इसके साथ ही दयाराम की 36, दीनानाथ की पांच, बब्बन की तीन, नान बाबू की आठ, मन्नान की 06, राजाराम का 9, शिव शंकर का 10 बकरियां की झुलस कर मौत हो गई है। घटना में विद्युत विभाग का एलटी लाइन भी जल गया है। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, उप जिलाधिकारी तुलसीपुर अभय सिंह अपने गांव व अस्पताल में पहुंच पीड़ितों से घटना की जानकारी ली है। एसडीएम ने बताया कि आज रात्रि के लिए पका भोजन तथा राशन की व्यवस्था को लेकर निर्देश दिया गया है। क्षति का आंकलन कराया जा रहा है। सहायता राशि जल्द ही दी जाएगी।

# डीएम ने ईवीएम व वीवीपैट की तैयारियों का लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष रूप से संपन्न कराए जाने के लिए डीएम / जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट में स्थित ईवीएम व वीवीपैट वेयरहाउस का वाह्य मासिक निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत समुचित पुलिस बल की तैनाती, साफ सफाई की समुचित व्यवस्था, सीसीटीवी कंट्रोल रूम से निगरानी आदि का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने लोकसभा सीट श्रावस्ती के लिए नामांकन प्रक्रिया के बाद ईवीएम व वीवीपैट की कमीशनिंग की तैयारियों का जायजा लिया तथा प्रशिक्षित कर्मियों की ड्यूटी लगाते हुए कमीशनिंग कार्य किए जाने सहित आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, डीपीआरओ , अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने वाले छात्र सम्मानित



एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर में विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथि।

**बलरामपुर, अमृत विचार।** एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर के वनस्पति विज्ञान विभाग में गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में महाविद्यालय के सहभागिता करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही अब तक 300 परास्नातक व शोधार्थी को बैग प्रदान कर सम्मानित किया गया है।

गुरुवार को महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय के निर्देशन व वनस्पति विज्ञान विभाग में आयोजित सम्मान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बलरामपुर चीनी मिल के मुख्य प्रधान प्रबंधक निष्काम गुप्ता ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में विशेष योगदान करने वाले एमएलके पीजी कॉलेज के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। निष्काम गुप्ता ने कहा कि यह बलरामपुर के लिए अविस्मरणीय व सुखद पल है कि तराई के ऑक्सफोर्ड के नाम से विख्यात एमएलके महाविद्यालय समय समय पर शैक्षिक उन्नयन के लिए ऐसे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करता रहता है। इसमें जुड़कर कार्य करने वाले विद्यार्थी सौभाग्यशाली हैं क्योंकि उन्हें नए विचार सीखने और कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन सचिव विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन ने कहा कि बलरामपुर चीनी मिल उपक्रम बलरामपुर फाउंडेशन द्वारा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन में विशेष योगदान रहा है।

# सातवें वेतन आयोग की मांग पर अड़े चीनी मिल कर्मचारी



बलरामपुर चीनी मिल गेट पर अपनी मांगों के समर्थन में सभा करते चीनी मिल श्रमिक।

**बलरामपुर अमृत विचार।** चीनी मिलों के कर्मचारी अब सातवें वेतन आयोग की मांग को लेकर मुखर होने लगे हैं ।श्रमिक दिवस के अवसर पर चीनी मिल कर्मियों ने केंद्र राज्य सरकार का ध्यान ईस ओर आकृष्ट कराया है।

बलरामपुर चीनी मिल गेट पर आयोजित कार्यक्रम में श्रमिक नेता सुधांशु प्रताप सिंह जानी,मंगल प्रसाद, जयप्रकाश सिंह व संजय तिवारी आदि ने कहा कि चीनी मिल कर्मियों को आज भी तीसरे वेतनमान आयोग के तहत वेतन दिया जा रहा है ।इस वेतनमान में कर्मियों के परिवार का भरण पोषण नहीं हो पा रहा है। बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं मिल पा रही है ।केंद्र तथा राज्य सरकार अपने कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग की सिफारिश के तहत वेतन दे रही है ।चीनी मिल प्रबंधन बार-बार मांग के बावजूद भी श्रमिकों का शोषण कर रहि है ।इन लोगों ने केंद्र व राज्य सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए यह मांग की है कि उनको भी सातवें वेतन आयोग की सिफारिश के तहत वेतनमान दिया जाए। इस अवसर पर श्रमिक नेता अजय श्रीवास्तव, सर्वेश सिंह व संजय कुमार पांडेय समेत तमाम चीनी मिल के श्रमिक मौजूद रहे।

# बाइक पर दो लोगों से ज्यादा न बैठें

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसियाद्वारा दिये गये दिशा-निर्देश क्षेत्राधिकारी यातायात संदीप कुमार वर्मा के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक यातायात दिलीप कुमार यादव मय पुलिस टीम ने बढ़ती दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाये जाने के क्रम में कस्बा भिनगा, कस्बा सिरसिया व जनपद के विभिन्न चौराहों/तिराहों मे आम नागरिको को यातायात के नियमो का पालन करने हेतु उन्हे एकत्रित कर जागरूक किया। उन्होंने बताया कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, दो पहिया वाहनो पर 2 से अधिक सवारी न बैठाने तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट का उपयोग करने, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलायें, ओवर स्पीड में वाहन न चलानें, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन / इयरफोन का प्रयोग न करने, गलत दिशा में वाहन न चलाने,सड़क के किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटवाने के बारे मे निर्देशित करते हुए उन्हे यातायात के नियमो की जानकारी दी गयी सड़क सुरक्षा संकेतो के प्रति जागरूक भी किया।

# तेज रफ्तार वाहन ने चार लोगों को रौंदा

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** थाना हरदत नगर गिरंट के गिरंट बाजार में अपने घर के बाहर बैठे चार लोगों को एक तेज रफ्तार वाहन ने ठोकर मार दी । जिससे चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए आसपास के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को जिला चिकित्सालय भिन्गा भेजा जहां घायलों में दो लोगों की मौत हो गई । घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया ।

गिरंट बाजार निवासी निजामुद्दीन पुत्र अब्दुल हक उम्र 60 वर्ष मुसाहिब पुत्र फारूक उम्र 45 वर्ष रसीद पुत्र अब्दुल हक उम्र 60 वर्ष तथा मौलाना काजी साहब निवासी बहराइच उम्र 35 वर्ष घर के बाहर बैठे देर रात लगभग 10:30 बजे आपस में बातें कर रहे थे । तभी एक तेज रफ्तार चौपाहिया वाहन चारों को ठोकर मार दी। आसपास के लोगों ने जब इस घटना को देखा और दौड़े तब तक वाहन चालक वाहन को छोड़कर फरार हो गया । आसपास के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस कोदी । पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घायलों को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भिन्गा भेजा जहां इलाज के दौरान निजामुद्दीन और मुशाहिद की मृत्यु हो गई। वहीं दो लोगों का इलाज चल रहा है। पुलिस वाहन चालक की तलाश कर रही है । घटना की सूचना पाते ही पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने मौके का निरीक्षण किया । उन्होंने बताया कि अचानक गाड़ी के आगे कुत्ता आ जाने से वाहन चालक हड़बड़ा गया और सड़क के किनारे बैठे लोगों को ठोकर मार दिया जिसमें दो लोगों की मौत हो गई है एक का गंभीर हालत होने के कारण लखनऊ रेफर कर दिया गया है एक व्यक्ति का इलाज जिला चिकित्सालय भिनगा में हो रहा है उन्होंने यह भी बताया कि वाहन चालक मौके का फायदा उठाते हुए फरार हो गया जिसकी तलाश की जा रही है।

**▸▸ इलाज के दौरान दो लोगों की हुई मौत, एक लखनऊ रेफर, एक का भिनगा में हो रहा है इलाज**

# स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रमों की नियमित समीक्षा होना जरूरी : सीएमओ



राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रमों की समीक्षा करते सीएमओ। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** बृहस्पतिवार को सीएमओ डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा की।

सीएमओ ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों की ब्लॉक स्तर पर नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा किया जाए। सीएमओ ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए की सभी पीएचसी,सीएचसी तथा स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर इलाज के लिए आने वाली सभी महिलाओं का बॉडी मास इंडेक्स नोट किया जाए ।कार्यक्रमों की भौतिक तथा वित्तीय प्रगति के अभिलेखों को नियमित रूप से अपडेट किया जाए। नियमित टीकाकरण,जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, नेत्र ज्योति अभियान, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन आदि कार्यक्रमों की समीक्षा किया गया।

बैठक मे अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रविनंदन त्रिपाठी, डॉ मीनाक्षी चौधरी , डॉ अनिल कुमार चौधरी, डीपीएम शिवेंद्र मणि त्रिपाठी, जनपद स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

**मुश्किल** परसपुर करौंदा में हैंड पंप सूखने से कुएं का पानी पीने को मजबूर हैं ग्रामीण

# भीषण गर्मी के साथ जलस्तर कम हो जाने से बढ़ी पेयजल समस्या



परसपुर करौंदा गांव में कुएं से पानी भरते लोग। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** बढ़ते भीषण गर्मी के साथ ही जनपद के कई क्षेत्रों में जलस्तर कम हो जाने से पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। जिसके चलते पेयजल के लिए लोगों को परेशान होना पड़ रहा है।

तुलसीपुर के ग्राम परसपुर करौंदा,पिपरहवा विशुनपुर के मजरे पुरवा विशुनपुर,नगर तुलसीपुर के बलरामपुर चौराहा में हार्ड एरिया होने के चलते यहां हैंडपंप नहीं लग रहे। लगे सभी हैंडपंप सूखे पड़े हैं। परसपुर करौंदा में बीते कई वर्षों से ग्रामीण मजबूरन कुएं का पानी पीने को मजबूर हैं। यहां के लोग कुएं के पानी पर ही निर्भर है। ग्राम प्रधान कपिल देव वर्मा ने बताया की पेयजल को लेकर परेशानी बनी है। वहीं नगर तुलसीपुर में नगर पंचायत का नौ ट्यूबवेल में छह ट्यूबवेल का जलस्तर कम हो जाने से बंद होने की कगार पर पहुंच गए हैं। बलरामपुर चौराहा,डीहवा में जलस्तर कम हो जाने से पानी की परेशानी बनी है। यहां नगर पंचायत के द्वारा वॉटर टैंकर भेज कर पानी की सप्लाई दी जा रही है।

**▸▸ नगर तुलसीपुर में कई स्थानों पर वॉटर टैंकर भेज की जा रही जलापूर्ति**


नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अदनान फिरोज ने बताया कि की जलस्तर कम हो जाने से नगर में संचालित छह ट्यूबवेल में समस्या आई है। संचालित अन्य ट्यूबवेल के माध्यम से पूरे नगर में पेयजलापूर्ति की जा रही है। बताया कि जहां पर पानी की समस्या आ रही है। जहां पाइप लाइन नहीं है.वहां वॉटर टैंकर भेजकर जलापूर्ति की जा रही है। बताया कि नगर में पेयजल योजना के तहत नौ नये ट्यूबवेल बोर हो चुके हैं। तीन और लगना है जिसके लिए जगह चिन्हित किया जा रहा है। बताया कि जून माह तक सभी नये लगे ट्यूबवेल शुरू हो जायेगा । जिसके बाद से पानी की समस्या दूर हो जायेगी।

# नोडल अधिकारियों ने गौशाला की जानी हकीकत

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी कृतिका शर्मा के निर्देश पर जनपद के न्याय पंचायत स्तर पर नामित नोडल अधिकारियों द्वारा जनपद की गौशालाओं का औचक निरीक्षण किया गया। जिसके तहत निराश्रित गो आश्रय स्थल एवं वृहद गो आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया तथा गोआश्रय स्थल पर सभी मूलभूत सुविधाओं को व्यवस्थित रखने हेतु निर्देशित किया।

निरीक्षण के दौरान चन्नी, भूसा, पानी, प्रकाश तथा जल निकासी आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नामित नोडल अधिकारियों ने केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया कि गर्मी को देखते हुए पशुओं के लिए चारा-पानी एवं उनके रहने के लिए छाया की व्यवस्था भी सुनिश्चित रहनी चाहिए। इसके अलावा अन्य सभी नामित नोडल अधिकारियों द्वारा भी गो आश्रय स्थलों का निरीक्षण किया गया तथा तथा गो आश्रय स्थल पर सभी मूलभूत सुविधाओं को व्यवस्थित रखने हेतु निर्देशित किया गया।



गौशाला का हाल जानते अधिकारी। अमृत विचार

# 1.22 लाख से अधिक श्रमिकों को दिलायी मतदाता शपथ



किसान डिग्री कॉलेज में गुब्बारा उड़ाकर कार्यक्रम की शुरुआत करती डीएम। अमृत विचार



किसान डिग्री कॉलेज में दीपोत्सव कार्यक्रम में रंगोली सजाते अधिकारी और छात्राएं।



कैसरगंज के परसेंडी में दीप जलाते अधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में श्रमिक वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदाता शिक्षा एवं सहभागिता कार्यक्रम के तहत 1045 ग्राम पंचायतों में दीपोत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मनरेगा व अन्य कार्यदायी संस्थाओं के 1.22 लाख से अधिक श्रमिकों द्वारा मतदाता शपथ ली गई तथा विभिन्न स्थानों पर 7.10 लाख से अधिक दीप प्रज्ज्वलित कर मतदान का प्रकाश सर्वत्र फैलाने का सन्देश दिया गया।

विकास खण्ड बलहा की 59 ग्राम पंचायतों में 7391 श्रमिकों को शपथ तथा 50400 दीप जलाए गये। मुख्य कार्यक्रम सआदत इंटर कॉलेज नानपारा में आयोजित हुआ। ब्लॉक चित्तौरा की 90 ग्राम पंचायतों में 6175 श्रमिकों को शपथ तथा 61600 दीप जलाए गये। मुख्य कार्यक्रम चित्तौरा उद्यान में आयोजित हुआ। हुजूरपुर की 78 ग्राम पंचायतों में 5941 श्रमिकों को शपथ तथा 54720 दीप जलाए गये। मुख्य कार्यक्रम अमृत सरोवर बड़ागांव में आयोजित हुआ। जरवल की 78 ग्राम पंचायतों में 4769 श्रमिकों को शपथ तथा 36000 दीप जलाए गये। मुख्य कार्यक्रम ब्लॉक मुख्यालय में आयोजित हुआ। ब्लॉक कैसरगंज की 65 ग्राम पंचायतों में 6156 श्रमिकों को शपथ तथा 33600 दीप जलाए गये। मुख्य कार्यक्रम अमृत सरोवर परसेण्डी में आयोजित हुआ। महसी की 74 ग्राम पंचायतों में 16169 श्रमिकों को शपथ तथा 66400 दीप जलाए गये। मिहींपुरवा की 86 ग्राम पंचायतों में 16891 श्रमिकों को शपथ तथा 82417 दीप जलाए गये। नवाबगंज की 70 ग्राम पंचायतों में 11784 श्रमिकों को शपथ तथा 22483 दीप जलाए गये। मुख्य कार्यक्रम ब्लॉक परिसर के निकट अमृत सरोवर पर आयोजित हुआ। फखरपुर की 86 ग्राम पंचायतों में 9981 श्रमिकों को शपथ तथा 51500 दीप जलाए गये। मुख्य कार्यक्रम चौधरी सियाराम इंटर कॉलेज फखरपुर, करिया बाबा आश्रम बौण्डी व हुलसी माता मन्दिर भिलौरावासु में आयोजित हुआ। पयागपुर की 69 ग्राम पंचायतों में 2340 श्रमिकों को शपथ तथा 33600 दीप जलाए गये। कार्यक्रम पंचायत भवन सुमेरपुर में आयोजित हुआ। रिसिया की 74 ग्राम पंचायतों में 11061 श्रमिकों को शपथ तथा 56640 दीप जलाए गये। शिवपुर की 68 ग्राम पंचायतों में 9215 श्रमिकों को शपथ तथा 72960 दीप जलाए गये। तेजवापुर की 73 ग्राम पंचायतों में 6190 श्रमिकों को शपथ तथा 33600 दीप जलाए गये। ब्लाक विशेश्वरगंज की 75 ग्राम पंचायतों में 7847 श्रमिकों को शपथ तथा 54080 दीप जलाए गये। डीएम ने प्रभारी स्वीप सीडीओ के साथ केडीसी व चौधरी सियाराम इंटर कॉलेज का निरीक्षण कर दीप प्रज्ज्वलित किया।

## गर्भवती और किशोरियों को किया गया जागरूक

**महसी, बहराइच,अमृत विचार :** जनपद के विकासखंड महसी के आंगनबाड़ी केंद्र फत्तेपुरवा में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की ओर से गर्भवती महिलाओं को खानपान के बारे में जागरूक किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र में मौजूद महिलाओं को चौरंगा भोजन मतलब चावल, अंडा, दूध, पनीर, हरे पत्तेदार सब्जियां गाजर अनार, चुकंदर को लेकर प्रोत्साहित किया। किशोरियों को आयरन की गोली लेनी चाहिए, क्योंकि उसका शारीरिक और मानसिक विकास अच्छी तरह से होती रहे। यह सभी जानकारी प्रशिक्षका दीपिका शुक्ला ने जानकारियां दी। आंगनबाड़ी कार्यकत्री अंजू, सहायिका ज्ञानवती, फैल्कान मुंबई की तरफ से कोऑर्डिनेटर राम प्रगाश, अंबरीश शुक्ला, ललित पाठक, डीपीसी शाहिद अली उर्फ मामू, सहायक डीपीसी श्याम गोपाल तिवारी, सुनील यादव, जय वर्मा, दीपक तिवारी, कैमरामैन अमन कुमार विश्वकर्मा, बृजेश गोस्वामी आदि लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### श्रमिक ने घर में फंदा लगाकर दी जान

**बहराइच,अमृत विचार :** मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जालिम नगर निवासी रामरूप (20) वर्तमान समय में नैनिहा गांव में रहकर मजदूरी करते थे। अज्ञात कारणों से रामरूप ने गुरुवार को घर में फंदा लगाकर जान दे दी। आसपास के लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अभी आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है।

### आग से झुलसे बालक की हुई मौत

**हुजूरपुर, बहराइच, अमृत विचार :** रानीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जिगिनिया महिपाल गांव निवासी जय चंद्र के मकान में 18 अप्रैल को आग लग गई थी। जिसमें जय चंद्र के साथ उसका बेटा सुजीत (5) झुलस गया था। बेटे की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा था। बुधवार को डॉक्टरों ने लखनऊ रेफर कर दिया था। लेकिन आर्थिक स्थिति सही न होने पर परिवार के लोग उसे घर ले गए। जहां गुरुवार को उसकी मौत हो गई। परिवार के लोगों की तहरीर पर रानीपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बालक की मौत से परिवार के लोगों का रो रोकर बुरा हाल है।

### वारंटी को भेजा जेल

**रूपईडीहा, बहराइच,अमृत विचार :** रुपईडीहा थाना क्षेत्र के चारदा जंभोग निवासी किशन साहू पुत्र सांवली साहू के विरुद्ध न्यायालय ने वारंट जारी किया है। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि गुरुवार को उप निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद, दीवान राकेश कुमार और सोबिंद्र यादव की टीम ने वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# ईंट से कूचकर ग्रामीण की हत्या, नहर में मिला शव

## एसपी ने घटनास्थल का किया निरीक्षण, महिला हिरासत में

संवाददाता, बौंडी, बहराइच

**अमृत विचार :** जिले के छत्तरपुर गांव निवासी एक ग्रामीण की ईंट से कूचकर हत्या कर दी गई। इसके बाद उसका शव कर्बला के पीछे नहर में फेंक दिया गया। थानाध्यक्ष की सूचना पर पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर एक महिला को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

बौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम छत्तरपुर गांव निवासी रघुनाथ प्रसाद यादव उर्फ हेतु यादव (44) का बुधवार को कुछ लोगों से विवाद हुआ था। इसके बाद से रघुनंदन अचानक लापता हो गया। गुरुवार दोपहर उसका शव जैतापुर गांव में स्थित कर्बला के पीछे नहर में मिलने से हड़कंप मच गया। शव मिलने की जानकारी होने पर आसपास के लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई।



हत्या के बाद जांच करतीं पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

### आशनाई में हत्या की आशंका

पुलिस को दी गई तहरीर में मृतक के पिता ने जिस महिला का जिक्र किया है। वह नृत्यांगना है। साथ ही उसी से बुधवार को विवाद हुआ था। इसके बाद से रघुनाथ लापता था। पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में लिया है। ऐसे में आशनाई में हत्या की आशंका जताई जा रही है।

जांच में पता चला है कि ग्रामीण को ईंट से कूचकर शर्ट से उसके गला को दबाया गया है। मृतक के पिता मंशाराम यादव ने हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। थानाध्यक्ष अंजनी कुमार राय की सूचना पर पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। बौंडी पुलिस को जल्द ही घटना के खुलासे के निर्देश दिया। थानाध्यक्ष अंजनी कुमार राय ने बताया कि एक महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## 42.70 ग्राम स्मैक बरामद तस्कर गिरफ्तार

**बाबागंज, बहराइच,अमृत विचार :** भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी और पुलिस ने संयुक्त जांच के दौरान एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 42.70 ग्राम स्मैक बरामद कर सीज कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला और अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी के निर्देशन में भारत-नेपाल सीमा पर पुलिस और एसएसबी के जवान संयुक्त गश्त में लगे हुए हैं। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि चौकी इंचार्ज बाबागंज रामगोविन्द वर्मा की टीम और एसएसबी जवान चौरी कुटीया जाने वाले रास्ते बाबागंज के पास जांच कर रहे थे। तभी एक युवक को संदिग्ध हालात में देखकर उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 42.70 ग्राम स्मैक बरामद हुई। तस्कर अनीश अहमद निवासी इमामगंज थाना खैरीघाट के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। वहीं स्मैक को सीज कर दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद स्मैक की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 22 लाख रुपये बताई जा रही है। टीम में पुलिस विभाग से भरत यादव, अनुज कुमार और एसएसबी में एएसआई विप्लव कुमार घोष, मोहित कुमार, चन्द्र प्रताप सिंह, सैय्यद गुलाम मुर्तजा, शैलेन्द्र यादव, के. गौतम और महेन्द्र कुमार शामिल रहे।

# डीएम ने ली वोटर आईडी, बनीं मतदाता



मतदाता वोटर कार्ड लेतीं डीएम।

**बहराइच अमृत विचार :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतदान में शत-प्रतिशत मतदान की मुहिम छेड़ने वाली जिलाधिकारी मोनिका रानी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 286-बहराइच अन्तर्गत स्वयं भी मतदाता के रूप में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगी। कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बूथ लेबिल अधिकारी लक्ष्मी से अपना मतदाता पर्ची व वोटर आईडी प्राप्त की। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा भी मौजूद रहे।

# आठ किलोमीटर की परिधि में बंद रहेंगी आबकारी दुकानें

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन अन्तर्गत चतुर्थ चरण में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच में 13 मई तथा पंचम चरण में 20 मई को लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-57 (आंशिक) कैसरगंज में सम्पन्न होने हैं। इसके लिए बंदी के आदेश जारी किए गए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि मतदान की तिथि तथा 04 जून को जनपद में सम्पन्न होने वाली मतगणना को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने, थोक एवं फुटकर बिक्री की समस्त आबकारी अनुज्ञापन देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर समेत अन्य दुकानों की बन्दी के सम्बन्ध में आदेश जारी किये हैं। जारी आदेश के अनुसार बन्दी के दिवसों के लिए किसी भी अनुज्ञापी को कोई प्रतिफल अथवा प्रतिपूर्ति देय नहीं होगा। डीएम द्वारा जारी आदेश के अनुसार लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच अन्तर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बहराइच सदर, नानपारा, बलहा, मटेरा, महसी अन्तर्गत तथा 08 किमी की परिधि में स्थित समस्त आबकारी अनुज्ञापन 11 मई को सायं छह बजे से 13 मई को मतदान की समाप्ति तक, लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-57 (आंशिक) कैसरगंज के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र कैसरगंज एवं पयागपुर अन्तर्गत तथा 08 किलोमीटर की परिधि में स्थित समस्त आबकारी अनुज्ञापन 18 मई को सायं छह बजे से 20 मई को मतदान की समाप्ति तक पूर्णतया बन्द रहेंगे। इसी प्रकार मतगणना दिवस 04 जून को समस्त आबकारी की दुकानें बन्द रहेंगी।

# एनएमएमएस परीक्षा उत्तीर्ण छात्रा को बीईओ ने किया सम्मानित

संवाददाता, बौंडी, बहराइच

**अमृत विचार :** खंड शिक्षा अधिकारी अनुराग मिश्र द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय बमियारी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कक्षा 8 उत्तीर्ण छात्रा अंशिका मिश्रा को बीईओ ने प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया।



छात्रा को सम्मानित करते बीईओ।

अंशिका मिश्रा ने राष्ट्रीय विज्ञान अविष्कार प्रतियोगिता में ब्लॉक में प्रथम स्थान हासिल की थी तथा अभी हाल ही में जारी राष्ट्रीय आय योग्यता छात्रवृत्ति योजना (एनएमएमएस) परीक्षा में जनपद में 14वां स्थान प्राप्त किया है। बीईओ अनुराग मिश्र ने बताया कि ब्लॉक के सभी परिषदीय विद्यालय के स्टाफ लगातार बेहतर करने का प्रयास कर रहे हैं।

शिक्षक अरुण कुमार अवस्थी ने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा दी गई प्रोत्साहन राशि अन्य छात्र-छात्राओं को भी शिक्षा के प्रति जागरूक करेगी।

## सार-संक्षेप

### कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में आयोजित हुईं परीक्षाएं



कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में परीक्षा देतीं बालिकाएं।

**बहराइच,अमृत विचार :** जिले में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता सुधारने के लिए राज्य परियोजना निदेशालय के निर्देश पर विद्यालय में प्रत्येक माह परीक्षा आयोजित होगी। बुधवार को जिले के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में मासिक परीक्षा आयोजित हुई। शिक्षकों की ओर से विषयवार पेपर तैयार किए गए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्त राम तिवारी ने बताया कि निदेशालय के आदेश पर यह परीक्षा प्रत्येक माह की एक और दो तारीख में आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा में शामिल होने वाली छात्राओं के अंक उनके शैक्षणिक अभिलेख में जोड़े जाएंगे।

### शिक्षा का हमारे जीवन में विशेष महत्व



इंटर कॉलेज में सम्मानित छात्र। अमृत विचार

**बहराइच,अमृत विचार :** चिलवरिया बाजार में स्थित किसान इंटर कॉलेज लहरौरा में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। मेडल, शील्ड व फूल-मालाओं से बच्चों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य शिवकुमार पांडे ने की। इस मौके पर बच्चों को जीवन में शिक्षा के महत्व के बारे में बताया गया। विद्यालय के प्रबंधक लाल मोहम्मद खान ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षकों के सही मार्गदर्शन में छात्र अपने लक्ष्य की प्राप्ति करते हैं। अभिभावकों का अगर पूरा सहयोग छात्र-छात्राओं को मिल जाए तो निश्चित तौर पर उन्हें सफलता प्राप्त हो सकती है। हाईस्कूल में अच्छा अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में अरमान अली (95.5%) ने जिले में 8वां स्थान प्राप्त किया। अमित कुमार (83%), शिवानी वर्मा (83%), ओहिनी जायसवाल (80%), रिहान (83%), फरमान खान (82%) ने अंक पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इंटरमीडिएट में अनुराग कुमार (86%), जाबिर हुसैन (80%), नीलम (78%), सबा परवीन (79%) को अंक मिले। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष मिज्जन खान, प्राचार्य शिव कुमार पाण्डेय, अध्यापक कमल तिवारी, इमरान खान, आजम खान, कलीम अहमद, ओपी चौरसिया, सचिव चौरसिया, रिजवान खान, कोमल मिश्रा, अनुज पाण्डेम, करूण तिवारी, परशुराम सिंह, धर्मेन्द्र कुमार शुक्ल, नूरीशना, रोशनी, प्रदीप, आदि सभी शिक्षक-शिक्षकाएं उपस्थित रहे।

### सीआरपीएफ के सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक का स्वागत



जिला मुख्यालय पहुंचने पर सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक का स्वागत करते लोग।

**कैसरगंज, बहराइच,अमृत विचार :** कैसरगंज के ग्राम सिदरखा निवासी जगमोहन सिंह का सीआरपीएफ के उपनिरीक्षक के पद से 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त होने के बाद गुरुवार की सुबह वह कैसरगंज पहुंचे, जहां ऐनी अलहियापुर स्थित टोल प्लाजा पर सेवानिवृत्त वायु सेना अधिकारी वीरेश सिंह, प्रधान प्रतिनिधि राघव सिंह, अनिल सिंह, गुलाब सिंह, अखिलेश सिंह, संदीप सिंह, पंकज सिंह, पवन सिंह सहित पारिवारिक सदस्यों ने भव्य स्वागत किया। वर्तमान समय में वे कुपवाड़ा श्रीनगर में तैनात थे।

### गौरव सम्मान दिवस मनाया

**बहराइच,अमृत विचार।** जिले के बलहा और नवाबगंज विकास खंड में गुरुवार को कोर्टेवा पायोनियर कंपनी द्वारा बेमिसाल गौरव सम्मान दिवस मनाया गया। जिसमें ब्लॉक-बलहा और नवाबगंज के किसानों को सम्मनित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के लगभग 400 से अधिक किसान सम्मिलित हुए। कंपनी के टीएसएम उपेन्द्र सिंह व एसटी आशीष सिंह द्वारा खेती संबधित जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के बीज विक्रेता बंधुओं ने भी भाग लिया व गांवों में किसानों की उपज को खरीदने वाले व्यापारियों ने अपनी बात रखी। कार्यक्रम में कंपनी के प्रतिनिधि शुभम प्रताप सिंह, योगेन्द्र वर्मा, धर्मेन्द्र, राजू, अनूप आदि उपस्थित रहे।

# तेंदुए के हमले में दो युवक घायल, भर्ती

**मोतीपुर, बहराइच,अमृत विचार :** कतर्नियाघाट रेंज के घोसियाना गांव में गुरुवार सुबह खेत में काम करते समय युवक पर तेंदुए ने हमला कर दिया। इसके बाद पड़ोस के युवक को भी हमला कर घायल कर दिया। दोनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के कतर्निया घाट रेंज अंतर्गत भेड़हनपुरवा घोसियाना गांव निवासी अजीज अपने खेत में गुरुवार सुबह काम कर रहा था। इसी दौरान जंगल से निकले तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। वहीं बगल के खेत में मौजूद करीम निवासी पठाननपुरवा गुलरा भी तेंदुए के हमले में घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर वन क्षेत्राधिकारी कतर्नियाघाट रामकुमार द्वितीय, वनदरोगा मयंक पांडे, अब्दुल सलाम और वॉचर विनोद के साथ डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के मंसूर मौके पर पहुंचे। घायल युवकों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुजौली पर भर्ती कराया गया है। जहां से घायल दोनों युवकों को प्राथमिक उपचार के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर रेफर कर दिया गया।



घायल का एंबुलेंस में चल रहा इलाज।

# श्रमिकों को हक दिलाना सभी की जिम्मेदारी

संवाददाता, कैसरगंज, बहराइच

**अमृत विचार :** कैसरगंज तहसील के ग्राम पंचायत भखरौली कनपुरवा, भखरौली मुंगेशपुर, सिद्दरखी, सराय कनहर,परसेंडी के नारी संघ ने बैठक कर मजदूर दिवस मनाया। इस अवसर पर ग्रामवासियों को शत-प्रतिशत मतदान दिलाने की शपथ दिलाई गई। संस्था प्रमुख ने कहा कि श्रमिकों को उनका हक दिलाना सभी की जिम्मेदारी है।

संस्था प्रमुख किरण बैस ने बताया कि हर साल एक मई को पूरी दुनिया में मजदूर दिवस मनाया जाता है। ये दिन मजदूरों के अधिकार, न्याय और कामकाजी स्थिति पर बात करने, दिक्कतों को जानने और सुधार करने से जुड़ा हुआ है। कार्यकर्ता नमन द्वारा इस बार मजदूर दिवस की थीम के बारे में बताया कि "जलवायु परिवर्तन के बीच काम की जगह पर श्रमिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करना" होता है। इसी क्रम में मतदाता जागरुकता अभियान भी चलाया गया। जिसमें सोनी और जितेंद्र द्वारा सभी ग्रामवासियों को शत-प्रतिशत मतदान दिलाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान नारी संघ लीडर गोला देवी, मौगी देवी, भूरा देवी, सावित्री, नारी संघ पुरुष, घनश्याम, राजकुमार, नन्हू,पेशकर, किशोर, किशोरियां, बच्चे, सचिव राकेश वर्मा, विकास प्रजापति ग्राम रोजगार सेवक अमरेंद्र सिंह, बीडीसी राजेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान कमलेश अपराजिता कार्यकर्ता किरण बैस, अर्पिता, नमन, सोनी, जितेंद्र व अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे।



ग्राम भखरौली मुंगेशपुर में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस कार्यक्रम में मौजूद मजदूर।

## बच्चों के अभिभावकों मिली सहायता राशि

**बहराइच .अमृत विचार :** तहसील नानपारा अन्तर्गत ग्राम गिरधरपुर में 1 मई को डूबने से माही व चोहनी पुत्री सरबन, आंचल वर्मा पुत्री शोभाराम तथा राहुल वर्मा पुत्र राम सागर की मौत हो गई थी। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने घटना के 24 घंटे के अन्दर मृतक बच्चों के वारिसान के खातों में 4-4 लाख की अहैतुक सहायता धनराशि हस्तान्तरित करवा दी है। इसी प्रकार 26 अप्रैल को तहसील महसी के ग्राम नरोत्तमपुर में डूबने तथा 30 अप्रैल को तहसील नानपारा के ग्राम ललुही में सर्पदंश से हुई मौत के मामले में मृतक के आश्रितों के खातों में 4-4 लाख की धनराशि अहैतुक सहायता के रूप में हस्तान्तरित कर दी गई है। डीएम मोनिका रानी ने बताया कि शुष्क मौसम के दृष्टिगत जनपद में हुए अग्निकांड की घटनाओं के पीड़ितों को भी आर्थिक सहायता राशि खाते में भेजी गई है।

## सहूलियत — नशे की जांच के लिए ब्रेथ एनालाइजर भी दिया

# ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को मिले उपकरण

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** जनपद में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए यातायात पुलिसकर्मियों को ब्रेथ एनालाइजर, डेसीबल मीटर, पीओएस मशीन, बॉडी वॉर्न कैमरा तथा सुरक्षात्मक सामग्री का वितरण हुआ।

पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने यातायात ड्यूटी में लगे पुलिस बल को सुरक्षा के उपकरण दिए। यातायात प्रभारी अनेन्द्र यादव ने गुरुवार को यातायात कार्यालय, रिजर्व पुलिस लाइन में जनपद की यातायात शाखा में नियुक्त पुलिस बल को गर्मी व धूल से बचाव हेतु मास्क, चश्मा, हेलमेट व रात्रि ड्यूटी हेतु सुरक्षा के दृष्टिगत उपयोगी रिफ्लेक्टिव जैकेट, दस्ताना, बेल्ट व रेड-ग्रीन टार्च का वितरण किया। मादक पदार्थों का सेवन कर वाहन चलाने वाले चालकों की जांच हेतु ब्रेथ एनालाइजर, ध्वनि प्रदूषण की जांच हेतु डेसीबल मीटर (ध्वनि मापक यंत्र) ई-चालान की कार्रवाई के लिए पीओएस मशीन, वाहन चेकिंग के समय यातायात पुलिस पर लगने वाले अनावश्यक आरोपो से बचाव एवं गतिविधियों की निगरानी हेतु बॉडीवॉर्न कैमरा वितरित कर उसके प्रयोग के बारे में जानकारी प्रदान की। जनपद से यातायात पुलिस द्वारा माघ मेला में ड्यूटी के दौरान पुण्य अर्जन का भाव संजोये देश-विदेश के लाखों श्रद्धालुओं को यातायात में योगदान के लिए पुलिस आयुक्त, प्रयागराज द्वारा दिये गये प्रशस्ति पत्र का भी वितरण किया गया।



पुलिसकर्मी को प्रशस्ति पत्र देते अधिकारी।

## 27 बंडल नेपाली सिगरेट के साथ गिरफ्तार

**रुपईडीहा, बहराइच।** भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र बीओपी पर तैनात एसएसबी 42वीं वाहिनी के असिस्टेंट कमांडेंट सौरभ रंजन के नेतृत्व में एसएसबी की निरीक्षक अनिता कुमारी, एएसआई सरजीत मिताई, आरक्षी सिंपल गुप्ता, मेघाली बासुमारती, निजारमेधी दास, ऋतु चौधरी द्वारा पिलर संख्या 651/07 के पास पेट्रोलिंग की जा रही थी। गुरुवार को एसएसबी की टीम ने दीपेंद्र बहादुर शाही निवासी कालिका वार्ड नंबर 8 पोस्ट हाउडी जिला कालिकोट राष्ट्र नेपाल को 27 बंडल नेपाल निर्मित खुकरी सिगरेट के साथ गिरफ्तार किया। व्यक्ति के साथ पकड़े गए सामान को आवश्यक कार्रवाई के लिए रूपईडीहा सीमा शुल्क कार्यालय को सौंप दिया गया है।

# पिकअप और कार की आमने सामने टक्कर, सात घायल

संवाददाता, कैसरगंज, बहराइच

**अमृत विचार :** कैसरगंज थाना अंतर्गत नेशनल हाईवे पर बढौली पड़ाव के पास लखनऊ से आ रही एक कार और बहराइच की ओर से जा रही एक पिकप में आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

नियामतअल्ला (24), शबनम (35), बड़कऊ (45), जुबेदा खातून (40), वसीम अली (35), हामिद (43), आदिबा (35) निवासी जमुनहा बाजार थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती एक कार में सवार होकर लखनऊ से बहराइच की ओर आ रहे थे कि कैसरगंज की ओर से जा रहे एक पिकप से आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें कार में सवार सभी सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है। घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने वाहनों को रास्ते से हटवाकर यातायात बहाल कर दिया है।

रोहते सायकैर्विद्धं वनं परशुना हतम्।
वाचा दुरुक्तं बीभत्सं न संरोहति वाक्क्षतम्॥

बाणों से छलनी और फरसे से काटा गया जंगल पुन: हरा-भरा हो जाता है, लेकिन कटु-वचन से बना घाव कभी नहीं भरता।

## संपादकीय

# कर्नाटक की गूंज

कर्नाटक में सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोप को लेकर भाजपा और जेडीएस संकट में हैं। आशंका है कि इस मामले की गूंज चुनाव के शेष चरणों में पूरे देश में सुनाई देगी। प्रज्वल और उनके पिता एवं कर्नाटक के पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना के विरुद्ध पुलिस ने उनकी एक घरेलू सहायिका की शिकायत के बाद यौन उत्पीड़न और आपराधिक धमकी के आरोप में मामला दर्ज किया। प्रज्वल जेडीएस प्रमुख एवं पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते हैं। माना जा रहा है कि वह इस समय जर्मनी में हैं। जेडीएस ने हासन से सांसद रेवन्ना को पहले ही पार्टी से निलंबित कर दिया है। जेडीएस राज्य में भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है। यौन शोषण के इन आरोपों से निपटने में भाजपा असहज महसूस कर रही है और उसने इस मामले से खुद को अलग कर लिया है। पार्टी के कुछ नेताओं ने कहा कि वे सहयोगी दल के उम्मीदवार के चयन को लेकर असहज थे, क्योंकि पार्टी का आंतरिक मामला है लेकिन चिंता है कि यह प्रकरण कर्नाटक में पार्टी की संभावनाओं के साथ-साथ महिला मतदाताओं को प्रभावित कर सकता है। सवाल कर्नाटक राज्य की कांग्रेस सरकार पर भी है कि जब यौन-शोषण के अश्लील वीडियो सार्वजनिक हो चुके थे, तो प्रज्वल को हिरासत में लेकर पूछताछ क्यों नहीं की गई? उसे तब तक हिरासत में रखा जाना चाहिए था, जब तक अधिकतर पीड़िताओं के पक्ष दर्ज नहीं होते।

कर्नाटक महिला आयोग ने इसे 'सबसे बड़ा सैक्स स्कैंडल' करार दिया है। राजनेता सार्वजनिक मंचों से महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान की बातें करते हैं, मगर जब उन्हीं के बीच ऐसा कोई व्यक्ति नजर आता है तो उसे बचाने का प्रयास करने लगते हैं। कमोबेश ऐसे मामलों में आपस में रक्षा करते हैं। लगातार सवाल उठते रहेंगे कि रेवन्ना की विदेश भागने में किसने मदद की? विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि निलंबित जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना की जर्मनी यात्रा के संबंध में हमसे कोई राजनीतिक मंजूरी न तो मांगी गई और न ही यह जारी की गई। राजनयिक पासपोर्ट धारकों को जर्मनी की यात्रा के लिए किसी वीजा की आवश्यकता नहीं है। सवाल है कि क्या मंत्रालय उनका पासपोर्ट रद करने पर विचार कर सकता है। परंतु सवाल का सीधा जवाब मंत्रालय की ओर से नहीं मिला है। देखना दिलचस्प होगा कि केंद्र और राज्य सरकार किस तरह मामले की निष्पक्ष जांच कराती हैं और रेवन्ना को वापस लाकर उसके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करती हैं।

# महंगी पड़ सकती है ग्लेशियर के प्रति लापरवाही



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

ग्लोबल वार्मिंग या धरती का गरम होना, कार्बन उत्सर्जन, जलवायु परिवर्तन और शीतलीकरण का काम कर रहे ग्लेशियरों पर आ रहे भयंकर संकट व उसके कारण समूची धरती के अस्तित्व के खतरे की बातें अब महज कुछ पर्यावरण-विषेशज्ञों तक सीमित नहीं रह गई हैं।

बीते दिनों भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सेटेलाइट इमेज जारी कर बताया कि किस तरह हिमालय के ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं और इसके चलते कई ग्लेशियर झीलों का आकार दोगुने से बढ़ा है। इस रिपोर्ट को पढ़ते ही याद आया कि इस तरह 6 फरवरी 2021 की सुबह ग्लेशियर का एक हिस्सा टूट कर तेजी से नीचे फिसलकर ऋषि गंगा नदी में गिर था।

विशाल हिमखंड के गिरने से नदी के जल-स्तर में अचानक उछाल आया और रैणी गांव के पास चल रहे छोटे से बिजली संयंत्र में देखते ही देखते तबाही थी। उसका असर वहीं पांच किलोमीटर दायरे में बहने वाली धौली गंगा पर पड़ा व वहां निर्माणाधीन एनटीपीसी का पूरा प्रोजेक्ट तबाह हो गया था। रास्ते के कई पुल टूट गए और कई गांवों का संपर्क समाप्त हो गया। उस घटना ने यह स्पष्ट कर दिया था कि हमें अभी अपने जल-प्राण कहलाने वाले ग्लेशियरों के बारे में सतत अध्ययन और नियमित आकलन की बेहद जरूरत है। हिमालय की हिमाच्छादित चोटियों पर बर्फ के वे विशाल पिंड जो कि कम से कम तीन फुट मोटे व दो किलोमीटर तक लंबे हों, हिमनद, हिमानी या ग्लेशियर कहलाते हैं। ये अपने ही भार के कारण नीचे की ओर सरकते रहते हैं। जिस तरह नदी में पानी ढलान की ओर बहता है, वैसे ही हिमनद भी नीचे की ओर खिसकते हैं। इनकी गति बेहद धीमी होती है, चौबीस घंटे में बमुश्किल चार या पांच इंच। धरती पर जहां बर्फ पिघलने की तुलना में हिम-प्रपात ज्यादा होता है, वहीं ग्लेशियर निर्मित होते हैं। सनद रहे कि हिमालय क्षेत्र में कोई 18065 ग्लेशियर हैं और इनमें से कोई भी तीन किलोमीटर से कम का नहीं है।

हिमालय क्षेत्र के ग्लेशियर के बारे में यह भी गौर करने वाली बात है कि यहां साल में तीन सौ दिन, हर दिन कम से कम आठ घंटे तेज धूप रहती है। जाहिर है कि थोड़ी-बहुत गर्मी में यह हिमनद पिघलने से रहे। इसरो की ताजा रिपोर्ट देश के लिए बेहद भयावह है, क्योंकि हमारे देश की जीवन रेखा कहलाने वाली गंगा- यमुना जैसी नदियां तो यहां से निकलती ही हैं, धरती के तापमान को नियंत्रित रखने और मानसून को पानीदार बनाने में भी इन हिमखंडों की भूमिका होती है। इसरो द्वारा जारी सेटेलाइट इमेज में हिमाचल प्रदेश में 4068 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गेपांग घाट ग्लेशियल झील में 1989 से 2022 के बीच 36.49 हेक्टेयर से 101.30 हेक्टेयर का 178 प्रतिशत विस्तार दिखाया है। यानी हर साल झील के आकार में लगभग 1.96 हेक्टेयर की वृद्धि हुई है। इसरो ने कहा कि हिमालय की 2431 झीलों में से 676 ग्लेशियल झीलों का 1984 से 2016-17 के बीच 10 हेक्टेयर से ज्यादा विस्तार हुआ है। इसरो ने कहा कि 676 झीलों में से 601 झीलें दोगुना से ज्यादा बढ़ी हैं, जबकि 10 झीलें डेढ़ से दोगुना और 65 झीलें डेढ़ गुना बड़ी हो गई हैं।

> चिंता की बात यह है कि जिन 676 झीलों का विस्तार हुआ है, उनमें से 130 भारत की सीमा में हैं। यह भी विचारणीय है कि हिमखंड पिघलकर बन रही 14 झीलें 4,000 से 5,000 मीटर की ऊंचाई पर हैं, जबकि 296 झीलें 5000 मीटर से भी अधिक ऊंचाई पर हैं। याद करें कि उत्तर-पश्चिमी सिक्किम में 17,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित दक्षिण ल्होनक ग्लेशियर झील पिछले साल अक्तूबर में फट गई थी।

चिंता की बात यह है कि जिन 676 झीलों का विस्तार हुआ है उनमें से 130 भारत की सीमा में हैं। यह भी विचारणीय है कि हिमखंड पिघलकर बन रही 14 झीलें 4,000 से 5,000 मीटर की ऊंचाई पर हैं, जबकि 296 झीलें 5000 मीटर से भी अधिक ऊंचाई पर हैं। याद करें कि उत्तर-पश्चिमी सिक्किम में 17,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित दक्षिण ल्होनक ग्लेशियर झील पिछले साल अक्तूबर में फट गई थी। इससे आई बाढ़ के कारण 40 लोगों की मौत हुई थी और 76 लोग लापता हो गए थे। हिमाचल भी कुछ साल पहले पराच्छू झील के फटने से ऐसे ही त्रासदी का सामना कर चुका है। हिमालय को इतने विशाल ग्लेशियरों और हिमाच्छादित उत्तुंग शिखाओं के कारण तीसरे ध्रुव के रूप में जाना जाता है। यह क्षेत्र जलवायु परिवर्तन के कारण प्रभावित सर्वाधिक संवेदनशील क्षेत्रों में से एक है। कोई 200 साल के दौरान जैसे-जैसे दुनिया में कल-कारखाने लगे ग्लेशियर के पिघलने की नैसर्गिक गति प्रभावित भी हुई। जब ग्लेशियर अधिक तेजी से पिघलते हैं तो ऊंचे पहाड़ों की घाटियों में कई नई झीलें बन जाती हैं, साथ ही पहले से मौजूद झीलों का भी विस्तार होता है। ऐसी झीलों को हिमनद झील कहते हैं। ये झील नदियों के जल स्रोत होते हैं, लेकिन इनका फट जाना अर्थात् ग्लेशियर लेक आउटबर्स्ट फ्लड (जीएलओएफ) एक बड़ी प्राकृतिक आपदा भी होती है। जब बर्फ से बने बांध अर्थात् मोराईन के कमजोर होने पर अक्सर ऐसे हादसे होते हैं। हिमालय भारतीय उपमहाद्वीप के जल का मुख्य आधार है और यदि नीति आयोग के विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संख्या 2018 में तैयार जल संरक्षण पर रिपोर्ट पर भरोसा करें तो हिमालय से निकलने वाली 60 फीसदी जल धाराओं में दिनों-दिन पानी की मात्रा कम हो रही है।

ग्लोबल वार्मिंग या धरती का गरम होना, कार्बन उत्सर्जन, जलवायु परिवर्तन और शीतलीकरण का काम कर रहे ग्लेशियरों पर आ रहे भयंकर संकट व उसके कारण समूची धरती के अस्तित्व के खतरे की बातें अब महज कुछ पर्यावरण-विषेशज्ञों तक सीमित नहीं रह गई हैं। यह सारी दुनिया की चिंता है कि यदि हिमालय के ग्लेशियर ऐसे ही पिघले तो नदियों में पानी बढ़ेगा और उसके परिणामस्वरूप जहां एक तरफ कई नगर-गांव जलमग्न हो जाएंगे, वहीं धरती के बढ़ते तापमान को थामने वाली छतरी के नष्ट होने से भयानक सूखा, बाढ़ व गरमी पड़ेगी। जाहिर है कि ऐसे हालात में मानव जीवन पर भी संकट होगा। हिमालय पर्वत के उत्तराखंड वाले हिस्से में छोटे-बड़े कोई 1439 ग्लेशियर हैं। राज्य के कुल क्षेत्रफल का बीस फीसदी इन बर्फ-शिलाओं से आच्छादित है। इन ग्लेशियर से निकलने वाला जल पूरे देश की खेती, पेय, उद्योग, बिजली, पर्यटन आदि के लिए जीवनदायी व एकमात्र स्रोत है। जाहिर है कि ग्लेशियर के साथ हुई कोई भी छेड़छाड़ पूरे देश के पर्यावरणीय, सामाजिक, आर्थिक और सामरिक संकट का कारक बन सकता है।

कोई एक दशक पहले जलवायु परिवर्तन पर अंतर्राष्ट्रीय पैनल (आईपीसीसी) ने दावा किया कि धरती के बढ़ते तापमान के चलते संभव है कि सन् 2035 तक हिमालय के ग्लेशियरों का नामोनिशान मिट जाए। उदाहरण के तौर पर कश्मीर के कौलहाई हिमनद के आंकड़े देकर बताया गया कि वह एक साल में 20 मीटर सिकुड़ गया, जबकि एक अन्य छोटा ग्लेशियर लुप्त हो गया। गंभीरता से विचार करें तो पाएंगे कि हिमालय पर्वतमाला के उन इलाकों में ही ग्लेशियर ज्यादा प्रभावित हुए हैं, जहां मानव दखल ज्यादा हुआ है। सनद रहे कि 1953 के बाद अभी तक एवरेस्ट की चोटी पर 3000 से अधिक पर्वतारोही झंडे गाड़ चुके हैं। अन्य उच्च पर्वतमालाओं पर पहुंचने वालों की संख्या भी हजारों में है। ये पर्वतारोही अपने पीछे कचरे का अकूत भंडार छोड़कर आते हैं। इंसान की बेजा चहलकदमी से ही ग्लेशियर सहम-सिमट रहे हैं। कहा जा सकता है कि यह ग्लोबल नहीं लोकल वार्मिंग का नतीजा है। जब तब ग्लेशियर के ऊपरी व निचले हिस्सों के तापमान में अत्यिक फर्क होगा, उसके बड़े हिस्से में टूटने, फिसलने की संभावना होती है। कई बार चलायमान दो बड़े हिमपिंड आपस में टकरा कर भी टूट जाते हैं।

हालांकि यह बात स्वीकार करना होगा कि ग्लेशियर के करीब बन रही जल विद्युत परियोजना के लिए हो रहे धमाकों व तोड़ फोड़ से शांत-धीर गंभीर रहने वाले जीवित हिमपर्वत नाखुश हैं। हिमालय भू विज्ञान संस्थान का एक अध्ययन बताता है कि गंगा नदी का मुख्य स्रोत गंगोत्री हिमखंड भी औसतन 10 मीटर के बनिस्पत 22 मीटर सालाना की गति से पीछे खिसका है। सूखती जलधाराओं के मूल में ग्लेशियर क्षेत्र के नैसर्गिक स्वरूप में हो रही तोड़फोड़ है।

## प्रसंगवश

# अर्थशास्त्रियों की नई पीढ़ी

शहरों-कस्बों में युवा अर्थशास्त्रियों की एक नई पीढ़ी ने गदर मचाया हुआ है। रील, मीम, वीडियो, ब्लाक की खुराक पर जिंदा रहने वाला इस हेलो गाइज पीढ़ी का हर सदस्य केवल एक ख्वाब देखता है-द ग्रेट इंडियन ड्रीम जितना जल्दी मुमकिन हो, किसी भी तरह ढेर सारा पैसा कमा लेना। मैं एक बीस साल के सफल यूट्यूबर का इंटरव्यू देख रहा था, जो 28-30 की उम्र में रिटायर हो जाना चाहता है। यह पूछे जाने पर कि उसके बाद वह क्या करेगा वह कहता है, 'चिल करूंगा और क्या?' ग्यारह-बारह से लेकर अठारह-बीस साल तक के इन बच्चों का शगल है स्टॉक और शेयर मार्केट की बातें करना और सुनना।



अशोक पांडे
हल्द्वानी

यह लत उन तक उन महात्मा अर्थशास्त्रियों के वीडियो देखकर पहुंची है, जो दस दिन में हजार रुपये का एक लाख करना सिखाते हैं। इन सुपर स्टार महात्माओं के चेले मां-बाप से मांगे गए फीस के पैसे तक शेयर मार्केट में लगा रहे हैं। एक जगह बहुत से छोकरे एक लोकप्रिय पहाड़ी गीत का वीडियो देख रहे थे। दोस्त टीनएजर्स को मुफ्त करियर काउंसलिंग बांटने के कुटैव से ग्रस्त है। उससे रहा नहीं गया। पास जाकर पूछने लगा, 'आप लोग कौन सी क्लास में पढ़ते हो बेटे?'

एकाध बच्चों के मोबाइल से आंख उठाकर अस्पष्ट आवाज में उत्तर दिया और फिर से वीडियो देखने लगे। सोलह-सत्रह साल का जो लड़का अपने मोबाइल में वीडियो दिखा रहा था, वह बाकी से थोड़ा अलग नज़र आता था, सीधे मित्र से मुखातिब हुआ। 'मैं अपना काम करता हूं।' दोस्त बहुत प्रसन्न हुआ। पहाड़ों के बच्चे इतनी छोटी आयु में अपना काम करने लगें तो चमत्कार हो जाए। 'क्या काम करते हो?' 'इन्वेस्टमेंट का काम है।' दोस्त चौंका। यह गजब का सरप्राइज था। ऐसी उम्र में ऐसा आत्मविश्वास! 'कहां करते हो इन्वेस्टमेंट?' दोस्त बच्चे को शेयर मार्केटिंग के कामयाब नुस्खे बताने की मानसिक तैयारी करने लगा था। लड़के ने बेजारी से मेरे दोस्त की तरफ हिकारत से देखा और नया वीडियो खोजने में व्यस्त होते हुए बोला, 'ड्रीम इलेवन में!'

# अतीत का सर्वकालिक फलसफा



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

> ऐसा संकट भरा भारत बहुत दिनों तक अपने अतीत का सर्वकालिक फलसफा कैसे बांचेगा जिसका संदेश पूरी दुनिया पढ़कर उसे अपने सरमाथे लगाते रही है?

कम से कम दो हजार वर्षों से पूरी दुनिया उम्मीद भरी नजरें भारत पर ही टिकाए रही है। भारत में सभी प्रमुख धर्म हिंदू, इस्लाम, ईसाई, बौद्ध, जैन, पारसी, लाओत्से, कन्फ्युशियस और न जाने और कितने मजहबी विश्वास पनाह पाते रहे। मनुष्य को आत्मा के साथ जीने का शऊर सीखते रहे हैं। अलबत्ता हिन्दुस्तान युद्ध, मिलिटरी, हिंसा और साम्राज्यवादी फैलाव के वहशी इरादों से बेरुख रहा। इस कमजोरी के कारण उस पर दुनिया की सभी सभ्यताओं और देशों ने लगातार हमलावर होकर हुकूमत भी की।

मुगल, पठान, तुर्क, हूण, पुर्तगाली, अंग्रेज, फ्रांसीसी (और अब अमेरिकी) हिन्दुस्तान की छाती पर एक के बाद एक मूंग दलते रहे। शायद मुगल वंश पहला और अकेला हो जो हमलावर होकर आया, लेकिन न तो वापस चला गया न तिजारतजदां रहा और न उसने खुद को पर्यटक विदेशी समझा। उसने भारत के समाज, संस्कृति, सोच, दर्शन, इतिहास और अहसास को अपने अस्तित्व में उसके बरक्स जज्ब कर लिया। इसमें विवाद नहीं कि औसत दुनिया की हिंदू अपनी सोच, समझ और व्यवहार में धार्मिक आचरण का होता है। नेहरू और आंबेडकर दो सबसे बड़े संविधान नियंता हैं। उन्होंने पश्चिमी नस्ल के 'सेक्युलरिज्म' को संविधानोत्तर भारत के समाज का शऊर बनाने समीकरण रचे। शऊर तो दिमाग से उपजता है।

इसी तरह विवेकानंद ने यह बात कही थी कि निजी जीवन में धार्मिक रहो और सामाजिक जीवन में सेक्युलर हो अर्थात् आस्तिक सेक्युलर बनो। ऐसी सामाजिक और ऐतिहासिक कथाएं मसलन राम के चरित्र से उनके अवतारवादी ईश्वरीय अंश को अलग कर उनमें लोकतंत्रीय सुगंध और अनुगूंज ढूंढती है। धरती पुत्र राम को इस बात का श्रेय हासिल है कि हर हिंदू की आखिरी यात्रा में 'राम नाम सत्य है' का ही समवेत समर्थन गूंजता रहता है। इसी तरह हनुमान का चरित्र नपुंसकता, कमजोरी, पराजय और भय के बदले वीरता या साहस भरने का प्रतीक या प्रवक्ता है। हालिया 'जय श्रीराम' का नारा कमजोर के खिलाफ बलवान की, दलितों के खिलाफ सवर्ण की, गरीबों के खिलाफ श्रीमंतों की हिंसा का हथियार बनाया जा रहा है और फिर अन्य धर्मों के खिलाफ भी उसे लाउडस्पीकर की धमनियों में भरा जा रहा है।

भारत में पहली बार जनता के प्रतिनिधियों ने एक साथ बैठकर 300 हस्ताक्षरों में भविष्य के लिए संविधान लिखा। संविधान समझाता है तो उसका मजाक उड़ाते हैं। उसकी हेठी तक करने लगते हैं। महान हिंदू कौम ने दुनिया को इंसानियत, रूहानियत, सद्भाव और सहिष्णुता के मानक पाठ सबसे पहले और सबसे ज्यादा पढ़ाए हैं। कुछ लोग हिंदू होने का नकाब अपने चेहरे पर चस्पा कर महान जनवादी राम को अपने वोट बैंक का प्रचारक बनाते हैं। हनुमान की सेवा भावना और वीरता को कमजोर को डराने शगल करते हैं। यह भी सिक्के के दूसरे पहलू का सच है कि जो 15 प्रतिशत हैं। उन अल्पसंख्यकों में भी अपराधी नस्ल के कूढ़मगज हैं, कठमुल्ला तत्व हैं। वे स्त्रियों को बंदी बनाकर रखने को मर्दानगी कहते हैं। तीन तलाक को खुदा की इबादत समझाते हैं। मदरसों तक में बच्चों में जहर और जिहाद भरते हैं। इंसानी जिंदगी जीने देने में भी उन्हें कोफ्त होती रहती है। उन्हें इस बात की फिक्र होनी चाहिए कि पंद्रह सोलह प्रतिशत की आबादी वालों के कितने संसद और विधानसभाओं में हैं? कितने आईएएस और आईपीएस जैसी नौकरियों में हैं? कितने उद्योगपति हैं? राष्ट्रीय जीवन में कला, संगीत, फिल्म, दस्तकारी, खानपान वगैरह में नायाब प्रतिभागिता के बावजूद सामासिक संस्कृति के बनाने में उनसे भी कुछ हुल्लड़बाजों के कारण चूक क्यों हो रही है?

ऐसा संकट भरा भारत बहुत दिनों तक अपने अतीत का सर्वकालिक फलसफा कैसे बांचेगा जिसका संदेश पूरी दुनिया पढ़कर उसे अपने सरमाथे लगाते रही है? भारत जैसा पतन इतिहास में किस देश का हुआ है? महंगाई के कारण जीना मुश्किल हो रहा है। करोड़ों नौजवान बेरोजगार होकर निठल्ले घूमते व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी में पढ़ते अश्लील, कुंठित, अपराधी हरकतें कर रहे हैं। गरीब घरों के अधपढ़े या डिक्रीधारी नौजवान बच्चों का खून उन्हें बेरोजगार बनाकर चूस रहे हैं। नेताओं के बच्चे तो आक्सफोर्ड, हारवर्ड या कम से कम आईआईटी, आईआईएम वगैरह में दाखिल हैं। भारतीय निम्न मध्य वर्ग के युवाजन बददिमागी की हालत में मनुष्य से पशु बनाए जाने का खतरनाक अमानवीकृत अभियान चलाया जा रहा है। सरगना कॉरपोरेटियों की चेहरे की चाशनी बढ़ रही है, लेकिन शरीर का नमक घट रहा है।

## सोशल फोरम

# सही या गलत

संभवतः आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने कहा है कि तर्क स्वभावत क्षत्रिय है। आशय स्पष्ट है कि तर्क में किसी पक्ष की विजय हुई भी तो क्षति होनी ही है। आज विश्व में दो स्थानों पर विश्वयुद्ध की अनुगूंज साफ सुनाई दे रही है। हम तो केवल ईश्वर से प्रार्थना कर सकते हैं कि जल्दी शांति स्थापित हो। सही या गलत के बीच में लाइन खींचना कभी कभार कठिन हो जाता है।



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

यदि कहें कि यूक्रेन का पक्ष सही है तो आधे विश्व के नजर में उसका नाटो में शामिल होने की कोशिश गलत है। यदि सिपाही की गोली दुश्मन या आतंकवादी को मार देती है तो सही है, लेकिन यही गोली किसी नागरिक को लग गई तो गलत है। अपकृत्य विधि की नींव ही सही और गलत के कन्सैप्ट पर है। अब इसे छोटे स्तर पर कहता हूं तो यह उदाहरण आसानी से समझ आएगा। मान लीजिए की पत्नी श है और एक स्मार्ट पड़ोसी ल है। श कतिपय मानसिक और शारीरिक कारणों से क से खुश नहीं रह पाती है और ल इस स्थिति का लाभ उठाकर श के साथ सहानुभूति/शारीरिक संबंध प्राप्त करता है। यह नैतिक रूप से गलत है, लेकिन श और ल की दृष्टि में सही है। आप इसे निरपेक्ष भाव से लेंगे तो सही गलत के तर्क में पड़ेंगे ही नहीं और यदि तर्क में पड़ेंगे तो फिर वही होना है, जो शुरू में कहा है।

हथियार डाल देना एक कहावत है। इसे दूसरे शब्दों में सरेंडर कर देना भी कह सकते हैं। दूसरे विश्वयुद्ध में जापान और जर्मनी के ध्रुवीकरण ने हथियार डाल दिए थे। 1971 में पाकिस्तानी फौज ने बांग्लादेश में हथियार डाल दिए थे। निकट भविष्य में यूक्रेन भी हथियार डाल ही देगा। यह तो बड़े-बड़े युद्ध की कहानी है। पुरुष भी हथियार डाल ही देता है, लेकिन नारी को ईश्वर ने अमोघ अस्त्र यानी कि उसकी दो गज लंबी जुबान दे रखी है जिसे न तो चलाने में ताकत लगती है और न ही यह खंजर कभी पुराना होता है। आजकल कभी कभार न्यूज चैनल देखता हूं तो समझ में आता है कि रणभूमि में नारी शक्ति को परास्त कर पाना सूरमाओं को भी छक्के छुड़ा देता है।

-फेसबुक वॉल से

# वेदों में श्रम का सम्मान



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

> वेदों का स्पष्ट निर्देश है कि ज्ञान-विज्ञान और कौशल के विकास से हम समृद्धि तो प्राप्त करें, परंतु उसे केवल अपने भोग के लिए प्रयोग न करें। उसका उपयोग अपने सामाजिक दायित्वों को पूरा करने में करें।

वेदों में श्रम की गरिमा प्रमुख अंतर्निहित अवधारणा है। वैदिक ऋषियों की दृष्टि में श्रम का सम्मान था और श्रम के महत्व के रूप में व्यक्ति की प्रतिष्ठा थी, जो आर्थिक विषमताओं को नियंत्रित करने में सक्षम था। वैदिक ऋषियों के आर्थिक और श्रम संबंधी दृष्टि को ही समाजवाद के तत्संबंधी चिंतन का उद्गम स्रोत माना जा सकता है। भारतीय आदर्श "ईशा वास्यमिदं सर्वं यत्किंच जगत्यं" जगत के अनुसार तो मनुष्य अपने को केवल धन का संरक्षक समझें और अपनी आर्थिक समृद्धि को समाज के साथ साझा, बांटकर, दानवृत्ति से जीना चाहिए।

भारतवर्ष की प्राचीन सनातन परंपरा का आदर्श तो विश्व में समाजवाद का सर्वोच्च कीर्तिमान स्थापित करता है। व्यक्ति की उन्नति और समृद्धि को उसकी आर्थिक संपन्नता, दिखावटी भोगवादी जीवनशैली से नहीं मापा जाता। एक स्वस्थ मानसिकता, स्वस्थ शरीर, सादा जीवन, सबसे बांटकर जीना भारतीय आदर्श माना जाता था। यही कारण है कि भारतीय समाज में प्राचीन काल से अपने धन को परमेश्वर की कृपा समझने की परंपरा रही है। वेदों ने इसी भाव को समाज में विकसित करने पर जोर दिया है। वेद के कई सूक्तों में इस प्रकार के निर्देश पाए जाते हैं। ऋग्वेद के प्रथम अध्याय का पांचवां सूक्त इस पर ही केंद्रित है। यही सूक्त थोड़े परिवर्तन के साथ अथर्ववेद में भी आया है। वेदों में कहा गया है कि प्रत्येक व्यक्ति अपने कौशल को बढ़ाए। ऐश्वर्य की वृद्धि के लिए समाज का विभिन्न प्रकार के कार्यों के ज्ञान का सामर्थ्य बढ़ाया जाए और प्राकृतिक प्रतिभाओं का विकास हो। इस पर ऋग्वेद के नौवें अध्याय के 112वें सूक्त में काफी विवेचन मिलता है। वहां यह भी बताया गया है कि प्रत्येक व्यक्ति की प्रवृत्ति और रूचि भिन्न-भिन्न होती है, इसलिए उन्हें उनकी रूचि और प्रवृत्ति के अनुसार ही काम मिलना और करना चाहिए। आकाश से लेकर पृथ्वी तक के सब असंख्य पदार्थों के साधक अत्यंत उत्तम वरण करने योग्य सद्गुणों को रचने में समर्थ, परंतु दुष्ट स्वभाव वाले जीवों के कर्मों के भोग के निमित्त और जीवमात्र को सुख-दुःख देने वाले पदार्थों के भौतिक गुणों का उपदेश करो, जो सब प्रकार की विद्या से प्राप्त होने योग्य पदार्थों के निमित्त कार्य हैं, उनको उक्त विद्याओं से सबके उपकार के लिए यथायोग्य युक्त करो। सब पदार्थ विद्याओं के ज्ञान के उपयोग से निश्चय ही सुख प्रदान करने के लिए उत्तम समृद्धि के धन अन्न और आवागमन के साधन प्राप्त होते हैं। भौतिक पदार्थों और उनकी प्रक्रियाओं के संभावित दुष्परिणामों के रोकथाम के लिए सुरक्षा के साधनों का प्रचार करो। अनुसंधान के ज्ञान से उत्पन्न होकर सुख-समृद्धि के साधनों की नदियां बह चलती हैं। संसार के पदार्थों के सुख को ग्रहण करने ले लिए विद्या आदि उत्तम ज्ञान से प्रेरित होकर श्रेष्ठ अत्युत्तम कर्म करने वाले पूज्यजनों का अनुसरण करो। जीवन को सुखदायी बनाने के लिए उत्तम व्याख्यान से ज्ञान तथा प्रशिक्षण से अतितीक्ष्ण बुद्धि और कर्मठ प्रवृत्ति जागृत होती। उन्नति के लिए उत्तम ज्ञान और उपदेश की शिक्षा द्वारा तुम सैंकड़ों काम करने का यश प्राप्त करो। ज्ञान-विज्ञान से समृद्धि आती है, परंतु यदि वह समृद्धि सुखदायक न हो तो, व्यर्थ ही है। इसलिए वेदों का स्पष्ट निर्देश है कि ज्ञान-विज्ञान और कौशल के विकास से हम समृद्धि तो प्राप्त करें, परंतु उसे केवल अपने भोग के लिए प्रयोग न करें। उसका उपयोग अपने सामाजिक दायित्वों को पूरा करने में करें।

आज शासन सीएसआर के द्वारा देश के व्यवसायी वर्ग को सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करने के लिए बाध्य कर रहा है। वेद इसे बाध्यता नहीं, प्रेरणा द्वारा करवाने की बात कहते हैं। वे यह भी बताते हैं कि यदि हम अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन नहीं करते हैं तो समाज में न केवल अनाचार और हिंसा फैलती है, बल्कि उसके कारण हमारा जीवन भी अशांत हो जाता है। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि वेदों में न केवल विभिन्न प्रकार के कौशल और प्रौद्योगिकी का वर्णन है, बल्कि श्रम की गरिमा का भी महिमामंडन किया गया है।

# हरित क्रांति के जनक नॉर्मन बोरलॉग

नॉर्मन बोरलॉग ने मानव इतिहास पर सबसे बड़ा प्रभाव डाला है? वह एक वैज्ञानिक, शोधकर्ता थे, जिन्होंने दुनियाभर में फसल की पैदावार को बेहतर बनाने पर काम किया। 1940 के दशक में कई 'तीसरी दुनिया' के देशों में किसान अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए भी पर्याप्त गेहूं नहीं उगा पाते थे। सूखा, बीमारी और अन्य कारक उन्हें खुद को खिलाने के लिए पर्याप्त गेहूं की फसल उगाने से रोकते थे। उस समय मेक्सिको अपनी आधी आबादी को खिलाने के लिए ही पर्याप्त गेहूं उगा पाता था। इस समस्या को हल करने की कोशिश करने के लिए बोरलॉग ने उस समय मेक्सिको में रॉकफेलर फाउंडेशन के लिए काम किया। उन्होंने गेहूं की कई किस्मों को क्रॉस-ब्रीड किया जो सूखा-प्रतिरोधी, रोग-प्रतिरोधी थीं और जिससे पैदावार (प्रत्येक एकड़ से आपको मिलने वाले गेहूं की मात्रा) में वृद्धि होती जिसमें बड़े भारी गेहूं के दाने होते थे और फिर भी हवा और बारिश में खुद को सीधा रखने के लिए पर्याप्त मजबूत होते थे।



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

12 साल के भीतर बोरलॉग ने यह कर दिखाया और मेक्सिको गेहूं में आत्मनिर्भर हो गया। वे अपनी पूरी आबादी को खिलाने के लिए पर्याप्त मात्रा में फसल उगा सकते थे। इसके बाद बोरलॉग ने अपना ध्यान दक्षिण एशिया-भारत और पाकिस्तान की ओर लगाया, जहां अकाल अभी भी हर साल लाखों लोगों की जान ले रहा था। बोरलॉग वहां गेहूं की पैदावार को चार गुना बढ़ाने और भुखमरी के खतरे को खत्म करने में सक्षम थे जिससे लाखों लोगों की जान बच गई। बोरलॉग को "हरित क्रांति" शुरू करने का श्रेय दिया जाता है, जो अब पूरी दुनिया में फैल चुकी है। उन्होंने अपनी तकनीक को मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका में भी अपनाया जिससे लाखों लोगों की जान बच गई। गेहूं के साथ उनकी उपलब्धियों को चावल के साथ भी दोहराया गया जिससे दक्षिण-पूर्व एशिया के लोगों को भोजन मिला।

उनकी उपलब्धियों के लिए नॉर्मन बोरलॉग को 1970 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया, लेकिन वे यहीं नहीं रुके। उन्होंने अपना ध्यान अफ्रीका और मकई की ओर लगाया और वहां भी अनगिनत लाखों लोगों के लिए भोजन उपलब्ध कराया। वे अपने पूरे जीवन में भुखमरी और कुपोषण को मिटाने के अपने मिशन पर काम करते रहे। 1980 और 90 के दशक में चीनियों के साथ मिलकर उनके गेहूं की पैदावार बढ़ाने के लिए काम किया।

# बूथों पर भाजपा को मजबूत करें कार्यकर्ता : सतीश

## कार्यकर्ता सम्मेलन के बहाने सदर विधायक ने दिखाई ताकत , मुख्य अतिथि का स्वागत करते भाजपाई

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार :** भाजपा का खलीलाबाद विधानसभा क्षेत्र का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन गुरुवार को जनपद मुख्यालय स्थित कृष्णा पैलेस में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में उमड़ी कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ देख मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री सतीश शर्मा खासे गदगद दिखे। कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ जुटाकर सदर विधायक अंकुर राज तिवारी ने अपनी भारी राजनीतिक ताकत का एहसास कराया।



मुख्य अतिथि का स्वागत करते भाजपाई। अमृत विचार

मुख्य अतिथि सतीश शर्मा ने कार्यकर्ताओं के हुजूम को सम्बोधित करते हुए कहा कि चुनाव में ऐतिहासिक सफलता के लिए हर पदाधिकारी और कार्यकर्ता को अपने बूथ को सहेजने और शत् प्रतिशत मतदान कराने की आवश्यकता है। मोदी सरकार ने जन अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए पूरी दुनिया में भारत की साख मजबूत किया। शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने उत्तर प्रदेश के गुंडे माफियाओं और दंगाइयों को नेस्तनाबूत कर दिया है। जिसके चलते उत्तर प्रदेश में बड़ी संख्या में निवेश हो रहे हैं और यहां का युवा अब पलायन करने को मजबूर नहीं है। योगी और मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश विकसित होने की राह पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि आगामी 25 मई को होने वाले मतदान के दिन हर बूथ पर भाजपा को मजबूत बना दीजिए। मोदी जी अपने तीसरे कार्यकाल में देश की तमाम बड़ी समस्याओं को समाप्त कर देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी ताकत बना देंगे। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं की भारी मौजूदगी को लेकर सदर विधायक अंकुर राज तिवारी की जमकर सराहना किया। सम्मेलन को पूर्व सांसद अष्टभुजा प्रसाद शुक्ल, इंद्रजीत मिश्र, लोकसभा प्रत्याशी इं. प्रवीण निषाद, जिला प्रभारी अजय सिंह गौतम, लोकसभा प्रभारी रजनीकांत मणि त्रिपाठी, सदर विधायक अंकुर राज तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद श्रीवास्तव ने भी सम्बोधित किया। सम्मेलन का संचालन जिला महामंत्री कौशलेश सिंह दीपू ने किया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष राम ललित चौधरी, बद्री प्रसाद यादव, श्याम करन सिंह, नगरपालिका खलीलाबाद के पूर्व चेयरमैन श्यामसुंदर वर्मा, वरिष्ठ नेता राकेश मिश्र, डॉ. सत्यपाल पाल, डॉ. मनोज पाण्डेय, जिला पंचायत सदस्य अजय शर्मा, अमर राय, देवेन्द्र मिश्र, ज्ञानेंद्र मिश्र, सांसद प्रतिनिधि आनन्द त्रिपाठी, गणेश पाण्डेय, धनंजय पाण्डेय, पंकज शर्मा आदि मौजूद रहे।

# स्वच्छ व मजबूत सरकार का करें चयन : हरिदेव

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मेंहदावल स्थित प्रेमा एजुकेशनल एकेडमी में मतदाता जागरुकता के संदर्भ में संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी का शुभारम्भ प्रान्त संगठन मंत्री हरिदेव जी, जिला प्रमुख डॉ. विजय मिश्र, प्रान्त कार्यसमिति सदस्य डॉ. पूर्णेश नारायण सिंह, संस्थान की प्रबन्ध निदेशिका अंजना पाण्डेय ने मां सरस्वती और स्वामी विवेकानन्द के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन और द्वीप प्रज्ज्वलन कर किया।




मतदाता जागरुकता संगोष्ठी में मंचासीन पदाधिकारी। अमृत विचार

जनपद में दो दिवसीय प्रवास पर आए विद्यार्थी परिषद गोरक्ष प्रान्त के प्रांत संगठन मंत्री हरिदेव जी ने संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र के इस महाउत्सव में हम सबको लगकर अधिकतम मतदान करने की आवश्यकता है। जिससे अधिकतम जनभागीदारी वाला जनप्रतिनिधि लोकसभा में पहुंचे। जिससे एक स्वच्छ और मजबूत सरकार का गठन हो सके। प्रान्त कार्यसमिति सदस्य डॉ.पूर्णेश नारायण सिंह ने कहा कि हम सबका वोट अत्यंत बहुमूल्य है। डॉ. विजय मिश्र ने कहा कि अभाविप मतदाता जागरुकता अभियान के माध्यम से शत् प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को जागरूक कर रही है। प्रेमा एजुकेशनल एकेडमी की प्रबन्ध निदेशिका अंजना पाण्डेय ने कहा कि सौ प्रतिशत मतदान के माध्यम से ही हम एक सशक्त और अच्छे जनप्रतिनिधि का चयन कर पाएंगे। इस अवसर पर प्रान्त सहमंत्री माधवेन्द्र तिवारी, जिला संयोजक रवि शंकर सिंह, मारुति नंदन पाठक, आकाश गौरव सिंह, कृपाचार्य पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### सेवानिवृत्त रेलकर्मी की पानी में डूबकर मौत

**बहराइच।** कोतवाली नानपारा अंतर्गत ग्राम पंचायत हांडा बसेहरी निवासी राम फेरू (64) सेवानिवृत्त रेल कर्मी थे। गुरुवार को राम फेरू नित्य क्रिया के लिए गांव के निकट स्थित नहर के पास गए। इस दौरान चिकनी मिट्टी में उनका पैर फिसलने से पानी में गिर गए। पानी में डूबकर सेवानिवृत्त रेल कर्मी की मौत हो गई। परिवार के लोगों ने घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि वृद्धि की पानी में डूब कर मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### दिव्यांग युवक ने जहर खाकर दी जान

**बहराइच।** कोतवाली देहात के ग्राम पंचायत सिसई हैदर के मजरा चाइनपुरवा गांव निवासी मुकेश कुमार पुत्र ननकऊ दिव्यांग थे। किसी कारणवश मुकेश ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उनकी मौत हो गई। परिवार के लोगों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत से परिवार के लोगों का रो रोकर बुरा हाल है।

### पांच परिवारों में कराई सुलह

**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा आपसी पारिवारिक विवाद को समाप्त कराकर 5 परिवारों में सुलह कराया गया। प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र उप निरीक्षक रमाशंकर मिश्रा, हेड कांस्टेबल ओम प्रकाश यादव, महिला सिपाही सविता मिश्रा, गिरजावती यादव, निशी त्रिवेदी द्वारा शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर-समझकर दूसरे पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया, जिसके परिणाणस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात करते हुए सुलह कर ली।

# जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष ने ग्रहण किया पदभार

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, बहराइच के अध्यक्ष का पदभार सुरेश चंद्र भारती द्वारा ग्रहण किया गया है।



पदभार ग्रहण करते सुरेश चंद्र।

जिले में आयोग के अध्यक्ष का पद वर्षों से रिक्त चला रहा था, जिससे मुकदमों में कोई सुनवाई नहीं हो पा रही थी। माह अप्रैल 2024 तक जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, बहराइच में कुल 978 मुकदमें लम्बित हैं। जिला आयोग में प्रत्येक माह के चतुर्थ शनिवार को उपभोक्ता लोक अदालत लगायी जाती है। ऐसे इच्छुक वादकारी जो उपभोक्ता लोक अदालत के माध्यम से अपने वाद का निस्तारण कराना चाहते है, वे प्रत्येक माह के चतुर्थ शनिवार को उपभोक्ता लोक अदालत में अपना परिवाद निस्तारण हेतु लगवा सकते हैं। अध्यक्ष ने उपभोक्ताओं को सुझाव दिया है कि किसी भी वस्तु की खरीदारी करते है तो उसका पक्का बिल अवश्य दुकानदार से प्राप्त कर लें।

जिससे सामान में कोई भी दिक्कत/परेशानी होने पर उसको समयान्तर्गत बदला जा सके और उसका मुआवजा प्राप्त कर सकें। यदि कम्पनियां अपने सामान को वारंटी के अन्दर बदलने से इन्कार करती हैं, तो उसकी क्षतिपूर्ति के लिए जिला आयोग में अपना वाद दायर कर अथवा ऑनलाइन ई-फाइलिंग के माध्यम से शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

### निषाद पार्टी जिलाध्यक्ष पर पिटाई का आरोप

संवाददाता, संतकबीरनगर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के सौरहा सिंघोरहवा निवासी भारतीय जनता पार्टी के मंडल उपाध्यक्ष व पूर्व प्रधान दूधनाथ शर्मा ने निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष रामनरेश निषाद और उनके साथियों पर लोहे की रॉड, हॉकी और डंडों से पीटकर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगाया है।



पिटाई से घायल भाजपा नेता।

कोतवाली खलीलाबाद पुलिस को सौंपी गई तहरीर में उन्होंने बताया कि बुधवार की शाम वे डंडियवा गांव में एक घर भोज कार्यक्रम में गए थे। वहां निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष रामनरेश निषाद ने अपने अन्य साथियों के साथ लोहे की रॉड से सिर पर प्रहार कर दिया। इस हमले में दूधनाथ शर्मा का सिर फट गया। बाद में रमेश निषाद और उनके साथियों ने लाठी-डंडों सेबुरी तरह पीटा। बाद में स्थानीय लोगों ने घायल भाजपा नेता को राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित एक प्राइवेट अस्पताल ले जाकर भर्ती करा दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद श्रीवास्तव ने अस्पताल पहुंचकर घायल का हालचाल लिया।

# नामांकन के चौथे दिन निर्दलीय प्रत्याशी ने किया नामांकन




नामांकन दाखिल करते निर्दलीय प्रत्याशी मित्रसेन यादव। अमृत विचार

संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन में संत कबीर नगर लोकसभा क्षेत्र के लिए बृहस्पतिवार को निर्दल प्रत्याशी मित्रसेन यादव पुत्र चन्द्रभान यादव ने रिटर्निंग आफिसर के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके अलावा रामप्रवेश मिश्र पुत्र सम्पूर्णानंद मिश्र ने राष्ट्रवादी पार्टी ऑफ इण्डिया से प्रत्याशी के तौर पर दो सेटों में नामांकन पत्र प्राप्त किया। इस दौरान सुरक्षा का तगड़ा इंतजाम रहा। प्रत्याशी और उनके प्रस्तावकों के अलावा किसी को भी नामांकन परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई।

### भाजपा प्रत्याशी का नामांकन कल

लोकसभा क्षेत्र संतकबीरनगर से घोषित भाजपा प्रत्याशी इं. प्रवीण निषाद कल विशाल काफिले के साथ अपना नामांकन दाखिल करने पहुंचेंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि कल सुबह 10 बजे से खलीलाबाद स्थित जूनियर हाईस्कूल परिसर में विशाल नामांकन सभा का आयोजन किया गया है। सभा को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह समेत तमाम बड़े नेता सम्बोधित करेंगे। सभा स्थल से भाजपा प्रत्याशी विशाल काफिले के साथ नामांकन करने के लिए रवाना होंगे। उन्होंने नामांकन जुलूस को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी जनप्रतिनिधियों, निवर्तमान जन प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और आम जनमानस से ससमय उपस्थिति दर्ज कराने का आह्वान किया है।

### बसपा ने तीसरी बार बदल दिया प्रत्याशी

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** बहुजन समाज पार्टी ने बृहस्पतिवार को तीसरी बार अपना प्रत्याशी बदल कर अपने ही कार्यकर्ताओं को हैरत में डाल दिया है। बसपा ने अब नदीम अशरफ को प्रत्याशी घोषित किया है। बताते चलें कि बसपा ने सबसे पहले मोहम्मद आलम को अपना प्रत्याशी घोषित किया था। चुनाव प्रचार में सुस्ती और लापरवाही के चलते बसपा ने उनका टिकट काटकर सैयद दानिश के रूप में युवा चेहरे को अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया। सैयद दानिश अपने चुनावी अभियान का आगाज करते उससे पहले ही पता चला कि मतदाता सूची में उनका नाम ही दर्ज नहीं है। इस बात का पता चलते ही पार्टी नेतृत्व ने सैयद दानिश के बड़े भाई नदीम अशरफ को प्रत्याशी घोषित कर दिया। लगातार बदल रहे चेहरे को लेकर बसपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उहापोह की स्थिति देखी जा रही है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि जबतक प्रत्याशी का नामांकन फाइनल नहीं हो जाता इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि बसपा से फाइनल प्रत्याशी कौन होगा।



नदीम अशरफ

# एसीपी की मांग पूरा करें डीपीओ



डीपीओ को ज्ञापन देते कर्मचारी। अमृत विचार

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** सुपरवाइज़र्स एसोसिएशन की अध्यक्ष पल्लवी एवं सचिव सरोजलता रावत ने मुख्यसेविका बहनों की विभिन समस्याओं को लेकर जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर से मुलाकात की और उन्हें मांगपत्र देकर समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की।

मुख्य सेविकाओं की मुख्य समस्या निदेशालय बालविकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा 6 माह पूर्व एसीपी का लाभ (सुनिश्चित कैरिअर प्रोन्नयन) दिए जाने के आदेश पारित किये गए थे, लेकिन जिला स्तर पर अद्यतन मुख्यसेविकाओं को इसका लाभ नहीं दिया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी राज कपूर ने शीघ्र समस्या के निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान जिले के सुपर वाइजर मौजूद रहे।

# सड़क हादसों में युवक समेत चार की मौत, दो घायल

**रूपईडीहा/पयागपुर, अमृत विचार।** जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में सड़क हादसों में युवक समेत चार लोगों की मौत हो गई। जबकि दो लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



(फाइल फोटो)।

नानपारा कोतवाली क्षेत्र के मिरियासी टोला निवासी आरिफ का 28 वर्षीय पुत्र फिरोज गुरुवार को बाइक से जफर (32) के साथ जा रहा था। रुपइडीहा थानाक्षेत्र के नेशनल हाईवे पर दुर्गापुर गांव के पास ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने फिरोज को मृत घोषित कर दिया। जफर का इलाज चल रहा है। पयागपुर थाना क्षेत्र के सोहरियाँवा के खड़पुरवा निवासी संदीप (26) गुरुवार को बाइक से अपनी ससुराल बलरामपुर जा रहा था। पयागपुर इकौना मार्ग पर नेजाभार के पास लोडर ने बाइक में टक्कर मार दी। उसके सिर में गंभीर चोटें आई। पुलिस द्वारा अस्पताल पहुंचाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

उधर नेपला के सोन पथरी निवासी अरुण कुमार वर्मा (19) पुत्र राम सुहावन और सुरेंद्र वर्मा (22) पुत्र श्रवण कुमार वर्मा अपने मामा के यहां रूपईडीहा थाना क्षेत्र के ग्राम रग्घूपुर गांव में रहते हैं। सुरेंद्र अपने फूफा के मेडिकल स्टोर पर काम करता था। बुधवार रात में सुरेंद्र और अरुण बाइक से नानपारा लेने के लिए बुधवार को आए थे। इसके बाद वह दवा लेकर बाइक से वापस घर जा रहे थे। कोतवाली नानपारा क्षेत्र के रूपईडीहा नानपारा ओवर ब्रिज पर रात नौ बजे सामने से आ रही दूसरे बाइक सवार से टक्कर हो गई। जिसमें नगर पालिका परिषद नानपारा के मोहल्ला घसियारन टोल निवासी अरशद रजा उर्फ ताजू (35) पुत्र मोहम्मद रजा उर्फ राजू और दूसरे पर बाइक सवार सुरेंद्र वर्मा, सुरेंद्र वर्मा घायल हो गए। सभी को आसपास के लोगों की मदद से सीएचसी पहुंचाया गया। यहां पर सुरेंद्र कुमार और अरशद रजा को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जबकि घायल अरुण का इलाज चल रहा है।

# एचआरपीजी कॉलेज में स्थापित होगा अस्थाई वेयर हाउस

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर ने जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्षों को लोकसभा सामान्य निर्वाचन में ईवीएम प्रशिक्षण के लिए हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय खलीलाबाद में अस्थाई वेयरहाउस बनाये जाने के बारे में अवगत कराया है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के लिए हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय खलीलाबाद में पीठासीन अधिकारियों और अन्य कार्मिकों को प्रथम प्रशिक्षण के तहत आगामी 6, 7, 8 और 9 मई को ईवीएम संचालन का प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। इसके लिए स्नातकोत्तर मनोविज्ञान व्याख्यान कक्ष संख्या 2 को अस्थाई वेयर हाउस बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में 1437 मतदेय स्थलों के सापेक्ष प्रशिक्षण कार्य के लिए 7 प्रतिशत अर्थात 101 सीयू, 101 बीयू तथा 101 वीपी पैट ईएमएस पोर्टल पर दर्ज कर उसकी सूची सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को उपलब्ध करा दी गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों का आह्वान किया है कि वे 5 मई को 11 बजे से कलेक्ट्रेट कम्पाउण्ड स्थित वेयरहाउस में उपस्थित हों।


## वर्ग पहेली-58

**बाएं से दाएं**

1. वध; मारण।
4. 1. सब्ज़ी एवं फल आदि बोने तथा बेचने का व्यवसाय करने वाली एक जाति 2. सब्ज़ी एवं फल आदि बेचने वाला व्यापारी या दुकानदार।
5. खिलवाड़ में ही जिसका मन अधिक लगता हो।
7. बड़ी खुरपी।
8. 1. धरती पर पड़ा

**ऊपर से नीचे**

1. 1. निर्जल 2. जो बिना जल ग्रहण किए रहता या रह सकता हो।
2. मूर्ख, बेवकूफ़।
3. 1. डफ़ली के आकार का चमड़ा मढ़ा हुआ छोटा वाद्य जो लोक शैली के गायन में प्रयोग होता है 2. खंजरी, खंजरी।
4. अविवाहित, अपरिणीता; कुमारी लड़की, कुंआरी।
5. खिलवाड़ करने वाला, खिलवाड़ी मानसिकता का, खिलाड़ी।
6. वह छोटा-सा पलंग जो रस्सी या निवाड़ से बुना जाता है और जिसमें चार पाए होते हैं, खटिया, खाट।




### वर्ग पहेली -57 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 वि | | | 2 सें | | | 3 फ़ |
| त | | | 4 स | ह | चा | री |
| ति | | | र | | | ज़ा |
| | 5 नि | वे | शि | त | | |
| | रो | | प | | | 6 चिं |
| | ध | | | | 7 बं | ग |
| 8 ध | न | पि | शा | ची | | ड़ा |

## सुडोकू -137

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | 5 | 4 | | | | |
| 2 | 3 | | | | 9 | | | |
| 4 | | | | 6 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | | |
| | 7 | | | | | | 5 | |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| | 1 | | | 9 | | 6 | | 4 |
| | 9 | | 4 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 3 | 2 | 7 | | |

### सुडोकू -136 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 8 | 3 | 1 | 6 | 2 | 9 | 7 |
| 9 | 3 | 1 | 5 | 7 | 2 | 6 | 8 | 4 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 9 | 8 | 1 | 5 | 3 |
| 7 | 2 | 9 | 8 | 6 | 3 | 5 | 4 | 1 |
| 1 | 8 | 5 | 2 | 4 | 9 | 7 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 5 | 1 | 8 | 2 | 9 |
| 2 | 9 | 3 | 1 | 8 | 7 | 4 | 6 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 9 | 1 | 2 |
| 5 | 1 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 7 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 मई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-दशमी 11.24 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-शतभिषा 4 मई 12.06 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

**मेष** — आज आपकी सूझबूझ और दूरदर्शिता की प्रशंसा होगी। विदेश में जॉब कर रहे लोगों की आय हो सकती है। पति-पत्नी के आपसी संबंध मधुर होंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी कार्यशैली की प्रशंसा होगी। महत्वपूर्ण व्यावसायिक अनुबंध होने के योग प्रबल हैं।

**वृष** — आज आपके उदार स्वभाव की प्रशंसा होगी। रिश्तों में ताजगी का अनुभव कर सकते हैं। नई विधा के कार्यों की तरह आपकी रुचि बढ़ेगी। आपकी आय में वृद्धि हो सकती है। सभी काम आपकी इच्छा के अनुसार ही परिणाम देंगे।

**मिथुन** — आज बॉस आपके ऊपर काफी निर्भर रहेंगे। प्राइवेट नौकरी कर रहे लोगों को बोनस मिल सकता है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। दोस्तों के साथ आप घूमने जा सकते हैं। सहकर्मियों के मदद से रुके हुए काम समय पर पूर्ण कर लेंगे।

**कर्क** — आज यदि कहीं बाहर जा रहे हैं तो खानपान का विशेष ध्यान रखें। बेवजह से झगड़ों से स्वयं को दूर रखें। अपने विचारों को दूसरों पर थोपने से आपको बचना चाहिए। सेहत के मामले में आपको परेशानी होगी।

**सिंह** — आज दिन की शुरुआत बहुत ही अच्छी रहेगी। अपनी बचत को लेकर थोड़े से आशंकित रहेंगे। भाई-बंधुओं के साथ विवाद सुलझ सकता है। जीवनसाथी से कोई काम छिपा कर न करें वरना आपको भविष्य में समस्या हो सकती है।

**कन्या** — आज अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें। प्रतियोगी परीक्षा में बड़ी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। पैतृक संपत्ति से जुड़े मामले सुलझ सकते हैं। समय आपके लिए शुभ रहने वाला है। नौकरीपेशा लोगों की आय बढ़ सकती है।

**तुला** — आज रुके हुए काम दोबारा शुरू होंगे। प्रेमी जन के व्यवहार से आप गुस्सा हो सकते हैं। आपका मन अशांत हो सकता है। आपके विरोधी अचानक सक्रिय हो सकते हैं। रिश्तों में नई ताजगी आएगी। परिवार के साथ आपको समय बिताना चाहिए।

**वृश्चिक** — आज आपके ऊपर लोग गलत आरोप लगा सकते हैं। प्रेम संबंधों में मर्यादा का ध्यान रखें। परिवार के साथ आप समय बिताना पसंद करेंगे। व्यवसाय में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। जीवनसाथी का स्वास्थ्य थोड़ा खराब हो सकता है।

**धनु** — आज समाज में आपकी पहचान मजबूत होगी। घर का वातावरण बहुत शुभ रहने वाला है। संपत्ति विवाद खत्म होने के योग बन रहे हैं। अनुभवी लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार को लेकर आप गंभीरतापूर्ण निर्णय ले सकते हैं।

**मकर** — आज दांपत्य संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। बुजुर्ग लोग आपको बहुत अच्छी सीख देंगे। रिश्तेदारों से उपहारों का आदान-प्रदान होगा। आर्थिक स्थिति बेहतर रहने वाली है, किंतु धन का अपव्यय करने से बचें। मित्रों के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे।

**कुंभ** — आज सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के ऊपर काम का दबाव घटेगा। आपके आत्मविश्वास और मनोबल में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्यों में आप भाग लेंगे। बच्चे अपने भविष्य को लेकर थोड़े सशंकित हो सकते हैं। व्यापार में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।

**मीन** — आज व्यर्थ के कार्यों में ज्यादा धन बर्बाद न करें। खांसी-जुकाम की समस्या हो सकती है। तनाव से बचने के लिए ध्यान और प्राणायाम अवश्य करें। नया काम शुरू करना बिल्कुल भी उचित नहीं है। शाम के समय परिस्थितियां धीरे-धीरे अनुकूल होंगी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
मजाल — सुबह : 10.46
भीष्मा — रात : 07.00

SONY PIX
मॉन्स्टर हंटर — सुबह : 11.18
पेसिफिक रिम — रात : 08.42

SONY MAX
पीकू — सुबह : 10.51
सत्यमेव जयते 2 — रात : 09.01

ZEE CINEMA
गुलाब गैंग — सुबह : 09.10
बमफाड़ — शाम : 05.15

colors CINEPLEX
गब्बर इज बैक — सुबह : 10.38
आर... राजकुमार — शाम : 06.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर सुबह : 10.38 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सोनू- तुम ऑपरेशन कराने से पहले ही क्यों भाग गए?
बंटी- नर्स बार-बार कह रही थी, डरो मत कुछ नहीं होगा हिम्मत रखो, कुछ नहीं होगा ये तो बस एक छोटा सा ऑपरेशन है।
सोनू- इसमें डरने की क्या बात है? सही तो कह रही थी।
बंटी- अबे, वो मुझसे नहीं डॉक्टर से कह रही थी।

डॉक्टर - कहिए कैसे आना हुआ?
राजू- डॉक्टर साहब लिवर में बहुत दर्द हो रहा है।
डॉक्टर- शराब पीते हो?
राजू- हां- हां बिल्कुल पर छोटा पैक ही बनाना।

## एक नजर

### पुलिस ने थाना क्षेत्रों में किया पैदल गश्त

**सिद्धार्थनगर।** जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी बुद्ध पूर्णिमा, महाराणा प्रताप जयन्ती, परशुराम जयन्ती तथा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 व शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट-स्पॉट तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त किया गया। समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व भीड़-भाड़ वाले स्थानों के आस-पास पैदल गश्त/चेकिंग किया गया तथा आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुए जनसंवाद स्थापित किया गया व निर्भीक होकर लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया।

### दबंगों से परेशान महिला ने सीओ से लगाई गुहार

**शाहाबाद, हरदोई।** दबंगों द्वारा प्रताड़ित किए जाने पर महिला ने क्षेत्राधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना पचदेवरा के ग्राम भाहपुर सपाहा निवासी रामबेटी पत्नी पाती राम ने सीओ को दिए प्रार्थना पत्र के हवाले से बताया कि गांव के दबंग राम दास ने अपने पुत्रों गोविंद और गोपाल के साथ मिलकर बुधवार की शाम उसके दरवाजे पर आकर उसे गाली गलौज किया। विपक्षियों ने जान से मारने की धमकी दी है।

### बीए (प्रथम) सेमेस्टर का ऑनलाइन दाखिला शुरू

**हरदोई।** आर्य कन्या महाविद्यालय में बीए (प्रथम) सेमेस्टर 2024-25 का दाखिला शुरु है। महाविद्यालय की प्राचार्या ने बताया कि दाखिला लेने वाले छात्र-छात्राएं लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कराने के बाद महाविद्यालय की वेबसाइट पर एप्लिकेशन अपलोड कर उसका प्रिंट आउट जमा करें। विश्वविद्यालय की शर्ते पूरी करने वाले छात्र-छात्राओं को ही दाखिला दिया जाएगा।

### पैरालाइसिस के शिकार एसआई की घर पर मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** पीएचक्यू (पुलिस हेड क्वार्टर) में तैनात एसआई पैरालाइसिस होने के बाद से बीमार थे। उनकी बुधवार को घर में ही मौत हो गई। पाली पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए पोस्टमार्टम कराया है।

# बसपा प्रत्याशी को लेकर भ्रम की स्थिति

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** लोकसभा सीट डुमरियागंज में नामांन प्रक्रिया शुरू होने के बाद चुनावी सरगर्मी बढ़ गई है। भाजपा प्रत्याशी जगदंबिका पाल ने जहां नामांकन कर चुके हैं वहीं बसपा प्रत्याशी को लेकर अभी तक संशय बना हुआ है। यहां से बसपा के दो-दो प्रत्याशियों के मैदान में होने की चर्चा है, हालांकि पार्टी का अंतिम प्रत्याशी कौन होगा, यह देखना होगा।

ख्वाजा शमसुद्दीन ने बसपा प्रत्याशी के रूप में पर्चा खरीदा है वहीं दूसरी तरफ गुरुवार को सियासी गलियारे में मोहम्मद नदीम मिर्जा को प्रत्याशी घोषित किए जाने की अफवाह रही। बसपा



प्रत्याशी के रूप में चौधरी अमर सिंह का नाम भी चल रहा है। सूत्रों का कहना है कि अमर सिंह चौधरी अभी लखनऊ में डेरा डाले हुए हैं। फिलहाल बसपा प्रत्याशी को लेकर जनता में भ्रम की स्थिति हो गई है। वहीं इंडिया गठबंधन से चुनाव लड़ रहे भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी अपनी ही पार्टी के लोगों से भीतर घात के शिकार हो रहे हैं। दो दिन पूर्व सपा के जिला अध्यक्ष लालजी यादव का एक ऑडियो वायरल हुआ है, जिसमें उन्होंने कहा है कि लोकसभा डुमरियागंज के लिए पार्टी हाई कमान ने गलत प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतार दिया है।

इसको लेकर भी चर्चा का माहौल बना हुआ है। इस सम्बन्ध में पूर्व बसपा जिला अध्यक्ष पीआर आजाद ने कहा कि पहले प्रत्याशी से हमारी एक बार मुलाकात हुई है, दूसरे प्रत्याशी नदीम, जिनके नाम की घोषणा की बात कही जा रही है, उनको मैं नहीं जानता, लेकिन पार्टी का जो भी निर्णय होगा उसे मानूंगा।

### एक भी नामांकन नहीं, चार दावेदारों ने खरीदे पर्चे

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 नामांकन प्रक्रिया के चौथे दिन कोई पर्चा दाखिला नहीं किया गया, बल्कि कुल 4 सेट में पर्चे की खरीदारी की गई। पर्चा खरीदारी करने वालो में तेज प्रताप सिंह, समाजवादी पार्टी से विभा शुक्ल तथा जीतेश सुनील केवट शामिल है। नामांकन प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए है, प्रत्याशी सहित मात्र लोगों को ही प्रवेश दिया जा रहा है। पूरे कलेक्ट्रेट परिसर में हर नाके पर सीसीटीवी लगाया गया है। पूरे नामांकन प्रक्रिया की हर गतिविधियां सीसीटीवी में कैद हो रही है।

# फुटपाथ पर सोने वाले मजदूरों को रैन बसेरों में पहुंचाएगी टीम

गोरखपुर

**अमृत विचार।** फुटपाथ पर सोने वाले मजदूरों को रैन बसेरा में पहुंचा जाएगा। इसके लिए जिलाधिकारी कृष्ण करुणेश के निर्देश पर एडीएम सिटी अंजनी कुमार सिंह ने जिला प्रशासन व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित की है। जिसके नोडल अधिकारी सिटी मजिस्ट्रेट मंगलेश दुबे को बनाया गया है। फुटपाथ पर सो रहे मजदूरों को नगर निगम द्वारा बनाए गए रैन बसेरों में मजदूरों को रखा जाए जिससे फुटपाथ पर सो रहे मजदूरों की मौत न होने पाए। एडीएम सिटी अंजनी कुमार सिंह द्वारा बनाई गई संयुक्त टीम ने रात्रि में फुटपाथ पर सो रहे मजदूरों को रैन बसेरा पहुंचाया गया। जिलाधिकारी कृष्ण करुणेश व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गौरव ग्रोवर ने कहा कि जीवन को खतरे में डाल रात को फुटपाथ पर न सोएं नगर निगम द्वारा बनाए गए रैन बसेरे में ही सोए।अंधेरा होते ही शहर के सभी प्रमुख चौराहों के फुटपाथ पर मजदूरों से भर जाता था। अभी हाल ही में गोरखनाथ थाना क्षेत्र के एमपी पॉलिटेक्निक के पास फुटपाथ पर सो रहे एक मजदूर की मौत हो गई थी हादसे के बाद भी शहर के फुटपाथ पर मजदूरों का बसेरा था।


डीएम , एसएसपी ने मजदूरों की सुध लेते हुए अपने अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया था की कोई भी मजदूर शहर के प्रमुख चौराहों के पास रात के समय फुटपाथ पर मजदूरों या किसी निराश्रितों के न होने का निर्देश दिया था । जिसके अनुपालन में प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम गोलघर, धर्मशाला बाजार, गोरखनाथ रोड, यातायात तिराहा, काली मंदिर, खजांची चौक, पैडलेगंज में अभियान चलाकर फुटपाथ खाली कराया। सड़क किनारे सो रहे मजदूरों को पास के रैन बसेरा में पहुंचाया जिससे मजदूर और निराश्रित कि दुर्घटना से मृत्यु न होने पाए।

# जिले में 48 मतदान केंद्र शैडो एरिया के रूप में चिन्हित

## नेपाल सीमा पर पांच थाना क्षेत्रों में बूथों पर किए जाएंगे वैकल्पिक इंतजाम, एसपी प्राची सिंह ने दी जानकारी


सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जिले के भारत-नेपाल सीमा पर स्थित बॉर्डर के 5 थाना क्षेत्रों के 48 मतदान केंद्र को शैडो एरिया के रूप में चिन्हित किया गया है। शैडो एरिया ऐसे मतदान केंद्रों को कहते है कि जहां पर किसी भी कंपनी का नेटवर्क काम नही करता है। लोक सभा चुनाव के दिन इन सभी शैडो एरिया वाले मतदान केंद्र पर संपर्क बना रहे,इसके लिए पुलिस विभाग द्वारा शैडो एरिया वाले सभी मतदान केंद्रों पर बैक पैक वायरलेस सिस्टम के साथ पुलिस कर्मियों ड्यूटी लगाई जाएगी। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने बताया कि लोक सभा चुनाव 2024 को सकुशल व शांति पूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन सभी बिंदुओं पर कार्य कर रहा है। जिले के सभी थानाध्यक्षों से मतदान केंद्र का



जानकारी देतीं एसपी प्राची सिंह।

निरीक्षण कराकर उनके से आख्या मंगाई गई है कि कौन से मतदान केंद्र पर क्या समस्या है। मतदान केंद्र भ्रमण के दौरान यह बात सामने आई कि जिले के भारत नेपाल सीमा से सटे बॉर्डर के थाना क्षेत्र के 48 मतदान केंद्र ऐसे है जहां पर किसी भी कंपनी का नेटवर्क काम नहीं करता है। ऐसे मतदान केंद्रों पर भी लोकसभा चुनाव में मतदान के दिन संपर्क बना रहे, इसके लिए चिन्हित किए गए सभी शैडो एरिया वाले मतदान केंद्रों पर बैक पैक वायर लेस सिस्टम लगाया जाएगा।



बैठक करतीं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी।

### बूथ तक पहुंचने में वोटरों को न हो परेशानी

**गोरखपुर, अमृत विचार।** मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए अधिकारी लगातार प्रयासरत हैं। जिससे केन्द्रों पर पहुंचने वाले मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसी क्रम में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी ने सदर लोकसभा के सदर विधानसभा ग्रामीण, विधानसभा पिपराइच, विधानसभा व कैंपियरगंज आंशिक विधानसभा के सुपरवाइजर के साथ बैठक कह। कहा कि अपने-अपने मतदान केंद्र के पास ग्लो साइन बोर्ड पर चिन्ह बनवाएं जिससे मतदाता अपने मतदान केंद्र पर सुविधा के साथ पहुंच सकें। सभी सुपरवाइजर से कहा कि रंग रोगन से लेकर रैम्प और चुनाव आयोग के नजरिये से मतदाताओं को मुहैया कराई जाने वाली सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। ताकि मतदाताओ को मतदान केंद्र तक पहुंचने में दिक्कत न हो।



### सीडीओ की मौजूदगी में मतदान कार्मियों को दिया प्रशिक्षण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए 2 मई को प्रात: 10 बजे से 5 बजे तक दो पाली से सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल करौदा मसिना में पीठासीन अधिकारियों, मतदान अधिकारियों को प्रथम प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी/ प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक जयेंद्र कुमार भी मौजूद रहे। प्रशिक्षण के दौरान प्रथम पाली में 8 पीठासीन अधिकारी एवं 8 मतदान अधिकारी प्रथम तथा द्वितीय पाली में 5 पीठासीन अधिकारी एवं 4 मतदान अधिकारी प्रथम नदारद रहे।दोनो पालियो को मिलाकर कुल 27 पीठासीन अधिकारी एवं 14 मतदान अधिकारी प्रथम अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम के विरुद्ध वैद्यानिक कार्यवाही की जा रही है। इस अवसर पर परियोजना निदेशक नागेंद्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक सोमरू प्रधान, सीडीपीओ मो. अरशद मास्टर ट्रेनर आदि उपस्थित रहे।

## सर्जन डॉ. विमल द्विवेदी को बनाया ब्रांड एंबेसडर



प्रमाण पत्र दिखाते डा. विमल कुमार द्विवेदी।

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिले के वरिष्ठ आर्थो सर्जन डा. विमल कुमार द्विवेदी को ब्रांड एम्बेसडर, स्वच्छ सर्वेक्षण 2024, नगर पालिका सिद्धार्थ नगर से मनोनीत किया गया है।पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव, विपुल कुमार द्विवेदी, अधिशासी अधिकारी विन्ध्याचल, डीपीएम मनीष त्रिपाठी, नगर पालिका पारिषद के समस्त अधिकारी मौजूद रहे। चेयरमैन गोविंद माधव ने माल्यार्पण कर डा. विमल द्विवेदी का स्वागत किया। वही प्रेस क्लब के पूर्व अधक्ष एमपी गोस्वामी ने भी डॉक्टर विमल को बधाई दिया है।

# लापरवाह सफाई कर्मचारी किए गए निलंबित

गोरखपुर

**अमृत विचार।** नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने जोन 7 एवं 8 में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन एवं सफाई व्यवस्था की समीक्षा की। डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन में लापरवाही मिलने पर वाहन चालक गोपी साहनी, अमित कुमार, रिंकू, मोहम्मद अली, आकाश यादव सुधीर एवं सूरज निषाद को निलंबित कर दिया। कहा कि सुपरवाइजर एवं ड्राइवर खुद अपने क्षेत्र में कूड़े को डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन गाड़ी को दें तथा उसकी रसीद उपलब्ध कराएं। समस्त वाहन चालकों में संतोष ड्राइवर का कार्य अच्छा रहा। वार्डों में होम कंपोस्टिंग के लिए जागरूक करने का निर्देश दिया। कहा कि अच्छे सफाई सुपरवाइजर



अधिकारियों के साथ बैठक करते नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल। अमृत विचार

को चिन्हित किया जाए। सामूहिक शौचालय का उपयोग करने के लिए मलिन बस्तियों में जागरूकता बढ़ाई जाएगी। जिन वाहन चालकों को नगर निगम के कार्यों से निष्कासित कर दिया जा रहा है, उन्हें दोबारा कार्य पर नहीं रखा जाएगा। सभी घरों से कूड़े का कलेक्शन करना निर्धारित किया जाए। ट्राई साइकिल एवं डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का भरपूर मात्रा में उपयोग किया जाए। सुपरवाइजर गंभीरता से कार्य करें। डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन गाड़ियों में लगातार गाने बजते रहें एवं जागरूकता संदेश चला रहे।

शंझाई के सफाई सुपरवाइजर को कार्य में लापरवाही बरतनी के लिए चेतावनी दी गई। बैठक में समस्त अपर नगर आयुक्त, उपनगर आयुक्त, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, जोनल अधिकारी, जोनल सेनेटरी अधिकारी, सफाई निरीक्षक, डोर कूड़ा कलेक्शन वाहन चालक एवं सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

# युवाओं का मददगार साबित हो रहा सेवा योजन विभाग

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** सेवा योजन विभाग एक वर्ष में 10 बार बड़े शिक्षण संस्थानों पर छात्रों के कैरियर के लिए कैंप का आयोजन करता है। इससे वह प्रतिवर्ष लगभग पांच से सात हजार छात्रों को नये क्षेत्रों में शिक्षा ग्रहण करने के लिए गाइड करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में जानकारी के अभाव में विषय का चुनाव नहीं कर पाने वाले युवाओं के लिए यह योजना लाभकारी सिद्ध हो रही है।

सेवा योजन अधिकारी मिथलेश मिश्रा ने बताया की युवाओं को रुचि के अनुसार कैरियर चुनने से आसानी से सफलता मिल जाती है। ऐसे में युवाओं को नई-नई शिक्षा व शॉर्ट टर्म कोर्स के बारे में जानकारी देने के लिए बड़े शिक्षण संस्थान व बृहद स्थान पर कैंप लगाया जाता है। कैंप में एक बार में हज़ारों छात्र प्रतिभाग करते है। जिन्हें कैरियर संबंधित जानकारी दी जाती है। इसके अलावा उन्हें ऐसे कोर्स के बारे में भी बताया जाता है। जिस पर अमल करके वह आसानी से नौकरी प्राप्त कर सकते है। बताया कि अगर युवाओं को इंटर मीडियट के बाद तुरंत ही अच्छा करियर बनाना है तो वे करियर ओरिएंटेड स्टडी पर फोकस करें। जबकि इंजीनियरिंग, लॉ, फैशन डिजाइनिंग, आर्किटेक्चर, मैनेजमेंट, सोशल साइंसेज आदि विषयों में भी पढ़ाई करके आसानी से करियर बना सकते है।

## सार-संक्षेप

### ट्रेनों की साफ-सफाई को हो रहे बेहतर इंतजाम

**गोरखपुर, अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा यात्री जनता की सुविधा के लिए ट्रेनों को स्वच्छ बनाये रखने एवं कोचों की साफ-सफाई तथा ग्रीष्मकाल में ट्रेनों में पानी की उपलब्धता के लिए अनेक प्रभावी कदम उठाये गये हैं। इसके लिये इस रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर ऑटोमैटिक कोच वाशिंग प्लांट एवं क्विक वाटरिंग सिस्टम स्थापित किये गये हैं। पूर्वोत्तर रेलवे पर औड़िहार, छपरा, बनारस, गोमती नगर एवं सी.बी. गंज सहित कुल पांच स्टेशनों पर ऑटोमैटिक कोच वाशिंग प्लांट स्थापित किये गये हैं। ऑटोमैटिक कोच वाशिंग प्लांट द्वारा 24 कोचों की ट्रेन के यानों के बाहरी सतह पर जमी धूल एवं गंदगी मात्र 15 मिनट में साफ हो जाती है तथा शौचालय के निचले हिस्से की भी सफाई कर उसे संक्रमण मुक्त बनाया जाता है। इसके अतिरिक्त ऑटोमैटिक कोच वाशिंग प्लांट परंपरागत धुलाई की तुलना में लगभग 20 प्रतिशत पानी का उपयोग करता है, जिससे ट्रेन की धुलाई में लगभग 80 प्रतिशत पानी की बचत होती है।

यह प्लांट समय की बचत के साथ ही साथ यानों की साफ-सफाई उच्च गुणवत्तापूर्वक तरीके से करता है। इसी क्रम में, इस रेलवे पर बनारस, छपरा, मऊ, गोरखपुर, ऐशबाग, फर्रुखाबाद एवं लालकुआँ सहित कुल 07 स्टेशनों पर क्विक वाटरिंग सिस्टम स्थापित किये गये हैं। इन स्टेशनों पर क्विक वाटरिंग सिस्टम लग जाने से 24 कोचों की ट्रेनों में पाँच से छ: मिनट में त्वरित पानी भरा जा सकता है। इसके अतिरिक्त एक ही समय में कई ट्रेनों में पानी भरने का कार्य किया जा सकता है। क्विक वाटरिंग सिस्टम से ट्रेनों में पानी भरने का विवरण जैसे- पानी की उपलब्धता, प्रेशर, मात्रा, खपत, फ्लो एवं पानी भरी जाने वाली ट्रेन का नम्बर इत्यादि एक ही स्क्रीन पर देखा जा सकता है; जिस पर वाटरिंग कार्य के आंकड़े रियल टाइम मॉनिटरिंग के लिये उपलब्ध रहते हैं। इस सिस्टम से ट्रेनों में कम समय में पानी भर दिये जाने के कारण ट्रेनों का विलम्बन नहीं होता है तथा यात्रियों हेतु कोच में पानी की उपलब्धता से यात्री संतुष्टि बनी रहती है। क्विक वाटरिंग सिस्टम से पानी की बर्बादी को बचाया जा रहा है एवं इसमें मानव श्रम भी बहुत कम लग रहा है। पूर्व में, एक साथ कई कोचों एवं टेनों में पानी भरने में अधिक समय लगता था, क्विक वाटरिंग सिस्टम से इस समस्या से निजात मिल रही है। यह सिस्टम उक न्यूनतम रख-रखाव वाला एवं पर्यावरण अनुकूल है। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### अनारक्षित विशेष गाड़ियां निरस्त

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा अपरिहार्य कारणों से कुछ गाड़ियों का संचलन निरस्त किया जायेगा। नकहा जंगल से 3 मई को चलने वाली 05036 नकहा जंगल-सीवान अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। सीवान से 3 मई को चलने वाली 05035 सीवान-गोरखपुर अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 3 मई को चलने वाली 15080 गोरखपुर-पाटलिपुत्र एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। पाटलिपुत्र से 3 मई को चलने वाली 15079 पाटलिपुत्र-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### स्कूल में बच्चों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत गुरुवार को सदर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय झंडेनगर में बच्चों के सेहत की जांच की गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नौगढ़ की जांच टीम में शामिल डॉ. रिंकू मीणा एवं स्टाफ नर्स राधा सिंह ने बच्चों की लंबाई एवं वजन करने के बाद कुपोषण, दृष्टि दोष, श्रवण दोष, शारीरिक अक्षमता तथा मौसमी बुखार, दस्त, पेचिश आदि से संबंधित जांच की। स्वास्थ्य जांच में शारीरिक एवं मानसिक रूप से अक्षम कक्षा एक की छात्रा मनीषा एवं कक्षा चार की छात्रा अंशिका के अभिभावकों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में विशेष जांच एवं इलाज के लिए ले जाने का सुझाव दिया गया। डॉ. रिंकू मीणा ने शिक्षकों एवं अभिभावकों को बच्चों की शारीरिक बृद्धि एवं विभिन्न बीमारियों के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल चिकित्सीय परीक्षण कराने की सलाह दी। स्वास्थ्य टीम द्वारा बच्चों को लू, धूप एवं अन्य संचारी रोगों से बचाव के लिए बताते हुए व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्वच्छता के लिए भी अभिप्रेरित किया गया। प्रधानाध्यापक नियाज़ अहमद, सहायक अध्यापिका साधना श्रीवास्तव, प्रेमा देवी, सूर्यमती, नंदलाल तथा मीना आदि की उपस्थित रही।

# रेलवे ने विशेष गाड़ियों का बढ़ाया संचालन

गोरखपुर

**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए 05219/05220 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस-मुजफ्फरपुर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचालन मुजफ्फरपुर से 4 एवं 11 मई प्रत्येक शनिवार को तथा आनन्द विहार टर्मिनस से 5 एवं 12 मई प्रत्येक रविवार को दो



फेरों के लिये किया जायेगा।

05251/05252 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस-मुजफ्फरपुर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन मुजफ्फरपुर से 8 एवं 15 मई को तथा आनन्द विहार टर्मिनस से 9 एवं 16 मई को दो फेरों के लिये किया जायेगा। इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेज यान के 02 वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 20 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे। 04037 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्षित ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन सहरसा से 4 मई को एकल यात्रा के लिए किया जायेगा। 04038 नई दिल्ली-सहरसा अनारक्षित ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी नई दिल्ली से 02 मई को 20.15 बजे (12554 नई दिल्ली-सहरसा एक्सप्रेस के मार्ग पर) गाजियाबाद-अलीगढ़-टूण्डला-इटावा-कानपुर सेंट्रल-ऐशबाग-बाराबंकी-गोंडा-बस्ती-गोरखपुर-देवरिया सदर-सीवान-छपरा-सोनपुर-हाजीपुर-मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर-बेगूसराय-खगड़िया के रास्ते चलाई जा रही है। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# वर्किंग कमेटी की मीटिंग में उठाई कर्मचारियों की समस्याएं

गोरखपुर

**अमृत विचार।** 28 से 29 अप्रैल तक मुंबई में आयोजित नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवे मैन की 239वीं वर्किंग कमेटी मीटिंग आयोजित की गई। पूर्वोत्तर रेलवे का प्रतिनिधित्व करते हुए पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री विनोद राय ने भारतीय रेल के सभी कैटिगरी के कर्मचारी की समस्याओं को बोर्ड स्तर पर सुलझाने के लिए वर्किंग कमेटी मीटिंग के सम्मुख रखा। जिसमें ट्रैक मेंटेनर के 4200 ग्रेड पे के प्रतिशत का निर्धारण, ट्रैक मेंटेनर का ड्यूटी रोस्टर लागू करना एवं उनके लिए सेफ्टी इक्विपमेंट



मुंबई में आयोजित नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवे मैन की 239वीं वर्किंग कमेटी मीटिंग में मौजूद अधिकारी व पदाधिकारी। अमृत विचार

की आपूर्ति अनिवार्य रूप से किया जाए।

एलडीसीई सभी कैटिगरी के कर्मचारियो के लिए किया जाए। लिपिक संवर्ग में अपग्रेडेशन के चार साल की बाध्यता को समाप्त कर 2 साल में पदोन्नति रनिंग कर्मचारियों के माइलेज में वृद्धि एवं 36 घंटे में हेड क्वार्टर वापसी सुनिश्चित करना, पॉइंट्स मैन कैटगरी में रिस्ट्रक्चरिंग लागू करना, भारतीय रेल में सेफ्टी कैटेगरी के रिक्त पदों को तत्काल भरा जाना। भारतीय रेलवे पर रेलवे हॉस्पिटल मैं डॉक्टर पैरामेडिकल स्टाफ सफाई कर्मचारी की कमी को समाप्त कर रेलवे हॉस्पिटलों की स्थिति ठीक करना। रेलवे हॉस्पिटल से मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटलों का एंपैनलमेंट कराना एवं प्राइवेट इलाज कराने पर लंबित पड़े रीइंबर्समेंट को जल्द से जल्द भुगतान कराना। रेलवे कॉलोनिया जो प्राइवेट हाथों में बेची जा रही हैं उन पर अंकुश लगाकर रेलवे कॉलोनी की जर्जर स्थिति में सुधार करना। एसी मैकेनिक दूरी की गाड़ियों में प्रारंभ से गंतव्य स्टेशन तक ट्रेन में ही ड्यूटी करते हैं उनके लिए ट्रेन में बैठने की व्यवस्था, गंतव्य पर पहुंचने पर रहने की व्यवस्था तथा रेल मदद के नाम पर अधिकारियों द्वारा प्रताड़ित करने पर तत्काल अंकुश लगाया जाए। भारतीय रेलवे के लेखा विभाग में आर्बिट्रेशन अवॉर्ड तत्काल लागू किया जाए। ओटी असिस्टेंट के 2016 से लंबित ग्रेड पे को तत्काल लागू किया जाए। संघ के महामंत्री विनोद राय और रमेश मिश्रा जोनल सेक्रेटरी एनएफआईआर ने उपरोक्त मुद्दों को वर्किंग कमेटी के सम्मुख रखा एवं इन मुद्दों को रेलवे बोर्ड स्तर पर उठाने के लिए शामिल किया गया।

# राशन कार्ड में नहीं जुड़ पा रहे नाम

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जिले के हजारों परिवारों में सदस्यों की संख्या बढ़ रही है लेकिन उन्हें सरकारी राशन की दुकान से अनाज नहीं मिल पा रहा है। इसका प्रमुख कारण यह है कि उनके नाम राशन कार्ड में नहीं जुड़ पा रहे। कई साल से लोग चक्कर काट रहे हैं।

बताया जा रहा है कि केन्द्र सरकार की ओर से सम्बन्धित पोर्टल लॉक है। लोग राशन कार्ड में सदस्य का नाम जुड़वाने के लिए ई-मित्र केन्द्रों के चक्कर लगा रहे है। ई-मित्र ऑपरेटरों द्वारा पोर्टल बन्द होने की जानकारी दी जाती है। जबकि उसी पोर्टल पर नाम हटाने की प्रक्रिया चालू है। लोग के नाम नहीं जुड़ पाने से लोगों को कई योजनाओं के कार्य अटके हुए हैं। जैसे जाति व मूल निवास तथा आधार कार्ड बनवाने के लिए राशन कार्ड में व्यक्ति का नाम होना अनिवार्य है।

नवविवाहित महिला का उसी पोर्टल से पीहर के राशन कार्ड में से नाम तो हट गया, लेकिन ससुराल में नाम नहीं जुड़ पा रहा है। जिससे वर्तमान में उनका कही भी नाम नहीं है। जिससे आगे प्रक्रिया रुकी हुई है। खाद्य विभाग के पोर्टल से नाम जुड़वाने का लिंक हटा देने से लोग परेशान है। वहीं कार्डधारकों के सदस्य का नाम राशन कार्ड में नाम नहीं होने से उसे राशन सामग्री से वंचित रहना पड़ रहा है। इस तरह से कई सरकारी योजनाओं के लाभ से उन लोगों को वंचित रहना पड़ रहा है। महामारी के चलते कई लोग जो बाहर शहरों में मजदूरी का कार्य करते थे, वे अब गांवों में लौट आये हैं। उनको सरकारी योजना का लाभ लेने के लिए राशन कार्ड की जरूरत है। लेकिन उनके राशन कार्ड नहीं बन रहे है। जिससे बिना राशन कार्ड के खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। बहुत से ऐसे कार्ड धारक हैं जो परिवार की सदस्य के मौत के बाद भी सरकार द्वारा मुफ्त अनाज खा रहे हैं, भले ही वह इस दुनिया में नहीं है लेकिन उनके नाम का राशन उनके परिवार के लोग खा रहे हैं।


तीसरे चरण की बात

# भाजपा दो, कांग्रेस 44 सीटों पर पिछले तीन चुनावों से रही हार

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** 2024 के लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में सात मई को 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 95 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इस चरण में गुजरात, गोवा, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव की सभी सीटों के साथ-साथ कर्नाटक में 14, महाराष्ट्र में 11 और उत्तर प्रदेश में 10, पश्चिम बंगाल की चार, बिहार की पांच, छत्तीसगढ़ की सात और मध्यप्रदेश की नौ सीटों पर मतदान होगा। पहले दो चरणों में 190 सीटों पर वोट डाले जा चुके हैं। इस तरह आम चुनाव अपना आधे से ज्यादा सफर तय कर लेगा। तीसरे चरण में कांग्रेस के पास खोने के लिए ज्यादा कुछ नहीं, ऐसे में गठबंधन के साथियों पर नजर है, जबकि मोदी सरकार सत्ता की हैट्रिक लगाने के लिए पिछली बार जीती गयीं सीटें बचाने के साथ कुछ नए क्षेत्रों में कमल खिला सकती है।






| वोट शेयर-2019 | भाजपा | कांग्रेस |
|---|---|---|
| सीटें जिन पर चुनाव लड़ा | 83 | 77 |
| 10 % से कम मत मिले | 01 | 09 |
| 10% से 20% मत मिले | 01 | 02 |
| 20% से 30% मत मिले | 01 | 14 |
| 30% से 40% मत पाए | 02 | 35 |
| 40% से अधिक मत पाए | 78 | 17 |

### 40% से ज्यादा वोट पर 6 सीटें हार गई

- तीसरे चरण की 95 लोकसभा सीटों में भाजपा के लिए सिर्फ दो सीटें ऐसी हैं, जिन पर वह 2009 से 2019 के बीच हुए तीन चुनावों में एक बार भी नहीं जीती है, इसके मुकाबले कांग्रेस की स्थिति काफी दयनीय नजर आती है, क्योंकि पार्टी तीसरे चरण की 44 लोकसभा सीटों पर एक बार भी जीत नहीं हासिल कर पायी है। इसी तरह तीसरे चरण की 95 सीटों में 2009 में भाजपा ने 47 सीटें जीतीं थीं। 2014 की मोदी लहर में पार्टी का आंकड़ा 67 पर पहुंच गया और 2019 में जीतने वाली सीटों की संख्या 72 हो गई। भाजपा की सीटें बढ़ने के साथ वोट शेयर भी तेजी से बढ़ा है।
- 2019 में पार्टी को जीत भले ही 72 लोकसभा क्षेत्रों में मिली, लेकिन 78 सीटें ऐसी रहीं जिन पर 40 फीसदी से ज्यादा लोगों ने कमल का बटन दबाया। यानी छह सीटों पर भाजपा 40 फीसदी से ज्यादा वोट शेयर पाकर भी हार गई। इस बार के चुनाव में इन पर जीत के लिए भाजपा ने खास फोकस कर रखा है। इसके विपरीत कांग्रेस की 2009 में जीती गईं 27 सीटों की संख्या घटकर 2014 में 9 और 2019 में सिर्फ चार ही रह गई। तीसरे चरण में मतदान वाले क्षेत्रों में 47 सीटें भाजपा का गढ़ नजर आती हैं।

### तीसरे चरण की सीटों पर पिछले तीन चुनाव

| दल | तीन बार जीत | दो बार जीत |
|---|---|---|
| भाजपा | 42 | 24 |
| कांग्रेस | 01 | 08 |
| सपा | 01 | -- |
| राकांपा (शरद पवार) | 02 | -- |
| एआईडीयूएफ | 01 | -- |

### 2019 में कांटे की टक्कर वाले पांच मुकाबले

| लोकसभा क्षेत्र | पार्टी | जीत का अंतर |
|---|---|---|
| मालदा दक्षिण | कांग्रेस | 8,222 |
| गोवा दक्षिण | कांग्रेस | 9,755 |
| बदायूं | भाजपा | 18,454 |
| कोरबा | कांग्रेस | 26,249 |
| फिरोजाबाद | भाजपा | 28,781 |

- मतदान वाली 95 लोकसभा सीटों पर भाजपा का विजय रथ रुकना मुश्किल
- 2019 में 78 सीटों पर 40 फीसदी से ज्यादा वोट पाए, 72 पर दर्ज की जीत
- पार्टी 47 सीटों पर जीत की लगा चुकी हैट्रिक, इस बार चौका मारने की तैयारी

### गुजरात और कर्नाटक ने लगातार खिलाया कमल

- भाजपा जिन सीटों पर पिछले तीन चुनावों से लगातार जीत रही है, उन 42 सीटों में ज्यादातर गुजरात और कर्नाटक की हैं। इसके विपरीत लगातार तीन दर्ज करने वाली कांग्रेस के पास सिर्फ एक सीट और अन्य दलों के खाते में चार सीटें हैं। 2009, 2014 और 2019 में लगातार दो और तीन जीत दर्ज करने वाली सीटों में 66 भाजपा के हिस्से में हैं, कांग्रेस के लिए यह संख्या नौ है।

### क्या कहता है... यूपी में तीसरा चरण

- उत्तर प्रदेश में तीसरे चरण की 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा ने आठ सीटें जीती थीं। इनमें दो सीटों फिरोजाबाद और बदायूं में उसे मामूली अंतर से जीत मिली थी। इस बार सपा ने यहां पूरा जोर लगाया हुआ है। फिरोजाबाद से अक्षय यादव फिर मैदान में हैं और पिछली बार उनके प्रतिद्वंदी रहे शिवपाल सिंह यादव इस बार उनके साथ हैं। इसी तरह बदायूं में सपा ने शिवपाल के बेटे आदित्य यादव को प्रत्याशी बनाया है। इसके साथ ही सपा के लिए मैनपुरी में अपना किला बचाने की चुनौती है। यहां पिछली बार उसकी जीत का अंतर एक लाख से नीचे आ गया था। बसपा के लिए इस चरण में अपना खाता खोलना ही सबसे बड़ी चुनौती है।



उमड़ा जनसैलाब

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कल्याण क्षेत्र में उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ रोड शो किया और अबकी बार चार सौ पार का नारा दिया।

# गुजरात का हाल : मोदी का चुनावी रथ अजेय, रोकना नामुमकिन जैसा

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** गुजरात में लोक सभा चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में भाजपा, कांग्रेस के साथ आम आदमी पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है। वर्ष 2014 और 2019 के पिछले दोनों लोकसभा चुनावों में भाजपा ने राज्य की सभी 26 सीटों पर जीत दर्ज की थी। 2009 में लोकसभा चुनावों में भाजपा को 15 और कांग्रेस को 11 सीटों पर जीत मिली थी। पार्टी इस बार क्लीन स्वीप की हैट्रिक लगाने के लिए तैयार है। पिछले दो दिनों में राज्य में रैलियां करके प्रधानमंत्री मोदी ने माहौल भगवामय कर दिया है। इसके जबाव में कांग्रेस भी अगले दो दिनों में राज्य में भाजपा का अजेय रथ रोकने के लिए धुआंधार प्रचार अभियान चलाएगी। राज्य में सात मई को 25 सीटों पर मतदान होना है।

गुजरात में लोकसभा की कुल 26 सीटें हैं। भाजपा के सूरत से प्रत्याशी मुकेश दलाल कांग्रेस उम्मीदवार का पर्चा खारिज होने के बाद निर्विरोध निर्वाचित किए जा चुके हैं। इस बार लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस और आप में समझौता हुआ है। कांग्रेस 23 और आप दो सीटों पर



चुनाव लड़ रही है। भाजपा ने सत्ता विरोधी लहर से बचने के लिए अपने 14 मौजूदा सांसदों को टिकट नहीं देकर इस बार नए चेहरों को मैदान में उतारा है। हालांकि पार्टी ने इस बार राज्य में सिर्फ चार महिलाओं को ही टिकट दिया है।

कांग्रेस के तय कार्यक्रम के अनुसार पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी वाड्रा शुक्रवार को राज्य की राजकोट और अहमदाबाद सीटों पर पार्टी के उम्मीदवारों के लिए वोट मांगेंगे और पीएम मोदी के उन हमलों का जवाब देंगे, जो उन्होंने दो दिन के राज्य के दौरे के दौरान कांग्रेस पर लगाए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि 'कांग्रेस यहां मर रही है, पाकिस्तान वहां रो रहा है। पाकिस्तान भारत में एक कमजोर सरकार चाहता है, जिस तरह 2014 से पहले की सरकार थी और देश में मुंबई आतंकवादी जैसे हमले संभव थे।' आम आदमी पार्टी भरूच और भावनगर में चुनाव लड़ रही है। जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने गुरुवार को पार्टी के प्रत्याशियों के लिए रोड शो करने के दौरान देश में तानाशाही के खिलाफ मतदान करने की अपील की है।

### 2024: कौन दल कितनी सीटों पर मैदान में

- भाजपा 25
- कांग्रेस 23
- आप 2
- बसपा 23

(सूरत का परिणाम घोषित होने के बाद)

### 2019 में मिलीं सीटें और वोट

| | | |
|---|---|---|
| भाजपा | 26 | 1,80,91,275 |
| कांग्रेस | 0 | 93,37,084 |
| अन्य | 0 | 16,53,605 |



मांगे वोट

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नदिया में पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया और वाद्य यंत्र बजाकर मतदाताओं को रिझाया।

# दमन में भाजपा सांसद के सामने तीसरी बार कांग्रेस से पुराना चेहरा

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। दमन और दीव लोकसभा सीट पर इस बार भी भाजपा के लालूभाई पटेल और कांग्रेस प्रत्याशी केतन दयाभाई पटेल में सीधा मुकाबला है। पहले भी दो बार दोनों प्रत्याशी भिड़ चुके हैं, जीत भाजपा को मिली है। भारत के दूसरे सबसे छोटे केंद्र शासित प्रदेश दमन और दीव में अब तक कुल नौ बार लोकसभा चुनाव हो चुके हैं।

2019 के चुनाव में भी इस सीट से कांग्रेस ने केतन दयाभाई पटेल और भारतीय जनता पार्टी ने लालूभाई पटेल को उतारा था। बसपा भी यहां चुनाव लड़ी थी। उसने सकील लतीफ खान को उम्मीदवार बनाया था। भाजपा प्रत्याशी लालूभाई पटेल ने अपनी जीत कायम रखी थी। उन्हें 37,597 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस के केतन पटेल 27,655 वोट पाकर हार गए थे। निर्दलीय उम्मीदवार उमेश बी पटेल 19,938 वोटों के साथ तीसरे स्थान थे। इससे पहले साल 2014 के लोकसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी के लालूभाई पटेल ने जीत दर्ज की थी। उन्होंने कांग्रेस के केतन दयाभाई पटेल को करारी शिकस्त दी थी। लालूभाई पटेल को 46 हजार 960 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस के केतन दयाभाई पटेल 37 हजार 738 वोट पाकर हार गए थे।



जीत के लिए हुंकार

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने गुजरात के भाव नगर में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में रोड शो किया।

# कुरुक्षेत्र में उलझता नजर आ रहा है चुनावी संग्राम

**चंडीगढ़।** हरियाणा में कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट पर चुनावी संग्राम उलझता नजर आ रहा है। यहां इस बार भाजपा से उद्योगपति नवीन जिंदल ने पर्चा भर दिया है। पहले उनका सीधा मुकाबला इंडिया गठबंधन से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी सुशील गुप्ता से माना जा रहा था। कांग्रेस ने हरियाणा में कुरुक्षेत्र सीट आम आदमी पार्टी के लिए छोड़ी है। लेकिन अब बसपा की ओर से सरपंच दीपक मेहरा को कुरुक्षेत्र के मैदान में उतार दिया गया है। इनेलो से अभय चौटाला और जजपा से पालाराम सैनी पहले ही मैदान में हैं।

उद्योगपति नवीन जिंदल का हरियाणा की राजनीति में बड़ा मुकाम है। वह बीते दिनों कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो गए थे। नवीन जिंदल कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से दो बार सांसद रह चुके हैं। कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट का गठन वर्ष 1977 में किया गया था। इससे पहले यह क्षेत्र कैथल लोकसभा के अंतर्गत आता था। इस सीट पर कांग्रेस को 1984, 1991, 2004 और 2009 के चुनाव में जीत मिली थी। भाजपा का कमल यहां पहली बार मोदी लहर में 2014 खिला था। पार्टी को जीत भी ऐसी मिली कि यहां से लगातार दो बार सांसद रहे नवीन जिंदल पिछड़कर तीसरे नंबर पर पहुंच गए थे।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जीते थे पिछली बार

- 2019 में कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से भाजपा के नायब सिंह सैनी 6,86,588 वोट पाकर जीते थे। अब वह मुख्यमंत्री बन चुके हैं। कांग्रेस के निर्मल सिंह को 3,03,722 वोट और बसपा प्रत्याशी शशि को 75,533 वोट मिले थे।

# रेवन्ना के वीडियो कांड से भाजपा की चुनावी संभावनाएं बेअसर ?

चुनाव डेस्क

कर्नाटक में लोकसभा की कुल 28 सीटें हैं। इनमें से 14 सीटों पर 26 अप्रैल को दूसरे चरण में वोट डाले चुके हैं, अब बाकी 14 सीटों पर तीसरे चरण में सात मई को मतदान की तैयारी चल रही है। इस बीच जनता दल सेक्युलर (जेडीएस) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना जिन्होंने राज्य की हासन लोकसभा सीट से एनडीए के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा हैं, के अश्लील वीडियो वायरल होने के बाद राज्य की राजनीति में बवाल मचा हुआ है।

कांग्रेस इस मामले को मुद्दा बनाकर मतदान वाली 14 सीटों पर बढ़त लेने की कोशिश करती दिखाई दे रही है। इसके दूसरी ओर रेवन्ना के कथित सेक्स वीडियोज सामने आने के बाद जेडीएस बुरी तरह घिरती नजर आ रही हैं। मामला संवेदनशील होने के कारण





भाजपा नेता इस मुद्दे पर तो कुछ भी खुलकर बोलने से हिचक रहे हैं, लेकिन पार्टी को बेवजह घसीटे जाने पर विरोध जताते हुए कांग्रेस पर हमलावर हैं। जेडीएस इस बात से राहत में है कि रेवन्ना जिस हासन सीट से उम्मीदवार हैं, उसके साथ ही पार्टी के हिस्से वाली तीनों सीटों पर वोटिंग हो चुकी है। हालांकि जानकार कांग्रेस की इस मुद्दे पर भाजपा को घेरने की कोशिशों के बाद भी पार्टी को कोई बड़ा नुकसान होने की संभावना से इंकार कर रहे हैं।

सांसद रेवन्ना के बारे में कहा जा रहा है कि वह देश से बाहर जा चुके हैं। जेडीएस ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया है। लेकिन पार्टी नेता सवालों के घेरे में हैं। घरेलू नौकरानी की शिकायत पर प्रज्वल और उनके पिता एचडी रेवन्ना के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। कर्नाटक सरकार ने आरोपों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा है कि अगर प्रज्वल देश छोड़कर भाग गया है, तो उसे वापस लाने और जांच जारी रखने की जिम्मेदारी एसआईटी की है। बीच चुनाव में पैदा हुए इस विवाद का असर जेडीएस की चुनावी संभावनाओं पर पड़ता नहीं दिख रहा है। इसकी वजह यह है कि राज्य में जेडीएस सिर्फ तीन सीटों पर चुनाव लड़ रही है। समझौते के तहत भाजपा 25 सीटों पर मैदान में है। कर्नाटक में भाजपा ने 2019 में 25 सीटें ही जीती थीं। जेडीएस हसन, कोलार, मंड्या से चुनाव लड़ रही है। मंड्या से कुमारस्वामी देवगौड़ा उम्मीदवार हैं। सात मई को चिक्कोडी, बेलगाम, बागलकोट, बीजापुर, गुलबर्गा, रायचूर, बीदर, कोप्पल, बेल्लारी, हावेरी, धारवाड़, उत्तर कन्नड़, दावणगेरे और शिमोगा में वोट पड़ने हैं। जेडीएस के खाते वाली तीनों सीटों पर मतदान हो चुका है। लेकिन भाजपा नेता जरूर इस प्रकरण के राजनीतिक नुकसान का आकलन करने में जुटे हैं। ऐसे समय में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 400 पार का नारा दे रखा है, भाजपा एक भी सीट नहीं गंवाना चाहती है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि ऐसा लगता है कि भाजपा और जेडीएस गठबंधन अश्लील वीडियो के तूफान से खुद को निकाल ले जाएगा। इसका एक कारण यह भी है कि शिवमोगा और दावणगेरे लोकसभा सीट को छोड़कर बाकी चुनाव उत्तरी कर्नाटक में हो रहे हैं, जहां इस प्रकरण का प्रभाव महसूस होने की संभावना काफी कम है।

अब इस प्रकरण का चुनाव पर क्या और कितना असर पड़ेगा, इसका पता तो परिणाम आने पर चलेगा, लेकिन जिस तरह यह बात प्रचारित की जा रही है कि भाजपा के स्थानीय नेता देवराजे गौड़ा ने कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष को पहले ही पत्र लिखकर मांग की थी कि प्रज्वल रेवन्ना या उनके परिवार के किसी सदस्य को गठबंधन से उम्मीदवार ना बनाया जाए, से जाहिर है कि इस मामले के नुकसान को लेकर अंदाजा चुनाव से पहले ही लगाया जा रहा था। कलबुर्गी में एक रैली में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने भाजपा और जेडीएस के गठबंधन को इस घटना के बाद घेरते हुए पीएम की चुप्पी पर सवाल खड़ा किया है। हालांकि जवाब में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जिम्मेदारी राज्य सरकार पर डाली है, जिसने कार्रवाई करने में देरी दिखाई और रेवन्ना को विदेश जाने का मौका मिला।

- कर्नाटक में भाजपा 25 सीटों पर लड़ रही है लोकसभा का चुनाव
- जनता दल एस के हिस्से वाली तीनों सीटों पर हो चुका है मतदान
- कांग्रेस बढ़त के लिए लगातार भाजपा को घेरने के कर रही है प्रयास

इलेक्शन बायस्कोप



राजधानी लखनऊ में पांचवें चरण में मतदान होना है, सभी प्रमुख प्रत्याशी नांमाकन कर चुके हैं, चुनाव प्रचार चरम पर है। राजनीतिक दल के पदाधिकारी-कार्यकर्ता मतदाताओं से मिलकर अपने प्रत्याशी को जिताने का अनुरोध कर रहे हैं। इसी क्रम में कैसरबाग स्थित स्वास्थ्य भवन चौराहे के निकट प्रचार को लेकर एकत्रित इंडी गठबंधन के कार्यकर्ता। -अमृत विचार

## चुनाव के बाद सपा समाप्तवादी पार्टी हो जाएगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** एनडीए की केन्द्र व राज्य सरकार के साथ सुभासपा ने हमेशा से गरीबों, पिछड़ों, शोषितों व वंचितों की लड़ाई लड़ी है। इसलिए जीत एनडीए गठबंधन की होगी। जबकि सपा को गरीबों का श्राप लगा है और कांग्रेस का तो सफाया हो चुका है, इसी चुनाव के बाद सपा भी समाप्तवादी पार्टी हो जाएगी। यह बात गुरुवार को सुभासपा के प्रवक्ता राघवेंद्र द्विवेदी ने कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश दंगा मुक्त हो चुका है । राज्य में 22 से 24 घंटे बिजली मिल रही है, किसानों को सम्मान निधि दी जा रही है। राघवेन्द्र दिवेदी ने कहा कि मोदी व योगी की सरकार ने गरीबों को आवास दिये, इज्जत घर दिया, रसोई गैस दी। पहले भी सपा व कांग्रेस को सरकार में रहने का मौका मिला था लेकिन उसने गरीबों की भलाई व उत्थान के लिए कोई कार्य नहीं किये, यही वजह है कि लगातार कई चुनाव हराकर जनता स्वयं ही जवाब दे रही है।

# नाराज क्षत्रियों को साधने को भाजपा ने दिया टिकट

### चर्चित लोकसभा क्षेत्रों के प्रत्याशी किए गए तय

### कैसरगंज से करण भूषण तो रायबरेली से दिनेश प्रताप को मिला टिकट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में बहुप्रतीक्षित और सर्वाधिक चर्चा में रहे दोनों लोकसभा सीटों के टिकटों को भाजपा ने फाइनल कर दिया। इन दोनों क्षेत्रों के टिकटों के वितरण में बीजेपी ने उस वर्ग को भी साधने की कोशिश की, जो आंशिक रूप से नाराज बताया जा रहा था। बताया जा रहा है कि तीसरे चरण के मतदान में अंतिम के दोनों टिकट का असर दिखेगा। भाजपा को पश्चिम में और पूर्वांचल के जौनपुर के मतदान में परिवर्तन की उम्मीद है।

अंत में दिए गए दोनों टिकटों में भाजपा ने क्षत्रिय समाज को प्राथमिकता दी है। पहला टिकट सांसद बृजभूषण शरण सिंह के छोटे



बेटे करण भूषण सिंह को दिया, तो दूसरा टिकट उप्र सरकार में राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह को दिया है। दरअसल इन दोनों टिकटों के माध्यम से गाजियाबाद से वीके सिंह का टिकट कटने और पश्चिमी उप्र. तेज तर्रार नेता संगीत सोम को टिकट न मिलने से नाराज क्षत्रियों को खुश करने के रूप में देखा जा रहा है।

वहीं राजकोट से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी पुरुषोत्तम रुपाला के विवादित बयान से भी क्षत्रियों में नाराजगी थी। जिसका असर पश्चिमी यूपी में महसूस किया जा रहा था। पार्टी सूत्रों के मुताबिक भाजपा बृजभूषण को नाखुश करके देवीपाटन मंडल की चारों लोस सीटों पर किसी भी तरह का रिस्क नहीं लेना चाहती थी। बृजभूषण सिंह का असर श्रावस्ती, गोंडा, बहराइच और कैसरगंज चारों सीटों पर पड़ता है। बृजभूषण को सीधे टिकट देने से भाजपा को जाटों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता था। ऐसे में भाजपा शीर्ष नेतृत्व में मध्य का मार्ग अपनाते हुए उनके छोटे बेटे को टिकट दे दिया।

## पूर्व मंत्री इन्द्रजीत सरोज समेत 78 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**अमृत विचार, लखनऊ :** पांचवें चरण की 14 लोकसभा सीटों के लिए गुरुवार को 78 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें पूर्व मंत्री इन्द्रजीत सरोज समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। अब तक 183 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं, जबकि लखनऊ पूर्व सीट के लिए एक प्रत्याशी ने नामांकन किया। इस चरण में प्रत्याशी तीन मई तक नामांकन कर सकेंगे। 20 मई को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मोहनलालगंज (अजा) में आठ, लखनऊ में छह, रायबरेली में सात, अमेठी में पांच, जालौन (अजा) में दो, झांसी में आठ, हमीरपुर में तीन, बांदा में चार, फतेहपुर में पांच, कौशांबी (अजा) में 10, बाराबंकी (अजा) में आठ, फैजाबाद में 11 व गोंडा में एक प्रत्याशी ने नामांकन किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि रायबरेली लोकसभा लिए बहुजन समाज पार्टी से ठाकुर प्रसाद यादव व अपना दल (कमेरावादी) से मुहम्मद मोबिन ने नामांकन किया। झांसी सीट के लिए कांग्रेस से प्रदीप कुमार जैन, कौशाम्बी (अजा) सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से शुभ नारायण, समाजवादी पार्टी से इन्द्रजीत सरोज, समाजवादी पार्टी से पुष्पेन्द्र सरोज, अपना दल (कमेरावादी) से नरेन्द्र कुमार ने नामांकन किया। बाराबंकी (अजा) सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से शिव कुमार दोहरे, फैजाबाद सीट के लिए कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया से अरविंद सेन, लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से आलोक कुशवाहा ने नामांकन किया।

## अपनी ढपली अपना राग



कांग्रेस सरकार आयी तो आरक्षण का एक हिस्सा काटकर मुसलमानों को दे देंगी। यह देश को नुकसान पहुंचाने की साजिश है। - योगी आदित्यनाथ



भाजपा ने बड़े-बड़े उद्योगपतियों और कारोबारियों से ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स का डर दिखाकर वसूली की है। वसूली के कारण देश में महंगाई बढ़ी। - अखिलेश यादव



2019 में जब हमारे भतीजे धर्मेंद्र यादव चुनाव लड़ रहे थे तो स्ट्रांग रूम में कोई तोता घूस गया था, इस बार तोते घुसेंगे नहीं उड़ेंगे। -शिवपाल यादव



वे यहां के लोगों का वोट लेकर खुद को बड़ा करना चाहते हैं। पूरा कल-कारखाना गुजरात जा रहा है, वाराणसी को कुछ नहीं मिलने वाला। -अजय राय

# खुद को विराम, पुत्र को मिला राजनीतिक संग्राम

### बृजभूषण शरण सिंह का पुत्र के नाम पर बना रह गया दबदबा

### 34 वर्षों के राजनीतिक सफर में पहली बार आया ठहराव

### खुद के लिए तलाशेंगे नया वजूद या करेंगे विश्राम





करण भूषण सिंह



भगत राम मिश्र




नरेंद्र पाण्डे

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचार:** देश की चुनिंदा सीटों में शुमार कैसरगंज लोकसभा पर पूरे प्रदेश की निगाहें टिकी हुई थीं। नामांकन को मात्र एक दिन ही शेष है लेकिन पार्टी के दांव ने सांसद बृजभूषण शरण सिंह को विराम देकर बेटे को चुनावी संग्राम की बागडोर थमा दी है। अब बाप के विरासत को सांसद बृजभूषण शरण सिंह का छोटा बेटा करण भूषण सिंह आगे बढ़ाने को आगे आए हैं। बृजभूषण के नाम पर भाजपा में भले ही सहमति नहीं बन पाई लेकिन बेटे को टिकट मिलना उनके दबदबे का ही प्रतिरूप माना जा रहा है। इससे बृजभूषण शरण सिंह के 34 साल के राजनीतिक जीवन में पहली बार ठहराव आया है। इस निर्णय ने सांसद बृजभूषण शरण सिंह को विचलित अवश्य कर दिया है लेकिन बनाए गए चक्रव्यूह में ऐसे ही फंसकर अपना करियर खत्म नहीं होने देंगे। अब सवाल उठ रहा है कि चुनावी चक्रव्यूह के बाद बृजभूषण शरण सिंह क्या करेंगे। वह विश्राम करेंगे या फिर अपना नया वजूद तलाश करेंगे। राजनीतिक विश्लेषकों का यह भी मानना है कि आगे चलकर उन्हें संगठन का महत्वपूर्ण दायित्व भी दिया जा सकता है।

शुक्रवार तीन मई नामांकन का अंतिम दिन है और कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सपा किसी ने गुरुवार तक नामांकन दाखिल नहीं किया है। गुरुवार को भाजपा से बृजभूषण शरण सिंह के छोटे बेटे करण भूषण शरण सिंह को टिकट देकर विरासत की राजनीति को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। करण भूषण शरण सिंह ने चार सेटों में नामांकन पत्र भी खरीद लिया है और शुक्रवार को नामांकन पत्र भी दाखिल करेंगे। हाट सीट बन चुकी कैसरगंज से भाजपा के पास दूसरा कोई और विकल्प भी नहीं था। यदि किसी अन्य को मैदान में उतारा जाता तो उसे 16 दिन में संग्राम जीतने के लिए के व्यूह तैयार करना आसान नहीं था। 18 लाख से अधिक मतदाताओं तक पहुंचना आसान नहीं था। कैसरगंज से लगातार तीन बार सांसदी जीत चुके बृजभूषण शरण सिंह पूरे क्षेत्र के चप्पे चप्पे से वाकिफ हैं और अब तक पूरे लाव लश्कर के साथ भ्रमण कर चुके हैं।

### कैसरगंज लोकसभा सीट पर मतदाताओं की संख्या





| विस क्षेत्र | पुरुष | महिला |
|---|---|---|
| कटरा बाजार | 2,11,098 | 1,85,825 |
| कैसरगंज | 2,06,010 | 1,83,676 |
| पयागपुर | 2,04,829 | 1,82,554 |
| तरबगंज | 1,98,148 | 1,73,607 |
| कर्नलगंज | 1,77,854 | 1,56,327 |


### भाजपा के दांव से सांसत में समाजवादी

समाजवादी पार्टी भाजपा के रुख का इंतजार करती रही। बृजभूषण सिंह को टिकट न मिलने पर सपा ने अपना विकल्प खोल रखा था। इसीलिए अब कैसरगंज से सपा ने किसी के नाम की घोषणा नहीं की। कटरा बाजार से पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे ने भले ही नामांकन पत्र ले लिया है। लेकिन शाम तक भगतराम मिश्र के नाम की चर्चा भी शुरू हो गई। इसकी सूचना पार्टी के वरिष्ठ लोगों ने दी और बताया कि पार्टी की तरफ से भगतराम मिश्र ही चुनाव लड़ेंगे। दूसरी तरफ सपा के वरिष्ठ नेता सूरज सिंह ने बताया कि पार्टी ने निर्णय लिया है कि कैसरगंज से भगत राम मिश्रा चुनाव लड़ेंगे। भगतराम मिश्र 2017 में कांग्रेस के टिकट पर पयागपुर विधानसभा से चुनाव लड़ चुके हैं और पेशे से अधिवक्ता हैं। गुरुवार को उनकी मुलाकात पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात हो चुकी है। लेकिन भाजपा के दांव से सपा के सामने 16 दिनों में सीट फतह करना आसान नहीं दिख रहा है। हालांकि सपा के साथ एमवाई फैक्टर है और ब्राह्मण चेहरा है। बसपा ने नरेंद्र पांडेय को मैदान में उतारा है जो मूल रूप से रहने वाले पयागपुर के हैं लेकिन वह लखनऊ में निवास करते हैं।

### भाजपा से पांच बार सांसद रहे हैं बृजभूषण

सांसद बृजभूषण शरण सिंह पांच बार भाजपा से सांसद रहे। उनका चुनावी रथ 1991 में जीत के साथ चल पड़ा। इसके पहले वह रामजन्मभूमि आंदोलन में शामिल हुए थे। 1991 में भाजपा ने गोंडा लोकसभा से उम्मीदवार बनाया और जीत गये। 1996 में चुनाव लड़ने से पहले टाडा में जेल चले गए। उनकी जगह उनकी पत्नी केतकी सिंह को भाजपा ने मैदान में उतारा और वह चुनाव जीत गयीं। 1998 में भाजपा ने उन्हें फिर गोंडा से चुनाव लड़ाया लेकिन इस बार वह सपा के कीर्तिवर्धन सिंह से चुनाव हार गये। लेकिन 1999 में उन्होंने कीर्तिवर्धन सिंह को हरा कर फिर चुनाव जीत लिया। 2004 में बृजभूषण शरण सिंह को बलरामपुर भेज दिया गया। यहां वह सपा के बाहुबली नेता रिजवान जहीर को हराकर विजयी हुए। 2009 में भाजपा ने बलरामपुर से टिकट नहीं दिया। इससे नाराज बृजभूषण सपा में चले गए कैसरगंज लोकसभा से विजई हुए। लेकिन 2014 में वह भाजपा में लौट आए और भाजपा के टिकट पर 2014 और 2019 में सांसद बने। यौन उत्पीड़न के मामले में में उनका केस चल रहा है और 7 मई को सुनवाई है। भाजपा ने उन्हें टिकट न देकर बेटे करन भूषण को मैदान में उतारा है।

### कैसरगंज : 2019 के चुनाव का लेखा जोखा








| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| बृजभूषण शरण सिंह | 5,81,358 |
| चंद्रदेव राम यादव | 3,19,757 |
| विनय कुमार पांडेय | 37,132 |

### 2014 में किसको कितने वोट

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | बृजभूषण शरण सिंह | 3,81,500 |
| सपा | विनोद कुमार सिंह | 3,03,282 |
| बसपा | केके ओझा | 1,46,726 |
| कांग्रेस | मुकेश श्रीवास्तव | 57,401 |





| 2014 नोटा | 2019 नोटा |
|---|---|
| 11,853 | 13,168 |

### निर्वाचित सांसद




| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 | शकुंतला नायर | भारतीय जन संघ |
| 1957 | भगवान दीन मिश्रा | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962 | बसंत कुंवरि | स्वतंत्र पार्टी |
| 1967 | शकुंतला नायर | भारतीय जन संघ |
| 1971 | शकुंतला नायर | भारतीय जनसंघ |
| 1977 | रुद्रसेन चौधरी | जनता पार्टी |
| 1980 | राना वीर सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1984 | राना वीर सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | रुद्रसेन चौधरी | भारतीय जनता पार्टी |
| 1991 | एलएन मणि त्रिपाठी | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996 | बेनी प्रसाद वर्मा | समाजवादी पार्टी |
| 1998 | बेनी प्रसाद वर्मा | समाजवादी पार्टी |
| 1999 | बेनी प्रसाद वर्मा | समाजवादी पार्टी |
| 2004 | बेनी प्रसाद वर्मा | समाजवादी पार्टी |

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| सपा | बृजभूषण शरण सिंह | 1,96,063 |
| बसपा | सुरेंद्रनाथ अवस्थी पुत्तू | 1,23,864 |
| भाजपा | लालता प्रसाद मिश्रा | 1,20,561 |
| कांग्रेस | मो. अलीम | 73,140 |

### 2024 - मतदाताओं की संख्या

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | - 18,80,001 |
| पुरुष | - 9,97,939 |
| महिला | - 8,81,989 |
| अन्य | - 73 |





# मजबूत रणनीति के सहारे ही पार कर सकेंगे चुनावी वैतरणी

### बाराबंकी में 20 मई को होना है मतदान

### निकायों में भाजपा ही नहीं विपक्ष भी मजबूत

### निर्दलीय अध्यक्ष कहीं बन न जाएं गेमचेंजर

श्रीनिवास त्रिपाठी, बाराबंकी

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जिले में पांचवें चरण 20 मई को मतदान होना है। ऐसे में राजनीतिक दल मतदाताओं की चौखट पर हाजिरी लगा अपने प्रत्याशी को जिताने की गुहार लगाने में कोर कसर नहीं छोड़ रहे। राजनीतिज्ञ कहते हैं कि निकायों में भाजपा से ज्यादा सीटें सपा के पास रहीं। चुनाव पूर्व हैदरगढ़ से आलोक तिवारी, रामनगर से रामशरण पाठक और देवा से हारुन वारसी को भाजपा में शामिल कराकर भाजपा ने एक तीर से दो निशाने लगाए हैं। भाजपा ने नगर पंचायत अध्यक्षों को दल में



शामिल कर मतदाताओं के बीच मजबूत दावेदारी का संकेत दिया।

लोकसभा बाराबंकी में नगरपालिका परिषद सहित कुल तेरह नगर पंचायतें हैं। मजबूत रणनीति बनाकर ही सत्ता पक्ष (भाजपा) व विपक्ष (इंडी गठबंधन) चुनावी वैतरणी को पार करने में सफल हो पायेगा। मौजूदा समय में नवाबगंज से सपा की शीला सिंह अध्यक्ष हैं। जिन्होंने भाजपा प्रत्याशी को 15,605 मतों से शिकस्त दी थी। इस सीट पर सपा से पहले लगातार दस साल से भाजपा का कब्जा था। नगर पंचायत बंकी में इरफाना खातून अध्यक्ष हैं। इरफाना ने चुनाव भले ही निर्दल प्रत्याशी के रूप में लड़ा लेकिन सपा ने उन्हें चुनाव जिताने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी। नगर पंचायत देवा में अध्यक्ष पद पर चुनाव जीतने वाले हारुन वारसी निर्दलीय चुनाव जीते। लेकिन हाल ही में वह भाजपा में शामिल हुये। फतेहपुर नगर पंचायत सीट पर सपा से इरशाद अहमद कमर अध्यक्ष हैं। बेलहरा नगर पंचायत सीट भी सपा के खाते में गई थी। यहां पर शबाना खातून अध्यक्ष हैं। दोनों सीटों में सपा बड़े अन्तर से चुनाव जीती थी। नगर पंचायत रामनगर के अध्यक्ष रामशरण पाठक निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीते। लेकिन पाठक को भाजपा ने चुनाव से पूर्व अपनी पार्टी में शामिल करा लिया। टिकैत नगर पंचायत पर लगातार भाजपा का कब्जा बरकरार है। तो वहीं दरियाबाद सीट पर सपा समर्थित प्रत्याशी काबिज है। यहां से रुखसाना बानो निर्दलीय चुनाव जीती।रामसनेही घाट सीट पर निर्दलीय चुनाव लड़कर जीते ज्ञानप्रकाश यादव पंचायत अध्यक्ष बने। सिद्धौर सीट से भाजपा की रमंता रावत अध्यक्ष हैं। सुबेहा सीट पर सपा का कब्जा है। यहां से देवीदीन अध्यक्ष हैं। सतरिख सीट पर सपा के रेहान कामिल अध्यक्ष हैं। जैदपुर सीट पर नीलोफर अलीम निर्दलीय चुनाव जीत कर अध्यक्ष बनीं। जबकि हैदरगढ़ सीट से आलोक तिवारी को जनता ने निर्दलीय अध्यक्ष चुना, हालांकि वे लोकसभा चुनाव के ठीक पहले से भाजपा में शामिल हो गए हैं। वैसे तो निकाय चुनावों में सपा बड़े दल के रूप में उभर कर सामने आई। चौदह सीटों में पांच सीटें सपा के खेमे में गईं। भाजपा को महज दो सीटें ही मिली थीं। लेकिन चुनाव के ठीक पहले भाजपा ने देवा, रामनगर और हैदरगढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष को भाजपा में शामिल कर बड़ा दांव खेला है। भाजपा और इंडिया गठबंधन दोनों ही फूंक फूंक कर कदम रख रही। ऐसे में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीते अध्यक्षों को दोनों प्रमुख राजनीतिक दल अपने पक्ष में लाने की रणनीति पर काम कर रहे हैं।

### चुनाव से पहले सपा के बड़े चेहरे भाजपा में शामिल

लोकसभा चुनावों से पहले सपा के दो बड़े चेहरे लवली रावत, नेहा आनंद सिंह को भाजपा ने पार्टी में शामिल कर अपनी मजबूती का अहसास कराया। लवली रावत पूर्व सांसद व मंत्री कमला रावत की बहू हैं और जिला पंचायत सदस्य भी हैं। नेहाआनंद भी जिला पंचायत सदस्य हैं। भाजपा ने दोनों नेत्रियों को पार्टी में शामिल कराकर उन्हें चुनाव जीतने की जिम्मेदारी सौंप दी है।

### निकाय चुनाव और लोकसभा चुनाव के मुद्दे अलग

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि लोकसभा व निकाय चुनाव के मुद्दे अलग अलग होते हैं। निकाय चुनाव स्थानीय मुद्दे व सम्बंधों पर लड़े जाते हैं। जबकि लोकसभा चुनाव दलीय विचार धारा, राष्ट्रीय मुद्दों व विकास पर होता है। इस चुनाव में इंडिया गठबंधन, भाजपा व अन्य राजनीतिक दलों की भागीदारी का असर मतदाताओं पर पड़ेगा। ऐसे में पक्ष विपक्ष को मजबूत रणनीति बनाकर अपने पक्ष में महौल बनाने की योजना पर काम करना पड़ेगा। योजना बद्ध तरीके से बनाई गई रणनीति जीत हार के नतीजे तय करेगी।

### 2022 विधानसभा चुनाव में विजयी प्रत्याशी

| | |
|---|---|
| बाराबंकी सदर: सुरेश यादव, सपा | जैदपुर: गौरव रावत, सपा |
| रामनगर- फरीद: महफूज किदवाई, सपा | कुर्सी: साकेंद्र वर्मा, भाजपा |
| दरियाबाद: सतीश चंद्र शर्मा, भाजपा | हैदरगढ़: दिनेश रावत, भाजपा |

## चुनावी चक्कर

**किन्नरों ने दिया मोदी फिर पीएम बनने का आशीर्वाद :** लोकसभा चुनाव के उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने को उनके रिश्तेदार और समर्थक इन दिनों क्या-क्या जतन नहीं कर रहे। अगर उम्मीदवार देश का प्रधानमंत्री हो तो देशभर में उनके शुभचिंतक अपने-अपने तरीके से आस्था प्रकट करते हुए विविध उपाय कर विजय की कामना कर रहे हैं। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए किन्नर समाज ने महायज्ञ किया है। किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरी उर्फ टीना मां ने विघ्नेश्वर महायज्ञ का आयोजन किया। इस दौरान अग्नि कुंड में हवन की आहुति दी गई और पूरे विधि-विधान के साथ मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ संपन्न हुआ। इसका आयोजन प्रयागराज में हुआ, इस दौरान पूरा माहौल स्वाहा के उद्घोधन से गुंजायमान हो उठा। नरेंद्र मोदी की तस्वीर के सामने महाआरती भी की गई। इसके बाद किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर ने दावा किया कि, अबकी बार मोदी सरकार 400 का आंकड़ा पार करने जा रही है। बहरहाल, हवन यज्ञ हो जाने के बाद किन्नरों ने मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का अपने परंपरागत अंदाज में आशीर्वाद भी दिया।

**नेता जी चिंता में उन्हे कोई बुला नहीं रहा :** चुनावी बिगुल बज चुका है लोकसभा चुनाव के साथ ही राजधानी लखनऊ में विधानसभा उप चुनाव के प्रत्याशी भी जोर शोर से लगे हुए हैं इंडी गठबंधन के तहत यह सीट कांग्रेस के खाते में आई है, ऐसे में सपा व कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकता चुनाव प्रचार में जुटे हैं लेकिन मुख्य विपक्षी दल सपा के कुछ स्थानीय नेता की स्थित अजीब सी है, क्योंकि उनको बड़े कार्यक्रमों में नहीं बुलाया जा रहा है जिससे वह चिंता में है कि उनको कोई बुला नहीं रहा है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 990 फ्लैग 1105 डीएमओ 885 बोल्ड 1160, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 985 फ्लैग 1100 बोल्ड 1140 डीएमओ 860।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)–** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360–2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500–3800 |
| बाजरा | 2200–2300 |
| मक्का | 2700–2800 |
| जौ | 2900–3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800–3100 |
| चावल बासमती | 7000–8000 |
| चावल मोटा | 2800–3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200–3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800–5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600–8600 |
| चावल राजरानी | 7000–7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800–7000 |
| चना फार्मी | 7200–7500 |
| चना काबली | 14500–17000 |
| मटर हरा | 6000–6200 |
| मटर सफेद | 6100–6500 |
| दाल चना | 8000–8400 |
| दाल मटर | 6400–6500 |
| उड़द हरा | 12000–12500 |
| उड़द काला | 9000–9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500–16000 |
| दाल उड़द काली | 10500–11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000–12500 |
| मूंग खड़ा | 10000–10500 |
| मूंग दाल | 10500–11000 |
| मूंग धोवा | 12000–12500 |
| मसूर | 8800–9000 |
| मलका | 9000–9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000–17000 |
| दाल स्पेशल | 13000–14000 |
| राज्मा सफेद | 13000–14000 |
| राज्मा काला | 11500–12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000–12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310–5510 |
| लाही | 4800–5200 |
| काली सरसों | 4900–5300 |
| पीली सरसों | 5600–5800 रुपये। |

# डिजिटल से मिले सही दाम, 2187 करोड़ का कारोबार

## किसानों ने 125 मंडियों में ऑनलाइन उपज बेचकर ई-नाम को दिया बढ़ावा, वर्ष 2023-24 में बेहतर रही प्रगति

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** किसानों ने मंडी समितियों पर भरोसा जताते हुए केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) को बढ़ावा दिया है। उत्तर प्रदेश की ई-नाम से जुड़ी 125 मंडियों में उपज बेचने से वर्ष 2023-24 में 2187 करोड़ रुपये का डिजिटल कारोबार हुआ है।

ई-नाम एक पोर्टल है। इसमें उपज की गुणवत्ता तय होती है और सही दाम मिलते हैं। किसान बिना कहीं जाए देशभर की किसी भी ई-नाम मंडी के आढ़तियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बात कर ग्रेडिंग उपरांत उपज बेचते हैं। ऑनलाइन व्यवस्था में समय की बचत के साथ 24 घंटे में किसानों के खातों में भुगतान आता है। इसमें सीधे व्यापारियों का हस्तक्षेप नहीं रहता है। ई-नाम खरीद में गेहूं, धान, मक्का, आलू, सरसों समेत कुल 219 कृषि उत्पाद अधिकृत हैं। प्रदेश में कुल 251 मंडी समिति हैं। किसानों की रुचि को देखते हुए शेष ई-नाम से जोड़ने की तैयारी है।

### अन्य मंडियां भी जल्द होंगी डिजिटल



### ई-नाम से कारोबार करने पर पांच मंडियां हुईं थीं मॉडल

2022-23 में ई-नाम से 100 फीसद कारोबार करने पर प्रदेश की बहराइच, हापुड़, कासगंज, झांसी व मुज्जफरनगर मंडी को मॉडल का दर्जा मिला था।

### ये होती हैं सुविधा

- मंडियों में किसानों के लिए एलईडी, लैब, इंटरनेट, सिंगल विंडो सिस्टम, ऑनलाइन पेमेंट की रहती है व्यवस्था।

**परीक्षण से तय होते दाम, व्यापारी ऑनलाइन लगाते बोली:** मंडी में आने वाले किसान ई-नाम या फिर आढ़ती को उपज बेचते हैं। आढ़ती सीधे उपज लेकर गुणवत्ता अच्छी होने पर भी मनमाने दाम देते हैं। भुगतान भी लंबित रखते हैं। जबकि ई-नाम में किसान सीधे मंडी कार्यालय में ऑनलाइन पंजीयन कराते हैं। इसके बाद उपज का परीक्षण कर गुणवत्ता तय कर ए,बी व सी श्रेणियों में दाम तय किए जाते हैं। इसके बाद मंडी कर्मी बिक्री के लिए पोर्टल पर उपज की गुणवत्ता, दाम, सैंपल आदि दर्शाते हैं। यह प्रक्रिया किसी भी मंडी के व्यापारी एलईडी पर देखकर ई-बोली लगाकर खरीद करते हैं। और खुद उपज अपने खर्च पर मंगाकर मंडी को भुगतान करते हैं और मंडी 24 घंटे में किसानों को देती है।

इस संबंध में मंडी परिषद के निदेशक अंजनी कुमार सिंह का कहना है कि अक्सर स्थानीय व्यापारी गुटबंदी कर उपज खरीदते हैं। वे दाम भी नहीं बढ़ने देते हैं और मनमाने देते हैं। लेकिन, ई-नाम से उपज देशभर के व्यापारी देखकर खरीदते हैं। इसमें स्थानीय व्यापारियों का हस्तक्षेप नहीं होता है और किसानों को उनकी फसल के अच्छे दाम मिलते हैं। जिससे कि खेतीहर किसानों की आमदनी में इजाफा होता है। क्योंकि जब देश का किसान मजबूत होगा तो प्रदेश के साथ हमारा देश भी तरक्की की राह पर चलेगा।

# सोने की कीमत में 500 और चांदी में 400 रुपये की वृद्धि

नई दिल्ली, एजेंसी



वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 500 रुपये की मजबूती के साथ 72,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 71,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

चांदी की कीमत भी 400 रुपये मजबूत होकर 83,500 रुपये प्रति किलो हो गयी। इससे पूर्व यह 83,100 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। 'महाराष्ट्र दिवस' और 'मजदूर दिवस' के मौके पर एक मई को सर्राफा बाजार आंशिक तौर पर बंद रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''विदेशों में नरमी के रुख के बीच दिल्ली में हाजिर सोना (24 कैरेट) 72,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 500 रुपये अधिक है।'' अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,304 डॉलर प्रति औंस पर रहा जो पिछले बंद भाव से 16 डॉलर ऊंचा है। चांदी भी बढ़त के साथ 26.45 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। पिछले कारोबार में यह 26.39 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थी।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 82,300 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,300 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,600–54,800 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 70,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 70,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 81,000 |
| चांदी तैयार | 81,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 68,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 67,600 |
| चांदी पक्की | 765 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 71,000 |
| चांदी आभूषण | 80,900। |

# इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार उत्पादों के आयात में चीन, हांगकांग की 56% हिस्सेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत के लिए जीटीआरआई ने जारी की रिपोर्ट

भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार और इलेक्ट्रिकल उत्पादों का आयात 2023-24 में बढ़कर 89.8 अरब डॉलर हो गया जिनमें से आधे से अधिक आयात चीन और हांगकांग से होता है। आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने अपनी रिपोर्ट में यह बात कही है।

'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव' (जीटीआरआई) ने इस रिपोर्ट में कहा है कि भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार और इलेक्ट्रिकल क्षेत्र के कुल आयात में सर्वाधिक 43.9 प्रतिशत हिस्सेदारी चीन की है। रिपोर्ट के अनुसार, चीन और हांगकांग पर इन उत्पादों के मामले में गहरी निर्भरता दिखती है और यह पिछले कुछ साल में नाटकीय रूप से बढ़ी है। इसके मुताबिक, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार आयात के मामले में चीन और हांगकांग पर निर्भरता को कम करना जरूरी है। यह न केवल आर्थिक लचीलापन बढ़ाने के लिए बल्कि तेजी से परस्पर जुड़ती जा रही दुनिया में भारत की डिजिटल और तकनीकी संप्रभुता की रक्षा के लिए भी जरूरी है।

# दो हजार रुपये के 97.76 प्रतिशत नोट वापस आए

**मुंबई।** आरबीआई ने बृहस्पतिवार को कहा कि बंद किए गए 2000 रुपये के 97.76 प्रतिशत नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए हैं। केंद्रीय बैंक ने बताया कि सिर्फ 7,961 करोड़ रुपये के नोट अभी जनता के पास हैं। आरबीआई ने कहा कि 19 मई, 2023 को 2000 रुपये के नोट को वापस लेने की घोषणा की गई थी। इस दिन के अंत में बाजार में मौजूद 2000 रुपये के नोटों का मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था। अब 30 अप्रैल, 2024 को बाजार में सिर्फ 7,961 करोड़ रुपये के नोट बाजार में हैं। बैंक ने कहा-इस प्रकार, 2000 रुपये के 97.76 प्रतिशत नोट वापस आ चुके हैं।

# विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि में दूसरा सबसे तेज सुधार

नई दिल्ली, एजेंसी

- अप्रैल के जारी आंकड़े के अनुसार बढ़ती मांग को मिला समर्थन



भारत के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधि अप्रैल में धीमी रही, लेकिन फिर भी परिचालन स्थितियों में साढ़े तीन साल में दूसरा सबसे तेज सुधार दर्ज किया गया जिससे बढ़ती मांग को समर्थन मिला। मौसमी रूप से समायोजित 'एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' (पीएमआई) अप्रैल में घटकर 58.8 हो गया जो मार्च में 59.1 था।

पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि मजबूत मांग की स्थिति के कारण उत्पादन में और वृद्धि हुई, हालांकि मार्च की तुलना में यह वृद्धि थोड़ी धीमी रही।

रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय विनिर्माताओं ने अप्रैल में घरेलू और बाहरी ग्राहकों से अपने माल की मजबूत मांग की सूचना दी। कुल नए ठेके में तेजी से वृद्धि हुई है और विस्तार की गति 2021 की शुरुआत के बाद से दूसरी सबसे मजबूत रही। इसके अलावा, अप्रैल में नए निर्यात ठेकों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। यद्यपि कुल बिक्री की तुलना में यह वृद्धि धीमी रही, जिससे पता चलता है कि घरेलू बाजार वृद्धि का मुख्य चालक बना रहा। सामग्री और श्रम लागत में वृद्धि की खबरों के बीच भारतीय विनिर्माताओं ने अप्रैल में अपने विक्रय मूल्यों में वृद्धि की। भंडारी ने कहा-कीमत की बात करें तो कच्चे माल और श्रम की उच्च लागत के कारण कच्चे माल की लागत में मामूली वृद्धि हुई है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### पंजाब में बॉयलर फटा दो लोगों की मौत

**लुधियाना (पंजाब)।** लुधियाना में एक रबर फैक्टरी में 'बॉयलर' फट जाने से दो श्रमिकों की मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यह घटना बुधवार को जसपाल बांगर गांव के औद्योगिक क्षेत्र में स्थित फैक्टरी में घटी। पुलिस ने बताया कि मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया है। उसने बताया कि इस घटना के संबंध में एक मामला दर्ज किया गया है।

### कोलकाता हवाई अड्डे के पास लेजर शो पर प्रतिबंध

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के विधाननगर पुलिस कमीश्नर ने कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास लेजर शो पर प्रतिबंध लगा दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि हवाई अड्डे के अधिकारियों से शिकायतें मिलने के बाद स्थानीय प्रशासन ने उत्तर 24 परगना के आठ थाना के आसपास क्षेत्रों में धारा 144 आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के तहत बुधवार से 29 जून तक लेजर लाइट शो के उपयोग पर रोक लगा दी है। जारी नोटिस में कहा गया कि पश्चिम बंगाल पुलिस ने कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास के क्षेत्रों में लेजर लाइट शो प्रतिबंधित कर दिया है। यह एक दंडनीय अपराध है। कृपया ऐसी गतिविधियां करने से बचें! घरेलू उड़ानों के उड़ान भरते और लैंडिंग के समय दुर्घटना का अधिक खतरा बना रहता है।

# लोकसभा में राजग 400 पार की ओर अग्रसर: राजनाथ

## बिहार की चुनावी जनसभा में बोले रक्षा मंत्री, सूरत और इंदौर का घटनाक्रम इस बात का संकेत

छपरा, एजेंसी

रक्षा मंत्री और पूर्व भाजपा अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि सूरत और इंदौर का घटनाक्रम इस बात का संकेत है कि भाजपा नीत राजग लोकसभा में 400 से अधिक सीट के अपने लक्ष्य को हासिल करने की राह पर है। पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने बिहार के सारण लोकसभा क्षेत्र में मौजूदा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी द्वारा अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के तुरंत बाद आयोजित की गई एक रैली में यह टिप्पणी की।

सिंह ने कहा-सूरत ने भाजपा के विजय का श्री गणेश हो चुका है।'' उनका इशारा भाजपा उम्मीदवार



बिहार के सारण में लोकसभा चुनाव के लिए सार्वजनिक बैठक के दौरान केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पार्टी उम्मीदवार राजीव प्रताप रूडी। ● एजेंसी

मुकेश दलाल के निर्विरोध निर्वाचित होने की ओर था, क्योंकि अधिकतर उम्मीदवार चुनाव मैदान से हट गए थे और बाकी के नामांकन पत्र जांच के दौरान खारिज कर दिए गए थे। सिंह ने कहा-इंदौर में, कांग्रेस उम्मीदवार ने अपना नामांकन वापस लेकर भाजपा का समर्थन किया है। उन्होंने कहा-सारे देश का जो माहौल दिख रहा है, उससे हमें लगता है कि हमलोगों ने जो 400 पार का लक्ष्य निर्धारित किया है, उसे प्राप्त करने में हम कामयाब होंगे। मेरा पक्का विश्वास है।

### समानता के इच्छुक लोगों को नक्सली बताने वाले नड्डा इस्तीफा दें: राहुल गांधी



**शिवमोगा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने यह आरोप लगाते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के इस्तीफे की बृहस्पतिवार को मांग की कि भाजपा नेता ने समानता चाहने वालों को नक्सली करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया-भाजपा नेताओं ने एक बार फिर संविधान पर हमला बोला है। नड्डा कह रहे हैं कि यदि दलित, पिछड़ी जातियां और आदिवासी समानता चाहते हैं तो वे नक्सली हैं। संविधान पर इससे बड़ा कोई हमला नहीं हो सकता।" गांधी ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा अध्यक्ष को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए और प्रधानमंत्री को "संविधान पर हमले" के लिए दलितों, आदिवासियों और अन्य पिछड़ा वर्ग से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा है कि उनकी पार्टी संविधान की रक्षा करेगी। उन्होंने कहा, "यदि भाजपा संविधान की रक्षा करना चाहती है, तो उसके अध्यक्ष समानता पर हमला क्यों कर रहे हैं?

# सर्वेक्षणों की आड़ में मतदाताओं का ब्योरा मांगना बंद करें राजनीतिक दल

नई दिल्ली, एजेंसी

- निर्वाचन आयोग ने कहा-यह भ्रष्ट आचरण के समान है




निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा अपनी प्रस्तावित योजनाओं के लिए विभिन्न सर्वेक्षणों की आड़ में मतदाताओं का विवरण मांगने को गंभीरता से लिया है, क्योंकि यह चुनाव कानून के तहत भ्रष्ट आचरण के समान है।

चुनाव प्राधिकरण ने उल्लेख किया कि कुछ राजनीतिक दल और उम्मीदवार ऐसी गतिविधियों में संलग्न हैं जो वैध सर्वेक्षणों और चुनाव के बाद लाभार्थी-उन्मुख योजनाओं के मद्देनजर व्यक्तियों को पंजीकृत करने के पक्षपातपूर्ण प्रयासों के बीच की रेखाओं को पार कर रहे हैं। आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों को किसी भी विज्ञापन, सर्वेक्षण या मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से चुनाव के बाद लाभार्थी-उन्मुख योजनाओं के लिए लोगों को पंजीकृत करने वाली किसी भी गतिविधि को तुरंत बंद करने के लिए एक सलाह जारी की। इसमें कहा गया है कि चुनाव के बाद के लाभों के मद्देनजर पंजीकरण के लिए निजी तौर पर मतदाताओं को आमंत्रित करने या बुलाने का कार्य निर्वाचक और प्रस्तावित लाभ के बीच एक लेन-देन जैसे संबंध का आभास पैदा कर सकता है और एक प्रलोभन जैसा है।

# उच्चतम न्यायालय ने निलंबित अधिकारी की पत्नी को जमानत देने से किया इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को दिल्ली सरकार के निलंबित अधिकारी प्रेमोदय खाखा की पत्नी को जमानत देने से मना कर दिया। अधिकारी पर आरोप है कि उसने एक नाबालिग लड़की से कई बार बलात्कार किया और उसे गर्भवती कर दिया। न्यायमूर्ति सी. टी. रविकुमार और एस. वी. एन भट्टी की पीठ ने अधिकारी की पत्नी सीमा रानी की याचिका खारिज कर दी और कहा कि वह दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने की इच्छुक नहीं है, जिसने उनकी याचिका खारिज कर दी थी। खाखा पर नवंबर 2020 और जनवरी 2021 के बीच एक नाबालिग लड़की से कई बार बलात्कार करने का आरोप लगाया गया है और अगस्त में गिरफ्तार होने के बाद से वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में है।

# दहशत फैलाना, व्यवस्था बिगाड़ना था ईमेल भेजने का मकसद

नई दिल्ली, एजेंसी

### दिल्ली के स्कूलों में बम धमकी का मामला

दिल्ली के 100 से अधिक स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी संबंधी ईमेल भेजने का मकसद बड़े पैमाने पर दहशत पैदा करना और सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ना था। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ द्वारा दर्ज प्राथमिकी में यह दावा किया गया है।

प्राथमिकी तक पहुंच रखने वाले आधिकारिक सूत्र के अनुसार बुधवार को सुबह 5:47 बजे से अपराह्न 2:13 बजे के बीच कई स्कूलों की तरफ से, बम धमकी मिलने के बारे में कम से कम 125 कॉल आईं। सूत्र ने कहा कि कॉल आने के बाद पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) वाहन स्कूल पहुंचे और जिला पुलिस, बम निरोधक दस्ता (बीडीएस), एमएसी, विशेष प्रकोष्ठ और अपराध नियंत्रण कक्ष, डीडीएमएस, एनडीआरएफ, 'फायर कैट्स' व अन्य एजेंसियों को सतर्क किया गया। सूत्र के अनुसार प्राथमिकी में कहा गया है कि स्कूलों की ओर इन इकाइयों की आवाजाही के कारण काफी असुविधा हुई। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने एक व्यापक अभ्यास के तहत स्कूलों को खाली कराया और पूरे शहर में जांच-पड़ताल की।

# उच्चतम न्यायालय ने अरावली में अवैध खनन रोकने का सरकार को दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्र तथा राज्य सरकारों को सतत विकास और पर्यावरण सुरक्षा के बीच संतुलन बनाते हुए अरावली क्षेत्र में अवैध खनन रोकना चाहिए। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति अभय एस. ओका की पीठ ने कहा कि सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। पीठ ने कहा-अरावली में अवैध खनन को रोकना होगा। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि इस संबंध में आवश्यक कदम उठाए जाएं, अन्यथा पहाड़ों के नाम पर केवल खोखली संरचनाएं होने का क्या फायदा? सतत विकास और पर्यावरण सुरक्षा के बीच संतुलन बनाना होगा। शीर्ष अदालत अरावली पर्वतमाला में अवैध खनन से संबंधित मामले की सुनवाई कर रही है।

# चुनाव बाद शुरू होगा इंडियन रीडरशिप सर्वे

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

- कोरोना काल की वजह से टल गया था पिछला सर्वे

**अमृत विचार:** लंबे अरसे बाद इंडियन रीडरशिप सर्वे शुरू होने जा रहा है। पिछला सर्वे 2019 में हुआ था। कोरोना की वजह से यह सर्वे बराबर टलता रहा था। अब लोकसभा चुनाव के बाद घर-घर जाकर पाठकों के बीच सर्वे किया जाएगा। बता दें कि प्रिंट मीडिया में उक्त सर्वे की रिपोर्ट को अहम माना जाता है और निजी क्षेत्र के राष्ट्रीय विज्ञापन दाता इसकी रिपोर्ट को काफी महत्व देते हैं।

रीडरशिप सर्वे शुरू करने के लिए इंडियन न्यूज पेपर समिति (आईएनएस) के ऊपर भी काफी दबाव है और हाल ही में हुई बैठक में प्रस्ताव पारित हुआ है कि यह सर्वे जल्द से जल्द शुरू कराया जाए। भारतीय मीडिया अनुसंधान उपयोगकर्ता परिषद (मुंबई) द्वारा उक्त सर्वे कराया जाएगा। इस समय परिषद के अध्यक्ष शैलेश गुप्ता है जो आईएनएस के भी अध्यक्ष रह चुके हैं। इसलिए माना जा रहा है कि आईएनएस के प्रस्ताव को एमआरयूसीआई गंभीरता से लेगा।

सूत्रों के मुताबिक इस बार पाठक सर्वेक्षण की खासियत यह होगी कि उसके दायरे में मंझोले अखबारों को भी लिया जाएगा। उदाहरण के लिए यदि किसी शहर में राष्ट्रीय स्तर के तीन समाचार पत्रों की प्रसार संख्या ज्यादा है बावजूद इसके उस शहर में क्षेत्रीय स्तर का कोई समाचार पत्र भी ठीक-ठाक ढंग से प्रसारित होता है तो सर्वे के दायरे में क्षेत्रीय समाचार पत्र को भी शामिल किया जाएगा और आईआरएस रिपोर्ट में उसका उल्लेख भी किया जाएगा। क इंडियन रीडरशिप सर्वे विश्व का सबसे बड़ा पाठक सर्वेक्षण है। इस बार यह सर्वे दिल्ली सहित 29 राज्यों में होगा। जिसमें 4 लाख से ज्यादा घरों में एमआरयूसीआई के सर्वेक्षक व्यक्तिगत रूप से जाएंगे और पाठकों से समाचार पत्रों एवं पत्रिकाओं के बारे में राय लेंगे। इसमें रीडरशिप स्टडी काउंसिल के विशेषज्ञ का भी सहयोग लिया जाएगा। संभावना है कि लगभग 8 से 10 महीने में यह सर्वे पूरा हो जाएगा।

# दिल्ली में सहपाठी ने छात्रा पर किया ब्लेड से हमला

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के गुलाबी बाग इलाके में 14 वर्षीय लड़की पर उसके साथ पढ़ने वाली छात्रा ने कथित तौर पर ब्लेड से हमला कर दिया, जिसकी वजह से पीड़िता के चेहरे पर 17 टांके लगाने पड़े। पुलिस ने यह जानकारी दी। इस बीच, पीड़िता का परिवार घटना में शामिल छात्राओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहा है। मामला बुधवार को तब सामने आया जब दिल्ली पुलिस ने घटना से जुड़ा कथित वीडियो वायरल होने पर स्वतः संज्ञान लिया। वीडियो में दिख रहा है कि एक छात्रा के चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं।

# 70,000 किलो हेरोइन गायब होने पर केंद्र से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली उच्च न्यायालय ने नोटिस जारी करते हुए चार हफ्ते का दिया समय
- याचिकाकर्ता ने सरकारी आंकड़ों में दी गई जानकारी में विसंगति का किया है दावा

दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2018 से 2020 के बीच मालखाने से 70,772.48 किलोग्राम हेरोइन के गायब होने का आरोप लगाने वाली याचिका पर केंद्र सरकार का रुख जानना चाहा है।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने बी आर अरविंदाक्षन द्वारा दायर याचिका पर नोटिस जारी किया और केंद्र से चार सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने को कहा। पेशे से पत्रकार याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि 2018 से 2020 तक देश में दवाओं की जब्ती के संबंध में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट और गृह मंत्रालय के आंकड़ों के बीच भारी विसंगति है। अदालत ने बुधवार को पारित अपने आदेश में कहा-उन्होंने (याचिकाकर्ता) कहा है कि 2018 और 2020 के बीच कुल मिलाकर 70,772.48 किलोग्राम हेरोइन मालखाने से गायब हो गई है। नोटिस जारी करें। चार सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल किया जाए। याचिकाकर्ता ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग पांच लाख करोड़ रुपये मूल्य की 70,000 किलोग्राम से अधिक हेरोइन का "भयानक रूप से गायब होना" राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक स्थिरता और आर्थिक नतीजों को लेकर चिंताएं बढ़ाता है। याचिका में कहा गया है कि "विसंगति" की भयावहता इतनी बड़ी है कि अगर इसे तुरंत हल नहीं किया गया तो इससे समाज में अराजकता फैल सकती है, लेकिन इस मुद्दे पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। याचिका के अनुसार-याचिकाकर्ता ने जोर देकर कहा है कि भारत में जब्त की गई पांच लाख करोड़ रुपये की 70,772.54 किलोग्राम हेरोइन गायब हो गई है, इसलिए मंत्रालय पर जोर दिया गया है कि देश की सुरक्षा और कल्याण के लिए तत्काल जांच का आदेश दिया जाना चाहिए। याचिकाकर्ता ने ब्योरे के बेमेल होने के संबंध में कई दिशा-निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है, जिसमें गृह मंत्रालय को एक निर्धारित समय अवधि में जांच के आदेश देने का निर्देश भी शामिल है। मामले की अगली सुनवाई नौ सितंबर को होगी।



# पल-पल बदला मैच, लड़कर हारे रॉयल्स

## रोमांचक मुकाबले में हैदाराबाद को 1 रन से मिली जीत, यशस्वी और पराग ने लगाए अर्धशतक

**हैदराबाद, एजेंसी**

नितीश कुमार रेड्डी नाबाद (76) और ट्रैविस हेड (58) की शानदार अर्धशतकीय पारियों की और उसके गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 50वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को एक रन से हरा दिया है।

मुकाबला इतना रोमांचक था कि राजस्थान रायल्स की टीम जीता हुआ मैच आखिरी गेंद पर रोवमन पॉवेल के पगबाधा आउट होने से एक रन से हार गई। 202 रनों के लक्ष्य पीछा करने उतरी राजस्थान की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में जॉस बटलर (शून्य) का विकेट गवां दिया। कप्तान संजू सैमसन भी (शून्य) पर पवेलियन लौट गये। ऐसे में यशस्वी और रियान ने ना केवल पारी को संभाला और तेजी के साथ रन भी बटोरे। यशस्वी जायसवाल 67 रन बनाए। रियान पराग ने 77 रनों की पारी खेली। शिमरॉन हेटमायर (13) और रोवमन पॉवेल (27) बनाकर आउट हुए। रवि अश्विन (दो) रन पर नाबाद रहे। राजस्थान की टीम निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 200 रन ही बना सकी और मुकाबला एक रन से हार गई। इससे पहले नितीश कुमार रेड्डी नाबाद (76) और ट्रैविस हेड (58) की शानदार अर्धशतकीय पारियों की मदद से सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को जीत के लिए 202 रनों का लक्ष्य दिया है। राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज करनी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पांचवें ओवर में अभिषेक शर्मा (12) का विकेट गवां दिया। ऐसे संकट के समय नितीश कुमार रेड्डी ने ट्रैविड हेड के साथ पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिए ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए (96) रन जोड़े।



### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| टी नटराजन (हैदराबाद) | 10 | 15 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 10 | 14 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 10 | 14 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 10 | 509 |
| विराट कोहली (आरसीबी) | 10 | 500 |
| साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) | 10 | 418 |

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 10 | 8 | 2 | 16 | +0.622 |
| कोलकाता | 9 | 6 | 3 | 12 | +1.096 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.094 |
| हैदराबाद | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.072 |
| चेन्नई | 10 | 5 | 5 | 10 | +0.627 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.442 |
| पंजाब | 10 | 4 | 6 | 8 | -0.062 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 | -1.113 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.272 |
| बेंगलुरु | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.415 |

### हैदराबाद 201/3
20 ओवर, अतिरिक्त : 8

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ट्रैविस हेड बो आवेश | 58 | 44 | 6/2 |
| अभिषेक शर्मा का जुरेल बो आवेश | 12 | 10 | 0/1 |
| अनमोलप्रीत सिंह का जायसवाल बो संदीप | 5 | 5 | 1/0 |
| नितीश कुमार रेड्डी नाबाद | 76 | 42 | 3/8 |
| हेनरिक क्लासेन नाबाद | 42 | 19 | 3/3 |

**गेंदबाजी :** बोल्ट 4-0-33-0, अश्विन 4-0-36-0, आवेश 4-0-39-2, संदीप 4-0-31-1, चहल 4-0-62-0

### राजस्थान 200/7
20 ओवर, अतिरिक्त : 13

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो नटराजन | 67 | 40 | 7/2 |
| जोस बटलर का यानसेन बो भुवनेश्वर | 0 | 1 | 0/0 |
| संजू सैमसन बो भुवनेश्वर | 0 | 3 | 0/0 |
| रियान पराग का यानसेन बो कमिंस | 77 | 49 | 8/4 |
| हेटमायर का यानसेन बो नटराजन | 13 | 9 | 1/1 |
| रोवमैन पावेल पगबाधा बो भुवनेश्वर | 27 | 15 | 3/1 |
| ध्रुव जुरेल का अभिषेक बो कमिंस | 1 | 3 | 0/0 |
| रविचंद्रन अश्विन नाबाद | 2 | 2 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-41-3, यानसेन 4-0-44-0, कमिंस 4-0-34-2, नटराजन 4-0-35-2, उनादकट 2-0-23-0, नितीश 1-0-12-0, शाहबाज 1-0-11-0



रियान पराग
77 रन
49 गेंद
8/4 चौके/छक्के

# कमजोरियों से पार पाने उतरेगी केकेआर



**मुंबई, एजेंसी**

खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस के खिलाफ शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स अपनी कमजोरियों से पार पाने के इरादे से उतरेगी।श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली टीम को हालांकि हर विभाग में लगातार अच्छा प्रदर्शन करके किसी तरह की कोताही से बचना होगा।

केकेआर ने पिछले छह में से तीन मैच गंवाये हैं और पंजाब किंग्स ने रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करके उसे हराया। बल्लेबाजी में अति आक्रामक रवैये का केकेआर को फायदा मिला है लेकिन गेंदबाजी में सुधार की गुंजाइश है। दूसरी ओर मुंबई प्लेआफ की दौड़ से लगभग बाहर है उसे पांच मैच और खेलने हैं। बुमराह (14 विकेट) और कोएत्जी (13 विकेट) मुंबई के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं लेकिन एक ईकाई के रूप में टीम गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी है।

**आज का मुकाबला**
मुंबई इंडियंस
बनाम
कोलकाता नाइट राइडर्स
शाम 7:30 बजे

# भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश को हराकर 3-0 से बनाई विजयी बढ़त

**सिलहट (बांग्लादेश), एजेंसी**

गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के अर्धशतक से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने तीसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में गुरुवार को बांग्लादेश को सात विकेट से हराकर पांच मैच की श्रृंखला में 3-0 की विजयी बढ़त बना ली।

बांग्लादेश के 118 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने शेफाली (51 रन, 38 गेंद, आठ चौके) के अर्धशतक और स्मृति मंधाना (47 रन, 42 गेंद, पांच चौके, एक छक्का) के साथ उनकी पहले विकेट की 12.1 ओवर में 91 रन की साझेदारी से 18.3 ओवर में तीन विकेट पर 121 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। इस साल टी-20 महिला विश्व कप बांग्लादेश में ही होना है। बांग्लादेश की टीम इससे पहले सलामी बल्लेबाज अख्तर (39) और कप्तान सुल्ताना (28) की उम्दा पारियों के बावजूद 20 ओवर में आठ विकेट पर 117 रन ही बना सकी। भारत की ओर से राधा यादव ने दो विकेट चटकाए। रेणुका सिंह, पूजा वस्त्राकर और श्रेयंका को एक-एक विकेट मिला।



## खेल डायरी



### वंचित बच्चों के लिए शुरू किया टेनिस कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने वंचित तबके के बच्चों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से असम के माजुली द्वीप और बोंगाईगांव के दूरदराज के इलाकों से 25 ऐसे बच्चों को सहायता के लिए चुना है। रोहन बोपन्ना टेनिस अकादमी (आरबीटीए) और कमल इंडिया फाउंडेशन यूके के बीच इस साझेदारी के तहत नौ से 11 साल के चयनित बच्चों को व्यापक टेनिस प्रशिक्षण मुहैया कराया जाएगा। बच्चों को एक कौशल और फिटनेस मूल्यांकन प्रक्रिया से गुजरना पड़ा तथा उनका चयन ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन बोपन्ना ने किया। चयनित खिलाड़ी बेंगलुरू जाएंगे जहां उन्हें अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा, विश्व स्तरीय टेनिस पाठ्यक्रम, अनुभवी कोच, स्कूल परिसर में खाने और रहने की व्यवस्था, शिक्षा और आरबीटीए में खुद बोपन्ना द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। बोपन्ना ने कहा हम कमल इंडिया फाउंडेशन यूके के साथ साझेदारी करके इस अवसर को उन प्रतिभाशाली युवाओं तक पहुंचाने के लिए रोमांचित हैं जिनकी अन्यथा ऐसे संसाधनों तक पहुंच नहीं होती।

### शुभंकर की सर्वश्रेष्ठ शुरुआत, चीन में संयुक्त सातवें स्थान पर

**बीजिंग।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा 2024 की अपनी सर्वश्रेष्ठ शुरुआत करते हुए गुरुवार को पहले दौर में छह अंडर 66 के स्कोर से वॉल्वो चीन ओपन में संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर चल रहे हैं। शुभंकर संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे रोमेन लांगेस्क और सबेस्टियन सोडरबर्ग से तीन शॉट पीछे हैं। रोमेन और सबेस्टियन ने पहले दौर में 63 का समान स्कोर बनाया। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे एक अन्य भारतीय ओम प्रकाश दो अंडर 70 के स्कोर से संयुक्त रूप से 51वें स्थान पर चल रहे हैं।

### आयरलैंड, इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 के लिए हारिस की वापसी

**लाहौर।** पाकिस्तानी चयनकर्ताओं ने आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 श्रृंखलाओं के लिए लेग स्पिनर उसामा मीर को टीम में जगह नहीं दी है जबकि तेज गेंदबाज हारिस रऊफ की वापसी हुई है। चयनकर्ता मोहम्मद युसूफ, अब्दुल रज्जाक और वहाब रियाज ने बताया कि पाकिस्तान की विश्व कप टीम आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ प्रदर्शन के आधार पर चुनी जाएगी। आयरलैंड में तीन मैचों की श्रृंखला 10 मई से और इंग्लैंड के खिलाफ चार मैचों की श्रृंखला 22 मई से शुरू होगी।

### उबर कप क्वार्टर फाइनल में हारी भारतीय टीम

**चेंगदू (चीन)।** अष्मिता चालिहा ने कड़ा संघर्ष किया लेकिन युवा और अनुभवहीन भारतीय महिला टीम को उबर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में गुरुवार को जापान ने 3-0 से हराया। पी वी सिंधू के बगैर खेल रही भारतीय टीम ने ग्रुप चरण में कनाडा और सिंगापुर को हराकर नॉकआउट के लिए क्वालीफाई किया था लेकिन आखिरी लीग मैच में उसे चीन ने 5-0 से मात दी थी। दुनिया की 53वें नंबर की खिलाड़ी चालिहा को 67 मिनट तक चले मुकाबले में दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी आया ओहोरी ने 21-10, 20-22, 21-15 से हराया। ईशारानी बरूआ को दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नोजोमी ओकुहारा ने 21-15, 21-12 से शिकस्त दी। वहीं राष्ट्रीय चैंपियन प्रिया के और श्रुति मिश्रा को दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी नामी मत्सुयामा और चिहारू शिडा ने 21-8, 21-9 से हराया। भारत तीन बार 1957, 2014 और 2016 में उबर कप सेमीफाइनल में पहुंचा है। पुरूष टीम थॉमस कप क्वार्टर फाइनल में चीन से खेलेगी।



### एफआईएच प्रो लीग के लिए महिला टीम की घोषणा

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को बेल्जियम में 22 से 26 मई तक होने वाली एफआईएच प्रो लीग 2023-24 चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। एफआईएच प्रो लीग 2023-24 का बेल्जियम चरण 22 से 26 मई तक चलेगा, जबकि इंग्लैंड चरण एक जून को शुरू होगा और नौ जून को समाप्त होगा। भारत 22 मई को सलीमा टेटे की अगुवाई में अर्जेंटीना के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करते हुए दोनों चरणों में अर्जेंटीना, बेल्जियम, स्पेन, इंग्लैंड और जर्मनी के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगा। भारत फिलहाल आठ मैचों में आठ अंक लेकर छठे स्थान पर है। इस बीच, मिडफील्डर नवनीत कौर उपकप्तान बनाया गया। गोलकीपिंग की जिम्मेदारी सविता और बिचू देवी खारीबाम पर होगी, जबकि रक्षात्मक पंक्ति में निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, ज्योति छत्री और महिमा चौधरी शामिल हैं। मिडफील्ड सलीमा टेटे, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नवनीत कौर, नेहा, ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान और लालरेम्सियामी जैसे गतिशील खिलाड़ियों द्वारा किया जाएगा। फॉरवर्ड पंक्ति में मुमताज खान, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, सुनेलिता टोप्पो और दीपिका सोरेंग हैं।

# मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में चार भारतीय

**अस्ताना (कजाखस्तान)**



एएसबीसी एशियाई अंडर-22

भारतीय मुक्केबाजों मांदेंगबाम जादुमणि सिंह, निखिल, अजय कुमार और अंकुश ने गुरुवार को यहां अपने-अपने मुकाबले जीतकर एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पुरुष अंडर-22 सेमीफाइनल में जगह बनाई।

जादुमणि ने 51 किग्रा के क्वार्टर फाइनल में भूटान के फुंटशो किनले को 5-0 से हराकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। निखिल (57 किग्रा) ने भी इसी तरह का दबदबा बनाया और उज्बेकिस्तान के बख्तियोरोव अयूबखोन को 4-0 से शिकस्त दी। अजय (63.5 किग्रा) और अंकुश (71 किग्रा) ने रेफरी के मुकाबले रोकने (आरएससी) पर अपने-अपने मुकाबले जीते। अजय ने मंगोलिया के दमदिंडोरज पी के खिलाफ पहले दौर में ही मुकाबला जीत लिया जबकि अंकुश ने कोरिया के ली जू सांग के खिलाफ तीसरे दौर में जीत दर्ज की। आशीष हालांकि पुरुषों के क्वार्टर फाइनल में मंगोलिया के ओयुन एर्डेन ई के खिलाफ 2-3 से हार गए। बुधवार देर रात आर्यन, निशा, आकांक्षा फलसवाल और रुद्रिका ने युवा वर्ग में अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीते।

# कार्लोस का तीसरी बार मैड्रिड ओपन जीतने का सपना टूटा



**मैड्रिड।** रूस के टेनिस खिलाड़ी आंद्रे रूबलेव ने शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए स्पेन के कार्लोस अलकराज के लगातार तीन बार मैड्रिड ओपन खिताब जीतने के सपने को तोड़ दिया है। मैड्रिड ओपन टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल मुकाबले में सातवीं वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव ने एक सेट में पिछड़ने के बाद स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अलकराज को 4-6, 6-3, 6-2 से हराया। दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन 20 वर्षीय अलकराज ने 41 मिनट में शुरुआती सेट जीतने के बावजूद अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके। रुबलेव ने एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में जोरदार प्रदर्शन करते हुए अलकराज की 14 मैचों की जीत की लय को तोड़ते हुए मुकाबला जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। रुबलेव ने मैच के बाद कहा, सर्विस ने आज मुझे कई बार बचाया। मुझे लगता है कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह मेरे पहले मैचों में से एक था जहां मैं पूरी तरह से शांत था। मैंने एक शब्द भी नहीं कहा, भले ही मैं हार रहा था। मैं और भी बेहतर सर्विस करने में सक्षम था क्योंकि शुरुआत में, मैं उतनी अच्छी सर्विस नहीं कर पा रहा था, लेकिन धीरे-धीरे, एक सेट के बाद मैं बेहतर होता गया और मैंने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया।

# विश्वकप में अमूल होगा अमेरिका-दक्षिण अफ्रीका का प्रायोजक

**नई दिल्ली।** भारतीय दुग्ध उत्पाद निर्माता अमूल जून में टी-20 विश्व कप के दौरान अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका टीम का प्रायोजक होगा।

अमेरिका एक जून से हो रहे टूर्नामेंट में सह मेजबान के तौर पर पदार्पण करेगा। टूर्नामेंट में सेमीफाइनल और फाइनल समेत कई मुकाबले वेस्टइंडीज में होंगे। अमूल के प्रबंध निदेशक जयेन मेहता ने कहा अमूल दूध की गुणवत्ता से अमेरिकी क्रिकेट टीम दुनिया भर में दिल जीत सकेगी। दक्षिण अफ्रीका के प्रायोजन के बारे में उन्होंने कहा अमूल 2019 वनडे श्रृंखला और 2023 वनडे विश्व कप से दक्षिण अफ्रीकी टीम से जुड़ा है। इस साझेदारी को आगे बढाने में हमें गर्व हो रहा है।

# आईपीएल के हिसाब से नहीं बनती टीम : रोहित

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने गुरुवार को कहा कि टीम प्रबंधन टी-20 विश्व कप में चार स्पिनरों के चयन को लेकर स्पष्ट था और अंतिम 15 खिलाड़ी चुनने में आईपीएल की बहुत भूमिका नहीं थी। भारत ने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए चार स्पिनर और तीन तेज गेंदबाज चुने हैं। कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल कलाई के स्पिनर हैं जबकि अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा स्पिन हरफनमौला हैं।

रोहित ने प्रेस कांफ्रेंस में सवालों के जवाब में कहा मैं इस बारे में तफ्सील से बात नहीं करूंगा लेकिन मैं चार स्पिनर चाहता था। मैच सुबह दस बजे से शुरू होते हैं और इसमें काफी तकनीकी पहलू है। चार स्पिनरों को चुनने का कारण मैं अभी नहीं बताऊंगा। मैं चार स्पिनर चाहता था जिनमें से दो हरफनमौला है और इससे टीम को संतुलन मिलता है। विरोधी टीम को देखकर हम टीम संयोजन चुनेंगे। भारतीय टीम का चयन मंगलवार को किया गया। रोहित ने कहा कि बीच के ओवरों में टीम की जरूरत का काफी ध्यान रखा गया। शिवम दुबे को रिंकू सिंह पर तरजीह देने पर भी काफी सवाल उठे हैं। हमें यह समझना होगा कि पिचें और विरोधी टीम संयोजन कैसा होगा।



### पंड्या जो कर सकता है, उसका कोई विकल्प नहीं : अगरकर

**मुंबई।** मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर ने भारत की टी-20 विश्व कप टीम में हार्दिक पंड्या के चयन का बचाव करते हुए कहा कि टीम को संतुलन देने के अलावा फिट रहने पर वह जो कर सकता है, उसका कोई विकल्प नहीं है। मुंबई इंडियंस के कप्तान के तौर पर आईपीएल में खराब फॉर्म से जूझ रहे हार्दिक को टी20 विश्व कप टीम का उपकप्तान बनाए जाने से क्रिकेट जगत को हैरानी हुई है। उन्होंने वनडे विश्व कप में भारत के लिए एकमात्र मैच अक्टूबर 2023 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था। अगरकर ने कहा कि उपकप्तानी को लेकर कोई बात नहीं हुई। उसने अभी तक मुंबई इंडियंस के लिए सारे मैच खेले हैं। हमें एक महीने और कुछ दिन बाद ही पहला मैच खेलना है। वह फिट है तो वह जो कर सकता है, उसका कोई विकल्प नहीं है। वह चोट के बाद लंबे समय में वापसी कर रहा है। हमें उम्मीद

# साद बिन जफर करेंगे टी-20 विश्व कप में कनाडा की अगुवाई

**टोरंटो।** कनाडा पहली बार पुरूष टी-20 विश्व कप में खेलेगा और पाकिस्तानी मूल के साद बिन जफर को जून में होने वाले टूर्नामेंट के लिए टीम की कमान सौंपी गई है। टीम में अधिकांश खिलाड़ी भारतीय या विदेशी मूल के हैं।

कनाडा को ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान, अमेरिका और आयरलैंड के साथ रखा गया है। कनाडा को पहला मैच एक जून को डल्लास में अमेरिका से खेलना है। पिछले साल आईसीसी टी-20 विश्व कप अमेरिकास क्षेत्र के फाइनल में बरमूडा को हराकर कनाडा ने विश्व कप के लिये क्वालीफाई किया था। कनाडा टीम में साद बिन जफर (कप्तान), आरोन जॉनसन, डिलोन हेलाइगर, दिलप्रीत बाजवा, हर्ष ठाकेर, जेरेमी गोर्डन, जुनैद सिद्दीकी, कलीम सना, कंवरपाल ठाकुर, नवनीत धालीवाल, निकोलस किर्टोन, परगट सिंह, रविंदर पाल सिंह, रयान खान पठान, श्रेयस मोवा शामिल हैं। वहीं, रिजर्व में ताजिंदर सिंह, आदित्य वर्धराजन, अम्मार खालिद, जतिंदर मथारू, परवीन कुमार को रखा गया है।

## बॉलीवुड हलचल

# नंद घर मुहिम से जुड़े मनोज

**मुंबई।** बॉलीवुड के जाने माने अभिनेता मनोज वाजपेयी नंद घर मुहिम से जुड़ गये हैं, जिसका उद्देश्य सात करोड़ बच्चों और दो करोड़ महिलाओं के जीवन को बेहतर बनाना है। 14 लाख आंगनवाड़ियों में सुधार करने के लक्ष्य के तहत, नंद घर ने अभिनेता मनोज बाजपेयी के साथ पूरे देश में एक विशेष कैंपेन की शुरुआत की है, जिसका शीर्षक है अगर बचपन से पूछा खाना खाया, तो देश का कल बनाया। नंद घर द्वारा चलाए जा रहे इस कैंपेन का उद्देश्य भावी पीढ़ी को पोषित करना है, जिसमें समग्र स्वास्थ्य देखभाल, गुणवत्तापूर्ण पोषण और बच्चों को सर्वोत्तम प्री-स्कूल शिक्षा प्रदान करना शामिल है। इस मुहिम में शामिल होने पर मनोज बाजपेयी का स्वागत करते हुए, अनिल अग्रवाल, चेयरमैन, वेदांता, ने कहा प्रोजेक्ट नंद घर पूरे देश में बच्चों और महिलाओं को स्वस्थ और सुपोषित रहने में मदद करने पर केंद्रित है। मनोज बाजपेयी का इस महत्वपूर्ण मुहिम से जुड़ना हमारे लिए गर्व का विषय है। उनके निजी जीवन के अनुभव भावी पीढ़ियों के जीवन को बेहतर और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, जो कि नंद घर के उद्देश्य के साथ बखूबी मेल खाते हैं। नंद घर के साथ जुड़ने को लेकर उत्साहित, मनोज बाजपेयी ने कहा, व्यक्तिगत तौर पर भूख की पीड़ा से गुजरने के कारण मेरा मानना है कि जो व्यक्ति भूख का सामना करता है, उसका शरीर, मस्तिष्क और भावनाएं काफी प्रभावित होती हैं।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# धार्मिक स्वतंत्रता पर भेदभावपूर्ण टिप्पणी पर भारत का पलटवार

नई दिल्ली, एजेंसी

- विदेश मंत्रालय ने कहा-राजनीतिक एजेंडा वाला पक्षपाती संगठन है अमेरिकी आयोग



भारत ने गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग यूएससीआईआरएफ की उस रिपोर्ट को खारिज दिया। जिसमें भारत में भेदभावपूर्ण राष्ट्रवादी नीतियों को बढ़ावा देने का आरोप लगा था। भारतीय विदेश मंत्रालय ने भारत की आलोचना करने वाली इस रिपोर्ट को पक्षपाती बता दिया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि यूएससीआईआरएफ अपनी वार्षिक रिपोर्ट में भारत को लेकर दुष्प्रचार जारी है। हमें उम्मीद नहीं है कि यूएससीआईआरएफ कभी भारत की विविध और लोकतांत्रिक लोकाचार को समझने की कोशिश करेगा। भारत ने रिपोर्ट पर तीखा हमला करते हुए कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने की उनकी कोशिश कभी सफल नहीं होगी। अमेरिकी आयोग ये सब कुछ भारतीय लोकसभा चुनाव में हस्तक्षेप करने के लिए कर रहा है लेकिन वो कभी भी इसमें सफल नहीं हो पाएगा। यूएससीआईआरएफ को अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत अमेरिकी संघीय सरकार के एक आयोग के रूप में बनाया गया था, जिसके सदस्यों में राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा नियुक्त किया जाता है।

# यौन क्षमता से जुड़ी दवा विगोरा बेचने पर कोर्ट की रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने होमियोपैथी दवा निर्माता कंपनी द्वारा यौन क्षमता से जुड़ी समस्याओं के लिए बाजार में बेची रही दवा के विगोरा स्थायी रूप से रोक लगा दी। अदालत ने यह फैसला फाइजर प्रोडक्ट्स इंक द्वारा दाखिल याचिका पर सुनाया।

कंपनी वियाग्रा नाम से यौन समस्या के लिए अंग्रेजी दवा का उत्पादन करती है। न्यायमूर्ति संजीव नरुला की अदालत ने कहा कि दोनों नाम में समानता होने और एक तरह के वाणिज्यिक इस्तेमाल की वजह से भ्रम की बहुत अधिक आशंका है। अदालत ने रेनोविजन एक्सपोर्ट प्रा. लि. को निर्देश दिया कि वह विगोरा या कोई ऐसे नाम का इस्तेमाल न करे जो फाइजर के ट्रेडमार्क वियाग्रा से भ्रामक रूप से समान हो।

# जाओ फांसी लगा लो...कहना आत्महत्या को उकसाना नहीं

बेंगलुरु, एजेंसी


- कर्नाटक हाईकोर्ट की टिप्पणी उकसाने की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता बयान

कर्नाटक हाईकोर्ट ने चर्च के पादरी की मौत के मामले में अहम टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि केवल ऐसा कहना कि 'जाओ फांसी लगा लो', आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रयास नहीं माना जा सकता।

अदालत में जस्टिस एम नागप्रसन्ना ने विवादास्पद बयानों से जुड़े मामलों में आत्महत्या के लिए उकसाने की मंशा से जुड़े जटिल सवाल पर स्पष्ट किया कि जाओ फांसी लगा लो जैसा बयान फांसी के लिए उकसाने की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। तटीय कर्नाटक के इस मामले में याचिकाकर्ता पर आरोप है कि उसने उसकी पत्नी के साथ कथित संबंधों को लेकर पादरी से आक्रामक बहस की। खबर के मुताबिक पादरी के साथ आक्रामक बहस के दौरान उसने आवेश में पादरी से पीछा छुड़ाने के लिए 'जाओ फांसी लगा लो' जैसे कथन का इस्तेमाल कर डाला।

बचाव पक्ष के वकील ने कहा कि पादरी ने केवल उनके मुवक्किल के कहने पर ही आत्महत्या जैसा कदम उठाया। ऐसा नहीं माना जा सकता। वकील ने अदालत से कहा कि 'जाओ फांसी लगा लो' जैसे कथन का इस्तेमाल पत्नी के संबंध की जानकारी मिलने पर गुस्से और हताशा के कारण हुआ।

# देश में बढ़ रहे पार्सल स्कैम, न करें ये गलती



*पार्सल के नाम पर शहरों तक फैल गया है। इसमें किसी कूरियर कंपनी से होने का दावा करने वाला व्यक्ति कोई घरेलू या अंतर्राष्ट्रीय पार्सल की सूचना देता है। यदि आप इस झांसे में आ गए तो आपके साथ फ्रॉड हो सकता है। जानें कि इस तरह के फ्रॉड कैसे होते हैं और इनसे कैसे बचा जा सकता है...*

### कैसे मिलती है अपराधियों को जानकारी

विदेश से पार्सल के नाम पर जालसाज इसकी जानकारी ई-कॉमर्स कंपनी, वेयरहाउसिंग या उनके लॉजिस्टिक्स पार्टनर से चुरा लेते हैं। यदि पूर्व सूचना नहीं है तो कॉल पर भरोसा न करें। फिर भी आपको परेशान करे तो पुलिस को सूचना दे सकते हैं।

### ऐसे करेंगे तो नहीं होगी ठगी

पार्सल के नाम से कॉल आए तो उसे नजरअंदाज करें और फोन उठा भी लें तो किसी ऑपशन पर बटन न दबाएं। किसी भी लिंक पर क्लिक न करें। ठगी होने पर नजदीकी साइबर पुलिस स्टेशन या 1930 पर शिकायत दें। www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दें।

### कैसे रखें सुरक्षित

- ऐसी घटनाओं के बारे में संचार माध्यमों में खबरें आती हैं। इनकी जानकारी रखें ताकि आप ऐसी घटनाओं में पैटर्न को पहचान सकें।
- अगर धोखाधड़ी का संदेह है, तो कॉल करने वालों को ब्लॉक कर दें। गोपनीयता, डेटा सुरक्षा और कानून प्रवर्तन के विशेषज्ञों से परामर्श करें।
- यदि आपसे कहा जाता है कि आपके किसी शिपमेंट को कस्टम ने रोक लिया गया है, तो उसके बारे में आधिकारिक सम्मन मांगें।
- संवेदनशील व्यक्तिगत या वित्तीय जानकारी साझा करने या ओटीपी देने से बचें। किसी भी वित्तीय लेनदेन में जल्दबाजी न करें।
- धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं, तो तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दें और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें।

## एक नजर

### नवाज के करीबी बोले-पाकिस्तान में फिर से हो सकते हैं आम चुनाव

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की पीएमएल-एन पार्टी के नेता ने बताया कि वह अगले दो सालों में नए चुनाव हो सकते हैं। नवाज शरीफ को चौथी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए हो सकते हैं, यदि वह चुनाव जीतते हैं, तो यह उनका चौथा कार्यकाल होगा। पाकिस्तान में 8 फरवरी को आम चुनाव हुए। इस चुनाव में नेशनल असेंबली बहुमत पाने में असफल रही। इस कारण से 74 वर्षीय नवाज शरीफ चौथी बार प्रधानमंत्री नहीं बन सके। लेकिन अगले दो सालों में अगर आम चुनाव होते हैं तो उनके प्रधानमंत्री बनने की पूरी संभावना है। ऐसा एक पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज के नेता जावेद लतीफ ने कहा। उन्होंने कहा कि अगले दो साल में या पांच साल कभी भी चुनाव हों, पीएमएल-एन नवाज शरीफ ही चौथी बार सत्ता की कमान संभालेंगे।

### घाटी में आतंकी संगठन में शामिल होने जा रहा युवक गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की काउंटर इंटेलीजेंस कश्मीर (सीआईके) ने एक कट्टरपंथी युवक को गिरफ्तार किया है जो बडगाम में आतंकवादियों के साथ शामिल होने जा रहा था। अधिकारियों ने बताया, सीआईके ने बीरवाह गांव के एक कट्टरपंथी व्यक्ति वसीम अहमद शेख को गिरफ्तार किया, जो आतंकवादी के पाकिस्तान में बैठे कुछ आकाओं के उकसाने पर आतंकवाद में शामिल होने वाला था। वैश्विक आतंकवादी संगठन की शाखा अंसार गजवत-उल-हिंद अपने पैर फिर जमाने की कोशिश कर रहा है। सूचना के आधार पर सीआईके ने कार्रवाई दौरान एक वसीम को गिरफ्तार किया है।

### भारत-इंडोनेशिया संयुक्त रक्षा सहयोग समिति की बैठक कल

**नई दिल्ली।** भारत और इंडोनेशिया के बीच संयुक्त रक्षा सहयोग समिति की सातवीं बैठक कल होगी। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि बैठक की सह-अध्यक्षता रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने और इंडोनेशिया के रक्षा मंत्रालय के महासचिव एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डोनी एर्मावान टौफेंटो करेंगे। बैठक में दोनों पक्ष साझा हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। दोनों देशों के बीच रक्षा गतिविधियों में विविधता आई है जिसमें सेवाओं के बीच व्यापक संपर्क, सैन्य आदान-प्रदान, उच्च-स्तरीय यात्राएं, क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण कार्यक्रम, संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना में सहयोग और द्विपक्षीय अभ्यास शामिल हैं।

### यूएई में फिर खराब हुआ मौसम भारी बारिश के कारण कई उड़ानें रद

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में गुरुवार को भारी बारिश और आंधी के कारण कई अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद कर दी गईं। इससे दो सप्ताह पहले दुबई में आए अभूतपूर्व तूफान के चलते कई दिन तक जन-जीवन अस्त व्यस्त रहा था। बुधवार को देश के राष्ट्रीय आपात संकट एवं आपदा मोचन प्राधिकरण (एनसीईएमए) ने हालात से निपटने के लिए तैयारियां तेज कर दीं। हालांकि अब बारिश के पिछले महीने हुई बारिश की तुलना में कम गंभीर रहने का अनुमान है, लेकिन फिर भी लोगों से ऐहतियात बरतने का आग्रह किया गया है।

# नाराज चीन ने शहबाज के अनुरोध के बाद फिर ठुकराया राजकीय न्योता

## पाकिस्तान के पीएम क्षुब्ध, दो देशों की राजकीय यात्रा करने की परंपरा खत्म

इस्लामाबाद, एजेंसी

चीन इन दिनों पाकिस्तान से नाराज चल रहा है, जिसकी वजह से शपथ लेने के करीब दो महीने बाद भी पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ चीन की आधिकारिक राजकीय यात्रा का इंतजार कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के बार-बार अनुरोध के बावजूद चीन ने कोई जवाब नहीं दिया है।

अब मई के अंत में या जून में पीएम शहबाज शरीफ चीन- पाकिस्तान आर्थिक गलियारे पर संयुक्त सहयोग समिति (जेसीसी) की 13वीं बैठक में भाग लेने चीन की यात्रा पर जा सकते हैं, लेकिन यह राजकीय यात्रा नहीं होगी। बता दें, पाकिस्तान में नए पीएम के शपथ लेने के तुरंत बाद दो देशों की राजकीत यात्रा की परंपरा है। एक चीन और दूसरा सऊदी अरब। इस बार चीन और सऊदी अरब दोनों ने शहबाज को राजकीय यात्रा का निमंत्रण नहीं दिया है। शहबाज 28-29 अप्रैल को सउदी अरब गए लेकिन राजकीय दौरा नहीं था।

### नाराजगी की वजह सीपैक और अमेरिका, हमले रोकने में नाकामी



पाकिस्तान के बर्ताव से चीन खफा है। चीन-पाकिस्तान इकोनोमिक कॉरिडोर (सीपैक) प्रोजेक्ट पर काम कर रहे चीनी इंजीनियरों और नागरिकों पर हो रहे हमलों को पाकिस्तान रोकने में नाकाम रहा है। 26 मार्च को खैबर पख्तूनख्वा में 5 चीनी नागरिकों की हत्या के बाद चीन ने पाकिस्तान से स्पष्ट कहा था कि मामले की गहन जांच होनी चाहिए। चीन ने के इंजीनियरों को प्रोजेक्ट साइट तक पहुंचने के लिए बम रोधी वाहन उपलब्ध नहीं कराया गया। फिलाहल चीन की एक समिति पाकिस्तान में घटना की जांच कर रही है।

### पाकिस्तान के अमेरिका की ओर बढ़ते लगाव से भी चिंतित है चीन

चीन पाकिस्तान के अमेरिका की ओर बढ़ते लगाव से भी चिंतित है। पिछले साल 12 सितंबर 2023 को पाकिस्तान में अमेरिकी राजदूत डोनाल्ड ब्लोम ने चीन की फंडिंग से बलूचिस्तान में बने ग्वादर पोर्ट का दौरा किया था। पहली बार इतने बड़े अधिकारी ने ग्वादर का दौरा किया था। जिस अमेरिका ने 15 साल तक जिस प्रोजेक्ट से दूरी बनाई रखी, उसी ग्लादर पोर्ट प्रोजेक्ट को लेकर अमेरिका की रुचि ने चीन को परेशान कर दिया है।

### बिजली कंपनियों की बकाया राशि को लेकर भड़का चीन

पाकिस्तान से चीन ने बिजली कंपनियों का 550 अरब पाकिस्तानी रुपये की मांग की है। चीन की कंपनियां लंबे समय से यह पैसा मांग रही हैं लेकिन शहबाज सरकार उसे देने का नाम नहीं ले रही है। चीन के स्वंतत्र बिजली उत्पादकों का 550 अरब रुपये बकाया है और इसको चुकाने के लिए शहबाज सरकार कोई सिड्यूल नहीं दे पा रही है। शहबाज शरीफ अब जून के पहले सप्ताह चीन जा रहे हैं और माना जा रहा है कि यह मुद्दा प्रमुखता से उठ सकता है। वहीं चीन ने जोर देकर कहा है कि शहबाज शरीफ की इस यात्रा से पहले सभी लंबित मुद्दों का समाधान कर लिया जाए।

# अमेरिकी विवि में फिलिस्तीन समर्थकों के तेवर आक्रामक

**वाशिंगटन।** अमेरिका में फिलिस्तीन के समर्थन में आवाज उठने का सिलसिला जारी है। कोलंबिया यूनिवर्सिटी से शुरू हुआ विरोध-प्रदर्शन अब दूसरे कैंपस में भी अपना असर दिखा रहा है। लॉस एंजिल्स के कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों के कथित कब्जे से कैंपस को मुक्त कराने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा है।

रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने बैरिकेड्स हटा दिए हैं। फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने जब पुलिस के आदेश को मानने से इनकार कर दिया तो 24 घंटे बाद उनके मजबूत कब्जे को हटाने के लिए पुलिस ने बलप्रयोग किया। कई लोगों को हिरासत में भी लिया गया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को लाउडस्पीकर पर चेतावनी दी और कहा कि उन्हें कई घंटों तक हिरासत में रखा जा सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिकी प्रशासन के बलप्रयोग का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पुलिस के हेलीकॉप्टर कैंपस के ऊपर मंडराते देखे गए। फ्लैश-बैंग्स की तेज आवाजें भी सुनी गईं। इसकी मदद से पुलिस भीड़ को तितर-बितर करने का प्रयास करती है।

# यूएन में फिलिस्तीन मुद्दे पर भारत-पाकिस्तान एकमत

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- रुचिरा बोलीं- दो राष्ट्र सिद्धांत ही दोनों देशों के बीच विवाद का हो सकता है समाधान



संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने एक बार फिर इजराइल-फिलिस्तीन विवाद पर भारत का रुख साफ किया और कहा कि 'दो राष्ट्र सिद्धांत ही दोनों देशों के बीच विवाद का समाधान कर सकता है। वहीं पड़ोसी पाकिस्तान ने भी फिलिस्तीन को पूर्ण सदस्यता को लेकर पुनर्विचार करने की मांग की है। युद्धग्रस्त फिलिस्तीन को लेकर दोनों देश यूएन में एकमत रहे और दोनों फिलिस्तीन का समर्थन किया।

रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत, दो राष्ट्र सिद्धांत का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। तभी फिलिस्तीन के लोग सुरक्षित सीमाओं के साथ आजादी से रह सकेंगे। साथ ही इजराइल की सुरक्षा चिंताओं का भी समाधान हो सकेगा।

भारत ने संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता के लिए फिलिस्तीन की मांग का समर्थन किया है। बता दें कि पिछले महीने अमेरिका ने फिलिस्तीन की इस मांग का विरोध किया था। रुचिरा कंबोज ने कहा कि 'हमें उम्मीद है कि संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन की सदस्यता पर उचित समय पर पुनर्विचार किया जाएगा और संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बनने के फिलिस्तीन के प्रयास को समर्थन मिलेगा।

### पाकिस्तान ने भी किया फिलिस्तीन का समर्थन

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के राजदूत मुनीर अकरम ने सुरक्षा परिषद से विश्व की बहुसंख्यक आबादी की राय के अनुरूप संयुक्त राष्ट्र की पूर्ण सदस्यता के लिए फिलिस्तीन के आवेदन पर पुनर्विचार करने और उसका समर्थन करने की पुरजोर वकालत की है। पाकिस्तानी संयुक्त राष्ट्र मिशन ने कहा कि यह कदम फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ ऐतिहासिक अन्याय में सुधार करेगा और द्विराष्ट्र समाधान की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करेगा।

### खतरे का निशान पार





**श्रीनगर :** भारी बारिश के चलते जम्मू-कश्मीर की कई नदियों का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। श्रीनगर, जम्मू, रामबन और बनिहाल सहित कई स्थानों पर भूस्खलन की घटनाएं हो रही हैं। भूस्खलन के चलते जम्मू को कश्मीर से जोड़ने वाले 270 किमी लंबे ऑल वेदर रोड पर यातायात रोक दिया गया है। श्रीनगर में झेलम नदी का जलस्तर बढ़ने से कई शिकारों को नुकसान पहुंचा है। ● एजेंसी

# यूक्रेन के खिलाफ रासायनिक हथियारों का इस्तेमाल कर रहा है रूस : अमेरिका

**वाशिंगटन, एजेंसी।** रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध जारी है। इस बीच बुधवार को संयुक्त राज्य अमेरिका ने रूस पर यूक्रेन के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय रसायनिक हथियार प्रतिबंध का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। अमेरिका का कहना है कि रूस ने यूक्रेनी सैनिकों के खिलाफ चोकिंग एजेंट क्लोरोपिक्रिन को तैनात किया है। अमेरिका ने रूस पर यूक्रेन में दंगा नियंत्रण एजेंटों को इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। बता दें, क्लोरोपिक्रिन को रासायनिक हथियार निषेध संगठन (ओपीसीडब्ल्यू) ने प्रतिबंधित चोकिंग एजेंट के रूप में सूचीबद्ध किया है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने एक बयान में बताया कि रूसी सेना यूक्रेनी सेनाओं को उनके गढ़ से हटाने के लिए ऐसे रसायनों का इस्तेमाल कर रही है। दरअसल, हाल ही में एक मीडिया रिपोर्ट ने यूक्रेनी सेना के हवाले से कहा था कि रूस ने एजेंटों के अवैध उपयोग को बढ़ा दिया है। यूक्रेनी सेना का कहना है कि रूस क्लोरोपिक्रिन के अलावा, सीएस और सीएन गैसों से भरे ग्रेनेड का भी इस्तेमाल कर रहा है।

# अंतरिक्ष में हथियारों पर लगाम के लिए अब रूस का प्रस्ताव पेश

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- अमेरिकी मसौदा पर वीटो के बाद रूस ने की हथियारों पर हमेशा के लिए प्रतिबंध लगाने की अपील

अमेरिका और जापान की ओर से लाए गए एक प्रस्ताव को वीटो करने के कुछ दिनों बाद रूस खुद अंतरिक्ष में हथियारों पर लगाम लगाने वाला एक प्रस्ताव लेकर आया है। इस प्रस्ताव में सभी देशों से अंतरिक्ष में हथियारों पर हमेशा के लिए प्रतिबंध लगाने की अपील की गई है।

रूस का मसौदा प्रस्ताव अमेरिका और जापान के प्रस्ताव से कहीं आगे है। इसमें न केवल अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती पर रोक के प्रयास की अपील की गई है, बल्कि हमेशा के लिए अंतरिक्ष में खतरा या बल प्रयोग रोकने की बात कही गई है। साथ ही कहा गया है कि अंतरिक्ष से पृथ्वी के खिलाफ और पृथ्वी से अंतरिक्ष में मौजूद उपकरणों के खिलाफ हथियार तैनात न करने की बात भी शामिल होनी चाहिए। यूएन में रूस की राजदूत वासिली नेबेंजिया ने यूएन में वीटो के वक्त कहा था कि प्रस्ताव में केवल परमाणु हथियारों सहित सामूहिक विनाश के हथियारों पर ध्यान केंद्रित किया गया है और अंतरिक्ष में अन्य हथियारों का कोई उल्लेख नहीं है। 24 अप्रैल को अमेरिका और जापान के प्रस्ताव पर मतदान होने से पहले, रूस और चीन ने एक संशोधन का प्रस्ताव रखा था, जिसमें सभी देशों से विशेष रूप से अंतरिक्ष क्षमताओं वाले देशों से, अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती को हमेशा के लिए रोकने का आह्वान किया था।

# जेल जाने की चेतावनी पर ट्रंप ने न्यायाधीश को कहा कुटिल

**वाशिंगटन।** अदालत की अवमानना के मामले में दोषी ठहराए जाने और इस बारे में कुछ न कहने के 'गैग आदेश' का उल्लंघन करने पर जेल जाने की चेतावनी दिए जाने के एक दिन बाद डोनाल्ड ट्रंप ने अपने खिलाफ रिश्वत मामले में सुनवाई कर रहे न्यायाधीश को 'कुटिल' कहा। राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर वयस्क फिल्मों की अभिनेत्री स्टॉर्मी डेनियल्स को, उन दोनों के कथित अवैध संबंधों के बारे में चुप्पी साधने के बदले 130,000 डॉलर की रिश्वत देने का तथा इस राशि के भुगतान को छिपाने के लिए कारोबारी रिकॉर्ड में हेराफेरी करने का आरोप है। जज ने मंगलवार को ट्रंप को गैग आदेशों पर दोषी ठहराया है और जुर्माना भी लगाया है।

## विज्ञान

हबल व वेब के नए शोध से हुआ रहस्य का खुलासा, वैज्ञानिक कर रहे गहराइयों की खोज

# तेजी से होता था प्रारंभिक आकाशगंगाओं का विकास

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** अनंत में फैले ब्रह्मांड की थाह पाना मुमकिन नही तो नामुमकिन भी नही है। जिसे लेकर वैज्ञानिकों का बड़ा वर्ग इसकी गहराइयों की खोज में खोया रहता है। इस कड़ी में आई नई जानकारी के अनुसार प्रारंभिक ब्रह्मांड में आकाशगंगाओं का विकास आश्चर्यजनक तेजी के साथ हुआ था।

खगोल विज्ञान की बेसिक जानकारी रखने वाला कोई भी व्यक्ति जानता है कि आकाशगंगाएं आम तौर पर काफी सीमित आकार की होती हैं। जिनमें सर्पिल, अण्डाकार, वर्जित-सर्पिल और अनियमित आकार लिए होती हैं। वर्जित-सर्पिल आकाशगंगा को आधुनिक ब्रह्मांड मे विशेष



प्राचीन आकाशगंगा की तस्वीर।

रूप से जाना जाता है। मगर हबल स्पेस टेलीस्कोप के जरिए खगोलविदों के नए अध्ययन ने पुराने दृष्टिकोण को चुनौती दी है। जिसकी पुष्टि के लिए जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप द्वारा अध्ययन किए गए और खुलासा किया गया कि 11 अरब साल पहले प्रारंभिक ब्रह्मांड में आकाशगंगाएं वर्तमान की अपेक्षा तेजी से विकसित हुईं। अपनी आकाशगंगा का जिक्र करें तो मिल्की वे एक सर्पिल आकाशगंगा है। जिसमें एक केंद्रीय नाभिक और केंद्र से निकलने वाली सर्पिल भुजाएं हैं। हमारा सौर मंडल केंद्र से लगभग 25 हजार प्रकाशवर्ष की दूरी पर स्थित है। नेचर में प्रकाशित यह शोध पहली प्रत्यक्ष पुष्टि है कि सुपरमैसिव ब्लैक होल आकाशगंगाओं को बंद करने में सक्षम हो सकता है। हम जानते है कि आकाशगंगाएं स्थिर नहीं हैं। वे चलती हैं और विकसित होती हैं, साथ ही अपना आकार बदलते रहती हैं।

### आकाशगंगाओं के भविष्य के बारे में जानकारी देगी खोज

आकाशगंगा हमारे ब्रह्मांड की सबसे बड़ी वस्तु है। जिनकी संख्या अनगिनत हैं और हमारी पृथ्वी भी मिल्की वे का हिस्सा है, जो ब्रहमांड में एक तिनके जितनी भी हैसियत नही रखती है। मगर ब्रह्मांड का ज्ञान उतना ही जरूरी है, जितना कि हम अपने जीवन से रखते हैं। क्योंकि हमारे जीवन की तरह ब्रह्मांड के हर वस्तु का जीवन है और उसकी एक उम्र सुनिश्चित है। इस उद्देश्य को लेकर ब्रह्मांड के प्राचीन व वर्तमान आकाशगंगाओं की उम्र के ज्ञान को लेकर यह शोध महत्वपूर्ण है।

# अप्रैल में 77 आतंकी हमलों से थर्राया पाकिस्तान, 70 की मौत

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद स्थित एक थिंक टैंक की सुरक्षा आकलन रिपोर्ट में दावा किया गया है मार्च माह की तुलना में अप्रैल में आतंकी हमलों में बढोतरी दर्ज की गई है।

पाकिस्तान में मार्च महीने में 56 आतंकी हमले हुए, जबकि अप्रैल में अलग-अलग स्थानों पर 77 हमले हुए जिनमें 70 लोगों की जान चली गई। पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडीज (पीआईसीएसएस) की रिपोर्ट के अनुसार, हमले में खैबर पख्तूनख्वा में भारी नुकसान हुआ है। इन हमलों में 35 नागरिक और 31 सुरक्षा कर्मियों समेत 70 लोग मारे गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, हमलों के दौरान चार आतंकी मारे गए और 32 नागरिक और 35 सुरक्षा कर्मी हमले में घायल हुए हैं। तुलनात्मक रुप से, मार्च में 56 आतंकी हमले हुए जिनमें 77 मौत हुईं और 67 लोग घायल हुए थे।

# 13 साल तक बच्चों को न दें स्मार्टफोन

- फ्रांस के राष्ट्रपति द्वारा गठित विशेषज्ञों की समिति ने तीन माह तक किया शोध

पेरिस, एजेंसी

बच्चों को 13 वर्ष की आयु तक स्मार्टफोन का इस्तेमाल नहीं करने देना चाहिए। इसके अलावा उनके इंस्टाग्राम, स्नैपचैट आदि जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म - के इस्तेमाल पर पूरी तरह से रोक - लगानी चाहिए।

यह सिफारिश फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों द्वारा गठित विशेषज्ञों की रिपोर्ट में की गई है। समिति ने तीन महीने तक किए गए शोध के आधार पर अपनी रिपोर्ट तैयार की है। इसके अनुसार, तीन साल तक के बच्चों को टेलीविजन - समेत किसी भी तरह की स्क्रीन के संपर्क में नहीं आना चाहिए। वहीं, 11 साल तक के बच्चों को किसी भी तरह का फोन नहीं देना चाहिए। अगर 11 से 13 वर्ष की आयु के बच्चों को फोन देना जरूरी है तो उसमें इंटनेट कनेक्टिविटी नहीं होनी चाहिए।

सिर्फ 13 वर्ष की आयु के बाद ही बच्चों को इंटरनेट से जुड़ा स्मार्टफोन इस्तेमाल करने देना चाहिए। रिपोर्ट में 18 वर्ष की आयु तक बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर रोक लगाने का भी कहा गया है। वहीं, 6 वर्ष की आयु तक बच्चों का हर तरह का स्क्रीन टाइम बहुत सीमित होना चाहिए। रिपोर्ट के अनुसार, इंटरनेट से जुड़े खिलौनो पर भी प्रतिबंध लगाना चाहिए, अगर संभव नहीं है दूर रखना चाहिए।

### इंटरनेट से जुड़े खिलौनों पर भी प्रतिबंध लगाने का सुझाव



न्यूरोलॉजिस्ट, मनोवैज्ञानिक और अन्य विशेषज्ञों की समिति की रपोर्ट में कहा गया है कि नर्सरी स्कूल में स्क्रीन पर पूरी तरह रोक लगानी चाहिए। कहानी सुनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरणों के अलावा इंटरनेट से जुड़े सभी खिलौनों पर भी प्रतिबंध लगाने का सुझाव है। तकनीक के बाजार में बच्चे वस्तु बन रहे हैं : रिपोर्ट में कहा गया कि बच्चों को तकनीकी उद्योग के फायदे के लिए वस्तु की तरह इस्तेमाल किए जाने से बचाने की जरूरत हैं। कंपनियां अपने लाभ के लिए बच्चों को इस ओर आकर्षित कर रही हैं, इससे बच्चों को बचाने की जरूरत है। इस नए तकनीकी बाजार में बच्चे वस्तु बन रहे हैं। तकनीकी कंपनियां अपने लाभा के लिए बच्चों को स्क्रीन से जोड़े रखना चाहती हैं और वह अपने अनुसार चीजों को नियंत्रित कर रही हैं।